वर्ष : 31 | अंक :44
प्रतापगढ़ | सोमवार ,16 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार, 39 मंत्रियों ने ली शपथ

▶▶फडणवीस मंत्रिमंडल में 33 कैबिनेट और 6 राज्यमंत्री बनें
▶▶भाजपा के 19, शिंदे के 11 राकांपा के 9 विधायक बने मंत्री



**मुंबई, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। रविवार को नागपुर में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 39 विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। इनमें 33 कैबिनेट और 6 राज्यमंत्री हैं। इस बार चार महिला विधायकों मंत्री बनने का अवसर मिला है, जबकि 20 नए चेहरे मंत्री समूह में शामिल किए गए हैं। मंत्रियों के विभागों का बंटवारा जल्द किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।महाराष्ट्र सरकार में देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में 20 नए चेहरों को शामिल किया गया है, इनमें भाजपा के नौ, शिंदे समूह के छह और राकांपा अजीत पवार गुट के पांच विधायक शामिल हैं। देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में भाजपा नेता स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे और भतीजे धनंजय मुंडे को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इसी तरह स्वर्गीय भाजपा नेता पांडुरंग पुंडकर के बेटे आकाश फुंडकर को भी देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में जगह मिली है। फडणवीस के मंत्री समूह में अनुभवी मंत्रियों के रुप में चंद्रकांत पाटिल, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, गणेश नाईक, मंगलप्रताप लोढ़ा शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मालाबार हिल, मुंबई के विधायक मंगलप्रताप लोढ़ा ने संस्कृत भाषा में शपथ ली है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में 5 दिसंबर को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देवेंद्र फडणवीस के साथ ही शिवसेना शिंदे समूह के एकनाथ शिंदे और राकांपा एपी के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ थी। आज भाजपा के 19 विधायकों ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली है। इस प्रकार मंत्रिमंडल में फडणवीस सहित 20 मंत्री पद भाजपा के हिस्से में आए हैं।

शिवसेना शिंदे समूह को उपमुख्यमंत्री पद के सहित 12 मंत्री पद मिले हैं, जबकि राकांपा एपी को उपमुख्यमंत्री पद सहित कुल 10 मंत्री पद मिले हैं। पिछली बार मंत्री रहे कई विधायकों का पत्ता कट गया है। इनमें भाजपा की ओर से सुधीर मुनगंटीवार, अतुल सावे,राकांपा एपी की ओर से छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव बाबा अत्राम , अनिल पाटिल तो शिवसेना शिंदे समूह के अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर , तानाजी सावंत आदि को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया है।

## लोकसभा में आज पेश नहीं होंगे 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दोनों विधेयक



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी दो विधेयक अब सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं किए जाएंगे। सोमवार को लोकसभा में सदन की होने वाली कार्यवाही के लिए पुनरीक्षित कार्य सूची में इन दोनोंविधेयकों के पेश करने का कोई जिक्र नहीं है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक देश एक चुनाव से जुड़े दो विधेयक पेश करने वाले थे।

दरअसल, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी थी। इसके बाद गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दो विधेयकों को संसद में पेश किए जाने की मंजूरी दे दी थी। इनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में है।उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था।

समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और अपनी सिफारिशें की थीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराए जाएं।

केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो।

## आम आदमी पार्टी की आखिरी सूची जारी

▶▶ केजरीवाल-सिसोदिया ने भाजपा पर साधा निशाना



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आम आदमी पार्टी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी और आखिरी सूची जारी कर दी है। आप की इस सूची में 38 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची के मुताबिक, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी से और मंत्री सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश से चुनाव लड़ने वाले हैं।केजरीवाल, आतिशी और भारद्वाज के अलावा मंत्री गोपाल राय बाबरपुर से, सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, दुर्गेश पाठक राजिंदर नगर से, रमेश पहलवान कस्तूरबा नगर से, नांगलोई जट से रघुविंदर शौकीन, सदर बाजार से सोम दत्त, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, तिलक नगर से जरनैल सिंह चुनाव लड़ेंगे।दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप द्वारा जारी की गयी अंतिम सूची पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। इसी के साथ उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, %बीजेपी गायब है। उनके पास ना दूल्हा चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और ना दिल्ली के लिए कोई विज़न है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है और केवल एक ही मिशन है- केजरीवाल हटाओ। उनसे पूछो 5 साल क्या किया, तो वो जवाब देते हैं- केजरीवाल को खूब गाली दी।केजरीवाल ने अपनी पार्टी के कामों का जिक्र करते हुए कहा, %हमारी पार्टी के पास दिल्ली वालों के विकास के लिए विज़न है, प्लान है और उसे लागू करने के लिए पढ़े लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है। पिछले दस सालों में किए कामों की लंबी लिस्ट है।आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है।बीजेपी गायब है। उनके पास ना दूल्हा चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और ना दिल्ली के लिए कोई विज़न है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है मनीष सिसोदिया ने एक्स हैंडल पर लिखा, %दिल्ली की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही, आम आदमी पार्टी ने चुनाव में पूरी ताकत से कदम रख दिया है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम जनता के बीच जा रहे हैं, यह मांगने कि हमें 5 और साल दिए जाएं

## एनआईए व एटीएस से मुफ्ती खालिद को छुड़ाने वाले बलवाइयों पर कसा शिकंजा

**झांसी,(हि.स.)।** बीते रोज विदेशों से ऑनलाइन फंडिंग और ऑनलाइन क्लासेस चलाने के मामले में एनआईए और एटीएस की टीम ने कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपर कॉलोनी निवासी मुफ्ती को पूछताछ कर हिरासत में लिया था। इस दौरान वहां जुटी भीड़ पुलिस बल, एनआईए और एटीएस के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की कर मुफ्ती को हिरासत से छुड़ा ले गई थी। इस घटना में पुलिस ने 11 लोगों को नामजद करते हुए एक सौ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मुकदमे में पुलिस ने आज एक नामजद आरोपित परवेज को गिरफ्तार कर लिया है। परवेज की गिरफ्तारी के बाद बलवा और अभद्रता करने वाले अन्य आरोपित फरार हैं।इधर, पुलिस ने आरोपितों की सरगर्मी से तलाश शुरू करते हुए जीवन शाह तिराहे के पास से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## भाजपा ने दिल्ली में जानबूझ कर बसाए रोहिंग्या-आतिशी

▶▶हरदीप सिंह पुरी ने किया पलटवार



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी लगातार राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोगों के मुद्दे को लेकर भाजपा पर निशाना साध रही है। इसी कड़ी में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा। अपने इस पत्र में उन्होंने केंद्र सरकार पर शहर के विभिन्न हिस्सों में %बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या% को बसाने का आरोप लगाया। दिल्ली सीएम ने अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कुछ पुराने ट्वीट का भी जिक्र किया। दिल्ली सीएम के आरोपों पर हरदीप सिंह पुरी ने जवाब दिया है। उन्होंने आप पर भटकाव, झूठे विमर्श और आधा अधूरा सच बताने की राजनीति करने का आरोप लगाया। शाह को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के 2022 में किए गए दो ट्वीट का हवाला दिया है। उन्होंने लिखा, %केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने 17 अगस्त, 2022 को दो ट्वीट किए थे जिनसे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि इन शरणार्थियों को दिल्ली में बसाना भाजपा सरकार का 'सोचा-समझा निर्णय और नीति' है।आतिशी ने कहा, %पुरी के पोस्ट से ऐसा लगता है कि उन्हें बक्करवाला के कई ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग) फ्लैट में बसाया गया था। ये फ्लैट दिल्ली के गरीब लोगों के लिए थे। ऐसा लगता है कि दिल्ली के लोगों के अधिकार और सुविधाएं प्रवासियों को दी जा रही हैं।माननीय गृहमंत्री [illegible] जी, केंद्र सरकार ने बिना किसी जानकारी के दिल्ली में बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाया, जबकि दिल्ली सरकार और जनता को इस मामले से पूरी तरह अंजान रखा गया।आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पुरी ने 'एक्स' पर लिखा, %आम आदमी पार्टी ने ध्यान भटकाने, झूठी कहानियों और आधे सच की राजनीति जारी रखी है। अवैध रोहिंग्या प्रवासियों के बारे में तथ्य और वास्तविक स्थिति को उसी दिन ट्वीट के माध्यम से स्पष्ट किया गया था, जिसे उन्होंने चुनिंदा रूप से अनदेखा करना चुना और ऐसा करना जारी रखा। किसी भी रोहिंग्या प्रवासी को दिल्ली में सरकारी घर नहीं दिया गया है। वास्तव में, [illegible] के झूठे दावों के विपरीत, वे वास्तव में वे लोग हैं जो दिल्ली में अवैध रोहिंग्याओं की मेजबानी करते हैं, उन्हें बड़ी संख्या में बसाते हैं, उन्हें बिजली और पानी देते हैं और उन्हें □10,000 भी देते हैं।उन्होंने आगे लिखा, %यदि वे उन घोटालों पर अपनी स्थिति बताते हैं, जिनके कारण उन्हें जेल जाना पड़ा, शीश महल, परियोजनाओं को रोकने के लिए [illegible] और दिल्ली मेट्रो के चरण-4 में राज्य का हिस्सा देने से इनकार करना और [illegible] योजना में देरी करना जब तक कि हम दिल्ली की अब तक अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने के लिए अपने दम पर आगे नहीं बढ़ते। उन्हें कई अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में भी याद दिलाना चाहूंगा जिनके लिए दिल्ली सरकार ने अपना हिस्सा नहीं दिया लेकिन अंततः केंद्र द्वारा पूरा किया गया, जिसने पूरी लागत वहन की - आईटीओ में स्काईवॉक, रानी झांसी रोड ग्रेड सेपरेटर और महिपालपुर में फ्लाईओवर-कम-अंडरपास।

▶▶ ▶▶विहिप कार्यक्रम में टिप्पणी

## उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं न्यायमूर्ति शेखर यादव



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक समारोह में कथित तौर पर विवादास्पद बयान देने वाले न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव इस विवाद पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए जल्द ही उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं।

शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को बयानों से जुड़ी खबरों का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से एक रिपोर्ट तलब की थी।एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लिया है। इस बारे में विवरण और ब्योरा उच्च न्यायालय से तलब किया गया है और यह मामला विचाराधीन है।''स्थापित प्रथाओं के अनुसार, जिस न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर शीर्ष अदालत कॉलेजियम द्वारा संबंधित उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी जाती है, उसे भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के नेतृत्व वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का एक अवसर दिया जाता है।शीर्ष अदालत के सूत्रों ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को स्थापित प्रथाओं के अनुसार उपस्थित होने और अपना पक्ष रखने के लिए कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति यादव ने आठ दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विहिप के कानूनी प्रकोष्ठ और उच्च न्यायालय इकाई के एक प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।बहुमत के अनुसार काम करने वाले कानून सहित विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति यादव के वीडियो एक दिन बाद व्यापक रूप से प्रसारित हो गये। इस पर विपक्षी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उन्होंने न्यायाधीश के कथित बयानों पर सवाल उठाए तथा इसे ''घृणास्पद भाषण'' करार दिया। वकील एवं एक गैर सरकारी संगठन 'केंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स' के संयोजक प्रशांत भूषण ने मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना को एक पत्र लिखकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आचरण की 'आंतरिक जांच' की मांग की।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता बृंदा करात ने भी प्रधान न्यायाधीश को एक पत्र लिखकर न्यायाधीश के भाषण को उनकी शपथ का उल्लंघन बताया था और कहा था, ''न्यायालय में ऐसे व्यक्तियों के लिए कोई जगह नहीं है।'' करात ने इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत से कार्रवाई की मांग की थी। इसी तरह, बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने न्यायाधीश के बयान की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था और उनसे बयान को वापस लेने समेत माफी की मांग की थी।

## हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल और उनके ड्राइवर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सोनिया अग्रवाल के साथ उनके ड्राइवर कुलबीर को भी गिरफ्तार किया है।आरोप है कि महिला आयोग उपाध्यक्ष ने लंबित शिकायत का निपटारा करने के बदले में रिश्वत मांगी थी। एक महिला सब इंस्पेक्टर ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसी मामले का निपटारा करने के लिए सोनिया अग्रवाल ने रिश्वत की मांग की थी।एसीबी की टीम ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले की आगे जांच जारी है।

## संभल में मस्जिदों और घरों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई



**संभल , (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के संभल में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिजली चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। शनिवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मिलकर बिजली चोरी के नेटवर्क पकड़ा है। छतों पर फैले कटिया कनेक्शन और धार्मिक स्थलों पर अवैध कनेक्शन मिलने से अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया है।डीएम राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि वह पुलिस अधीक्षक के साथ संभल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच करने पहुंचे थे। डीएम ने बताया कि हम लोग सुबह लाउडस्पीकर की जांच के लिए आए थे। कई बंद भी करवाए गए हैं। कल (शुक्रवार को) एक गिरफ्तारी भी हुई थी। बहुत सारे घरों, मदरसों और मस्जिदों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। तकरीबन 250 से 300 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। एक छत के ऊपर से अवैध बिजली घर बनाकर लोगों को सप्लाई दी जा रही थी। जितने भी रास्ते में कटिया पकड़ी गई हैं, उन सभी के खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर होगी। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी जब तक संभल बिजली चोरी से मुक्त नहीं होगा।पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह संभल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच की जा रही थी, इसी दौरान पता चला कि यहां पर बिजली के अवैध कनेक्शन से पूरे मोहल्ले को बिजली दी जा रही है। बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग की तो पता कि 100 से ज्यादा अवैध कनेक्शन हैं। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। करोड़ों की बिजली चोरी पर रोकथाम लगाने के लिए बिजली विभाग कार्यरत है। अभी चार मस्जिदों पर विभिन्न प्रकार के तार निकले हैं। पूरे मीनार से बिजली घर बनाकर अवैध बिजली दी जा रही थी।डीएम और एसपी ने इस कार्रवाई के दौरान बिजली विभाग की टीम को बुलाकर छतों और बिजली के खंभों पर कटिया कनेक्शन की जांच करवाई। जांच के दौरान कई जगहों पर अवैध कटिया कनेक्शन पकड़े गए, जिससे बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जा रही थी। बिजली कर्मियों ने छतों पर चढ़कर टॉर्च की मदद से अवैध कनेक्शन का पता लगाया। प्रशासन ने इस अवैध गतिविधि को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग की टीम के साथ मिलकर कटिया कनेक्शन हटवाए और आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया।डीएम ने कहा कि इस प्रकार की चोरी न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पर भी अतिरिक्त दबाव डाल रही है।

## एकलव्य-द्रोणाचार्य बयान पर भड़के साधु-संत, बोले राहुल गांधी हिन्दू विरोधी



**अयोध्या(आरएनएस)।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एकलव्य-द्रोणाचार्य की कहानी सुनाते हुए भाजपा सरकार को घेरा। राहुल गांधी के बयान द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा% को लेकर संत समाज बेहद नाराज है। संतों का कहना है कि ये हिंदू विरोधी टिप्पणी है।अयोध्या धाम मणि रामदास छावनी के उत्तराधिकारी कमल नयनदास ने राहुल गांधी को उनके बयान के लिए हिन्दू विरोधी बताया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी मूर्ख हैं। एकलव्य ने श्रद्धापूर्वक गुरु द्रोणाचार्य को गुरु दक्षिणा के तौर पर अंगुठा दिया था। राहुल गांधी हमेशा देश द्रोह, धर्म द्रोह की बात करते हैं। उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी हिन्दुओं के ही नहीं बल्कि राष्ट्र विरोधी हैं। उन्हें किसी प्रकार से माफ नहीं किया जाना चाहिए। उनके पास एक ही काम है वह लगातार हिन्दू और राष्ट्र के विरोध में रहते हैं।राम जन्म भूमि अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, राहुल गांधी हिन्दू विरोधी बात करते हैं। उन्हें पता नहीं है कि क्या बोलना है। वह कह रहे हैं कि दोणाचार्य ने एकलव्य का अंगुठा काटा। यह गलत है सरासर झूठ है। वह विपक्ष के नेता हैं उन्हें अपनी भाषा पर ध्यान देना होगा। जिस तरह का बयान उन्होंने लोकसभा में दिया है इससे हिन्दुओं का अपमान हुआ है इसलिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। बार-बार हिन्दुओं को अपमानित करने के लिए बयान देते रहते हैं।महंत राजू दास ने कहा, संसद भवन में जिस प्रकार से राहुल गांधी ने सनातन का अपमान करने का काम किया जिस प्रकार से द्रोणाचार्य और एकलव्य को बदनाम करने की साजिश की है। यह दुखद है। राहुल गांधी को ज्ञान नहीं है, उनको पढ़ना पड़ेगा उनको सनातन के बारे में जानना पड़ेगा। राहुल गांधी को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।बता दें, राहुल गांधी ने संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में शनिवार को कहा था, जिस तरह से द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटकर उनका हुनर ले लिया था।

## सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने वाले नारायण सिंह चौधरी को फिर से पुलिस रिमांड पर भेजा गया

**अमृतसर (आरएनएस)।** अमृतसर कोर्ट में पेशी के दौरान नारायण सिंह चौधरी पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने फिर से रिमांड पर लिया है। पुलिस ने उसे आज तीसरी बार अदालत में पेश किया, जहां कोर्ट ने दो दिन की रिमांड मंजूर की। नारायण सिंह चौधरी को पहले 3 दिन की रिमांड पर लिया गया था और अब पुलिस ने उसकी और रिमांड के लिए अनुरोध किया।यह मामला 4 दिसंबर का है

## संसद में सावरकर पर राहुल-रिजिजू की नोक-झोंक के बाद इंदिरा गांधी का चार दशक पुराना लेटर वायरल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान विनायक दामोदर सावरकर यानी वीर सावरकर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने वीर सावरकर का जिक्र करते हुए लोकसभा में कहा था कि इंदिरा गांधी ने मुझे बताया कि सावरकर ने अंग्रेजों से समझौता कर लिया था। उन्होंने अंग्रेजों को चिट्ठी लिखकर माफी भी मांगी।राहुल गांधी के इस बयान पर भाजपा नेताओं ने पलटवार भी किया और कांग्रेस को घेरा। इसी बीच सोशल मीडिया पर देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का 44 साल पुराना लेटर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने वीर सावरकर की जयंती पर उनको रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया% बताया था।इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, वीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के नाम से संबोधित चिट्ठी में वीर सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। यह चिट्ठी पंडित बाखले के पत्र के जवाब में लिखी गई थी।इस लेटर में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने लिखा था, %%मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत (रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया) के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।इससे पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का 44 साल पुराना लेटर भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह दस्तावेज राहुल गांधी के लिए है, क्योंकि उन्होंने लोकसभा में वीर सावरकर और इंदिरा गांधी के बारे में गलत बयान दिया था। कांग्रेस पार्टी वीर सावरकर की वीरता को सवालों के घेरे में खड़ी करती रहती है।

# महाकुम्भ से पहले प्रयागराज पूरी तरह से हो जाएगा लेवल रेल क्रासिंग से मुक्त

## प्रयागराज शहर और आस-पास के लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंग पर बन रहे हैं आरओबी और आरयूबी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के आयोजन को लेकर प्रयागराज में तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। एक ओर त्रिवेणी संगम के तट पर महाकुम्भ नगरी ने आकार लेना शुरू कर दिया है। साधु-संन्यासी, अखाड़े लाव लश्कर के साथ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने लगे हैं। वही दूसरी ओर प्रयागराज शहर भी महाकुम्भ में आने वाले करोड़ श्रद्धालुओं के लिए तैयार है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे ने राज्य सेतु निगम के साथ मिलकर प्रयागराजवासियों को बड़ी सौगत दी है। महाकुम्भ के पहले प्रयागराज शहर पूरी तरह से लेवल रेल क्रांसिग से मुक्त हो जाएगा।

इससे ट्रेनों के परिचालन में सुविधा और दुर्घटनाओं में तो कमी होगी ही साथ ही शहरवासियों को घंटों के जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। प्रयागराज की लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंग पर आरओबी या आरयूबी बन कर तैयार हैं, जिन पर महाकुम्भ के पहले आवगमन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा।महाकुम्भ का

### ट्रेनों के सुरक्षित और सुगम परिचालन के साथ शहरवासियों को मिलेगा ट्रैफिक जाम से छुटकारा

प्रयागराज में आयोजन न केवल शहरवासियों के लिए गौरव और सम्मान का विषय होता है, साथ ही ये आयोजन उन्हें कई तरह की सौगात भी दे जाता है। महाकुम्भ की तैयारियों के चलते शहर में कई तरह के स्थाई और अस्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं जो महाकुम्भ के बाद भी शहरवासियों की सुविधाओं में इजाफा करेगें। इसी क्रम में प्रयागराज शहर को रेलवे और राज्य सेतु निगम के संयुक्त प्रयास से लेवल रेल क्रासिंग से मुक्ति की एक बड़ी सौगात मिल रही है।

केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार के निर्देशन में ट्रेनों के बाधारहित परिचालन और सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की गई है।

प्रयागराज रेल मण्डल के वरिष्ठ

### प्रयागराज शहर और आस-पास के लेवल रेल क्रासिंगों पर बन रहे हैं आरओबी और आरयूबी

**प्रयागराज।** जन संपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि बेगम बजार, बमरौली-मनौरी, छिवकी, दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज, प्रयाग-फाफामऊ और प्रयाग- प्रयागराज जंक्शन के बीच 7 रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण लगभग 375 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा है। इसके साथ ही प्रयाग यार्ड, झूंसी और अंधावा-कनिहार मार्ग पर लगभग 40 करोड़ रूपये की लागत से 3 रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। महाकुम्भ से पहले ये सभी आरओबी और आरयूबी से यातायात का परिचालन शुरू हो जाएगा।

जिससे न केवल महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी बल्कि महाकुम्भ के बाद भी शहरवासियों को घंटों के जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही लेवल क्रांसिग की समाप्ति ट्रेनों के बाधारहित और सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करती है। जिससे महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज मण्डल से चलने वाली लगभग दस हजार ट्रेनों का परिचालन भी सुविधाजनक तरीके से किया जा सकेगा।

जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि प्रयागराज शहर के अंदर ही नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्रों की भी लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंगों पर जरूरत के मुताबिक आरओबी या आरयूबी का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ रेल क्रासिंगों पर आरओबी या फ्लाई ओवर का निर्माण पिछले कुम्भ 2019 में हो गया था। शेष परियोजनाएं केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से इस महाकुम्भ के अवसर पर पूरे हो रही हैं। जो कि महाकुम्भ की शुरूआत से पहले पूरी तरह तैयार हो जाएंगी।

## इलाहाबाद वेटरन की जीत में शिवाकांत चमके



**प्रयागराज।** डॉ. गौर हरि सिंघानिया टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट वेटरन क्रिकेट प्रतियोगिता में शिवाकांत शुक्ला के हरफनमौला खेल (59 रन एवं दो विकेट) की बदौलत इलाहाबाद वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन ने कानपुर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन को आठ विकेट से हराया।

खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर रविवार को खेले गये मैच में टॉस हारकर कानपुर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन ने 19.2 ओवर में 120 रन (सुशील कुमार राय 24, सुशील ओझा 3/21, शिवाकांत शुक्ला 2/16, उदय प्रताप सिंह 2/22, मोहम्मद नसर 2/24) बनाए। जवाब में इलाहाबाद वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन ने 16.1 ओवर में दो विकेट पर 124 रन (शिवाकांत शुक्ला 59, कौशिक पाल 47 नाबाद, सचिन 1/16, सुशील कुमार राय 1/30) पर बना लिए। मैच में आरपी गुप्ता व पीसी निर्मल अंपायर एवं राजेश सिंह व अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## एनयूजेआई प्रयागराज की मासिक बैठक का आयोजन

### महाकुम्भ 2025 और मिर्जापुर में होने वाली एनयूजेआई की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पर हुई चर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट एसोसिएशन प्रयागराज इकाई की दिसंबर माह की मासिक बैठक संरक्षक परवेज आलम की मौजूदगी और प्रयागराज जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सिविल लाइन स्थित अस्थाई कार्यालय पर सम्पन्न हुई। इस बैठक में आगामी महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर एनयूजेआई की तरफ से हो रही तैयारियों की समीक्षा तथा मिर्जापुर में 22 दिसंबर रविवार को होने वाली प्रदेश स्तर की बैठक के संदर्भ में चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 2025 में होने वाले महाकुंभ की रिपोर्टिंग करने के लिए बिना किसी रूकावट के पत्रकारों को सुविधा मिले इसके लिए एनयूजेआई प्रयागराज इकाई की गठित कमेटी अपने स्तर पर मेले में पत्रकारों को सुविधा दिलाने के लिए प्रयास कर रही है। संरक्षक पवन द्विवेदी की अगुवाई में गठित कमेटी ने महाकुंभ मेले में पत्रकारों की सुविधा के लिए मेला अधिकारी विजय किरण आनन्द से मिलकर पूर्व मे पत्र सौपा था।संरक्षक परवेज आलम ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 के पास पूर्ववत 2019 की तरह ही मिडिया पास जारी किया जाए। वही बैठक की अध्यता करते हुए जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहा कि महाकुंभ 2025 के मिडिया पास तथा मिडिया कैम्प पूर्ववत 2019 दिब्य कुंभ की पूर्ववत ब्यवस्था दे।महामंत्री राजीव सिंह ने कहाँ कि मिर्जापुर में होने वाली एनयूजेआई की प्रदेश स्तर की बैठक की चर्चा की।उन्होंन कहा कि प्रदेश स्तर की होने वाली इस बैठक में प्रयागराज इकाई से जाने वाले पदाधिकारियों को कार की सुविधा प्रदान की जा रही है। 22 दिसंबर दिन रविवार को सब एक स्थान पर एकत्रित हो साथ चलेंगे। जो पदाधिकारी मिर्जापुर बैठक में जाना चाहते है वो 20 दिसंबर तक मुझे व्यक्तिगत सम्पर्क कर सूचित करें जिससे बैठक में जाने की तैयारी की जा सके। मासिक बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक परवेज आलम जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव, महामंत्री राजीव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, वीरेद्रं श्रीवास्तव, संतोष सिह, मंत्री मधुर दरबारी, मंत्री संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला, मंत्री इरफान खान, रंजीत निषाद मंत्री, शिव कुमार पांडेय, वी के यादव, ब्रिजेश केसरवानी, रामबाबू, कुलदीप, अनिल तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# बूथ का सिपाही भाजपा की मजबूत नींव है- अनूप गुप्ता

## महानगर के 1216 बूथो का हुआ सफलता पूर्वक हुआ सत्यापन कार्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संगठन पर्व के जिला प्रवेक्षक अनूप गुप्ता एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की अगुवाई में भाजपा प्रयागराज महानगर के सभी 1216 बूथों का सत्यापन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के अनुसार सदस्यता,सक्रिय सदस्यता एवं बूथ का नामांकन एवं गठन एवं सत्यापन प्रक्रिया प्रयागराज महानगर की सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कहा कि बूथ समिति के गठनों पर सामाजिक समीकरण के आधार पर बनाए गए हैं और सभी वर्ग के लोगों का समायोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का बूथ का सिपाही भारतीय जनता पार्टी की नींव है जिस पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है।जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज महानगर के सभी 1216 बूथों पर सत्यापन के कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और समिति से बूथो का गठन किया गया। इस अवसर मंफोर्डगंज के शक्ति केंद्र पर बूथ संख्या 135 एवं 148 पर भाजपा 2024 के सभी बूथों के अध्यक्ष एवं बूथ समिति के पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा प्रेषित किए गए अभिनंदन पत्र देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, कुंज बिहारी मिश्रा, राजेश पटेल, राजेश केसरवानी,अवनीश तिवारी, शानु भट्ट, नरेश कुंद्रा, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, विवेक मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरानी पेन्शन आन्दोलन ने आईआरईएफ को बनाया तीसरा विकल्प- का. मनोज पाण्डेय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे में सम्पन्न हुए सीक्रेट बैलेट चुनाव में इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन से संबन्धित यूनियन को एन ई रेलवे, ई सी रेलवे और आर सी एफ कपूरथला में मिली शानदार जीत को पुरानी पेन्शन की जीत बताते हुए इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड मनोज पाण्डेय ने कहा कि एस ई सी आर में मात्र 270 वोट से मान्यता पाने से चुक गये और डब्ल्यू सी आर 16त्र वोट पाकर रेल कर्मचारियों की आवाज उठाने का हक़ प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा जहाँ भी इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन लड़ी तीसरे नम्बर पर रही है 7 मनोज पाण्डेय ने बताया कि दक्षिण रेलवे में ईस्टर्न रेलवे और सी एल डब्ल्यू में मान्यता का चुनाव जीतने वाली यूनियन को भी फेडरेशन से जोड़ने का प्रयास जारी है। फेडरेशन के अध्यक्ष और नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कस यूनियन के महामंत्री ने बताया कि एन सी आर में वर्कर्स यूनियन एवं आल इंडिया ट्रैकमैन यूनियन के समर्थन से स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन ने सात हजार से ज्यादा वोट पाकर सबको चौंकाया है। यदि वर्कर्स यूनियन चुनाव लड़ती तो मान्यता पाने वाली दोनों यूनियन का सफाया हो जाता। श्री पान्डेय ने कहा कि एन सी आर में तीसरा विकल्प न होने के कारण दोनों पुरानी पेन्शन विरोधी यूनियन मान्यता प्राप्त करने में सफल हो गयी।

इण्डियन रेलवे इम्पलॉइज फेडरेशन के सम्मान जनक जीत का जश्न संगठन के साथियों ने केक काट कर मनाया। इस अवसर पर का मनोज पाण्डेय, का कमल उसरी, का राजेंद्र पाल, का संतोष पासवान, का राकेश पाल, सैय्यद इरफ़ात अली, का शिवेन्द्र प्रताप सिंह, का संदीप सिंह, का चन्दन कुमार, का सरोज मीना आदि सैकड़ो साथी मौजूद रहे।

# श्री क्रिएशन का भव्य शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फोटो स्वर्ण गंगा ज्वेलर्स चौक का नया शोरूम सिविल लाइन क्लाइंब रोड गर्ल्स हाई स्कूल गेट नंबर 5 के सामने श्री क्रिएशन के नाम से भव्य उद्घाटन समारोह पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी ने सीता काटकर संपन्न किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता ने कहा कि स्वर्ण गंगा का यह नया शोरूम समय की मांग के अनुरूप है। समाज में ज्वेलरी को लेकर जो ट्रेनड्रा चल रहा है लोग जो चाह रहे हैं वह सब श्री क्रिएशन के माध्यम से पूरा होता नजर आ रहा है। प्रयाग के ग्राहकों का मनपसंद शोरूम बनता नजर आएगा। श्री क्रिएशन प्रोपराइटर अमित गुप्ता ने कहा कि यह शोरूम मैंने अपने ग्राहकों की इच्छा को ध्यान में रखकर तैयार किया है। समय की मांग हल्के एवं डिज़ाइनर ज्वेलरी कम दाम पर दिखने में सोने, हीरे ,कुंदन जैसा दिखे ऐसी ज्वेलरी इस शोरूम में मिलेगी।

# इनरव्हील उदिशा ने जरूरतमंदों को बांटी सामग्री

## डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस और पीडीसी मीट आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**


**प्रयागराज।** 40वीं डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन प्रयागराज के जसवंत विला मे आज इनरव्हील क्लब इलाहाबाद उदिशा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसोसिएशन प्रेसिडेंट सुनीता जैन रही। साथ ही डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आशा अग्रवाल, पास्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन (पीडीसीएस), डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटिव कमिटी मेंबर्स, डिस्ट्रिक्ट एडिटर शालिनी अस्थाना तथा डिस्ट्रिक्ट-312 के विभिन्न क्लबो के प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी और 300 इनर व्हील सदस्य भी शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मे मुख्य अतिथि एसोसिएशन प्रेसिडेंट सुनीता जैन ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के दौरान ही उदिशा क्लब प्रेसिडेंट शालिनी गुप्ता ने कई प्रोजेक्ट किए जिसमे दो ई रिक्शा, 101 साड़ी, 101 जूते, 101 कम्बल, 101 ब्रैंडिंग बैग आदि दिए गए तथा कुछ प्रतियोगिताएं भी कराई गई। जिसमे डिस्ट्रिक्ट-312 के बहुत से सदस्यो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पहले दिन हैपी स्कूल का इनाग्रेशन भी सुनीता जैन ने किया। पीडीसी मीट भी शाम को आयोजित किया गया. क्लब मेंबर्स ने एंटरटेनमेंट प्रोग्राम्स किए .

दूसरे दिन डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन एसोसिएशन प्रेसिडेंट सुनीता जैन. सभी डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्स ने अपनी रिपोर्ट पढ़ी, और पूरे वर्ष काम का ब्यौरा भी दिया।. कार्यक्रम में दो पद (डिस्ट्रिक्ट एडिटर और डिस्ट्रिक्ट आइसो) के लिए इलेक्शन भी हुई। साथ ही एसोसिएशन प्रेसिडेंट द्वारा चेयरमैन्स न्यूज लेटर रिलीज कराया गया। तथा होस्टक्लब उदिशा की एडिटर प्रीति जैसवाल के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट-312 के कई क्लबो ने अपने मैग्ज़ीन रिलीज कराए।

कार्यक्रम में कॉन्फ्रेंस कनवेनर पीडीसी रचना अग्रवाल, कान्फ्रेंस चेयरमैन मोनिका जायसवाल, कान्फ्रेंस को चेयरमैन सारिका राठौर, होस्ट क्लब सेक्रेट्ररी अर्पणा गुप्ता, एसी मेंबर सुषमा अग्रवाल और वाइस चेयरमैन प्रिया नारायण, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डीआर. आभा वर्मा, क्लब ट्रेजर्स रेनुका गुप्ता, स्वाति तथा सभी पस्त प्रेसिडेंट आदि सदस्य मौजूद थे।

## यूथ क्लब ने एमआईसी को हराया

**प्रयागराज।** यूथ क्रिकेट क्लब ने ईडेन गार्डन अंडर-14 क्रिकेट सीरीज में मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज को आठ विकेट से हराया। रविवार को मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज ने अपने मैदान पर 21.3 ओवर में 85 रन (शिवांश गुप्ता 22, आर्यन 3/18, राजवीर 3/26, अंश 2/04) बनाए। जवाब में यूथ क्रिकेट क्लब ने 12.5 ओवर में दो विकेट पर 86 रन (सुधांशु सिंह 30, नमन 29, शिवांश गुप्ता 1/08, अली 1/23) बना ली। सीरीज का अंतिम मुकाबला सोमवार को यूथ क्लब और दौलत हुसैन इंटर कॉलेज के बीच दौलत हुसैन मैदान पर होगा।



# उदासीन महन्त का पट्टाभिषेक आज



**प्रयागराज।** भारतीय संत परंपरा विभिन्न मतों, संप्रदायों और गुरु परंपराओं पर अविलंबित है । विभिन्न संप्रदायों में विभक्त संत परंपरा का सर्वमान्य सोपान उदासीन संप्रदाय है । समस्त विश्व में उदासीन पंथ को संगठित करने वाली संस्था श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन चारों दिशाओं के संरक्षण हेतु अपने चार महंत नियुक्त करता है और मध्य भाग में पंच परमेश्वर विराजमान होते हैं। इस व्यवस्था को लागू कर अखाड़ा पंचशील के सिद्धांत को सिद्ध करता है। सभी अखाड़ों की पंचायती व्यवस्था ने ही भारतीय लोकतंत्र को पंचायती राज के लिए प्रेरित किया है। फलस्वरूप देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू है। इन्हीं पंच परमेश्वर महन्त सहिबानों के संरक्षण में उदासीन संप्रदाय कुंभ मेला करता है। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में पश्चिमी पंगत के संत का स्थान रिक्त है जिनका आगामी 16 दिसंबर को प्रयाग में स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के मुख्यालय श्रीकृष्ण नगर (कीडगंज) में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के द्वारा समवेत सहमति से हर्षोल्लास के साथ पट्टाभिषेक किया जा रहा है।इस महान पद को संत रामनवमी दास जी शिष्य ब्रह्मलीन संत गुरुशरण दास जी श्री हरिहर उदासीन आश्रम कमला मार्केट नई दिल्ली. विभूषित करेंगे। इस अवसर पर सभी षड्दर्शन अखाड़ों के महंत ज्ञानी मुनि ध्यानी और हर परंपरा के संत एकत्रित हो रहे हैं। कुंभ के पूर्व यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। कुंभ के अवसर पर सभी दिशाओं के महंतों का विराजमान होना अनिवार्य है। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन की पश्चिमी पंगत का स्थान रिक्त होने की वजह से पट्टाभिषेक का महत्वपूर्ण आयोजन आहूत हो रहा है।

# चंद्रकला एवं प्रयाग जिमखाना में होगा उद्घाटन मुकाबला

## डॉ. डीएन तिवारी वेटेरन क्रिकेट 25 से



**प्रयागराज।** प्रथम डॉ. डीएन तिवारी स्मृति टी-20 वेटेरन क्रिकेट प्रतियोगिता 25 दिसंबर से विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान झलवा में होगी। उद्घाटन मुकाबला चंद्रकला यूनिवर्सल प्रा. लिमिटेड और प्रयाग जिमखाना क्लब के बीच सुबह नौ बजे से खेला जायेगा। इसमें छह टीमें भाग ले रही हैं।

प्रतियोगिता की आयोजन समिति की सभी टीमों के कप्तान एवं मैनेजर के साथ रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई बैठक में प्रतियोगिता की रूप रेखा एवं इसमें लागू होने वाले नियमों पर चर्चा हुई। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू नटेशन ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी टीमों को अपनी एकादश में छह खिलाड़ी 40 वर्ष से अधिक रखने अनिवार्य हैं, पांच खिलाड़ी 35 से 40 वर्ष के बीच के होंगे। टीम चाहे तो सभी 11 खिलाड़ी 40 वर्ष से अधिक के खिला सकती है। इसमें इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन, शिक्षा निदेशालय, इलाहाबाद हीरोज क्लब और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम भी भाग ले रही है। बैठक में आलोक सिंह, मनोज कुमार, राहुल पांडेय, खुर्शीद अहमद, योगेंद्र पांडेय, बिंदेश्वरी प्रसाद पटेल, संतोष सिंह, डॉ. सौरभ चंद्र वर्मा, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# न्यायमूर्ति शेखर यादव के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान- पं. संजय पाठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** अखिल भारतीय सनातन परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, नमो सेना के राष्ट्रीय महासचिव (प्रशासनिक) पंथ संजय पाठक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के बयान का समर्थन करते हुए कहा है कि एक हाईकोर्ट के जज ने सही बात कही तो उनको महाभियोग का नोटिस दे दिया गया। इससे यह लगता है कि विपक्ष को बहुसंख्यक समाज के हितों की चिंता नहीं है और वह गलत ढंग से बहुसंख्यक समाज के हितों का गला घोंट कर देश को चलाना चाहता है।

पंडित संजय पाठक ने कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति शेखर यादव ने सही बात समाज के हित में कही है। उसका अनुसरण करने के बजाय उनके बयान की निंदा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा है कि समान नागरिक संहिता तो होनी ही चाहिए और दुनिया के अंदर सभी देशों में बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का सम्मान एवं आदर हर हाल में होता है। अगर दुनिया में ऐसा हो रहा है, तो उस सच्चाई को कोई बोलता है! तो यह अपराध कैसे हो गया?

श्री पाठक ने कहा है कि जिन लोगों ने जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया है। वे सांप्रदायिक मानसिकता से ग्रस्त हैं तथा बहुसंख्यक समाज के हितों के खिलाफ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि प्रजातंत्र में बहुमत का सम्मान



होता है। जिस पार्टी को सबसे अधिक सीटें मिलती हैं। उसी पार्टी की सरकार बनती है। अगर बहुसंख्यक समाज के बहुमत से देश चल रहा है। तो बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का आदर क्यों नहीं किया जा रहा है?

श्री पाठक ने कहा है कि कुछ लोग तानाशाही के बल पर मनमाने तरीके से बहुसंख्यक समाज के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। बहुसंख्यक समाज विरोधी तत्वों को करारा सबक सिखाने के लिए देश की जनता को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। पंडित संजय पाठक ने जस्टिस शेखर यादव के बयान के समर्थन में देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाने का आवाहन करते हुए कहा है कि हाईकोर्ट के जज ने सही बात कही है। पूरी दुनिया में अगर बहुसंख्यक समाज के हितों को संरक्षण दिया जा रहा है। तो जो लोग अपने आप को लोकतांत्रिक कहते हैं, संविधान की बात करते हैं। उन्हें जस्टिस शेखर कुमार यादव का समर्थन करना चाहिए। पंडित संजय पाठक ने बहुसंख्यक समाज से अनुरोध किया है कि वह एकजुट होकर जस्टिस शेखर कुमार यादव के समर्थन में व्यापक अभियान चलाएं। उन्होंने कहा है कि नमो सेना एवं भारतीय सनातन परिषद के द्वारा जस्टिस शेखर यादव के समर्थन में देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और राष्ट्रपति से मांग की जाएगी कि उनके विरुद्ध प्रस्तावित महाभियोग प्रस्ताव को खारिज किया जाए। क्योंकि बहुसंख्यक समाज के हितों से ही अल्पसंख्यक समाज के हितों का संरक्षण होगा। किसी एक वर्ग को अनावश्यक रूप से संरक्षण दिए जाने के कारण बहुसंख्यक समाज के हितों की उपेक्षा होती है तो वह समाज हित में नहीं है।ज्ञातव्य है कि बीते 8 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद के लीगल सेल की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर कुमार यादव और जज जस्टिस दिनेश पाठक शामिल हुए। वहां पर जज शेखर यादव ने कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। उनके इस बयान के बाद विवाद बढ़ा तो सुप्रीम कोर्ट ने उनके बयान का संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट से पूरी जानकारी तलब कर ली। वहीं, संसद में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी हो रही है। ऐसे में अगर यह महाभियोग संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाता है, तो उन्हें पद छोड़ना पड़ेगा। हालांकि, यह प्रक्रिया बेहद जटिल है।

पंडित संजय पाठक ने दावा किया है कि जस्टिस शेखर कुमार यादव के विरुद्ध संसद में लाया गया महाभियोग प्रस्ताव किसी भी हालत में पास नहीं होगा। जो लोग यह प्रस्ताव लाए हैं। उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी और उन्हें पराजय का सामना करना पड़ेगा। जस्टिस शेखर यादव की बात अंततः सही साबित होगी और देश की जनता को इसी विचार के आधार पर चलना होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक पर्यटन पर 7वां लघु फिल्म महोत्सव आज से

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सांस्कृतिक पर्यटन पर लघु फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव प्रयागराज में महान कुंभ मेले के दौराने 16, 17 और 18 दिसंबर को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। भारत की प्रसिद्ध कंपनी इंडियन इंफोटेनमेंट मीडिया कॉरपोरेशन, मुंबई द्वारा आयोजित इस शो को पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया है। अतीत में इसके 6 शानदार संस्करण किए गए हैं और भारत की महान हस्तियों, राजनीतिक गणमान्यों और फिल्मी दुनिया के सेलिब्रिटी सितारों जैसे शशि कपूर, जितेंद्र, बासु चटर्जी, हेमा मालिनी, रमा विज, सुधीर दलवी, मौसमी चटर्जी, खुशबू, जया प्रदा, राजू खेर, किशोर नमित कुमार, अकबर खान, रजा मुराद, आयशा, चार्ल्स कोरया, समीर, जैसे राजनीतिक दिग्गजों ने भाग लिया और महोत्सव की शोभा बढ़ाई। इस फिल्मोत्सव ने उन्हें सम्मानित किया पिछले साल यह जीवंत और पवित्र शहर वाराणसी में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था और इसमें बॉलीवुड सेलिब्रिटी जैसे प्रकाश झा (निर्माता- निर्देशक-अभिनेता), देबाश्री रॉय (अभिनेत्री), सुधीर पांडे (अभिनेता), अश्विनी अय्यर तिवारी (निर्देशक), रूमी जाफरी (निर्देशक-लेखक), मनीष तिवारी (निर्माता-निर्देशक) आदि ने भाग लिया था। आईएफएफसी-7 में इस बार भी बड़ी संख्या में सेलिब्रिटी इसमें शामिल होंगे और यूपीवासियों के साथ फिल्म समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। इस सूची में प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता बोनी कपूर, प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता सुनील दर्शन, प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक कुणाल कोहली, प्रसिद्ध भारतीय फिल्म और टेलीविजन निर्देशक अभिनय देव, प्रतिभाशाली भारतीय अभिनेत्री इंदिरा कृष्णन, लोकप्रिय भारतीय अभिनेता गुरमीत चौधरी, बहुमुखी भारतीय अभिनेता मनोज जोशी, प्रतिभाशाली भारतीय अभिनेता राजेश पुरी, पंजाबी सिनेमा के सबसे बड़े नामों में से एक प्रीति सप्रू, प्रसिद्ध फिल्म संपादक सुभाष सहगल, भारतीय अभिनेत्री, मॉडल और गायिका मंजरी फडनिस वगैरह शामिल हैं।

# सेंट फ्रांसिस स्कूल के वार्षिकोत्सव स्पर्श 2024 का हुआ बड़े ही धूमधाम से आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** शिक्षा, संस्कार, कठिन परिश्रम, लगन और व्यक्ति के अंदर छिपे हुए कौशल को उचित प्लेटफॉर्म मिलने से होता है संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास एवं ईश्वर के पश्चात गुरु रूपी सत्ता से ही होता है व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण। ऐसा ही कुछ नजारा था सेंट फ्रांसिस स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव स्पर्श 2024 का। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के बैग पाइपर बैंड ग्रुप एवं विद्यालय की स्कूल कैप्टन दीप शिखा यादव एवं स्कूल केबिनेट मेंबर्स के मार्च पास्ट के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दीपिका हुलगी, विशिष्ट अतिथि फादर विपिन डिसूजा (डायरेक्टर नजरेथ हॉस्पिटल प्रयागराज), लक्ष्मी हुलगी, वारंट ऑफिसर प्रमोद कुमार शुक्ला, फ्लाइंग ऑफिसर आर के पाण्डेय, प्रबंधक रोशन लाल वत्स, प्रतीक वत्स, दर्शना देवी वत्स आदि ने मिलकर दीप प्रज्वलन के साथ किया। तत्पश्चात विद्यालय के होनहार नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा अतिथियों के सम्मान में शिक्षिका पूजा उपाध्याय द्वारा स्वागत नृत्य शिवानी, हर्षिता, गौरी, रिया, जानवी आदि के द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत नृत्य के पश्चात तो एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बाढ़ सी आ गई। जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह ने हृदय से तालियां बजाई, और नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षक पवन कुमार एवं विवेक केसरवानी के नेतृत्व में तान्हा, नृत्य नाटिका छात्र सत्येंद्र पाल, सुशील यादव, परिधि सक्सेना, अपर्णा, सृष्टि, प्रगति, यशी, गार्गी और अस्मिता आदि के द्वारा। शिक्षिका हर्षिता सिंह, के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रकृति की चारों ऋतु की परछाई सुप्रिया, अखिलेश, यशस्वी, मनप्रीत, विधि, आभास, वंश और वेदिका आदि के द्वारा। नीलम यादव के नेतृत्व में ईश्वर की प्रार्थना नृत्य दीपांजलि मौर्य, कोमल ओझा, श्रेया सागर, निहारिका और मानसी यादव आदि के द्वारा शिक्षक भावेश कुमार, आनंद डिक्रूज और अर्चना के नेतृत्व में पुराना एवं नया जमाना प्रियांशी पाल, श्रेजल शर्मा, स्वरा केसरवानी, आर्या सिंह, शौर्य पांडे आदि के द्वारा, शिक्षिका साक्षी चौरसिया, सोनम के नेतृत्व में कार्यक्रम मुझे स्कूल नहीं जाना गौरिका, अलीशा फातिमा, हिफ्जा बानो, वैभव चंद्र, प्रख्यात केशरवानी आदि के द्वारा। फ्लाडो नृत्य नाटिकाष् अरीबा, अंशिका, श्वेता, दीपांजलि, अंश सिंह आदि के द्वारा। शिक्षिका अंजना त्रिपाठी के नेतृत्व में एसएफएस क्वायर स्कूल एंथम आदि कार्यक्रम उन्नति, मानसी, छवि, दिविता, जानवी जायसवाल, लोकाव्य ठाकुर, मयंक आदि के द्वारा। शिक्षिका मनीषा कुशवाहा एवं रंजना पांडे के नेतृत्व में कठपुतली डांस आदविका, तृषा, आराध्या, अनमोल, आन्या जायसवाल आदि के द्वारा। शिक्षिका दिव्या सिंह, स्वाती यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम एक कली दो पत्तियां हर्षित, वैष्णवी, अभिराज, आदित्य, अभ्यांश आदि के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की छात्र-छात्रा प्रगति, रुव, ज्येष्ठा, गार्गी, आलिजा, अपर्णा, सृष्टि, श्रेयांश, श्लोक, रेशवा, दिविता, जानवी आदि के द्वारा किया गया। उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 900 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित फादर विपिन डिसूजा ने अपने उद्बोधन में कहा की यहां के बच्चों की प्रतिभा को देखकर कहीं से यह नहीं लगता कि मैं किसी ग्रामीण अंचल के विद्यालय में बैठा हूं। यहां के बच्चों ने जो प्रस्तुति दी है उससे यह स्पष्ट होता है कि यहां के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ही साथ यहां के बच्चे भी बहुत ही मेहनती और होनहार हैं। इस ग्रामीण अंचल को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और जीवन में बदलाव लाने का जो कार्य विद्यालय कर रहा है, वह एक अकल्पनीय कल्पना भविष्य में सिद्ध होगा। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी समीर सिंह काजू के द्वारा गरीब बच्चों के पठन-पाठन हेतु पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा ने आए हुए समस्त अतिथियों छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षकों सहित समस्त सहयोगियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से थाना अध्यक्ष चरवा जगदीश कुमार, जितेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश यादव, अवनीश शुक्ला, कुलदीप सोनी आदि उपस्थित रहे।

# विजय दिवस के अवसर पर 1965, 1971 एवं कारगिल युद्ध विजेताओं को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरायंअकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल क्षेत्र बसुहार चौराहा पर उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के तत्वधान में मनाया गया विजय दिवस जिसकी अध्यता जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने किया कार्यक्रम की शुरुआत आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस के मान चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया के द्वारा 1965 व 1971 एवं कारगिल युद्ध विजेताओं को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र एवं संस्था की तिरंगा पट्टी एवं संस्था के द्वारा बनाए गए 2025 का कलैंडर भेट कर पूर्व सैनिक टी आर मिस्त्र 1965 युद्ध विजेता सिपाही लल्लन सिंह यादव 1965 युद्ध विजेता सिपाही राम लखन 1965 युद्ध विजेता सिपाही मोती लाल यादव 1971 युद्ध विजेता एवं पूर्व सूबेदार मदन सिंह कारगिल युद्ध विजेता को सम्मानित करते हुए सभी का स्वागत किया गया तत्पश्चात उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों को तिरंगा पट्टी पहना कर कलैंडर भेट कर स्वागत करते हुए उमाकांत पाण्डेय एवं कामता प्रसाद चौरसिया को विजय दिवस के अवसर पर माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया उसके बाद जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह एवं कारगिल युद्ध विजेता पूर्व सूबेदार मदन सिंह ने अपने उद्बोधन में विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत 16 दिसम्बर को विजय हासिल किया था तभी से विजय दिवस मनाया जाता है इस युद्ध के अंत के बाद 93000 पाकिस्तानी सेना ने भारत को आत्मसमर्पण किया था सन 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को हराया था जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ था जिसके कारण 16 दिसम्बर को हर वर्ष विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है सन 1971 के युद्ध में करीब 3900 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गए थे जबकि 9851 सैनिक घायल हो गए थे। पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी बलों के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने भारत के पूर्वी सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। जिसके बाद 17 दिसंबर को 93000 पाकिस्तानी सैनिकों को भारत की सेना ने युद्धबंदी बनाया था तभी से हमारे देश में विजय दिवस मनाने की प्रथा शुरू हुई थी। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया, जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह कारगिल युद्ध, विजेता सूबेदार मदन सिंह, पूर्व सैनिक मनोज कुमार चौरसिया, अजय कुमार त्रिपाठी, मनोज कुमार सिंह, भैया लाल यादव, शिवकरण विसकर्मा, फूल सिंह, शंभू नाथ राजपूत, अनन्त राम त्रिपाठी, बड़े लाल यादव, राम चंद्र दिवाकर, विनोद कुमार, रामलखन, डी एस यादव, मोती लाल यादव, उमाशंकर सिंह, नरेंद्र सिंह, जय प्रकाश, श्यामलाल पाल, अमर सिंह, ओम प्रकाश यादव, वी के सिंह, आर के यादव, कौशलेश द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष व पप्पू मिश्रा जिला महासचिव एवं अन्य सैकड़ों पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन व सीएमओ ने किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 15 दिसम्बर 2024 को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपरध्उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। डा0 संजय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, करारी, पुरखास एवं नेवादा का निरीक्षण किया।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पी0एन0 यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अजुहा का निरीक्षण किया तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोकीपुर का निरीक्षण किया व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एच. पी.मणि ने प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र, जुगराजपुर का निरीक्षण किया। डा0 एच0 पी0 मणि ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 45 चिकित्साधिकारी व 116 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (1402) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (14) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल (54) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

# वारण्टी आरोपी गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित 02 वारंटी आरोपी अनुराग, अभिषेक, निवासीगण मनसूर नगर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी, सम्बन्धित आरोपी गंगा सागर निवासी रामपुर मडुकी थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी, सम्बन्धित आरोपी छेद्दनलाल पासी निवासी ओसा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी, सम्बन्धित वारण्टी आरोपी कमलेश सिंह निवासी गोसाई तारा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी, सम्बन्धित 03 वारण्टी आरोपीं हुबलाल, एहसान अली, अफसर अली निवासीगण बहादुरपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी, को गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित वारंटी आरोपी करन सिंह ठाकुर निवासी जजौली थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उप निरीक्षक सत्य प्रकाश शर्मा व उप निरीक्षक शिवम गुप्ता मय हमराह पुलिस बल सम्बन्धित वारंटी आरोपी प्रभुलाल निवासी चमन्धा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बीव, सम्बन्धित वारण्टी आरोपी रोशन लाल उर्फ निवासी लाठपुर मजरा व थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

थाना चरवा पुलिस उप निरीक्षक मुन्ना सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल सम्बन्धित वारंटी आरोपी विरेन्द्र कुमार निवासी पूरे अयोध्या थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सरायंअकिल पुलिस उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव व सुबेदार सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित वारंटी आरोपी गुलफाम निवासी फकीराबाद थाना सरायंअकिल जनपद कौशाम्बी को सम्बन्धित वारण्टी आरोपी जमुना प्रसाद निषाद निवासी ग्राम भकन्दा थाना सरायंअकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना महेवाघाट पुलिस उप निरीक्षक रतनेश कुमार व उप निरीक्षक गौरव त्रिवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित वारंटी आरोपी रमाकान्त पाठक निवासी पौरकाशीरामपुर थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी सम्बन्धित वारण्टी आरोपी राकेश सिंह निवासी अंधावा थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उप निरीक्षक भगवान यादव मय हमराह पुलिस बल सम्बन्धित वारंटी आरोपी वीरेन्द्र कुमार निवासी मुरादपुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना कौशाम्बी पुलिस उप निरीक्षक दिलीप कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित वारंटी आरोपी भैरव प्रसाद निवासी भीखागर्ग का पुरा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव व उप निरीक्षक अमित द्विवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित वारंटी आरोपी होरी लाल निवासी तियरा जमालपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी, थाना सरायंअकिल से सम्बन्धित वारण्टी आरोपी विजयनाथ निवासी ग्राम बैसकाठी थाना करारी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक सौकत खान, उप निरीक्षक मनोज कुमार तोमर व उप निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल सम्बन्धित वारंटी आरोपी हरी प्रसाद सोनकर निवासी गुलामीपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी, सम्बन्धित वारण्टी आरोपी दिन्नी निवासी मधवामई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी सम्बन्धित वारण्टी आरोपी अवधेश निवासी कानेमई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल सम्बन्धित वांछित आरोपी रिंकू सरोज निवासी अहिरन का पुरवा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को भेलखा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई,

चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 101 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# दुर्गा भाभी सभागार में गोष्ठी व सैनिक सम्मेलन का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय के दुर्गा भाभी सभागार में अपराध गोष्ठी, सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस कर्मियों द्वारा पूर्व में बताई गयी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा वर्तमान में पुलिस कर्मियों की समस्या सुनी गई जिसके समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात थानों में लम्बित आइजीआरएस, शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए त्वरित व गुणवत्ता परक समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रमुख चौराहों, स्थानों पर कैमरे लगाकर निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया। सर्दियों के दौरान रात्रि में पशु चोरी, नकबजनी, लूट आदि घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि में चिन्हित स्थानों पर नाकाबन्दी करने, पिकेट, गस्त व बैरियर लगाकर चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद प्रयागराज में आगामी महाकुंभ मेला के दौरान जनपद कौशाम्बी में सुगम यातयात व्यवस्था, डाइवर्जन तथा पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना बनाकर निरन्तर अभ्यास किए जाने पर बल दिया गया तथा महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार करते हुये उनकी यथासम्भव सहायता करने हेतु तत्पर रहने के लिये बल दिया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में अपराध नियन्त्रण के दृष्टिगत गुण्डा, माफिया, गैंगेस्टर, जिलाबदर, पुरस्कार घोषित एवं अन्य अपराधियों का सत्यापन करते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाहीध्गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में महोदय द्वारा अभियोजन की स्थिति की समीक्षा, में लम्बित पोक्सो, बलात्कार के अभियोगों की समीक्षा, आपरेशन कनविक्शन के अन्तर्गत पैरवी हेतु चिन्हित मुकदमों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, डीजी परिपत्रों के अनुपालन की समीक्षा, बरामदगी हेतु शेष अपहृत, गुमशुदा की समीक्षा, सी0एम0 डैशबोर्ड से सम्बन्धित निर्धारित प्रपत्रों पर कार्यवाही एवं रैकिंग की समीक्षा, प्रचलित अभियानों के सम्बन्ध में समीक्षा तथा थानों पर लंबित विवेचनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुये विवेचनाओं के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुये सभी पुलिस अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कड़े निर्देश दिये गये। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष सहित सभी शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत किया गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत 15 दिसम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना संदीपन घाट पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतला धाम मंदिर क्षेत्र में, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में व बाजार मे भ्रमणशील रहकर, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मुफ्तीपुर व बनपुकरा में, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा गुड़ मंडी व चावल मंडी क्षेत्र में, थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम बाले का पुरवा व अफजलपुरबारी में, महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए। चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं-सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# जनता माँगे जवाब, कब दोगे हिसाब..



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विधानसभा घेराव हेतु 15 दिसम्बर 2024 को अपने प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक मंझनपुर के ग्राम-पिंडरा सहाबनपुर व संवरों मे ब्लॉक अध्यक्ष मुस्लिम भाई व जिला महासचिव सफीक भाई के संयुक्त नेतृत्व मे एक बैठक आहूत की गयी जिसमे तमाम ग्रामवासी को भाजपा के कुशासन के खिलाफव निजीकरण से होने वाके नुकसान के बारे मे बताते हुए आगाह किया व विधानसभा घेराव करने हेतु आह्वान व आग्रह किया तथा पूरी मजबूती व एकजुटता से लखनऊ कूच करे स उपरोक्त बैठक मे शिवभूषण गौतम, कल्लू दिवाकर, नसारत अली, अनीश अहमद, सुरेमन लाल, परवेज अहमद, केस कुमार, रजा, हारुन, ओम्मा गौतम, मुलायम सरोज, विक्रम सरोज, अदनान लोग मौजूद रहें।

# जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 19 को, डायट मैदान में लगेगी प्रदर्शनी

**कौशाम्बी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब कौशाम्बी द्वारा 19 दिसंबर को डायट मैदान मंझनपुर कौशाम्बी में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर अपने मॉडल प्रस्तुत करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता, कल्पनाशीलता, उनमें वैज्ञानिक पद्धति के कार्य कलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) द्वारा विभिन्न विषयों पर जनपद मंडल व राज्य स्तर पर विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लगभग 100 मॉडल प्रस्तुत किये जाएंगे।

जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मंडल स्तर हेतु उपलब्ध कराये जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोपरान्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु5000, रु3000, रु2000 एवं 2 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार हेतु रु1000 (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतियोगियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

मंडल स्तर पर प्रत्येक जनपद के चयनित 15 मॉडलों का प्रदर्शन सम्बन्धित मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता (माह दिसम्बर 2024) में किया जाना है। मंडल स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 5 मॉडलों का चयन करते हुए राज्य स्तर हेतु उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्हें 5 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोपरान्त प्रथम, द्वितीय व तृतीय एवं 2 सांत्वना पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 10000, रु 7000, व रु 5000 एवं रु 2000 (प्रत्येक को) दिये जाने के साथ प्रशस्ति पत्रध्सम्मानध् प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद राशि से सम्मानित किया जायेगा एवं अन्य प्रतियोगियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## एकमुश्त समाधान योजना में पहले ही दिन ढाई लाख की हुई वसूली

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युत बकायेदारों के लिए शासन द्वारा संचालित किए जा रहे एक मुश्त समाधान योजना के तहत पहले दिन लालगंज में ढाई लाख रूपये वसूल किए गये। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर चालीस उपभोक्ताओं के बकाये विद्युत बिल के समाधान के तहत पहले ही दिन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। यह जानकारी अवर अभियन्ता बसंतलाल ने दी है। उन्होंने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बकाये विद्युत बिल के समायोजन हेतु विभाग द्वारा माह भर का अभियान चलाया जायेगा। वहीं विभागीय सूत्रों के मुताबिक समाधान योजना की अवधि बीतने के बाद भी बकाये विद्युत बिल के समाधान न होने पर लापरवाह उपभोक्ताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही भी सुनिश्चित होगी।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ के आधा दर्जन आरोपी धराए, पूछताछ में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूल आ रही छात्रा के साथ छेड़छाड़ तथा शिक्षक की शोहदों द्वारा पिटाई के मामले में कोतवाली पुलिस दूसरे दिन रविवार को भी आरोपियों से कड़ी पूछताछ की मशक्कत में जुटी दिखी। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर घटना के बाबत पूछताछ में जुटी बतायी गयी। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है आरोपियों से पूछताछ के बाद दोषियों को जेल भेजा जायेगा। बता दें शनिवार की सुबह लालगंज क्षेत्र में स्कूल आ रही छात्रा के साथ मनचलों ने छेड़छाड़ की थी। मौके पर पीड़िता छात्रा के चाचा व शिक्षक भी पहुंच गये थे। शिक्षक के विरोध जताने पर मनचलों ने शिक्षक की भी पिटाई कर दी थी। पुलिस ने छात्रा के चाचा की तहरीर पर गंभीर धाराओं में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## भगवान सहस्त्रबाहु का हुआ समारोह पूर्वक हुआ पूजन अर्चन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरासुन्दरपुर बाजार में जायसवाल समाज सेवा ट्रस्ट के तश्र्वावधान में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का समारोह पूर्वक पूजन अर्चन हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान की भव्य आरती उतारी। वहीं भगवान जगन्नाथ स्वामी के प्रसाद में भी श्रद्धालु उमड़े दिखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलखन जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में जायसवाल समाज के युवक एवं युवतियों ने दहेज रहित विवाह का सामूहिक संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन रामजी जायसवाल ने करते हुए कहा कि दहेज प्रथा भारतीय समाज में एक गंभीर समस्या रही है, जिसने कई परिवारों को आर्थिक और सामाजिक संकट में डाल दिया है। दहेज प्रथा के कारण न केवल गरीब परिवारों पर भारी वित्तीय दबाव पड़ता है बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और हिंसा की घटनाएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने दहेज रहित विवाह पर जोर देते हुए कहा कि विवाह में दोनों परिवार बिना किसी लेन.देन केए केवल आपसी समझ और सादगी के साथ शादी का आयोजन करें। ताकि महिला बोझ न बने बल्कि समाज व देश की प्रगति की मिशाल बन सके। इस मौके पर प्रदीप जायसवाल, जीतेन्द्र जायसवाल, विजय जायसवाल, प्रधान प्रतिनिधि श्यामजी जायसवाल, आकाश जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल व शिवराम जायसवाल आदि रहे।

## कुंडा में आज शुरू होगा रुद्रचंडी महायज्ञ

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** जन कल्याण के लिए जन सहयोग से कुंडा तहसील में पुराना बस अड्डा के पास सोमवार से रुद्रचंडी महायज्ञ की शुरुआत होगी। सात दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ के कथा व्यास आचार्य आलोक मिश्रा होंगे। सोमवार को ही कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी कथा व्यास आचार्य आलोक मिश्रा ने दी।

## सर्वदलीय बैठक में सम्मिलित हुए राजा भइया



**कुंडा प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आरम्भ से पूर्व रविवार को विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित दलीय नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने सम्मिलित होकर सदन संचालन में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सभी दलीय नेता, विधानसभा सचिव प्रदीप शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## नारी सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** फ़तनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डीसीएम पब्लिक स्कूल में शनिवार को एंटी स्क्वायड की टीम ने चौपाल लगाकर नारी सुरक्षा सम्मान व शिक्षा के प्रति जागरूक किया ।उप निरीक्षक रेखा ने महिलाओं को हेल्प लाइन नंबर 1030, 1930, 108, 112 व 102 तथा साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। एंटी रोमियो स्क्वायड टीम में करिश्मा सरोज, ज्योति यादव, सविता यादव आदि मौजूद रहीं।

## बाबूगंज बाजार में प्रवीण तोगड़िया का हुआ भव्य स्वागत



**कुंडा प्रतापगढ़।** कानपुर से प्रयागराज कुंभ जा रहे विहिप नेता प्रवीण तोगड़िया का कुंडा के बाबूगंज हाइवे पर व्यापारियों ने स्वागत किया। इस दौरान करीब वह 5 मिनट तक रुके रहे और व्यापारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से व्यापारी दिव्यांशु गुप्ता, राजेश केशरवानी, आशुतोष गुप्ता, परितोष गुप्ता, राकेश यादव, सुनील कुमार, शितांशू गुप्ता, संजय प्रजापति, आकर्षित केशरवानी, मोनू यादव व मोनू गौतम आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्ग हमारे घर के स्तम्भ की तरह होते हैं - डॉ रणजीत सिंह

▶▶ दिव्य ज्योति सेवा संस्थान ने चलाया वृद्धजन देखभाल जागरूकता अभियान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** दिव्य ज्योति सेवा संस्थान कालाकांकर, द्वारा गॉव-गॉव जाकर बृद्धजन देखभाल जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को छाछामऊ गॉव में एक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि इस बदलती लाइफस्टाइल में लोगों के पास वक्त की इतनी कमी हो रही है कि वे घर के बुजुर्गो के साथ भी बैठ-उठ नहीं पाते और समय की कमी का बहाना करके उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं। जबकि बुजुर्गो को ढलती उम्र में अपनेपन की सबसे अधिक जरूरत होती है। अगर आपके घर में बुजुर्ग हैं तो उन्हें चुस्त और दुरूस्त रखने की जिम्मेदारी आपकी होती है क्यों कि हमें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि बुजुर्ग हमारे घर के स्तम्भ की तरह होते हैं।इस अवसर पर विशेषरूप से आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहॉं हमेशा से संयुक्त परिवार को अहमियत दी जाती है। हमारे देश में दादा-दादी, माता-पिता, बच्चे यहॉं तक चाचा-चाची तथा ताऊ-ताई से भरा-पूरा परिवार होता है, जहॉं छोटों को प्यार तथा बुजुर्गो को सम्मान दिया जाता है। बृद्धावस्था जीवन का एक ऐसा पड़ाव है जो हर व्यक्ति के जीवन में आता है और यह हम बुजुर्गो के लिए नहीं बल्कि अपने लिए करते हैं, क्योंकि जब हम कोई कार्य करते हैं तो वही हमारे बच्चे भी हमसे सीखते हैं। इसलिए अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए आपको अपने घर के बड़े बुजुर्गो को सम्मान और प्यार देना चाहिए।डॉ नवीन सिंह ने कहा कि बुजुर्गो को चुस्त और दुरूस्त रखने के लिए उन्हें व्यायाम और योग करने के लिए प्रेरित करते रहें। साथ ही खुद भी व्यायाम करें, इससे शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ उनका अकेलापन भी दूर भागेगा। बुजुर्गो में कमजोरी तथा भूलने की आदत होती है। उनके बाहर जाने पर उन पर नजर रखें, अगर घर वापस आने में देर हो जाए तो बाहर देखने जरूर जाये। बड़े बुजुर्ग अगर कोई काम करना चाहते हैं तो उन्हें मना न करें, अगर आप उन्हें मना करते हैं तो उन्हें लगता है कि आप उन्हें रोक-टोक कर रहे हैं। उन्हें ऐसी कोई बात न कहें जिससे उनको ठेस लगे। उन्हें बाहरी लोगों से मिलने दें और नये दोस्त बनाने दें, इससे उनका अकेलापन दूर होगा और वह हमेशा खुश रहेगें। उनके अनुभवों एवं कहानियों को ध्यान से सुनें, एक साथ खाना खायें, उनके गुस्से को सहना सीखें, कभी भी उनका विरोध न करें, वह कोई अपशब्द बोल दे तो चुपचाप सुन लें पलटकर जवाब न दे और कभी-कभी उनको अपने साथ घूमने ले जायें इससे उनके मन को खुशी मिलेगी।इस अवसर पर दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के स्वयं सेवक ज्ञानेन्द्र सिंह, संग्राम सिंह, मनीश सिंह तथा महेन्द्र प्रताप सिंह, आशुतोश श्रीवास्तव, हरिश्चन्द्र, वंशीलाल, रोशनलाल, ओमप्रकाश, रविशंकर, गीता देवी, कमला देवी, रानी, दीपिका, लक्ष्मण प्रसाद, अर्जुन, बाबूलाल, संजय, गोपीचंद आदि लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के काशीपुर निवासी निखिल पुष्पाकर 20 नवंबर को घर में मौजूद था। तभी परिवार के कुछ लोग घर में घुसकर खाना खा रहे उसके मामा विनय को पीटने लगे। इसमें विनय जख्मी हो गए, उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विक्कू, फूला देवी, बच्चा पुष्पाकर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़क हादसों में चार लोग घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**कोतवाली क्षेत्र के ऊगापुर गांव निवासी फतेहबहादुर सिंह का 28 वर्षीय बेटा चंदन सिंह बाइक से जाते समय हाईवे पर एक वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अन्य दुर्घटनाओं में नरसिंहगढ़ के नागेंद्र की 25 वर्षीय पत्नी श्रेस्या, 72 वर्षीय सूर्यपाल, मौली के 30 वर्षीय मो. शकील वाहन की टक्कर से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा।

## अजय क्रांतिकारी ने हरित आशीर्वाद देकर जलवायु संरक्षण के लिए किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के हरित प्रयासों की प्रशंसा हर तरफ हर कोई कर रहा है।पर्यावरण संरक्षण के हेतु पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी द्वारा लगातार किए जा रहे जलवायु संरक्षण के प्रयासों की कड़ी में उनके सुपुत्र एग्रीकल्चर इंजीनियर नमन कुमार तिवारी का हरित विवाह पूरे धूमधाम से पारंपरिक तरीके से सोरांव के मनी का पूरा ग्राम निवासी कृष्ण कुमार मिश्र की सुपुत्री प्रिंशू मिश्रा के साथ संपन्न हुआ। विवाह में नमन कुमार तिवारी के पिता पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी और प्रिंशू मिश्रा के पिता कृष्ण कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से वर-वधू को चंदन के पौधे भेंटकर कर तथा हरित आशीर्वाद देकर लोगों को जलवायु संरक्षण के लिए जागरूक किया।उनके इस हरित प्रयासों की चर्चा करते हुए लोग उनकी प्रशंसा करते दिखाई पड़ रहे हैं।लोगों का कहना है कि पर्यावरण सेना की प्रकृति सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की यह मुहिम सराहनीय और अनुकरणीय है।पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है। हमें अपनी पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण देने के लिए अभी से पूरे मनोयोग से जलवायु संरक्षण का कार्य करना चाहिए।उन्होंने सभी का आह्वाहन करते हुए पेड़ों के रोपण के साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया।जिससे धरती पर जलवायु परिवर्तन की समस्या से मुक्ति मिल सके और धरती पर जीवन बचा रहे।कन्या के पिता कृष्ण कुमार मिश्र ने सभी लोगों से प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा एवं संवर्धन करने की अपील किया, जिससे आने वाली पीढ़ियों को बेहतर जीवन मिलता रहे।इस मौके पर अनिकेत मिश्र,श्रवण कुमार तिवारी,रितेश मिश्र,विपिन ओझा,अमित मिश्र,अरविंद कुमार सिंह,धनजय तिवारी,सुरेश मिश्र और रोहित तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया...

▶▶ देवीगीतो व भजनो की प्रस्तुति पर झूमे श्रोता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।** क्षेत्र के हंडौर पूरे चंद्रौटन में आपसी प्रेम ,सद्भाव,राष्ट्र की एकता व भाई चारा बढाने के लिए देवी जागरण का कार्यक्रम किया गया ।जिसमें विभिन्न गीतों पर देर रात तक भक्त झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व आरती के साथ हुआ। उसके बाद प्रियम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। विनय प्रिय मधुकर ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, सिंगर ललिता सागर ने सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया व नैना घनश्याम के कटीले हैं कटार के... जैसे तमाम गीतों की प्रस्तुति पर लोग मंत्र मुग्ध गए। उसके बाद प्रियम त्रिपाठी ने बम बम बोल रहा है काशी व शिव तांडव स्त्रोत के द्वारा भक्तों को खूब झुमाया। संचालन अनूप त्रिपाठी, स्वागत अशोक त्रिपाठी ,मयंक त्रिपाठी संयोजन पूर्व कप्तान अष्टभुजा



प्रसाद त्रिपाठी, शंभू नाथ त्रिपाठी ने किया ।

इस अवसर पर विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख पति डा.राकेश रा सिंह, भाजपा नेता डा आशुतोष त्रिपाठी ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, जय भगवान पांडेय, अनिलप्रतापत्रिपाठी, इं चन्द कांत त्रिपाठी,कांग्रेस नेता प्रशांत सिंह प्रिंसू,सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, कमलेश सिंह , ग्राम प्रधान अजय तिवारी, नितेश सिंह वीरू, देवी प्रसाद मिश्र, डॉ सुनील मिश्र,परशुराम सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल, समाज सेवी राणा सुबेदार सिंह चौहान, समाज सेवी संजय शुक्ल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## ग्राम प्रधान के भतीजे का स्टेनो पद पर चयन, गांव में खुशी की लहर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़।** मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर निश्चित ही सफलता मिलती है। ऐसा ही ग्राम प्रधान के भतीजे ने करके दिखाया, जिसका चयन जिला न्यायालय में स्टेनो के पद पर हुआ है। उनके चयन होने पर परिवार व गांव में खुशी की लहर है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आशापुर अठगवा गांव के ग्राम प्रधान लाल जी पांडेय का भतीजा नीरज कुमार पांडेय पुत्र चंदिका प्रसाद ने एक से लेकर दसवीं तक की शिक्षा ठाकुर श्याम सुंदर इंटर कालेज गजरिया व हिन्दू इंटर कालेज मुंगरा बादशाहपुर इंटर तथा ग्रेजुएशन दिल्ली विश्वविद्यालय से की। इसके बाद नीरज ने सात माह मुंबई में एनसी एलटी कोर्ट में नौकरी किया।

इसी बीच बिहार राज्य से स्टेनों पद की परीक्षा दी, शनिवार को जिसका रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें नीरज का चयन बिहार के मुंगेर जिला न्यायालय में स्टेनो के पद पर हुआ।उनके चयन पर बाबा राम अछैबर पांडेय, कृष्ण नंद पांडेय, रविंदर पांडेय लाल जी पांडेय,ओमप्रकाश,राजा पांडे, अंबिका प्रसाद,आरती व अनीता पांडेय आदि ने खुशी जाहिर की है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व उ0प्र0 कांग्रेस (प्रयागराज जोन) के प्रभारी, छत्तीसगढ़ के पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश तिवारी जी एवं पूर्व विधायक (चायल, कौशाम्बी) प्रभारी प्रतापगढ़ 18 दिसम्बर को एवं विजय प्रकाश जी आगामी 16 दिसंबर को प्रतापगढ़ आ रहे हैं। श्री तिवारी 18 दिसम्बर को लखनऊ में विधान सभा घेराव विषय पर कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारी, महगाई सहित संविधान पर आघात करने की नीयत रखने वाली सत्तारूढ़ सरकार के विरोध में विधान सभा का घेराव कर कांग्रेस अपना विरोध व्यक्त करेगी। निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा ह कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में कल 16 दिसंबर को 11 बजे विधानसभा घेराव में चलने वाले पदाधिकारीगण अपनी सूची ( नाम व मोबाइल नम्बर सहित) कार्यालय में जमा करा दें। राष्ट्रीय सचिव सूची अपने साथ ले जाएंगे।

## शिव कथा समापन के बाद भंडारा आयोजित



**रखहा प्रतापगढ़।** शिव कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दे कि पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम प्रांगण में आठ दिसंबर से 14 तक शिव कथा का आयोजन हुआ।जिसमें मध्यप्रदेश से पधारे कथा वाचक अवधेश गिरी महाराज द्वारा कथा का रस प्रवाह किया गया। कथा समाप्ति के बाद रविवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। भंडारे में सुबह दस बजे से देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में शामिल लोगों के प्रति मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी ने आभार जताया।

## महिला की अप्रत्याशित मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला की अप्रत्याशित मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना के सगरासुन्दरपुर बाजार में इनायतुल्ला की पत्नी उम्मतुनिशा (75) के पेट में शुक्रवार को अचानक पेट में दर्द होने लगा। आनन फानन में परिजन उपचार के लिए उसे एक निजी चिकित्सालय ले गये। यहां इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे शनिवार को प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर घर चले आये। बीमार महिला की अचानक मृत्यु हो गयी। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। लोगों के मुताबिक महिला की मौत ठंड लगने या मस्तिष्क आघात से हुई है। महिला की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत वांछित को धर दबोचा। थाने के दरोगा रामनरेश फोर्स के साथ रविवार को गश्त पर निकले थे। हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में लालगंज कोतवाली में दर्ज मुकदमें का वांछित पुलिस को शकूहाबाद में दिख गया। शकूहाबाद के मो0 रउफ के पुत्र शहजाद को पुलिस टीम ने घर के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

## नगरीय क्षेत्र में कल रहेगा अवकाश

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ की अधिसूचना के अनुसार नगर पालिका परिषद बेल्हा के रिक्त अध्यक्ष पद के उपनिर्वाचन हेतु मतदान 17 दिसंबर को होना है। ऐसे में नगरपालिका परिषद बेल्हा के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में 17 दिसंबर को दुकानें, वाणिज्यिक अधिष्ठानों , कार्यालयों, स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## बीते मंगलवार को हुई आगजनी की घटना में आया नया मोड़

▶▶ दूसरे पक्ष के खिलाफ भी दर्ज हुआ मुकदमा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा छतार गांव में बीते दिनों मंगलवार की रात्रि में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व आगजनी की घटना ने नया मोड़ तब आ गया। जब दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी बाघराय पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिया।ज्ञात हो कि बाघराय थाना क्षेत्र के छतार ग्रामसभा में बीते दिनों दो पक्षों जिसमें एक पक्ष थाना क्षेत्र के ही उमरी कोटिला तथा दूसरा पक्ष छतार में प्रेम प्रसंग के बाबत चल रही पंचायत के बाद रात्रि में भीषण मारपीट व आगजनी हुई थी। जिसमें बाघराय पुलिस ने उमरी कोटिला निवासी जीतलाल की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए छतार गांव से पांच लोगों का हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में चालान कर दिया था।इसके बाद दूसरे पक्ष छतार निवासी दशाराम की पत्नी की तहरीर पर उमरी कोटिला निवासी प्रथम पक्ष जीतलाल आदि पर हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।घटना के बाबत द्वितीय पक्ष दशाराम की पत्नी ने बाघराय पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिन मंगलवार को समय लगभग 7 बजे शाम को मेरी पड़ोस की खुशबू पत्नी राहुल से कुछ बातों को लेकर कहासुनी होने लगी। खुशबू ने अपने पिता जीतलाल को फोन करके कई लोगों के साथ अपने घर बुलाया,जिसमें जीतलाल,के साथ संजय मिथलेश, रितिक,दीपक,जगदीश,महेश,अखिलेश,निवासी गण मोहन्दापुर उमरी कोटिला थाना बाघराय व मेरे गांव यानी कि छतार गांव निवासी राहुल,कमलेश,विमलेश,आदि लोग हमलावर होकर मेरे घर पर चढ़ आए,और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए हाथ में डंडा व कुल्हाड़ी,से हम लोगों पर हमला कर दिया। इससे मेरे पति दशाराम के बाएं हाथ की उंगली चोटहिल हो गई तथा मेरे जेठ रामनाथ के सीने में चोट आई। मैं अपनी जान बचाने की नियत से घर के अन्दर भागी तो उक्त सभी हमलावर मेरे घर के अन्दर घुसकर मुझको मारे पीटे। वहां पर मौजूद प्लास्टिक की कुर्सी को तोड़ दिया,हमारे हल्ला गुहार करने पर आसपास व गांव के तमाम लोग मौके पर आए,और बीच बचाव करने लगे,तो विपक्षी गण हम लोगों को जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गए। हम लोगों को तमाम चोटें आई।वहां मौजूद आस पास व गांव के लोगों ने अपनी आंखों से देखा व कानों से सारी घटना को सुना। पीड़िता दशाराम की पत्नी की तहरीर पर बाघराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले के आरोपियों की तलाश व जांच शुरू कर दी है।

## अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात, उदयपुर एसओ के विरूद्ध जांच की उठायी मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता के खिलाफ उदयपुर पुलिस द्वारा क्रास केस दर्ज करने को लेकर रविवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने जिले के एसपी से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। जूनियर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भानू सिंह तथा लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह एवं आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक के कैम्प कार्यालय पर पहुंचकर एसपी डा. अनिल कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने लालगंज के अधिवक्ताओं की ओर से एसपी को ज्ञापन देकर उदयपुर एसओ राधेबाबू से जुड़ी शिकायतों पर जांच कराये जाने का अनुरोध किया। एसपी ने अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल को लालगंज सीओ से जांच कराये जाने का भरोसा दिलाते हुए निष्पक्ष कार्यवाही का भी आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी व महामंत्री सूर्यकान्त निराला शामिल रहे। बता दें उदयपुर एसओ के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सप्ताह भर से यहां अधिवक्ता न्यायिक कामकाज से विरत हैं। अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि सोमवार को आमसभा में अधिवक्ता अग्रिम निर्णय पर विचार विमर्श करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

## चोरों ने घर के बाहर बंधी दो भैंसों को किया पार

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र क्षेत्र के दुर्गा का पूरा मजरा काजू गांव में शनिवार की रात घर के बाहर बंधी भैंसों को चोरों ने पार कर दिया। सुबह भैंसों को घर के बाहर न देख मालिकों के होश उड़ गये। उन्होंने मवेशियों की खोजबीन की मगर उनका कहीं सुराग नहीं लगा। भुक्तभोगियों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है। चरवा क्षेत्र के दुर्गा का पूरा मजरा काजू गांव निवासी हरी सिंह यादव और केशनलाल यादव मवेशी पालक हैं। उनकी पत्नियों श्यामकली और सुशीला देवी के अनुसार वह अपने मवेशियों को घर के बाहर बांधती हैं। शनिवार की शाम भैंसों को चारा पानी खिलाकर वह परिवार संग घर के अंदर सोने चली गयीं। इसी दौरान चोरों ने उनके दो कीमती भैंसों को पार कर दिया। सुबह भैंसों को घर के बाहर न देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तमाम जगह मवेशियों की तलाश की मगर उनका कहीं सुराग नहीं लगा।इससे निराश होकर भुक्तभोगियों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

## करंट की चपेट में आने से लाइनमैन झुलसा

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव में रविवार की सुबह नलकूप के ट्रांसफार्मर में तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आने से एक लाइनमैन झुलस गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे इलाज के लिए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी पाकर उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चायल निवासी संतोष कुमार पुत्र बेनी प्रसाद लाइनमैन है। शनिवार की सुबह वह विलासपुर गांव में एक नलकूप के लिए लगे ट्रांसफार्मर में हाईटेंशन तार जोड़ने गया था।तार को जोड़ते समय वह करंट की चपेट में आ गया।हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गया।यह देख नलकूप मालिक के होश उड़ गये।उसने लोगों की मदद से आनन-फानन में उसे इलाज के लिए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पाकर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## बांस उखाड़ने का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट, मुकदमा

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बांस उखाड़ने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने महिला के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया, पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है, महिला की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमंगलपुर की रहने वाली मालती देवी पत्नी विनोद पटेल ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे खेत में बांस गड़ा था, जिसको पड़ोस की एक महिला उखाड़ने लगी, मालती देवी का आरोप है कि इस बात का विरोध करने पर पड़ोसी महिला गाली गलौच करते हुए अपने पति व अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार जख्मी, केस

**सिराथू, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जनपद न्यायालय के गेट के पास तेज रफ्तार चार पहिया चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार जख्मी हो गया, आसपास मौजूद लोगो ने जख्मी बाइक सवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वही सूचना पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शीतला धाम निवासी लवकुश मौर्या पुत्र छोटेलाल ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह जनपद न्यायालय में माली के पद पर तैनात है, लवकुश शनिवार की सुबह घर से बाइक से ड्यूटी के लिए जनपद न्यायालय पहुंचा तभी गेट नं तीन के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक ने टक्कर मार दिया, हादसे ने लवकुश मौर्या बाइक से गिरकर जख्मी हो गया, आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, पीड़ित ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को देकर कार चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## किशोरी को भगाने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, शुक्रवार को किशोरी को प्रेमी संग चंपत हो गई, किशोरी के पिता ने काफी खोजबीन के बाद किशोरी को बरामद कर पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक पर कार्यवाही की मांग की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, किशोरी के पिता का आरोप है कि आरोपी युवक शुक्रवार को उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया, मामले की जानकारी पर काफी खोजबीन के बाद किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक पर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## घर के सामने खड़ा ट्रैक्टर नदारत

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के सामने खड़ा ट्रैक्टर नदारत हो गया, ट्रैक्टर मालिक ने खोजबीन के बाद मामले की लिखित सूचना सैनी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के थूलगुला के रहने वाले जननायक सिंह पुत्र जगत पाल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका ट्रैक्टर घर के सामने खड़ा था, जगनायक सिंह का आरोप है कि बीती रात लगभग दो बजे उसका ट्रैक्टर नदारत हो गया, रविवार की सुबह जब अपनी जगह खड़ा ट्रैक्टर नदारत देखा तो खोजबीन की लेकिन कही पता नहीं चला, जगनायक ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## पूर्णिमा स्नान पर कड़ा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी



**सैनी, कौशाम्बी।** शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को शक्ति पीठ कड़ा धाम के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की। कड़ा धाम में घाट में स्नान के लिए सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ रही। शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर शक्तिपीठ कड़ा धाम के कुबरी घाट, कालेश्वर घाट, हनुमान घाट, बाजार घाट सहित विभिन्न घाटों पर प्रातः काल से आसपास सहित गैर जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया व उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि इस दिन गंगा स्नान करने व दान करने से कोटि-कोटि जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने शीतला धाम स्थित मां शीतला के दरबार पहुंचे जहां माता शीतला के दर्शन के बाद पूजा अर्चना कर मन्नते मांगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु कड़ा धाम पुलिस मुस्तैदी से व्यवस्था में लगी रही।

# निपुण भारत मिशन में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री ने शिक्षिका सुमन कुशवाहा को किया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत मिशन के लिए प्रदेश सरकार स्कूलों में चला रहा रही है। जिसमें परिषदीय स्कूल में पढ़ा रहे शिक्षक अहम भूमिका निभा रहे है। इसी क्रम में विकास खंड नेवादा के प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर की प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा ने निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के लिए सार्थक पहल करते हुए नियमित रूप से स्कूल में बच्चों को निपुण बनाने के लिए कार्य किया। अपने द्वारा किए गए कार्य को वह बराबर विभाग के अधिकारीयों और परियोजना कार्यालय को फोटो और वीडियो के माध्यम से भेजती रही। उनके द्वारा निपुण भारत मिशन के लिए स्कूल में किए गए उत्कृष्ट कार्य का आकलन करते हुए प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च पुरस्कार के लिए चुना गया। शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा मंत्री ने प्रधानाध्यापिका को उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा स्कूली महानिदेशक कंचन वर्मा ने भी प्रधानाध्यापिका को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करते हुए बधाई दिया तथा आगे भी बेहतर कार्य करने की अपेक्षा की है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि वह अपने स्कूल में लगातार बच्चों के लिए समर्पित है और नियमित रूप से बेहतर शिक्षण व्यवस्था करती है जिससे बच्चे निपुण हो सके और शासन की योजना पूर्ण रूप से फलीभूत हो सकें। पुरस्कार मिलने उन्होंने कहा कि इससे उनका मनोबल बढ़ा है। आगे वह लगातार बेहतर कार्य कर अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का काम करेगी।

## कौशाम्बी आगमन पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक का जगह जगह हुआ स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया रविवार की सुबह कौशाम्बी के सैनी, चकसैनी, देवीगंज व कड़ा धाम पहुंचे, जहाँ कार्यकर्ताओ ने प्रवीण तोगड़िया का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया, बताते चले कि प्रवीण तोगड़िया कानपुर से महाकुम्भ में शिविर लगाने के लिए प्रयागराज जा रहे थे, महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल शिविर लगाकर यात्रियों और श्रद्धालुओं को भारी मात्रा मे चाय, कम्बल वितरण कर एवं भंडारे खिला कर सेवा करेंगे। इस दौरान प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा मेला है,जहा 12 साल बाद लगने वाले महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल शिविर लगाकर यात्रियों और श्रद्धालुओं सेवा करेगा। उन्होंने 46 साल बाद संभल मे मदिर खुलने पर कहा कि यह अच्छी बात है, सभी मंदिरो को खुलना चाहिए और पूजा होना चाहिए, मंदिर इतने दिन बंद रहा ये दुःख की बात है, अब मंदिर खुल गया है ये खुशी की बात है।प्रवीण तोगड़िया ने एक देश एक चुनाव पर कहा की प्रपोजल आने दीजिये लोग क्या कहते है फिर हम भी कहेंगे।

# कोसम खिराज के बड़ा गढ़वा के आठ माह से दलित बस्ती का नल खराब, पानी की किल्लत से त्रस्त लोग

**ग्राम विकास अधिकारी से शिकायत के बाद आज तक नहीं समस्या का हुआ समाधान**



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के ग्राम पंचायत कोसम खिराज के दलित बस्ती जैन मंदिर के पास पानी की समस्या से जूझ रही एक दलित बस्ती पिछले आठ महीनों से परेशान है। बस्ती का मुख्य नल खराब हो चुका है, जिससे लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। बस्ती के निवासी पानी की इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान से बताई ग्राम प्रधान ने बताया ग्राम विकास अधिकारी को बुला कर मौके पर मुआयना करवाया लेकिन ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी है। अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। गढ़वा के कोसम खिराज किशोरे लाल दिवाकर, ने बताया कि समस्या को लेकर बार-बार शिकायतें की गई, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। गर्मी के मौसम में समस्या और भी गंभीर हो जाती है। हरी लाल सरोज का कहना है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो विकास खंड का घेराव रास्ता अपनाना पड़ेगा।

वहीं बच्ची देवी निषाद का कहना है कि घर में पुरुष सभी मजदूरी करने चले जाते है हम महिलाएं दूर दूसरे के निजी नलों में पानी भरने जाती है लोग भला बुरा सुनने के बाद भी पानी भरना पड़ता है जो जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते परेशान है। संतोष निषाद ने बताया कि कई बार आई जी आर एस के माध्यम से शिकायत हुई लेकिन ब्लॉक के जिम्मेदार गलत रिपोर्ट लगा कर समस्या को हल बता कर शासन को रिपोर्ट भेज देते है हकीकत यहां आ कर देखने से पता लग जाएगा अब राम भरोसे हम सब बैठे है। ग्राम विकास अधिकारी ने शिकायत सुनकर किया अनसुना दलित बस्ती की पानी की समस्या को लेकर जब स्थानीय लोग ग्राम विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे, और समस्या सुनने के बाद भी अनसुना कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी की इस उदासीनता ने उनकी परेशानी को और बढ़ा दिया है।

# शिशिरोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन बेहतरीन् गजल एवं कवि सम्मेलन की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया




लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में सात दिवसीय शिशिरोत्सव कार्यक्रम के 15 दिसम्बर 2024 के दूसरे दिन मुख्य अतिथि निदेशक संदीप सक्सेना एवं संयुक्त निदेशक भारतीय विद्या भवन बंगलूरू नागालक्ष्मी के द्वारा मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गजल गायक भूपेंद्र शुक्ला एवं ग्रुप से शुरुआत हुई।गजल गायक की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित समस्त दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुति के दौरान मेहता ऑडिटोरियम दर्शकों की तालियों से गूंज उठा। इसके पश्चात भजन गायिका पूजा पाण्डेय ने अनेकों बेहतरीन भजन प्रस्तुत करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कवि सम्मेलन कुमार विकाश,कवि शिवम भगवती, आशीष कविगुरु, लवलेश यदुवंशी एवं योगिता सिंह के ग्रुप के बेहतरीन प्रदर्शन ने दर्शकों को ताली बजाने में मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का सजीव चित्रण भवंस मेहता विद्याश्रम यू ट्यूब चौनल, भारतीय विद्या भवन बंगलुरू एवं अनेक टीवी चौनल पर कार्यक्रम के दौरान लगातार लाइव रहता है। कार्यक्रम को देखने के लिए भरवारी एवं आस पास के ज्यादातर लोग विद्याश्रम के मेहता ऑडिटोरियम में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं। यूपी के कौशाम्बी जिले के भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के ऑडिटोरियम में इन्फोसिस फाउंडेशन बैंगलोर एवं भारतीय विद्या भवन द्वारा संयुक्त रूप से 14 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चलने वाले सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरा दिवस का कार्यक्रम अपने निर्धारित समय के अनुसार सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त कलाकारों ने कार्यक्रम में आए हुए क्षेत्र भर के समस्त अतिथियों का निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य अनिल मिश्र ने धन्यवाद देते हुए कल होने वाला कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

# सकिपा की ग्राम मासिक बैठक में सूखी नहरों में पानी छोड़े जाने की उठी मांग

**जिले के सूखाग्रस्त घोषित ब्लॉको में सिंचाई के लिए नहरों में पानी नहीं तो कहां जाए किसान-अजय सोनी**





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में रविवार 15 दिसंबर को जिले के कई गांवो में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानो की समस्याओं का मुद्दा छाया रहा। सबसे ज्यादा मामला सूखी नहरों में जलापूर्ति न होने से किसानो की फसलों के सूखने का उठा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि नहरों में जलापूर्ति न होने से किसानो की फसलें सूख रहीं हैं जिससे किसान परेशान है जबकि सरकारी महकमा चुप है। रविवार 15 दिसंबर को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिले के उदहिन बुजुर्ग, घाटमपुर, पड़री, महंदापुर, महुआखाड़ा, सरसवा, मनौरी आदि गांवों में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानो की समस्यायों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिले भर की तमाम सूखी नहरों में जलापूर्ति न होने का मुद्दा उठाया। लोगो का कहना था कि नहरों में पानी नही आने से रबी की फसल सूख रहीं हैं जिससे किसान परेशान है जबकि सरकारी महकमा चुप है। इस अवसर पर पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि 15 दिसंबर बीतने के बाद भी अब तक नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया जिससे किसानो की फसलें सूख रही है।

आगे कहा कि इस संबंध में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में पूर्व में भी आवाज उठाई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि सबसे ज्यादा समस्या सिराथू और चायल तहसील के किसानो की है क्योंकि सिराथू और चायल तहसील के कई ब्लॉक सरकार द्वारा कई सालों पूर्व से सूखाग्रस्त घोषित किए गए हैं जिसके चलते इन ब्लाको में कोई सिंचाई के सरकारी नलकूप भी स्थापित नही किए गए। इससे किसानो को सिंचाई के लिए नहरों पर निर्भर रहना पड़ता है। अब अगर सूखाग्रस्त घोषित इन ब्लाकों की इन नहरों में पानी नहीं है तो किसान कहां जाए? आगे कहा कि जल्द ही जिले की सूखी नहरों में टेल तक जलापूर्ति नही की गई तो समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मनोज सोनी, सुरजीत वर्मा, मानबाबू सोनकर, फूलचंद्र लोधी, जुम्मन अली, भैरवदीन गौतम, राजेश गौतम आदि मौजूद रहे।

# दबंग युवकों ने छेड़खानी का विरोध करने पर कुनबे को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव में छेड़खानी का विरोध करने पर दबंग युवकों ने एक कुनबे की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से चार लोगों को चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर दो आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। विलासपुर गांव निवासी एक युवक ने बताया कि शनिवार की शाम परिवार के लोग घरेलू काम में व्यस्त थे।इसी दौरान गांव के दो युवक उसके घर में घुसकर किशोरी बहन के साथ छेड़खानी करने लगे। किशोरी के शोर मचाने पर दोनों युवक मौके से भाग गये। किशोरी के बताने पर परिजनों ने युवकों के घर जाकर मामले का उलाहना दिया। इसी बात से खुन्नस खाए दबंगों ने परिजनों के साथ मिलकर किशोरी,उसके माता-पिता और भाभी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उन सभी को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर दोनों युवकों के खिलाफ छेड़खानी का उलाहना देने पर मारपीट करने की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। विलासपुर गांव निवासी एक युवक ने बताया कि शनिवार की शाम परिवार के लोग घरेलू काम में व्यस्त थे।इसी दौरान गांव के दो युवक उसके घर में घुसकर किशोरी बहन के साथ छेड़खानी करने लगे। किशोरी के शोर मचाने पर दोनों युवक मौके से भाग गये। किशोरी के बताने पर परिजनों ने युवकों के घर जाकर मामले का उलाहना दिया। इसी बात से खुन्नस खाए दबंगों ने परिजनों के साथ मिलकर किशोरी,उसके माता-पिता और भाभी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उन सभी को काफी चोटें आई।शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर दोनों युवकों के खिलाफ छेड़खानी का उलाहना देने पर मारपीट करने की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# अपना दल यश ने मनाया सरदार वल्लभभाई पटेल का दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपना दल यश के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल की अध्यक्षता में अखंड भारत के निर्माता लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मां शीतला सर्किट हाउस सैयारा सिराथू में स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया। तथा भव्य रूप से उनकी पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महा सचिव किसान मंच वासुदेव सिंह पटेल जी एवं राष्ट्रीय सचिव पंचायत मंच जवाहर लाल सिंह पटेल बादशाह एवं प्रदेश सचिव भानु प्रताप सिंह पटेल जी मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष शिवसागर सिंह पटेल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जीवन बहुत ही संघर्षो में व्यतीत हुआ उन्होंने किसानों कमेरा की लड़ाई लड़ते हुए देश में छोटे छोटे 565 राजाओं को समझा बुझा करके देश को अखंड भारत का स्वरूप प्रदान किया आज पूरे विश्व में उनकी विचारों उनकी नीतियों को लोग मानते हैं और उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हैं आज हमें और हम सब लोगों को उनके व्यक्तित्व एवं बताए हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है आज हम सब की नेता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन अनुप्रिया पटेल जी इन महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए किसान कमेरा दलित शोषित वंचित की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवसागर सिंह पटेल, वेद प्रकाश शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष सूबेदार सिंह पटेल, जिला सचिव तुलसीराम पटेल, जिला सचिव अजमेर सिंह पटेल, जिला सचिव राजेश सिंह पटेल, जिला सचिव राजेंद्र सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सिराथू लल्लू राम पटेल, छात्र मंच जिला अध्यक्ष बबलू यादव, विधि मंच जिला अध्यक्ष रामनरेश एडवोकेट, डॉक्टर लाल सिंह पटेल, जिला मीडिया सचिव राममिलन पटेल, मोहम्मद अमजद, जिला उपाध्यक्ष चंद्र भवन पाल, जिला आईटी सेल शिव भवन पटेल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# सभी पक्ष गंभीर पहलू पर विचार करें


यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है।संसद की कार्यवाही ना चलने देने के मुद्दे पर आखिरकार सरकार अपनी मनवाने में सफल रही। यह संभव हुआ, क्योंकि विपक्षी दलों के बीच रणनीति को लेकर बिखराव हो गया। अडानी और मणिपुर जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बहस के लिए सरकार को मजबूर करने की कांग्रेस की प्राथमिकता से क्षेत्रीय दलों के मतभेद इतने गहराए कि वह अलग-थलग पड़ गई। उन दलों की अपनी प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें सदन में उठाकर अपने समर्थक तबकों को वे संदेश देना चाहते हैं। वैसे भी किसी बड़े पूंजीपति के मुद्दे पर एक सीमा से ज्यादा जोर देना ज्यादातर दलों को अपने माफिक नहीं लगता। यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है।संविधान के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार को खतरा बताने की विपक्ष- खासकर कांग्रेस की रणनीति वैसे भी परवान नहीं चढ़ी है। हकीकत यह है कि संविधान को आरक्षण के समानार्थी बताते हुए इसके रक्षक के रूप में खुद को पेश कर विपक्ष ने भी इस मुद्दे के साथ न्याय नहीं किया है। पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधित्व एवं पहचान के मुद्दे पर भाजपा को घेरना एक भटकी रणनीति साबित हुई है। इसीलिए इसका चुनावी लाभ भी ये दल नहीं उठा पाए हैं। चूंकि विपक्षी दल अपनी एकता के लिए बड़े साझा मकसद की तलाश नहीं कर पाए हैं, इसलिए संसदीय गतिरोध की रणनीति का जो हश्र हुआ, उसका अनुमान लगाया जा सकता था।बहरहाल, बड़ा सवाल यह है कि देश के सामने जो सबसे ज्वलंत मुद्दे हैं, संसद में उन ही बहस नहीं होगी, तो फिर प्रभावित एवं पीड़ित लोगों की निगाह में इस मंच का क्या महत्त्व रह जाएगा? संसद की प्रमुख भूमिका बेशक विधायी कार्यों को निपटाना है, मगर यह राष्ट्रीय चिंताओं और जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का मंच भी है। ऐसी अभिव्यक्तियों के अवसर को सीमित करना लोकतंत्र के लिए अच्छी खबर नहीं है। बेहतर होगा, सभी पक्ष फौरी हार-जीत की मानसिकता से उठ कर इस गंभीर पहलू पर विचार करें।

# सबसे ज्यादा अरबपति भारतीय फिर भी गरीबी रेखा के नीचे जी रही आधी आबादी



**मनोज कुमार अग्रवाल**

इसे दुर्भाग्य कहा जा सकता है या हमारे नीति निर्माताओं की गलतियों का नतीजा कि दुनिया के अरबपतियों की तादाद में वृद्धि दर में भारतीय सबसे आगे हैं लेकिन फिर भी करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन से अपनी आधी-अधूरी भूख मिटाने की मजबूरी है। संयुक्त राष्ट्र की 2024 की रिपोर्ट में 23.4 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने के लिए मजबूर बताया गया है आज किसी भी व्यक्ति की आय राष्ट्रीय की तुलना में यदि 60 फ़ीसदी कम है तो उसे व्यक्ति को गरीबी रेखा के नीचे माना जाता है हालांकि भारत सरकार का दवाई की देश में 85 परसेंट गरीबी घट गई है और अब सिर्फ पांच पीस दी लोग ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन सवाल उठता है कि यदि 8595 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं तो मुफ्त अनाज पाने वाले 81 करोड लोग कौन है? दुनिया के सभी देशों में जिस तरीके से अरबपतियों की संख्या बढ़ रही है, उसमें भारत का स्थान शीर्ष पर है। यूबीएस की एक रिपोर्ट हाल ही में प्रकाशित हुई है। उसके अनुसार चीन में अरबपतियों की संपत्ति सालाना 20 फीसदी की दर से बढ़ी है। पिछले 5 वर्षों में अब इसमें पांच फीसदी की कमी आ गई है। 2020 से 2024 के बीच में अमेरिका के अरबपतियों की संपत्ति 58.5 फीसदी की दर से बढ़ी है। वहीं भारत में अरबपतियों की संख्या 263 फीसदी की दर से बढ़ रही है। इसको लेकर सारी दुनिया के देशों में आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। भारत में पिछले 10 सालों में अरबपतियों की संपत्ति तीन गुना 77 लाख करोड़ से बढ़कर 203 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। पिछले 10 साल में भारतीय अरबपतियों की संख्या 83 से बढ़कर 185 पर पहुंच गई है।भारत में अरबपतियों की संपत्ति ओसतन पिछले वर्षों में 263 फीसदी की दर से बढ़ी है। जो दुनिया के देशों में अपने आप में एक रिकॉर्ड है।भारत के शेयर बाजार की इसमें सबसे बड़ी भूमिका है। 2017 में क्रेडिट सुइस की एक रिपोर्ट में कहा गया था, भारत में बिजनेस स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड जो शीर्ष 500 कंपनियां हैं, उनकी संपत्तियों में बड़ी तेजी के साथ वृद्धि हुई है। भारतीय शेयर बाजार ने



पिछले वर्षों में जिस तरह की ऊंचाइयां छुई है, उसके कारण सारा विश्व हतप्रभ है। पिछले 5 वर्षों में चीन में अरबपतियों की संख्या लगभग 16 फीसदी घट गई है। चीन ने अपने गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों की हालात को बेहतर बनाने के लिए अपनी नीतियों में परिवर्तन किया।

जिसके सुखद परिणाम चीन में देखने को मिल रहे हैं। अमेरिका के अरबपति भी भारतीय अरबपतियों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। पिछले 5 वर्षों में अमेरिका के अरबपतियों की संपत्ति 58.5 फीसदी बढ़ी है। यूरोप के अन्य देशों में भी अमीरी बढ़ने की रफ्तार घटी है। इसी बीच भारत के अरबपतियों की संपत्ति में लगातार वृद्धि हो रही है। दुनिया के सभी देशों के अरबपतियों की संपत्ति 2015 में 533.5 लाख करोड़ थी। जो 2024 में बढ़कर 1185 लाख करोड रुपए पर पहुंच गई है। दुनिया के 185 अरबपतियों की संपत्ति के मामले में भारत के 102 उद्योगपति हैं।

जिनकी संपत्ति पर तेजी के साथ वृद्धि हुई है। चीन के सिर्फ पांच हैं। पूंजीवाद के इस युग में भारत में सबसे ज्यादा संपत्ति और आय अरबपतियों की बढ़ रही है। इन्हें भारत में सबसे कम टैक्स देना होता है। मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग की आय कम होती जा रही है। पिछले 10 वर्षों में टैक्स और शुल्क मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग पर बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण असमानता, सामाजिक व्यवस्था में भारत की बढ़ती जा रही है। पिछले 10 वर्षों में भारत में अमीरी और गरीबी के बीच में खाई लगातार बढ़ती चली जा रही है। भारत की पहचान एक समाजवादी देश के रूप में थी। यहां पर पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों मिलकर काम कर रहे थे।

पिछले 10 वर्षों में जिस तरीके से भारत में पूंजीवाद बढ़ रहा है, उसने भारतीय अर्थव्यवस्था में पूंजीवाद को असमान तरीके से बढ़ावा दिया है। पूंजीपतियों की कमाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। उनकी संपत्ति भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है।

इसकी तुलना में गरीब और मध्यम वर्ग की आय, खर्च की तुलना में लगातार कम हो रही है। जो भारत की सबसे बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है। भारत इन दिनों महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से गुजर रहा है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग पर कर्ज लगातार बढता जा रहा है। निम्न और मध्यम वर्ग की बचत लगातार घटती चली जा रही है। उनके ऊपर कर्ज भी बढ़ता चला जा रहा है। इसके विपरीत सारा कारोबार सरकारी नीतियों के कारण कॉर्पोरेट कंपनियों के पास पहुंच रहा है।

फलस्वरुप अर्थव्यवस्था में बड़ा असंतुलन पैदा हो गया है। सरकार जो नीतियां बना रही है, उससे बड़े-बड़े पूंजीपतियों को सीधा लाभ पहुंच रहा है। 2014 के बाद से कॉरपोरेट सेक्टर का हर क्षेत्र में बड़ी तेजी के साथ एकाधिकार होता चला जा रहा है।

जिसके कारण बहुत सारे लोग शेयर बाजार और अन्य माध्यमों में पूंजी निवेश कर आगे बढ़ रहे हैं।सवाल उठता है कि आम भारतीय के जीवन को गरीबी और भूख से कब और कैसे निजात मिलेगी? इस दिशा में सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयास अभी भी नाकाफी है और देश में विभिन्न स्तरों पर फैले भ्रष्टाचार के कैंसर की जद में होने के कारण पात्रों को योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। सरकार को इस ओर ध्यान देने की महती आवश्यकता है। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## सरोकार

# राहुल गांधी को इस बात पर विचार करना चाहिए कि दादी इंदिरा ने सावरकर को देशभक्त क्यों कहा था

**अशोक भाटिया**

संसद में संविधान पर बहस के दौरान राहुल गांधी के निशाने पर केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ वीर सावरकर भी रहे। राहुल ने कहा कि सावरकर मनुस्मृति को मानते थे तो संविधान के बिल्कुल उलट है। सावरकर को संविधान में भारतीयता भी नहीं दिखा था। इस पर शिवसेना (शिंदे) के सांसद श्रीकांत शिंदे ने पूछा कि इंदिरा गांधी सावरकर पर क्या विचार रखती थी? राहुल ने कहा कि मैंने उनसे एक बार यह पूछा था। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा था कि आंदोलन में सभी लोग जेल गए, लेकिन सावरकर समझौतावादी निकले। राहुल ने आगे कहा कि सावरकर डर कर अंग्रेजों से माफी मांग लिए। बयान के पूर्व राहुल गाँधी कुछ नहीं सोचते । सोचते तो दोबारा वही बातें नहीं दोहराते जो उनके साथी दलों को ही नहीं पचती ।2022 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली। इसी दौरान राहुल वीर सावरकर पर भी खूब हमलावर दिखे, जिस पर उद्धव ठाकरे की पार्टी ने ऐतराज जताया। सार्वजनिक रूप से संजय राउत ने सावरकर को वीर बताया था। राउत का कहना था कि पूर्वजों के मुद्दे को उठाने से राहुल को बचना चाहिए। उस वक्त दोनों के बीच गठबंधन टूटने की भी चर्चा थी, लेकिन आखिर दोनों के बीच एक समझौता हुआ। कहा जाता है कि इस समझौते की वजह से ही राहुल सावरकर पर कुछ नहीं बोल रहे थे।राहुल पिछले 2 साल से सावरकर के मुद्दे पर चुप थे, लेकिन अब महाराष्ट्र में चुनाव के बाद अचानक से मुखर हो गए हैं।बहुत समय से राहुल गाँधी और कॉन्ग्रेस पार्टी लगातार वीर विनायक दामोदर सावरकर का अपमान करने में लगी हुई है। ÷मैं माफ़ी नहीं माँगूँगा, मैं सावरकर नहीं हूँ÷ ङ्क सावरकर मनुस्मृति को मानते थे तो संविधान के बिल्कुल उलट है। सावरकर को संविधान में भारतीयता भी नहीं दिखा था।राहुल गाँधी बार-बार ये डायलॉग बोल रहे हैं और कॉन्ग्रेस पार्टी इसका वीडियो भी शेयर कर रही है। ये अलग बात है कि राफेल से लेकर 'मोदी' सरनेम वाले लोगों को गाली देने तक, राहुल गाँधी अदालतों में माफ़ी माँगते रहे हैं। इतने चुनाव हारने के बावजूद बार-बार एक महान स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया जा रहा है।राहुल दोहराते है कि मैं सावरकर नहीं हूं तो दरअसल में राहुल गाँधी सावरकर बन भी नहीं सकते। जब राहुल गाँधी के दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू नहीं बन पाए, तो राहुल गाँधी क्या बनेंगे। जवाहरलाल नेहरू जब नाभा जेल में थे, तब उनके पिता ने न जाने कहाँ-कहाँ पैरवी कर के उन्हें 12 दिनों में ही निकलवा लिया था। जबकि, वीर सावरकर ने 11 वर्षों तक जेल भी नहीं, बल्कि उससे भी खौफनाक कालापानी की सज़ा भुगती। उनके भाई गणेश भी उसी जेल में थे, लेकिन दोनों की मुलाकात तक नहीं होती थी।भले ही आज सावरकर की देशभक्ति पर आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं लेकिन उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आज से 42 साल पहले 20 मई 1980 को सावरकर को ÷देश का महान सपूत÷ कहा था। तकरीबन दो साल पहले साल 2018 के अक्टूबर माह की बात है कि जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय वीर सावरकर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़े एक मसले पर एकराय थी। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया था, जिसमें एक इमेज पोस्ट की गई थी। जिसमें इंदिरा गांधी और वीर सावरकर की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। इस इमेज में इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के बारे में दिया गया बयान दिखाई दे रहा है। जिसमें इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर द्वारा ब्रिटिश सरकार की आज्ञा का उल्लंघन करने की हिम्मत करना हमारी आजादी की लड़ाई में अपना अलग ही स्थान रखता है। इस तस्वीर में एक और बात बताई गई कि इंदिरा गांधी ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के योगदान को पहचाना था। उन्होंने साल 1970 में वीर सावरकर के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। इसके साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर ट्रस्ट में अपने निजी खाते से 11,000 रुपए दान किए थे। इतना ही नहीं इंदिरा गांधी ने साल 1983 में फिल्म डिवीजन को आदेश दिया था कि वह 'महान क्रांतिकारी' के जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं।विचारों से असहमत होते हुए भी कांग्रेस ने अपने पूर्वजों को नमन करने के लिए भारत को पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) में उमड़ते देखा है । वीर सावरकर से राजनैतिक दल विरोध रख सकते हैं, लेकिन भारत की जनता नहीं। वह जनता सेल्युलर जेल के सामने हजारों की संख्या में सलाम करने के लिए जाती रहती हैं । उस हजारों की संख्या में पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय मनमोहन सिंह जी भी थे, जिन्होंने अंडमान निकोबार के हवाई अड्डे का नाम 2005 में वीर सावरकर कर दिया था।सीधी बात है कि राहुल गाँधी, आप सावरकर बन भी नहीं सकते। भारत के सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने अपनी पुस्तक में बताया है कि कैसे कई स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से प्रेरित थे। उन्होंने लिखा है कि कैसे वामपंथी बार-बार इस तथ्य को नज़रअन्दाज़ करते हैं कि बलिदानी भगत सिंह वीर सावरकर की पुस्तक '1857 का स्वतंत्रता समर' से प्रेरित थे।वीर सावरकर ने सन् 1952 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ हुई अपनी एक 12 साल पुरानी मुलाकात का भी जिक्र किया था। नेताजी के बॉम्बे स्थित आवास पर हुई इस बैठक में सावरकर ने उन्हें एक महत्वपूर्ण सलाह दी थी। ये सलाह ये थी कि वैश्विक मंच पर दुश्मन के दुश्मन को दोस्त माना जाए और राष्ट्रमण्डली में कोई भी देश अस्थायी दुश्मन नहीं होता, बस राष्ट्रहित ही स्थायी है। इस मुलाकात के कुछ ही महीनों बाद नेताजी भारत छोड़ कर अंग्रेजों को चकमा देते हुए निकल गए।सावरकर की सलाह का ही योगदान था कि सुभाष चंद्र बोस ने 'आज़ाद हिंद फ़ौज (ढ्ढ) ' का पुनर्गठन किया और उसमें जान फूँकी। भगत सिंह के चाचा अजित सिंह भी अंग्रेजों की सेना में विद्रोह कराने के लिए वीर सावरकर की मदद कर रहे थे। खुद भगत सिंह ने लिखा था कि वीर सावरकर विश्व-बंधुत्व में यकीन रखने वाले बहादुर हैं। उन्होंने अपनी डायरियों में 6 बार वीर सावरकर की पुस्तक 'हिन्दूपदपादशाही' से उद्धरण लिया है। इतिहासकारों के मुताबिक सरदार भगत सिंह वीर सावरकर की राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका से किस कदर प्रभावित थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरदार भगत सिंह ने वीर सावरकर द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम पर लिखी गयी किताब '1857- इंडिपेंडेंस समर ' का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित करवाया था और इसे अन्य क्रांतिकारियों को बांटा भी था।भगत सिंह के सावरकर के प्रति क्या विचार थे इसका एक उदाहरण कलकत्ता से प्रकाशित होने वाली मतवाला मैगज़ीन में लिखे उनके लेख में मिलता है। जहाँ 15 नवंबर और 22 नवंबर 1924 को प्रकाशित अंक में सरदार भगत सिंह लिखते हैं कि ÷विश्वप्रेमी वह वीर है जिसे भीषण विप्लववादी, कट्टर अराजकतावादी कहने में हम लोग तनिक भी लज्जा नहीं समझते ङ्क वही वीर सावरकर। विश्वप्रेम की तरंग में आकर घास पर चलते-चलते रुक जाते कि कोमल घास पैरों तले मसली जाएगी।÷ यह लेख सरदार भगत सिंह ने बलवंत सिंह के छद्म नाम से लिखा गया था।वो कॉन्ग्रेस की ताकतें ही थीं, जिसने वीर सावरकर को महात्मा गाँधी की हत्या में फँसाने की साजिश रची। जबकि वीर सावरकर का स्पष्ट मानना था कि अराजकतावादी गतिविधियों का सहारा लेना विदेशी शत्रु के खिलाफ तो ठीक है, लेकिन अपने ही देश के लोगों के खिलाफ ये रास्ता नहीं आजमाया जा सकता। जिस राष्ट्र के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया, उसी देश में उन्हें जेल में ठूँस दिया गया। पहले अंग्रेजों से यातनाएँ मिलीं, फिर नेहरू सरकार में प्रताड़ना।वीर सावरकर इन चीजों से काफी टूट गए थे। उदय माहुरकर ने एक बार बड़ी बात लिखी है कि बाबासाहब भीमराव आंबेडकर ने सावरकर के वकील और 'हिन्दू महासभा' के नेता भपोतकर से दिल्ली में गुप्त मुलाकात कर के कहा था कि उन्हें लगता है कि सावरकर के खिलाफ केस कमजोर है और वो बरी होंगे। उन्होंने मजबूती से मुकदमा लड़ने को प्रेरित किया। आंबेडकर 2 बार अदालत में भी सुनवाई के दौरान पहुँचे, एक बार अपनी पत्नी के साथ।अब बताइए, क्या राहुल गाँधी कभी वीर सावरकर बन सकते हैं? ऐसा व्यक्ति, जिनसे सुभाष चंद्र बोस सलाह लें। ऐसा व्यक्ति, जिनसे भगत सिंह प्रेरणा लें। ऐसा व्यक्ति, जिनकी सुनवाई में आंबेडकर अपनी पत्नी के साथ पहुँचें। एक ऐसे व्यक्ति, जिनके साथ महात्मा गाँधी वैचारिक बहस करते हों। एक ऐसे व्यक्ति, जिनसे जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री रहते इतना डर लगता है कि उनकी पेंशन रोक देते हैं, उन्हें जेल में डाल दिया जाता है।ज्ञात हो कि चित्रगुप्त ने 'लाइफ ऑफ बैरिस्टर सावरकर' नामक एक किताब लिखी थी, जिसे ॥क्र के लोग पढ़ते थे। हमें ये भी विदित है कि किस तरह महात्मा गाँधी और जवाहरलाल नेहरू जैसे नेताओं ने राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव को बचाने की चेहता नहीं की।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### अजी जनाब

वो तो जिम्मेदारियां ने
हमें थोड़ा सा बड़ा बना दिया है।
वरना
हम भी कौन से
शरीफ और सीधे बच्चे थे
अपने जमाने में।
दाँतो तले उंगलियाँ दवा लेते थे लोग
शैतानियाँ देखकर हमारी।
बस कुछ फुर्सत के पल
ढूंढती है जिंदगी
आज जिंदगी के सफर में।
लौट कर खुद ब खुद वो पुरानी
आदतें शुमार हो जाती है हम पर।
घर की चार दिवारी में हम
पत्नी, माँ, बहन और न जाने
कितने सारे किरदारों को निभाते हैं।
टटोलना हो हमारी शख्सियत तो
कभी वहाँ देखना
जहाँ हम दोस्तों के साथ
खुशनुमा पल बिताते हैं।
दरकिनार पड़ी रहती है कहीं
सारी चिंताएं
और हम
मिलकर खुशी से ठहाके लगाते हैं।
आज भी तितलियों से रंग चुरा कर
ख्वाबों को रंगीन बनाते हैं ।
आज भी जुगनू की रौशनी से
अपने मन के कोने को रौशन कर जाते हैं।
बाहर की खुशबुएं
सिमट आती है सारी वहीं पर
जहाँ हम सब मिलकर कुछ पल बिताते हैं।
हाँ बचपन की उस चिंगारी को
थोड़ी सी हवा दे
फिर से शरारतों के दीपक जलाते हैं।
हां हम सब मिलकर
दिल खोल कर मुस्कुराते हैं।
हाँ हम सब मिलकर
दिल खोलकर मुस्कुराते हैं।।



**पूनम शर्मा स्नेहिल**
**गोरखपुर**

### सौतन

लगी है तन में जबसे, विरह की आग।
हे सखी भूल गई मैं, प्रेम गीत की राग।
दिल अब लगती नहीं, शहर न गाँव में।
तन जल रही, शीतल चांदनी छाँव में।
शीतल छाँव लगती, जेठ की दुपहरी।
विरह भरी नयना, आंसूओं से है भरी।
साजन के बिना, हिया में हिलोर मारे।
सूर्य ज्योत से भी लगे, अन्धकार सारे।
खुशियाँ दिए थे बलम, गिन गिन कर।
सौतन के चलते, ले लिए हैं छीन कर।
अब हमें सुहाती नहीं है, चांदनी रात।
आत्मा में चुभ रही है, किसी की बात।
तारों की मँडली में, छुपी रहो चांदनी।
अब नहीं सुनाऊँगी मैं, अपनी कहानी।
मेरे निर्मोही पिया, किएँ कठोर जिया।
मैं जीति न मरी हूँ, जबसे गऐ हैं पिया।
मनचला भँवरा बन गएं, हमारे पिया।
मेरी सभी खुशियाँ सौतन को दे दिया।



**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सामान की खरीदारी करेंगे।आज अपनी योग्यता और सामर्थ्य को पहचाने तथा समय का उचित सदुपयोग करेंगे । आज आप व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ सामाजिक व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे कार्यों में भी रुचि लेंगे।

**वृष** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र मददगार साबित होंगे।आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ़ होगी।आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी।आपके दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज सचेत रहने से समस्याओं को जल्दी सुलझा भी लेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका मान- सम्मान बढ़ेगा। आपका हर काम को बहुत अधिक सोच-विचार कर करना आपको सफलता देगा। किसी मित्र की मदद से उलझे कार्य सुलझ जाएंगे। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए।समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आप किसी पारिवारिक समारोह में जायेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा।जीवनसाथी की सलाह व सहयोग आपके लिए लाभदायक रहेंगे। आज काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज तनाव और चिंता का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है

**सिंह** — आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी।आप आसपास के लोगों के सहयोग से घरेलु कार्य पूरा करने में सफल होंगे।आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज कारोबारी दौड़भाग रहेगी। कुछ लोग आपको भ्रमित करने की कोशिश भी करेंगे। अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की उम्मीद है।

**कन्या** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा।आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आपको यात्रा से लाभ होगा।आज किसी मुश्किल मुकाम को मेहनत और परिश्रम से हासिल कर लेंगे, सिर्फ हर किसी पर भरोसा ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें। आज आत्म मनन करने से मानसिक और आत्मिक सुख-शांति का अनुभव होगा।

**तुला** — आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाया है। आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा।आज आपकी मेहनत व प्रयास के सार्थक परिणाम सामने आएंगे। कुछ खास लोगों से मेलजोल होगा और किसी मांगलिक कार्य संबंधी योजना बनेगी।कुछ नया शुरू करने के लिए समय बहुत ही अनुकूल है।

**वश्चिक** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका काम करने का जुनून आपको निश्चित ही जल्द कोई उपलब्धि हासिल करवाएगा, लेकिन कोई भी बड़ा सौदा करने से पहले उसकी पूरी जांच पड़ताल अवश्य करें। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे।

**धनु** — आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। कार्यस्थल पर काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। आज किसी खास निर्णय को लेकर कुछ दिक्कत आ सकती है, अनुभवी व्यक्ति की सलाह से उनका निवारण भी होगा। किसी से भी कोई वादा करने से पहले उचित सोच-विचार अवश्य कर लेगे।

**मकर** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आज किसी भी कार्य को लेकर थोड़ी सी सतर्कता रखने से आप कई परेशानियों से बच सकते हैं। आज आप अपनी मेहनत और योग्यता से निश्चित ही सफलता हासिल करेंगे। किसी नई योजना पर भी कार्य शुरू होगा।

**कुम्भ** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा 7 आज कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय अपने बजट का भी ध्यान रखें, क्योंकि खर्चो की स्थिति बढ़ती नजर आ रही है। सोसाइटी अथवा सामाजिक कार्यों में किसी के साथ बेवजह ना उलझे।

**मीन** — आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। जीवन स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए परिवार जनों के साथ वार्तालाप रहेगा, साथ ही मीडिया अथवा संपर्क सूत्रों द्वारा नई-नई जानकारियां मिलेंगी जो कि फायदेमंद साबित होगी।



# भगवान दत्तात्रेय ने 24 गुरु बनाया- धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम में भगवान दत्तात्रेय का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल शालिग्राम भगवान का देवप्रयाग से आए गंगाजल से अभिषेक हुआ। पूजन अर्चन के पश्चात धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि भगवान दत्तात्रेय नारायण के छठे अवतार हैं। आजीवन ब्रह्मचारी और अवधूत रहे। इसलिए वह सर्वव्यापी कहलाए। तीनों मातृ शक्तियों माता लक्ष्मी सरस्वती एवं पार्वती के पतिदेव विष्णु ब्रह्मा महेश ने समाहित भगवान दत्तात्रेय ऋषि अत्रि और माता अनुसूया के घर अवतरित हुए थे।

मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा को आपका जन्मोत्सव मनाया जाता है ।शास्त्र के अनुसार भगवान दत्तात्रेय का जन्म प्रदोष काल में हुआ था। गुरु वंश के प्रथम गुरु साधना करने वाले आप योगी थे। आपके भ्राता चंद्र और ऋषि दुर्वासा है। गुरु की माता का ज्ञान आपने दिया हर छोटी बड़ी चीज से आपने ज्ञान प्राप्त किया। अपने जीवन में आपने 24 गुरु बनाया, जिसमें कीट पतंग जानवर और मनुष्य आदि थे।

इन 24 गुरुओं में सहनशीलता और परोपकार की भावना पृथ्वी से सीखा, पिंगला नाम की वेश्या से सबक लिया कि केवल पैसों के लिए नहीं जीना चाहिए। कबूतर के जोड़े को जाल में फंसे अपने बच्चों को देखकर खुद जाल में फंसे। इसलिए कहा कि बहुत ज्यादा मोह दुख का कारण बनता है। सूरज से दत्तात्रेय ने सीखा सूरज अलग-अलग माध्यमों से अलग-अलग दिखाई देता है। आत्मा भी एक ही है लेकिन उसके कई रूप हैं। इसी प्रकार वायु अच्छी या बुराई जगह पर जाने के बाद भी सदैव स्वच्छ रहती है। इसलिए हमें अच्छाइयों को नहीं छोड़ना चाहिए। इसके लिए वायु को गुरु बनाया। हिरण को गुरु बनाया की उछल कूद करते हुए इतना मौज मस्ती नहीं करना चाहिए कि लापरवाह हो जाए।

समुद्र को गुरु बनाया उतार चढ़ाव में खुश और गतिशील रहना चाहिए। पतंग को गुरु बनाया कि आकर्षक रूप रंग और झूठे मोंह में नहीं पड़ना चाहिए। हाथी को गुरु बनाया, हाथी से यह सीखा कि संन्यासी और तपस्वी पुरुष को स्त्रियों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि हाथी हथनी के संपर्क में आते ही आसक्त हो जाता है। आकाश को गुरु बनाया



देश काल और परिस्थित में लगावों से दूर रहना चाहिए। जल को गुरु बनाया, हमें सदैव पवित्र रहना चाहिए। मधुमक्खियां निकालने वालों को गुरु बनाया मधुमक्खियां मधुमक्खियां मधु को इकट्ठा करती हैं लेकिन एक दिन मधुमक्खी निकालने वाला आकर उसे निकाल ले जाता है। मछली को बनाया कि लोभी नहीं होना चाहिए कांटे में फंसे मांस के टुकड़े को खाने के लिए अपनी प्राण गवा देती है। क्रूर पक्षी को कहा कि मांस के टुकड़े को चोंच में दबाए रहता है लेकिन उसे खाता नहीं, दूसरे पक्षी क्रूरता से उस मांस के टुकड़े को छीन लेते हैं। बालक को गुरु बनाया चिंता मुक्त और प्रसन्न रहना चाहिए।

आग को गुरु बनाया अलग-अलग लकडिंयों के बीच में रहने के बावजूद एक ही तरह नजर आती है, इसलिए हर हालत में एक सा रहना चाहिए। चंद्रमा को गुरु बनाया आत्मा लाभ हानि से परे है वैसे ही जैसे चंद्रमा घटने बढ़ने से चमक और शीतलता नहीं बदलता है। इसलिए लाभ हानि से नहीं बदलना चाहिए। कुमारी कन्या को गुरु बनाया एक कुमारी कन्या धान कूट रही थी जिसके चूड़ियों की आवाज से बाहर बैठे लोगों का ध्यान भंग हो रहे था। इसलिए चूड़ियों को निकाल कर केवल एक चूड़ी पहन कर धान कूटा। जिससे लोगों का ध्यान भंग नहीं हुआ अर्थात शांत रहते हुए काम करना चाहिए। तीर बनाने वाले को गुरु बनाया जिसका ध्यान भंग नहीं होता है। सांप से सीखा एक स्थान पर रहकर नहीं रहना चाहिए, जगह-जगह से ज्ञान प्राप्त करना चाहिए और ज्ञान बांटना चाहिए। मकड़ी को गुरु बनाया, मकड़ी जैसे अपने बनाए जाल में फंस जाती है उसी प्रकार भगवान माया से सृष्टि की रचना करते हैं, अंत में उसे समेट लेते हैं। भृंगी कीड़े को गुरु बनाया मन में अच्छी या बुरी चीज जैसे लेंगे मन वैसा हो जाता है। भंवरा , मधुमक्खी को गुरु बनाया कि अधिक धन एकत्रित करोगे तो कोई दूसरा आकर ले जाएगा। अजगर को गुरु बनाया कि जीवन में संतोषी होना चाहिए, जो मिले उसी को स्वीकार करना चाहिए।

वैदिक कर्मों का धर्म का तथा वर्ण व्यवस्था का जब विकृत रूप हुआ तब भगवान दत्तात्रेय ने सब का पुनरुद्धार किया। इस प्रकार भगवान दत्तात्रेय मनुष्य के जीवन के हर पहलू को जीने के लिए ईमानदारी कर्मठता के साथ आप कैसे अपना जीवन व्यतीत करें, इसका उपदेश दिया और लोगों को इस बात का ज्ञान दिया कि मनुष्य आज जीवन पर्यंत कुछ ना कुछ किसी न किसी से सीखता रहता है।

इसलिए अपने को कभी संपूर्ण नहीं मानना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायणी रामानुजदासी संजीव कुमार पांडे भौजी रमेश तिवारी अध्यक्षअटेवा शिवम मिश्रा मुकेश पांडे डॉक्टर अवंतिका पांडे डॉक्टर विवेक पांडे डॉ अंकिता इं पूजा पांडे विश्वम प्रकाश पांडे रामनरेश पांडे रामकृष्ण रामानुज दास सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

# सपा भाजपा की लड़ाई में हम जीतेंगे चुनाव - हरीश चंद्र पटेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हजारों महिलाओं और पुरुषों के साथ पैदल यात्रा रैली के माध्यम से निर्दलीय प्रत्याशी हरिश्चंद्र पटेल जिसका चुनाव चिन्ह अनार है ने मतदाताओं का अभिवादन करते हुए अनार पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील किया। नगर पालिका प्रतापगढ़ की पूरी जनता हरिश्चंद्र पटेल के साथ दिखाई दी। हिंदू मुस्लिम सिक्ख ईसाई बौद्ध की एकता और नगर पालिका प्रतापगढ़ की एकता पहली बार शहर में निर्दलीय प्रत्याशी हरिश्चंद्र पटेल के साथ दिखाई दी जो बदलाव की बात हो रही थी। जनता 17 तारीख को बहुत ही कर्मठ सील, ईमानदार व जुझारू निर्दलीय प्रत्याशी हरिशचंद पटेल को अनार के चुनाव चिन्ह पर अपना मत देकर विजई बनाने के लिए संकल्प लिया है। बहुत ही गजब का उत्साह मतदाताओं का देखने को मिला इस बार उपचुनाव में। उपचुनाव में बसपा, अपना दल यस, अपना दल के व कांग्रेस सहित छोटी-छोटी कई पार्टियां चुनाव मैदान में अपना प्रत्याशी नहीं उतारी है, उसका भी लाभ निर्दलीय प्रत्याशी हरिश्चंद्र पटेल को मिला और कई समाज के अध्यक्षों का भी आशीर्वाद मिला। व्यापारियों का पूरी तरह से संगठन साथ में लगा रहा। निश्चित रूप से 19 तारीख को हरिश्चंद्र पटेल विजयी होने जा रहे हैं। बाइक रैली और पैदल यात्रा रैली ने निर्दलीय प्रत्याशी हरिश्चंद्र पटेल का चढ़ाया चुनाव और अंतिम रूप देने के लिए निर्णायक मतदाता भाई-बहन का प्रत्याशी महोदय ने अभिनंदन किया। जनता जिस तरह से बदलाव चाह रही थी उस हिसाब से बहुत ही सूझबूझ के साथ अपना निर्णय लेकर हरिश्चंद्र पटेल को अपना मत देकर 17 तारीख को विजई बनाने जा रही है,श। 19 तारीख को सभी बॉक्स में अनार ही अनार ठूस कर भरा दिखाई देगा। सैकड़ों समर्थक साथ में उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख व विधायक ने तीन दिबसीय मदाफ़रपुर मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ

**▶▶ क्षेत्र पंचायत निधि से बने बाबा बच्चा साव बाजार गेट का फीता काटकर किया उद्घाटन**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिले के मदाफारपुर बाजार के तीन दिवसीय मेले का ब्लॉक प्रमुख एंव सदर विधायक ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। मेले में रविवार को दोपहर से भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। मेला कमेटी के लोग मेला व्यस्था में जुटे रहे।पूर्णिमा पर तीन दिवसीय बाबा बच्चा साव मेले का रविवार को सदर विधायक राजेद्र मौर्या,ब्लॉक प्रमुख /जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह उर्फ़ नंदन भैया ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर शुभारंभ किया। मेले में गैर जनपद से कई तरह के झूले आये है। बच्चे झूला, ब्रेक डांस, जादू,नाव झूला, मौत का कुँवा,डोली झूला, बच्चों की चकरी, जंपिंग आदि का मेले मे आंनद लेते रहे। लकड़ी के सामानों में तख्त, कुर्सी, मेज,पीढ़ा, चौका, बेलन, मूसल, चारपाई शामिल है। गृहस्थी के सामानों की खरीदारी के लिए दूर दराज की



महिलाओं की भारी भीड़ दिखी। लोहे के सामानों में फावड़ा, कुल्हाड़ी, कुदाल, तवा, चिमटा सहित अन्य जरूरी सामानों की बिक्री जमकर हुई। सदर विधायक राजेद्र मौर्य, ब्लॉक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह नंदन, ने क्षेत्र पंचायत निधि से बने हुए मदाफरपुर बाजार के मुख्य द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक व प्रमुख ने थाना प्रभारी राधेश्याम,मेला अध्यक्ष विपिन कुमार जायसवाल (सोनू) के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। मेला प्रबंधक अरविंद कुमार (पप्पू) ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान राजेश जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल, अंकित जायसवाल, मोनू जायसवाल, अब्दुल गनी उर्फ मलखान, दिलीप पाठक अधिवक्ता सहित सैकड़ो की संख्या मे ग्राम प्रधान व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाधित जल आपूर्ति पर एसडीएम ने अधिशासी अभियंता से मांगा स्पष्टीकरण

**सांगीपुर (प्रतापगढ़)** –सांगीपुर विकासखंड अंतर्गत उदयपुर गांव स्थित पेयजल टंकी से जलापूर्ति दो महीने से बाधित हो रही है। इस पर प्रशासन सख्त हो गया है। स्थानीय निवासी हर्षद श्रीवास्तव, मोहित जायसवाल, रविंद्र जायसवाल, माता फिर पाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बीते समाधान दिवस में शिकायत पत्र देकर बताया कि पेयजल टंकी की मोटर में खराबी के कारण जलापूर्ति ठप हो गई है। इसके चलते ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम नैंसी सिंह ने जल निगम के अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की स्थिति पर शीघ्र आख्या प्रस्तुत की जाए और जलापूर्ति की समस्या का समाधान तीन दिनों के भीतर किया जाए।इसके पहले, एसडीएम ने दो दिन के भीतर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए थे, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इस पर एसडीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष का सकरदहा के पद के लिए हुआ नामांकन

**▶▶ नामांकन करने वाले चेहरों के प्रति स्थानीय स्तर पर दिख रहा असंतोष**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के सकरदहा मंडल अध्यक्ष पद के लिए दिन रविवार को मां चामुण्डा देवी धाम के प्रांगण में नामांकन किया गया। जो कि लगभग दो घंटे तक चली प्रक्रिया के बाद शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।जिसमें लगभग 5 लोगों ने नामांकन पत्र भरा।जिसमें सक्रिय भाजपा युवा नेता अभिनव मिश्रा जोकि सकरदहा से मंडल उपाध्यक्ष के पद पर आसीन हैं व लगातार दो बार से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य भी हैं।इसके अतिरिक्त राघवेंद्र त्रिपाठी जोकि मंडल महामंत्री,अनुज पाठक मंडल उपाध्यक्ष सकरदहा,सूरज शुक्ला जोकि वर्तमान में वेधन गोपालपुर से मौजूदा प्रधान हैं, तथा सुभाष प्रजापति जोकि बीजेपी के कार्यकर्ता है।इन्ही पांच लोगों ने सकरदहा मंडल अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की है।सूत्रों की माने तो नामांकन के दौरान हद तो तब हो गई जब एक प्रत्याशी की ना



मौजूदगी में चुनाव अधिकारी नामित भाजपा की महिला नेत्री ने बगैर प्रत्याशी के मौजूदगी के मंडल अध्यक्ष का फॉर्म भरा दिया व फर्जी हस्ताक्षर भी बना दिया।जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में तरह तरह की चर्चाएं विद्यमान रही। हालांकि विश्वस्त सूत्रों के अनुसार बीजेपी सकरदहा मंडल अध्यक्ष पद के लिए ऐसे प्रत्याशियों ने आवेदन किया है जो कि कभी भी मंडल के किसी भी बैठक में मौजूद नहीं रहे हैं व मंडल के किसी भी कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति नहीं रही है। स्थानीय भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सूत्रों की माने तो ऐसे चेहरे या तो पिछले मंडल अध्यक्ष चुनाव में सक्रिय दिखे थे,या इस बार मंडल अध्यक्ष का चुनाव आते ही फिर सक्रिय हो गए हैं। वहीं कुछ स्थानीय नेताओं की माने तो एक स्थानीय प्रत्याशी जोकि नामांकन प्रक्रिया में शामिल भी नहीं हुए।उनका किसी माध्यम से नामांकन पत्र जिले तक पहुंच गया।ऐसे में पूर्व से मंडल स्तर पर कार्यरत स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में इनके नामांकन के प्रति असंतोष व्याप्त रहा।स्थानीय कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह मौसमी कीड़े हैं,जोकि पदाधिकारी चुनाव आते ही सक्रिय हो जाते हैं और फिर गायब भी हो जाते हैं।एक तो ऐसे ही सकरदहा मंडल स्तर पर बीजेपी की स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही है,जबकि वर्तमान में तैनात मंडल अध्यक्ष मोनू शुक्ल के द्वारा बहुत ही मेहनत के बाद किसी तरह पार्टी के सक्रिय सदस्यों व कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी की गई है।ऐसे में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा से बीजेपी की स्थिति यहां बेहद चिंताजनक हो सकती है।अब ऐसे में जिले के नेतृत्व पर भी दबाव बढ़ता हुआ दिख रहा है, जबकि बीजेपी की स्थानीय कार्यकर्ताओं में नाराजगी व असंतोष भरी स्तिथि में भाजपा जिला संगठन में भी बड़ी दरार व्याप्त होती दिखाई पड़ रही है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कम्पोजिट स्कूल बनवारपुर के छात्रों का चयन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**दुर्गागंज (प्रतापगढ़)।** प्रयागराज मण्डल स्तरीय एथलेटिक खेलकूद प्रतियोगिता फतेहपुर में आयोजित हुई जिसमें मण्डल के चारों जिले शामिल हुए। कम्पोजिट स्कूल बनवारपुर के छात्रों ने प्रतापगढ़ की तरफ से प्रतिभाग कर विजेता बने सौ मीटर व दो सौ मीटर में मो साबिर प्रथम स्थान हासिल किया।वही लम्बी कूद में द्वितीय स्थान मो शादान ने प्राप्त किया। लम्बी कूद में प्रथम स्थान और ऊंची कूद में द्वितीय स्थान में मो अरमान ने प्राप्त किया।साथ ही साबिर,शादान,अरमान का राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ।इस मौके पर भुपेंद्र सिंह बेशिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़,राम कुमार सिंह,सुशील कुमार,मंजू सिंह,शिक्षक राजेंद्र पाण्डेय,ब्लाक शिक्षा अधिकारी अमित दूबे,प्रधानाध्यापक अमशाद अली, टीम कोच कपिल देव गिरी,विमल कुमार और विद्यालय परिवार ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# बिना भक्ति के ज्ञान अधूरा होता है -पं. विजयकांत

**● राजापुर महोथरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन कंस वध और उद्धव प्रसंग कथा सुन श्रोता हुए निहाल**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**दुर्गागंज (प्रतापगढ़)।** बिना भक्ति के ज्ञान अधूरा होता है। यही कारण है कि गोपियों को समझाने व्रज पहुंचे परम ज्ञानी उद्धव जी को भक्ति में डूबी गोपियों ने निरुत्तर कर दिया। उनका समस्त ज्ञान भक्ति में डूबी गोपियों के सामने गायब हो गया। यह बातें राजापुर महोथरी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठें दिन कथा व्यास पण्डित विजयकान्त तिवारी ने कहीं।कंस वध, उद्धव प्रसंग, श्रीकृष्ण -रुक्मिणी विवाह आदि प्रसंगों पर कथा व्यास ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण की रासलीला का



लोग गलत अर्थ लगाते हैं। श्रीकृष्ण योगेश्वर हैं और उनकी रासलीला आत्मा और परमात्मा का मिलन है। इसको और स्पष्ट करते हुए कथा व्यास तिवारी जी ने बताया कि रासलीला के दौरान ही एक दिन कामदेव वहां पहुंच गया। भगवान ने पूछा यहां तुम्हारा क्या काम है? कामदेव ने कहा, भगवान जो जिम्मेदारी आपने दी है उसी का पालन करने आया हूं। भगवान ने कहा, मतलब? कामदेव बोला, जहां स्त्री और पुरुष होंगे वहां मुझे पहुंचना ही है। भगवान बोले शंकर के रूप में तुमको जलाया था, भूल गए क्या? कामदेव ने कहा, भगवन उस समय की बात दूसरी थी। उस समय आपके साथ कोई स्त्री नहीं थी। इस समय तो आपके साथ लाखों गोपियां हैं। भगवान ने कहा, ठीक है कर लो प्रयास। आगे कथा व्यास ने बताया कि कामदेव ने बहुत प्रयास किया लेकिन श्रीकृष्ण और गोपियों पर उसका असर नहीं हुआ। हारकर वह चला गया। इसीलिए कहा गया है कि श्रीकृष्ण से बड़ा कोई योगी नहीं है। इसी प्रकार उन्होंने रुक्मिणी विवाह की भी विस्तार से चर्चा की। आरम्भ में कंस वध प्रसंग को बड़े ही सहज शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के बाल पकड़े तो उसने क्षमा मांगते हुए बोला मुझे छोड़ दो। भगवान बोले, मामाजी मैं जल्दी किसी को पकड़ता नहीं और जिसे पकड़ता हूं उसे छोड़ता नहीं। भाव यह कि भगवान जल्दी मिलते नहीं और जिसे मिल जाते हैं उसे छोड़ते नहीं अर्थात उसका उद्धार अवश्य करते हैं। इसलिए भगवान ने कंस का वध कर उसका उद्धार कर दिया।कथा के मुख्य यजमान श्रीमती कमला देवी और पण्डित राधेश्याम मिश्र हैं। उनके कुलगुरु पंडित संतोष शुक्ल हैं। आयोजक मंडल में कौशल किशोर मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र (एडवोकेट), कौस्तुभ किशोर मिश्र, कौशिक किशोर मिश्र, वेंकटेश मिश्र, प्रशान्त, अभिजीत, ऋषि, दिव्यांश आदि शामिल हैं।

# रोड शो करके भाजपा ने दिखायी ताकत,मांगा समर्थन



**प्रतापगढ़।** नगरपालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने रोड शो करके ताकत दिखायी व प्रत्याशी के लिए लोगों से समर्थन की अपील की। प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी समेत भाजपा नेताओं ने रविवार को शहर में रोड शो निकाल कर मतदाताओं को साधा। रोड शो के दौरान भाजपा से अध्यक्ष पद प्रत्याशी प्रेमलता सिंह के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह भी चरम पर नजर आया। रोड शो में भगवा पट्टी धारण किए पार्टी कार्यकर्ता योगी,मोदी व पार्टी का जयघोष करते हुए चल रहे थे। रोड शो सदर बाजार से शुरू होकर चौक,श्रीराम चौराहा,बाबागंज होते हुए भरत चौक में समाप्त हुआ। इसके बाद भरत चौक घण्टाघर में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि शहर के मतदाता भ्रमित होने वाले नहीं हैं। स्व.हरि प्रताप सिंह की पत्नी रिकार्ड मतों से चुनाव जीतने जा रही हैं। प्रत्याशी प्रेमलता सिंह ने कहा कि अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा करूंगी। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती,पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता,सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य,पूर्व विधायक धीरज ओझा,भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव,पूर्व जिलाध्यक्ष केके सिंह,स्वामीनाथ शुक्ल,हरिओम मिश्र,ओपी त्रिपाठी,पूर्व क्षेत्रीय मंत्री बगजयुमो वरुण प्रताप सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह,रुचि केसरवानी,सुनील दुबे,विशाल सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बाल अधिकारों के लिए तरुण चेतना ने आयोजित किया वार्षिक खेल उत्सव

**▶▶ बच्चों के प्रति समर्पित होना ही सच्ची देशभक्ति है-आकाश डालमिया**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी, प्रतापगढ़-** तहसील क्षेत्र के सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज बहुता मे तरुण चेतना द्वारा बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत वार्षिक प्रतियोगिता समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य



अतिथि के रूप में उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी आकाश डालमिया ने कहा कि बच्चों के प्रति समर्पित होना ही सच्ची देशभक्ति है.

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेलकूद की अहम भूमिका होती है. उन्होंने कहा कि बच्चे भीड़ का हिस्सा न बनें बल्कि अपनी अलग पहचान बनायें ताकि आगे चलकर वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने बाल अधिकार परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाना ही इस परियोजना का उद्देश्य है, जिसके लिए बच्चों के चारों अधिकार सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों सहित अन्य हितगामियों को जागरूक किया जा रहा है.

इसी क्रम में उपस्थित कोतवाली पट्टी के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी संतोष कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एक जरूरी माध्यम है

क्योंकि एक अधिकारी को सिर्फ जिले के लोग जानते है जबकि एक खिलाड़ी को पूरा देश-विदेश जानता है. उप निरीक्षक श्री कुमार ने कहा कि खेलकूद से हमारे बच्चों का शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होता है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रा. वि. प्रजापति बस्ती के प्रधानाध्यापक रामतीर्थ वर्मा ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों को जागरूक होना आवश्यक है.

उन्होंने बताया की सरकार की तरफ से हर प्राथमिक विद्यालयों में खेलकूद के लिए पांच हजार रुपए प्रदान किया जाता है। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बहुता गांव के दो सौ बच्चों ने कैरम बोर्ड, क्रिकेट, लूडो, रस्सी कूद, रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें 52 प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाले बच्चों को शील्ड, मेडल, दीवार घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रस्सी कूद में मनीष गुप्ता ने 439 राउंड जम्प और रेस में आर्यन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस वार्षिक खेल उत्सव समापन के अवसर पर बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर अच्छेलाल बिन्द सभी अतिथियो का आभार व्यक्त किया.

कार्यक्रम का संचालन सेतु परियोजना के समन्वयक श्याम शंकर शुक्ला ने किया. इस अवसर पर हकीम अंसारी, बहुता इंटर कॉलेज बड़े बाबू आनंद कुमार,

शिवाजी बाल शिक्षा लघु माध्यमिक विद्यालय सरसतपुर के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार बर्मा, सहायक अध्यपिका कविता, हुस्नारा, शकुंतला, आरती,मंजू, कलावती, नाजरीन, छाया, संगीता गार्गी पटेल सहित सैकडो की संख्या में अभिभावक तथा बच्चे उपस्थित रहे।

# इलाज के बाद मरीज की हालत बिगड़ी चिकित्सक पर धोखाधड़ी का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी शुभम तिवारी ने कोतवाली पट्टी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पीड़ित के पिता देवेंद्र नाथ तिवारी के पेट में पित्त की थैली में पथरी थी। इसके संबंध में पीड़ित जब अमरगढ़ सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सक अमृत लाल यादव के पास पहुंचा तो वह सरकारी अस्पताल की हालत पर व्यवस्था मुहैया न होने की बात कहकर अपने निजी चिकित्सालय कलावती हॉस्पिटल रायपुर रोड पट्टी पर बुला लिए। समुचित सलाह देते हुए अल्ट्रासाउंड सिटी,स्कैन इत्यादि जांच भी करवा लिया। फिर इलाज का खर्चा भी जमा करवा लिया। इसके बाद चिकित्सकों के द्वारा ऑपरेशन कर दिया गया तथा चिकित्सकों ने सब कुछ ठीक-ठाक होने का परिजनों को भरोसा दे दिया। मरीज से दो-तीन घंटे के बाद ही मुलाकात करने का निर्देश दिया गया था। पीड़ित परिजनों ने रात जैसे तैसे बिताने के बाद सुबह जब मरीज के पास पहुंचे तो हालात देखकर दंग रह गए। शिकायती पत्र में बताया गया है कि पीड़ित मरीज की हालत आपरेशन के कुछ देर बाद ही बिगड़ रही थी्। उसे लैट्रिन पेशाब होने में समस्या आ रही थी तथा रक्त का बहाव होने की भी बात कही गई। जिसके चलते मरीज मरणासन्न स्थिति में पहुंच गया। जिसकी जानकारी जब संबंधित चिकित्सक को मरीज के परिजनों द्वारा दिया गया तो तत्काल खून की आवश्यकता होने की बात कही तो आनन फानन में मरीज को लेकर समुचित इलाज के लिए प्रयागराज ले जाया गया।

जहां पर स्थिति में सुधार आया।शिकायतकर्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ के चिकित्सक अमृतलाल और उनके सहयोगी डॉक्टर पर लापरवाही पूर्ण इलाज करने के साथ-साथ खड्यंत्र का भी आरोप लगाया है। संबंधित मामले की शिकायत पर स्थानीय पट्टी पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## मां के साथ मेला देखने आई नाबालिग को भागने में दो पर केस दर्ज

**पट्टी प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के ढांढर गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। बीते 4 दिसंबर को दिन में 3 बजे के आसपास पीड़िता अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को लेकर पट्टी का मेला देखने गई थी। जहां पीड़िता के गांव का ही एक लड़का पीड़िता की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को निखिल व कपिल के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाने को उमड़े श्रद्धालु



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** सर्दी और कोहरा भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं रोक सका। रविवार को अगहन महीने की पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित करने को श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाट पर जुटी रही। कार्तिक के बाद अगहन का महीना भी देव आराधना के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। पूरे महीने गंगा स्नान करने वालों के साथ ही अगहन की पूर्णिमा पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाट पर जुटी। कोहरे और भीषण सर्दी के बाद भी श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही गंगा घाट पर पहुंचने लगी। हर हर गंगे के जयकारे संग श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा मैया का पूजन अर्चन कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। गरीब, असहायों को अन्नदान कर पुण्य अर्जित किया। स्नान-दान के बाद श्रद्धालुओं ने मानिकपुर में सिद्धपीठ मां ज्वालादेवी मंदिर, बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर भगवान शिव के मंदिर में पहुंचकर पूजन-अर्चन किया।

## घर में घुसकर की मारपीट, छह नामजद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई गांव निवासी कृष्ण कुमार यादव 18 नवंबर को खाद निकालने को ट्रैक्टर बुलाया था। ट्रैक्टर बैक करते समय पीछे बच्चा आ जाने से उसे धक्का लग गया। आरोप है कि पड़ोसियों ने कृष्ण कुमार के घर में घुसकर उसे, उसकी पत्नी सरिता यादव, बेटी प्रियांशु को मारपीट कर घायल कर दिया। सीओ से शिकायत के बाद पुलिस ने प्रभू यादव, राजलाल यादव, अमृतलाल यादव, राम कृपाल यादव, पन्नालाल यादव, नन्हेंलाल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# समाजसेवी ने राजा भइया को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया से बीते दिनों रामायण निवास राजधानी लखनऊ में सांगीपुर विकासखंड के राकी के निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सिंह पप्पू व समाजसेवी हरिश्चंद्र मौर्य ने मुलाकात करके प्रभु रामचंद्र का चित्र भेंट करके सम्मानित किया।इस दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के पदाधिकारी कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़, शिवम मिश्रा, प्रकाश तिवारी, ईसू तिवारी,राजू सिंह, रुपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुंडा प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना क्षेत्र के पींग गांव में 24 नवंबर को हुए जानलेवा हमले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। रविवार को एसआई ध्रुव सिंह घनश्याम, सुशीला देवी, जानकी देवी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

## जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी गंभीर

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** नगर पंचायत कुंडा के अनखोरिया निवासी कमलेश कुमार की 17 वर्षीय बेटी शिखा पटेल ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# महाकुंभ के लिए मेडिकल कालेज में तैयारी शुरू

**▶▶ खुलेगा चार बेड का आईसीयू, हाइटेक होगी इमरजेंसी**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** तीर्थस्थल प्रयागराज में लगने जा रहे महाकुंभ के मद्देनजर मरीजों की सेवा के लिए जिले के मेडिकल कालेज ने तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव दोनों अस्पतालों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों के साथ मैराथन बैठक कर रहे हैं। अभी तक विचार विमर्श के बाद जो नतीजे सामने आए हैं उसके अनुसार लेकर आधुनिक सुविधाओं से लैश हाइटेक इमरजेंसी होगी। साथ ही चार बेड का आइसीयू होगा। ओटी में हो सकेगा आपरेशन। महाकुंभ को लेकर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की इमरजेंसी को और सुदृढ़ किया जाएगा। आइसीयू वार्ड बनाने के साथ ही ट्रांबोथिसिस यूनिट खोली जाएगी। इसके साथ ही माइनर ओटी को इमरजेंसी ओटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इमरजेंसी में आने वाले दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के साथ ही गंभीर बीमारी के मरीजों के त्वरित इलाज की सुविधा शुरू की जाएगी। प्राचार्य डाक्टर सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि सीएमएस व चिकित्सकों के साथ बैठक कर गहन विचार विमर्श किया जा रहा है। महाकुंभ के मद्देनजर मरीजों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल और मेडिकल कालेज टीम तैयार हो रही है।

## वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़।** मुकदमे में वांछित फरार वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लीलापुर के उपनिरीक्षक रामनरेश ने मय हमराह कांस्टेबल राजकुमार सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी के दौरान केस नं0 2874/ 21 व मु0अ0सं0 395/19 अन्तर्गत धारा 148/149/308/323/504/506 भादवि थाना लालगंज से संबंधित वारण्टी अभियुक्त शहजाद पुत्र मो0 रऊफ निवासी शकूहाबाद थाना लीलापुर को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

# पांच दिन पूर्व लापता युवक की तालाब में मिली लाश, कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** पांच दिन पूर्व घर से लापता हुए युवक की लाश तालाब में मिली, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।महेशगंज थाना क्षेत्र के गिरथा के रहने वाला संजय 23 पुत्र राम आसरे बीते 10 दिसंबर मंगलवार को घर से लापता हो गया था। उसकी मानसिक हालत भी ठीक नहीं थी। जिस पर परिजनों ने मामले की शिकायत महेशगंज पुलिस को किया तो पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी। रविवार को आजाद नगर बाजार के पीछे तालाब में उसका शव कुछ ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया। इसके बाद सूचना क्षेत्रीय पुलिस को



दी, जिस पर महेशगंत थाने पुलिस पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवा कर आसपास के ग्रामीणों से पहचान कराई तो वह लापता हुए संजय का शव निकाला। जिस पर परिजनों को मौके पर बुलवाकर पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

# आस्तीन के सांपों को कुचलने का काम करेगी यूनियन

**▶▶ विभीषण की वजह से कुछ जगहों पर नहीं मिला वोट - अनिल**

**▶▶ यूपीएस पेंशन स्कीम के विरोध में डाले गए वोट**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिन लोगों ने साथ होते हुए भी विपक्षी यूनियन को वोट दिया है ऐसे लोग आस्तीन के सांप हैं। उनके फन को कुचलने का काम मेंस यूनियन करेगी। समीक्षा बैठक में ऐसे लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट मंडलीय और केंद्रीय नेताओं को भेजी जाएगी।मान्यता के लिए हाल ही में हुए चुनाव में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन को प्रतापगढ़ से उतना वोट नहीं मिला जिसकी उम्मीद नेताओं ने की थी। चुनाव बाद नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की समीक्षा बैठक में पाया गया है कि करीब साठ से पैसठ प्रतिशत ही वोट मिला है। जबकि लोगों को इससे अधिक उम्मीदें थीं। सूत्रों का कहना है कि यूनियन में रहते हुए भी कुछ नेता अपना वोट नहीं दिला पाए और यूनियन से इतर दोस्ती का दिखावा कर वोट डालने की बात कह कर मुकर गए दोनो लोगों ने यूनियन का नुकसान किया है। जिसकी वजह से वोट का प्रतिशत कम आया है। यूनियन के शाखा मंत्री ने कहा है कि ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम किया जाएगा। वोट कम आने की दूसरी प्रमुख वजह यूपीएस पेंशन का मुद्दा।

**▶▶ कई विभागों से नहीं मिला वोट**

मेंस यूनियन ने समीक्षा बैठक में पाया कि गैंगमैन, कैरीज एंड वैगन, लोको का वोट उम्मीद से बहुत कम मिला है।

इस बात को शाखा मंत्री अनिल शुक्ला भी स्वीकारते हैं। उनका कहना है कि उम्मीद से कम वोट मिला है। लोगों ने साथ होने का तो दिखावा किया लेकिन वोट विपक्षी यूनियन को दिए। एनईआरयू ने अधिक नुकसान किया। नए लोग यूपीएस को समझ नहीं पाए और वोट नहीं दिया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216333510का अंक व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

अभिषेक मिश्र
पुत्र देवतादीन मिश्र
पता- सराय सेतन पो कुम्भापुर,
जिला-प्रतापगढ़ (यूपी) पिन 230132

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय रानीगंज जिला प्रतापगढ़
वाद संख्या सन
मसीरुल निशा .....प्रथम पक्ष
बनाम
नवाब अली आदि.... द्वितीय पक्ष गण
बनाम - 1 आजाद अली , 2 अख्तर अली सुतगण नवाब अली, 3 नजमुन्निशा पत्नी नवाब अली,4 मो0 मुस्तकीम, 5 मो 0 उस्मान सुत गण इसराज ,6 मो0 मुस्तफा पुत्र मोसिम अली
निवासी ग्राम कसेरुआ पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ । विपक्षी द्वितीय पक्ष ।
मु0 धारा 229 बी उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश अधिनियम भूमि ग्राम कसेरुआ पर 0 पट्टी तह 0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़।
वाद संख्या
तारीख पेशी 24-12 - 2024
यह की वादी ने उपरोक्त वाद / प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है एतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24- 12 - 2024को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र टी आई व तनकीह समय प्रातः 10ः00 बजे स्वयं या अपने मार्फत वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दावा करें , ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षर किया जाएगा । मेरे हस्ताक्षरता न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक . को जारी किया गया

आज्ञा से

## कम्युनिस्ट पार्टी ने सपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

**प्रतापगढ़।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को वरिष्ठ नेता लाल बहादुर तिवारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर चर्चा की गई। इसमें पार्टी के राज्य परिषद सदस्य हेमंत नंदन ओझा ने सर्वसम्मति से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार सिंह राय साहब का समर्थन करने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी लंबे समय से नगर पालिका पर काबिज है। इससे नगर की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। शहर की समस्याओं के समाधान के लिए परिवर्तन अवश्य है। ऐसे में सपा प्रत्याशी को अपना मत देकर विजयी बनाए। इस दौरान राम बरन सिंह, निर्भर प्रताप सिंह, राजमणि पांडेय, रसीद अहमद, आशुतोष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका उपचुनाव के प्रचार का शोर थमा, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**▶▶ भाजपा और सपा के बीच सीधे टक्कर की जताई जा रही उम्मीद**

**▶▶ भाजपा- सपा के बागी बिगाड़ सकते हैं कई प्रत्याशियों का खेल**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव के प्रचार का शोर रविवार शाम पांच बजे के बाद थम गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और सपा के प्रत्याशियों की जीत के लिए कैबिनेट मंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने शहर में रोड शो के जरिए माहौल बनाने का प्रयास किया। वहीं भाजपा और सपा के बागी प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ सकते हैं। फिलहाल मतदाताओं का मूड किसके पक्ष में है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। नगर पालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा से पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह की पत्नी प्रेमलता सिंह चुनाव मैदान में हैं। वहीं सपा से पूर्व ब्लाक प्रमुख राज कुमार सिंह राय साहब ताल ठोक रहे हैं। इसके अलावा सात अन्य प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। रविवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। इसलिए भाजपा ने अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह, पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य नेताओं ने शहर में रोड शो के जरिए मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता सिंह को विजयी बनाने का आशीर्वाद मांगा।

वहीं सपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह राय साहब के पक्ष में मछ्ली शहर सांसद, सपा नेता संजय पांडे आदि ने रोड शो के जरिए मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया। वहीं शहर में भाजपा और सपा प्रत्याशी के बीच सीधे मुकाबला होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा सात अन्य प्रत्याशी भी अपनी जीत के लिए नुक्कड़ सभाओं एवं जनसंपर्क कर मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने को जुटे हैं।

### मतदाताओं के घर पहुंच रहे हैं प्रत्याशी

चुनाव प्रचार का शोर खत्म होने के बाद प्रत्याशी अब सीधे मतदाताओं से संपर्क करना शुरू कर दिए हैं। रविवार देर रात तक विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी मतदाताओं के घर जाकर अपने पक्ष मतदान करने की अपील की।

### बागी बिगाड़ सकते हैं दलीय प्रत्याशियों का खेल

भाजपा में लंबे समय तक पदाधिकारी रहे कुछ नेता अभी भी बगावती सुर में है। वह पार्टी के प्रत्याशी का लगातार विरोध कर रहे हैं। कमोवेश यही स्थिति सपा में भी बनी हुई है। ऐसे नेता पार्टी के प्रत्याशी के स्थान पर दूसरे को मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित कर रहे हैं। फिलहाल मतदाता शहर की सरकार का जिम्मा किसे सौंपते हैं कि यह कहना मुश्किल होगा। यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही तय होगा।

## दो दुकानदारों में हुई जमकर मारपीट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नेवादा तिराहा पर खुले दो दुकानदारों में किसी बात को लेकर रविवार को कहासुनी और धमकी भरी बात चीत हो गयी। दुकानदार बाहरपुर डुबान निवासी शेखर द्विवेदी और दूसरे दुकानदार मैरी निवासी सौमू और सोनू विश्वकर्मा के मध्य आपसी विवाद हुआ। जिससे खीझकर शेखर द्विवेदी, संजीव यादव उर्फ मुलायम आदि बुलेट से सोमु और सोनू विश्वकर्मा के घर पहुँच जमकर मारपीट की। मारपीट में सोमू विश्वकर्मा के सिर में गंभीर चोट लग गयी। जबकि सोनू को भी चोट आई है। चोट देख घर वालों ने बुलेट में आग लगा दी। पुलिस मौके पर पहुँच घायल को सीएचसी अस्पताल भेजा। फिलहाल मारपीट का सही कारण प्राथमिकी दर्ज होने और विवेचना के बाद ही पता चलेगा।

# गरीब एवं असहायो को वितरित किया गया कम्बल



**लोकमित्र**

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** सनराइज शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा आज रविवार को गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगो को आयोजक सूर्य प्रकाश शुक्ल एडो. एवं ज्ञान प्रकाश शुक्ल ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम विद्यालय सनराइज इंटर कालेज खरगीपुर मानधाता के प्रांगण में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रविशंकर द्विवेदी डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज विभाग रहे। आयोजक मंडल द्वारा लगभग सैकड़ो निर्वण असहाय लोगो को कम्बल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा सनराइज इंटर कालेज एवं समिति के प्रबंधक द्वारा बहुत ही रहने वालो की सेवा ही सच्ची सेवा है। विद्यालय प्रबंधक सूर्य प्रकाश एडवोकेट ने कहा कि वह निरन्तर समाज हित में तत्पर रहेंगे एवं विद्यालय में निर्बल एवं गरीब बच्चो की शिक्षा निशुल्क देने का वादा किए एवं अपने सनराइज मैरिज हाल में प्रतिवर्ष एक गरीब लड़की की शादी निशुल्क करने की घोषणा की। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश बहादुर प्रधानाचार्य लल्लन सिंह, असलम, सभाजीत सिंह, अशोक सिंह, उमेश सिंह, हिदायत उल्ला, सत्य प्रकाश शुक्ल, महेन्द्र यादव, अरूण शुक्ल, रमेश श्रीवास्तव, निखिल शुक्ला आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज कुमार शुक्ल एवं संचालन राजकुमार मिश्र ने किया।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरुण अवस्थी हुए सम्मानित



**कौंधियारा (प्रयागराज)।** शनिवार को विकासखंड कौंधियारा अन्तर्गत खंड शिक्षाधिकारी कौंधियारा अरुण कुमार अवस्थी को डिजिटल रजिस्टर के अनुपयोग व जनपद प्रयागराज में उत्कृष्ट कार्य के लिये इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ के मरकरी हाल में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। अरुण अवस्थी को इस सम्मान से कौंधियारा के शिक्षको में खुशी की लहर है। उन्हें बधाई देने वालों में शत्रुध्न शुक्ल,महेश शुक्ल,दुर्गेश मिश्र, उमेश पाण्डेय,संचित श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक,सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षामित्र शामिल रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई गई अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की 25वीं वर्षगांठ




**प्रयागराज।** जीवन ज्योति अस्पताल की इकाई अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित एक होटल में उल्लास सहित संपन्न हुआ।

अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बेबी सेंटर का लोकार्पण 18 सितंबर, 1999 में उस समय उत्तर प्रदेश के राज्यपाल सूरजभान एवं भारत मानव संसाधन विकास, विज्ञान- तकनीकी एवं समुद्र विज्ञान मंत्री भारत सरकार ने किया था।

अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की डायरेक्टर वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ वंदना बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आईवीएफ संतान दंपतियों के आंगन का सूनापन दूर करने के टेस्ट ट्यूब ब्यूटी सेंटरे के रूप में मेरा प्रयास है । आज यहां एकत्र हुए आईवीएफ के सहयोग से पैदा हुए बच्चों और उनके प्रसन्नचित्त माता-पिता को देखकर अपार प्रसन्नता हो रही है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने डॉ वंदना बंसल को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और ये बच्चे तो बहुत अमूल्य हैं सामान्य बच्चों से कहीं अधिक सफल होंगे ऐसा मेरा विश्वास है। डॉ शांति चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ वन्दना बंसल अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी के माध्यम से निस्संतान दम्पत्तियों के जीवन में खुशी भरने का सराहनीय कार्य कर रही हैं।

इस कार्यक्रम में सतना, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, भदोही वह अन्य जनपदों से आईवीएफ बच्चे अपने अभिभावकों के साथ आए और उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसकी लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर डॉ साक्षी बंसल, आन्या, डॉ आर के शर्मा, डॉ आलोक खरे, डॉ अंजुला सहाय, डॉ वर्मा, ममता, सौगात बोस समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
**दैनिक लोकमित्र**
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# मंडलायुक्त ने की महाकुंभ व भूमि अधिग्रहण के कार्यों की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - चित्रकूट धाम बांदा मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में महाकुंभ 2025 की तैयारी एवं राम वन गमन मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन प्रयागराज में होगा, जिसमें आने वाले श्रद्धालु स्नान के बाद चित्रकूट भी आएंगे। अधिशासी अधिकारी कर्वी ने बताया कि मेले के दृष्टिगत क्षेत्र को पांच भागों में बांटा गया है एवं 200 सफाई कर्मी लगाए गए हैं। मंडला आयुक्त ने कहा कि भीड़ को देखते हुए धार्मिक स्थलों एवं शहरों में पर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। अधीक्षक अभियंता विद्युत ने बताया कि परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर 6 जनरेटर अतिरिक्त लगाए जाएंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि अमावस्या मेला के साथ कुंभ मेला पर भी फोकस करें। मंडलायुक्त ने कहा कि रैन बसेरा में खाना-पानी, टॉयलेट प अलाव की भी व्यवस्था होनी चाहिए। सिंचाई विभाग ने बताया कि रामघाट



पर बैरिकेटिंग कराया जाएगा। जिस पर मंडलायुक्त ने बैरिकेडिंग मजबूती लगाने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर हाईवे पर ढाबा होटल का निरीक्षण करें एवं निर्देशित करें कि रेट चार्ट भी लगाए। कहा कि महाकुंभ 2025 से संबंधित पर्यटन साहित्य एवं डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार कराए। कार्यो में रुचि न लेने एवं प्रगति ठीक न होने के पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को कारण बताओं नोटिस जारी करने को निर्देशित किया। परिवहन विभाग निर्देशित किया कि कुंभ मेले के समय वाहनों की रफ्तार कम होनी चाहिए एवं किराया सूची भी चिन्हित स्थलों पर लगवाएं। परिवहन विभाग ने बताया कि पूरे प्रदेश में 7,000 बस लगाई गई है। जिसमें जनपद चित्रकूट में 270 बसें लगाई गई है।

पशुपालन विभाग को उन्होंने निर्देशित किया कि संचालित रोड पर डॉक्टर व एंबुलेंस उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं की भी साफ-सफाई होनी चाहिए एवं गौशालाओं में रेगुलर जाएं उनके खान-पान एवं हरा चारा भूसा की भी व्यवस्था होनी चाहिए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जो ट्रांसफार्मर ठीक नहीं है उसे समय से पहले चेक कर चेंज करें एवं प्रकाश की व्यवस्था कराए। एनएच बांदा व प्रयागराज के कार्यो पर नाराजगी व्यक्त की।

अधिशासी अभियंता एनएच बांदा मृत्युंजय कुमार की कार्य पद्धति पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए कारण बताओं नोटिस जारी करने एवं शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए।सीडीएम रेलवे प्रयागराज अतुल यादव ने बताया कि मानिकपुर स्टेशन पर 80 आरपीएफ जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि मानिकपुर स्टेशन पर एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रहनी चाहिए। कहा मेले के दौरान जो भी अधिकारी कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारीयों को जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन करें। महाकुंभ की पर्याप्त तैयारी कर ले, इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि कमिश्नर और डीआईजी के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। उन्होंने राम वन गमन मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन किसानों की भूमि अधिग्रहण कर ली गई है, तत्काल किसानों को पैसा दें। उन्होंने कहा कि रामबन गमन मार्ग की प्रगति ठीक नहीं है इसमें प्रगति कराए।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट मंडल बांदा अरविंद कुमार, सीडीएम रेलवे प्रयागराज अतुल यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी सहित सभी उपजिलाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक व एक अन्य की हत्या की साजिश करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मानिकपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने पूर्व विधायक व एक अन्य की हत्या की साजिश रचने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।मानिकपुर क्षेत्राधिकारी फहद अली ने बताया कि बीते शुक्रवार को राजेन्द्र द्विवेदी निवासी बैलोहन का पुरवा चौकी सरैंया ने थाना मानिकपुर सूचना दी कि महेश द्विवेदी निवासी बैलोहन का पुरवा चौकी सरैया द्वारा उसकी व पूर्व विधायक आनंद शुक्ला की हत्या की साजिश की जा रही है। जिसके लिए धीर सिंह उर्फ धीरु, निवासी अर्जुनपुर थाना राजापुर, प्रमोद कुमार पटेल उर्फ गोलू मामा निवासी मोहनपुर मजरा खण्डेहा थाना मऊ हाल पता कर्वी एलआईसी के पास, मो0 नफीस निवासी मऊगुरदरी थाना मानिकपुर व मो0 अशरफ उर्फ मानू निवासी शास्त्रीनगर कस्बा व थाना मानिकपुर को सुपारी दी गई है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए। इस मामले को पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लेते हुए खुलासे के लिए निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुपालन में मामले की विवेचना करते हुए शनिवार को प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह व उनकी टीम द्वारा पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ करने पर बताया कि उन्होंने बेलौहन पुरवा निवासी राजेन्द्र द्विवेदी तथा पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला की हत्या करने की योजना गोपनीय तरीके से बनायी थी, परन्तु वह बात खुल गयी। पुलिस ने आरोपी महेश द्विवेदी के कब्जे से मोबाइल फोन व 170 रुपये, धीर सिंह उर्फ धीरु के कब्जे से एक मोबाइल फोन व 120 रुपये, प्रमोद कुमार पटेल उर्फ गोलू मामा के कब्जे से 310 रुपये, मो नफीस के कब्जे से एक मोबाइल फोन व 210 रुपये व मो0 अशरफ उर्फ मानू के कब्ले से एक मोबाइल फोन व 530 रुपये बरामद किए।आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी मानिकपुर उपाधीक्षक फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, उपनिरीक्षक कृपानंदन शर्मा, मुख्य आरक्षी कमलाकान्त, आरक्षी भास्कर शुक्ला, चालक प्रभात दुबे व एसओजी टीम के प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा, रोशन सिंह व पवन राजपूत शामिल रहे।

# छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने के लिए किया प्रेरित



लोकमित्र ब्यूरो

**पहाड़ी, चित्रकूट-** स्व. रघुवीर प्रसाद कन्या इंटर कॉलिज पहाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन प्रयागराज के काउंसलर एसपी पाल एवं संदीप सिंह ने तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। जिसमे इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, विधि विभाग एवं सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति व छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। 12वी के बाद रोजगार परक कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में प्रदान की जाने वाले ग्रेजुएट कोर्स बीबीए, बीसीए, डी फार्मा, बी फार्मा कोर्स के बारे में प्रवेश के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई। इस मौके पर कालेज की प्रधानाचार्या बंदना कुमारी, वरिष्ठ प्रवक्ता राजकरन गुप्ता, रजनी देवी, सुधांशु सिंह, रावेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार, अनुराधा अग्रहरि, सलोनी त्रिपाठी, पवन यादव, साधना यादव, अंजू नामदेव, तनु देवी एवं आरती आदि मौजूद रहे।

# अधिशासी अधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

**चित्रकूट ब्यूरो-** जल जीवन मिशन के अंतर्गत शनिवार को अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार भारती ने रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित हनुवा एवं अरवारा ग्राम का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता को उपस्थित ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम में दोनों टाइम शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है, किंतु दोनों गांव में लगभग 500 मी इंटरलॉकिंग रोड का कार्य फर्म के द्वारा केवल मोटरेबल किया गया है, इसके संबंध में फर्म जीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर एस मौर्य को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया गया कि अविलंब मानक के अनुरूप रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम वासियों से अपील की कि बेवजह जल की बर्बादी न करें। जल का उपयोग करने के बाद टोटी बंद कर दें तथा किए गए हाउस कनेक्शन की सुरक्षा भी करें ताकि कोई डैमेज न करने पाए। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि नियमित रूप से वाल्व ऑपरेटर ग्राम में भ्रमण करके नियमित रूप से जलापूर्ति का रिकॉर्ड मेंटेन करें

# जनपद न्यायाधीश ने फीता काटकर किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को सुलह-समझौते के आधार पर 80,377 मुकदमों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 11,65,04,801 रुपये अर्थदण्ड प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश ने चार सिविल प्रकीर्ण वाद, तीन प्रकीर्ण फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 1,200 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया। इसके अलावा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी कृष्ण यादव ने 41 वादों का निस्तारण करते हुये 3,57,52,168 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने सात वादों का निस्तारण करते हुए 64,000 रुपये आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादिया को दिलाया एवं कई वर्षो से एक-दूसरे से अलग हुये तीन जोडों आपस में सुलह-समझौते के आधार पर एक साथ भेजा। अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील ने 75 विद्युत वादों का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट राममणि पाठक ने तीन वाद का निस्तारण करते हुये 1,000 रुपये अर्थदण्ड वसूला। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय ने फौजदारी के 660 वादों का निस्तारण करते हुये 72,820 रूपये अर्थदण्ड वसूला। सिविल जज (सीनियर डिविजन) सचिन कुमार दीक्षित ने सात सिविल वाद व तीन उत्तराधिकार वादों का निस्तारण करते हुए 27,12,628 रुपये का प्रमाण पत्र जारी किया एवं 62 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 11,400 रुपये का अर्थदण्ड वसूला। सिविल जज (सीनियर डिविजन)/एफटीसी सोनम गुप्ता ने 149 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 8,150 रुपये अर्थदण्ड वसूला। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शिनी ने 41 वादों का निस्तारण करते हुये 2,050 रुपये अर्थदण्ड वसूला। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर खुशबूचन्द्रा ने 135 वादों का निस्तारण करते हुये 1,350 रुपये अर्थदण्ड वसूला। इस प्रकार अन्य न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1191 वादों का निस्तारण करते हुये 3,86,26,766 रुपये राजस्व व अन्य विभागों द्वारा 79,187 मामलों का निस्तारण करते हुये 7,78,78,030 रूपये प्रतिकर के रूप में वसूला गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक आयोजित विशेष लोक अदालत (पेटी आफेंस) में कुल 31 वादों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उपमण्डल प्रमुख प्रयागराज सतीशचंद्र गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैंक अनुराग शर्मा सहित अन्य बैंकों के प्रबन्धक आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** -चित्रकूट धाम बांदा मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने फरियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धितों को गुणवत्तापूर्ण निर्देशन के निर्देश दिए।समाधान दिवस में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों से दूरभाष से वार्ता कर निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि भूमि सम्बन्धित विवाद सहित नाली, चकरोड, सरकारी भूमि, तालाब व अवैध अतिक्रमण जैसे मामलों को संज्ञान में लेकर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लम्बित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि महिलाओं संबंधित विवाद प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि शासन स्तर से समस्या निस्तारण की समीक्षा करते हुए फीडबैक भी लिया जाता है।

इसे ध्यान में रखते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मंडलायुक्त ने निस्तारण रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा समाधान दिवस में प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों के गुणवात्तापूर्ण निस्तारण निस्तारण कराए।

इसके बाद मंडलायुक्त ने कोतवाली परिसर में बन रहे चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यदाई संस्था पुलिस आवास निगम को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। साथ ही कार्य को महाकुंभ मेला 2025 से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि इस चिकित्सा कक्ष में डॉक्टर व नर्स भी तैनात किए जाए।थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह, अपर मंडलायुक्त भगवान शरण, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार कर्वी राजकमल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शीतलहर से बचाव के लिए शासन ने जारी किए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा माह दिसम्बर 2024 से माह फरवरी 2025 के मध्य सामान्य से कम तापमान होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए शमन, तैयारी और प्रतिक्रिया के उचित उपाय किये जाने के लिए निर्देश दिए गए है।जिसके अंतर्गत शीतलहर से बचने के लिए पर्याप्त सर्दियों के कपडे पहनें। आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें। शीतलहर के दौरान फ्लू, नाक से खून जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इस तरह के लक्षणों होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें। शीतलहर के दौरान मौसम और आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें और सलाह के अनुसार कार्य करें। भारी कपडों की एक परत के बजाय ढीले फिटिंग, हल्के, विंडप्रूफ गर्म ऊनी कपडों की कई परतें पहनें। दस्ताने पहनें क्योंकि दस्ताने ठंडक से गर्मी और इन्सुलेशन प्रदान करते है। टोपी और मफलर का प्रयोग करें। शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार लें। गर्मी उत्पन्न करने के लिये बंद कमरे के अन्दर कोयला व अंगीठी न जलायें क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस उत्पन्न हो सकती है जो बहुत जहरीली होती है और कमरे में मौजूद लोगों की जान जा सकती है। हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और उसके गीले कपडे बदले। व्यक्ति के शरीर को त्वचा से त्वचा के संपर्क में लाकर गर्म रखें, तौलिये या चादर की परतों से सुखाये। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय दें। स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सीय सहायता लें। कपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है-घर के अंदर शरण लें। प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दे जब तक कि पूरी तरह से सचेत न हो जाए।उन्होंने कृषकों से कहा है कि शीत लहर और पाला फसलों को नुकसान पहुंचाते है, जिसमें उनमें काला रतुआ, सफेद रतुआ, पछेती-तुषार आदि रोग उत्पन्न होते हैं। शीत लहर के कारण अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन, उपज और भंडारण अवधि में विभिन्न प्रकार के व्यवधान का कारण बनती है। इसके लिए उपचारात्मक उपाय अपनायें जैसे जड़ विकास को सक्रिय करने के लिए बोर्डो मिश्रण या कॉपर ऑक्सी क्लोराइड, फास्फोरस और पोटेशियम का छिडकाव करें। हल्की और बार-बार सतही सिंचाई करें। बागवानी और बगीचों में इंटरक्रॉपिंग खेती का उपयोग करें।उन्होंने पशुधन के शीतलहर से बचाव के संबंध में बताया कि शीत लहर के दौरान, जानवरों और पशुधन को जीविका के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में जानवरों के तापमान में अत्यधिक भिन्नता पशुओं की प्रजनन दर को प्रभावित कर सकती है। रात के दौरान सभी तरफ से जानवरों के आवास को ढक दें। पशुधन आहार पद्धति में सुधार करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले चारे या चारागाहों का उपयोग करें। वसायुक्त खुराक प्रदान करें। पशुओं के नीचे सूखा भूसा जैसी कुछ बिछावान सामग्री डालें। गुड़ व कैल्शियम टॉनिक पिलाएं। जूट की बोरी अथवा घर में पड़ा पुराना कंबल उढाएं। प्रेगनेंट पशुओं को ठंड लगने की ज्यादा संभावना होती है, उनके पास अलाव जलाकर रखें लेकिन यह भी ध्यान में रखें कि अलाव से पशुओं से कोई नुकसान ना पहुंचे। पशुओं को खुले स्थानों में न बांधे व घूमने न दें। मृत पशुओं के शवों को पशुओं के नियमित चरने वाले मागों पर नहीं फेंका जाना चाहिए।बताया कि शीतलहर से बचाव के लिए जनपद में लगभग 207 स्थान को अलाव जलाये जाने हेतु चिन्हित किया गया है तथा वर्तमान में 05 रैनबसेरा क्रियाशील है जिसमें चित्रकूट, कर्वी, नगर पंचायत मऊ, नगर पंचायत राजापुर व नगर पंचायत मानिकपुर है। समस्त रैनबसेरों में लगभग 408 व्यक्तियों की ठहरने की व्यवस्था है, इसमें रजाई-गद्दा-कम्बल, बेड, पेयजल, शौचालय, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था की गयी है।

# अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान

**चित्रकूट-** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त व उप आबकारी आयुक्त चित्रकूट धाम प्रभार बांदा के निर्देश पर आबकारी टीम के द्वारा थाना कर्वी अन्तर्गत ग्राम भैरोपागा में मन्दाकिनी नदी के किनारे आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व 700 किग्रा लहन नष्ट किया गया। साथ ही बरामद सामग्री के आधार पर आबकारी अधिनियम की धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

# कांग्रेस करेंगी विधानसभा का घेराव

**चित्रकूट-** कौंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने बताया कि आगामी 18 दिसंबर गुरुवार को कौंग्रेस पार्टी विधानसभा का घेराव करेगी। कौंग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अगुवाई में पार्टी विधानसभा का घेराव करेगी। कौंग्रेस पार्टी जनता की आवाज सुनने के लिए संकल्पित है तथा सड़कों पर उतरकर संघर्ष करते हुए सरकार को जनता की समस्या हल करने के लिए मजबूर करेगी। कहा कि भाजपा सरकार में किसान खाद के लिए परेशान है। विद्युत विभाग को निजी कंपनी के हाथों में देने का प्रयास कर रही है जिससे आम जनता को महंगी बिजली मिलेगी। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा पा रहा है। कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बदहाल है। ऐसी तमाम समस्याओं को लेकर कौंग्रेस पार्टी विधानसभा का घेराव करेगी तथा तानाशाही भाजपा सरकार को जागने का काम करेगी।

# सरदार पटेल की पुण्यतिथि मनायी गयी

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि संगठित भारत के शिल्पी भी थे। ये उद्गार उन्होंने सांसद सम्पर्क कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कही।

सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्व. पटेल को लौह पुरुष इसीलिए कहा गया कि वे मूल्यों को समर्पित और दृढ़ निश्चय के धनी एक राजनेता थे जो उनके पूरे जीवन में उनके



कृत्यों से परिलक्षित होता था। उन्होंने आगे कहा कि चाहे एक अधिवक्ता के रूप में रहा हो, चाहे स्वतंत्रता सेनानी के रूप में या देश के प्रथम गृहमंत्री के रूप में, सभी भूमिकाओं में वे आदर्श थे।

महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि लौह पुरुष को वास्तविक श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनका अनुकरण कर श्रेष्ठ और समर्थ भारत बनाने के लिए राष्ट्र को प्रथम रखकर कार्य करें। कार्यक्रम का प्रारम्भ महान नेता के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ तथा कार्यक्रम के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने भरुहना स्थित सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उक्त अवसर पर शंकर सिंह चौहान, दुर्गेश पटेल, राम लौटन बिंद सहित बड़ी संख्या में अपना दल कार्यकर्ता और राष्ट्रभक्त उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम अथर्व गौतम है यही नाम आधार कार्ड सहित अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है मुझे घर में माता-पिता लाड प्यार में आयूष गौतम बुलाते हैं दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं मुझे अथर्व गौतम के नाम से जाना एवं पहचाना जाए

अथर्व गौतम
पुत्र चंद्रशेखर
निवासी। ग्राम शेरगढ भोजपुर
चायल कौशांबी

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# जिला अस्पताल में लुट रहे मरीज,शासन-प्रशासन बना मूकदर्शक!

## इमरजेंसी कक्ष आने वाले मरीजों से जबरन मंगवाते हैं 740 रुपये के इंजेक्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रदेश की योगी सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की बात करती हो,परन्तु जिले के राना बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ खुलेआम लूट-खसोट किये जाने के मामले प्रतिदिन सामने आ रहे हैं वहीं योगी सरकार के मंत्री से लेकर अधिकारी तक मूकदर्शक की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं।बताया जाता है कि जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में दिन-रात आने वाले मरीजों को वहाँ तैनात इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर अपने स्टाफ़ के साथ वहाँ मौजूद मेडिकल स्टोरों के दलालों के माध्यम से एक छोटी सी पर्ची दिलवा कर बाहर



मेडिकल स्टोरों से दो तरह के इंजेक्शन मंगवाये जाते हैं,मरीजों के मुताबिक मेडिकल स्टोर पर उक्त दोनों इंजेक्शन 740 रुपये के मिलते हैं। बता दें कि पिछले कई वर्षो से यही दोनों इंजेक्शन आपातकालीन कक्ष में आने वाले लगभग हर मरीज के तीमारदार से मंगवाये जाते हैं,जो मरीज के तीमारदार बाहर के इंजेक्शन लाने में आनाकानी करते हैं या बहस करते हैं तो यहाँ मौजूद चिकित्सक व स्टाफ मरीज को रिफर करने की धमकी तक देने से बाज नही आते हैं।

### लाखों रुपये महीने का चल रहा कारोबार,हर बार जाँच का ढोल पीटते हैं सीएमएस!

चर्चा है कि जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बाहर के इंजेक्शनों का खेल पिछले कई सालों से खेला जा रहा है,फ़र्क सिर्फ इतना है कि पूर्व की सपा सरकार के कार्यकाल में इमरजेंसी कक्ष में सिर्फ एक ही इंजेक्शन बाहर से मंगवाया जाता रहा है,जिसकी कीमत लगभग 350 रुपये होती थी,परन्तु पिछले लगभग चार-पाँच वर्षो से अब दो इंजेक्शनों की पर्ची पकड़ायी जाती है,जिनकी कीमत 740 रुपये मरीजों के तीमारदारों से वसूली जाती है। बताया जाता है कि पिछले लगभग 6 से 7 साल से जितने भी सीएमएस यहाँ तैनात हुए हैं,लगभग सभी के पास बाहर के इंजेक्शनों की शिकायत बराबर पहुंचती रही है,परन्तु आज तक किसी ने भी इस पर रोक लगाना जरूरी नही समझा। वर्तमान सीएमएस से भी दर्जनों बार पर्ची दिखा कर शिकायत की जा चुकी है परन्तु सीएमएस साहब हर बार जाँच कर कार्यवाही का रटा-रटाया बयान दे कर भ्रष्ट कार्यशैली वाले ईएमओ तथा इमरजेंसी में सक्रिय मेडिकल स्टोरों के दलालों को अभयदान दे रहे हैं।

### लोकल के बताये जा रहे हैं इंजेक्शनों के सप्लायर!

मेडिकल स्टोरों से जुड़े सूत्र अपना नाम ना उजागर करने की शर्त पर बताते हैं कि जिला अस्पताल चौराहे के आसपास तथा इमरजेंसी कक्ष के सामने स्थित कुछ मेडिकल स्टोरों पर प्रतिदिन ये दोनों इंजेक्शन रखवा कर बिक्री करवायी जाती है,इमरजेंसी कक्ष में चुपके से पकड़ाई गयी पर्ची लेकर तीमारदार अस्पताल चौराहा अथवा इमरजेंसी के सामने स्थित मेडिकल स्टोरों पर जाते हैं जहाँ उन्हें यही दोनों इंजेक्शन पकड़ा दिये जाते हैं।बताया जाता है कि मरीज चाहे पेट दर्द से पीड़ित हो अथवा बुखार से,सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों तक को यही दोनों इंजेक्शन बाहर से मंगवा कर लगवाये जाते हैं।

# भाजपा खीरो मंडल अध्यक्ष पद के लिए हुए नामांकन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के हरचंदपुर विधानसभा के तहत खीरो भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। बैठक में बूथ अध्यक्ष और मंडल कार्यकारिणी सहित सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। मंडल चुनाव अधिकारी सुशील शुक्ला की देखरेख में लोगों ने समर्थक और प्रस्तावकों के साथ अपना अपना नामांकन किया। वही चुनाव अधिकारी सुशील शुक्ला ने बताया कि मंडल अध्यक्ष पद के लिए दिलीप कुमार सिंह, अशोक प्रताप सिंह, गौरव द्विवेदी, गांधी सहाय और संतोष ने पर्चा भरा है। सभी पर्चो की जांच पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार होगी। उसके बाद मंडल अध्यक्ष की घोषणा होगी।इस मौके पर बैठक का



संचालन अजय गुप्ता महामंत्री के द्वारा किया गया। चुनाव संबंधी बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार मिश्र, शिवराज वर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी, सुखदेव कुमार, विनोद वर्मा, अरविंद सिंह, अश्वनी कुमार मिश्रा, संगीत तिवारी ,सत्येंद्र सिंह ,शिवनारायण कुशवाहा, प्रमोद कुमार, मगेश कुमार, अनूप कुमार, बालकृष्ण, शिवरतन ,अवधेश कुमार ,सुरेश कुमार ,प्रमोद शर्मा ,नितिन जायसवाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाउंड्री विहीन प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सदैव बना रहता है जंगली जानवरों का है भय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज विकासखंड के गांव गोपालपुर मजरे मदुरी मुबारकपुर के प्राथमिक स्कूल में बाउंड्री वॉल आज तक नहीं बनी है। वही स्कूल परिसर के अंदर भारी भरकम तालाब नुमा गड्ढा भी है जिसमें पानी भरा रहताहै। गोपालपुर में पढ़ने वाले बच्चों का जीवन सदैव खतरे में बना रहता है। प्राथमिक स्कूल गांव से बाहर बना है। स्कूल से लगे हुए खेत हैं जिनसे कभी भी जंगली जानवर निकलकर स्कूल में हमला बोल सकते हैं। प्रदेश की योगी सरकार जहां प्राथमिक स्कूलों का कायाकल्प करने में जुटी हुई है वही गोपालपुर प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की जिंदगी खतरे से खाली नहीं है। शायद शिक्षा विभाग के अधिकारी किसी घटना का इंतजार कर रहे हैं तभी तो ना तो बाउंड्री वाल बनाई जा रही है और ना हीं तालाब नुमा गड्ढे को ही पाटा जा रहा है। अभी गत सप्ताह ही प्रदेश के ही एक प्राथमिक स्कूल के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी।भारतीय जनता पार्टी के गांव सभा अध्यक्ष यशवंत सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूल की बाउंड्री बनना बहुत ही आवश्यक है जिससे बच्चे बिना किसी भय के स्कूल में विद्यार्जन कर सकें।

# जिला जज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन संपन्न

**▶▶राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,65,780 वाद हुए निस्तारित**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय रायबरेली में माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें कुल 1,65,780 वाद निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 5821 वाद निस्तारित हुए।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के सचिव अपर जिला जज अनुपम शौर्य के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार सिंह के द्वारा कुल 1 वाद का निस्तारण किया गया, जिसमें समझौता धनराशि 5,557, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अनुपमा गोपाल निगम के द्वारा 23 वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के प्रभारी पीठासीन अधिकारी ध्रुव कुमार तिवारी के द्वारा 60 वाद एवं प्रतिकर धनराशि 3,92,17,000 , विशेष न्यायाधीश (एस0सी0ध्एस0टी0एक्ट) श्रीमती प्रतिमा द्वारा 96 वाद व 600 रु का अर्थदण्ड, चतुर्थ अपर जिला जजध्विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट के द्वारा 77 वाद तथा प्रतिकर धनराशि रु0 2,53,11,010 विशेष न्यायाधीश पाक्सो आलोक कुमार सिंह द्वारा 7 वाद एवं रु0 3500 का अर्थदण्ड, अपर जिला जज एफ0टी0सी0-प्रथम विद्याभूषण पाण्डेय के द्वारा 02 वाद एवं रु0 1000 का अर्थदण्ड, अपर जिला जजध्एफ0टी0सी0-द्वितीय सुशील कुमार वर्मा के द्वारा 4 वाद एवं रु0 2500 का अर्थदण्ड, अपर जिला जजध्एफ0टी0सी0-तृतीय विमल त्रिपाठी के द्वारा 4 वाद एवं रु0 2000 का अर्थदण्ड, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह के द्वारा 1562 वाद एवं रु0 2,14,730 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अमोद कंठ के द्वारा 704 वाद एवं रु0 2,10,110 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय प्रभाष कुमार त्रिपाठी के द्वारा 1327 वाद एवं रु0 3,56,500 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय सिद्दीकी साईमा जर्रार आलम के द्वारा 601 वाद एवं रु0 10,660 का अर्थदण्ड,चतुर्थ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा0 विवेक कुमार-द्वितीय के द्वारा 144 वाद एवं रु0 36,100 का अर्थदण्ड, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम चन्द्रमणि मिश्रा के द्वारा 20 वाद, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय रचना सिंह के द्वारा 8 वाद, अपर सिविल जज(वरिष्ठ संवर्ग) नीरज सिंह द्वारा 471 वाद एवं रु0 1,13,920 का अर्थदण्ड, सिविल जज(वरिष्ठ संवर्ग) अनिशा के द्वारा 12 वाद निस्तारित किये गये जिसमें उत्तराधिकार मामलों में समझौता धनराशि रु 1,11,37,403, सिविल जज(कनिष्ठ संवर्ग) खैरुननिशाँ के द्वारा 16 वाद निस्तारित किये गये तथा उत्तराधिकार मामलों में समझौता धनराशि 23,561,54 न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुश्री ज्योति प्रकाश सिंह के द्वारा 175 वाद व अर्थदण्ड रु0 2500, ग्राम न्यायालय तहसील-लालगंज देवेश कुमार यादव के द्वारा 22 वाद, ग्राम न्यायालय तहसील-सलोन अंकित कुमार सिन्हा के द्वारा 54 वाद व अर्थदण्ड रु0 540, ग्राम न्यायालय तहसील-ऊँचाहार मनु गुप्ता के द्वारा 55 वाद व अर्थदण्ड रु0 550, अपर सिविल जज कनिष्ठ संवर्ग प्रथम सुश्री श्रेया सोलंकी के द्वारा 102 वाद व अर्थदण्ड रु0 1620, अपर सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग) तृतीय शमवील रिजवान के द्वारा 126 वाद व अर्थदण्ड रु0 1875, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (लघु वाद) एच0एन0 मिश्रा के द्वारा 11 वाद व अर्थदण्ड रु0 3000 निस्तारित कर जमा कराये गये। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मदन लाल निगम द्वारा 14 वाद निस्तारित करते हुए रु0 7,96,273 समझौता धनराशि तय की गयी। जनपद रायबरेली के समस्त विभागों के द्वारा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से कुल 1,63,448 वादों का निस्तारण करते हुए कुल समझौता धनराशि रु0 8,77,33,416 (आठ करोड़ सत्तर लाख तेतिस हजार चार सौ सोलह रुपये) तय की गयी। इस प्रकार जनपद रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी विभागों द्वारा कुल 1,65,780 मामले तय किये गये, जिसमें अर्थदण्ड रु0 11,60,255 (ग्यारह लाख साठ हजार दो सौ पचपन) अधिरोपित किया गया।

# बाबू बैजनाथ कुरील बहुजन समाज के अनुसूचित जाति परिवार में जन्मे एक नेकदिल इंसान थे:शत्रोहन सोनकर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सामाजिक संगठन विश्व दलित परिषद् उवप्रव, रायबरेली, बहुजन शक्ति संघर्ष वाहिनी, रायबरेली एंव महापुरुष स्वव बैजनाथ कुरील एंव स्वव रामदुलारे स्मृति सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान मिशन जय भीम शाखा रायबरेली के संयोजक विमल किशोर सबरा के संयोजन में रायबरेली के प्रथम सांसद (1952 से 25वर्षो तक सांसद) 'पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वव बैजनाथ कुरील ''बाबू जी'' का 104वां जन्मदिवस(15दिसम्बर) रायबरेली 'सुपर मार्केट पुलिस चौकी' के समीप स्थित 'स्वव बैजनाथ कुरील' जी की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान वितरण कर उनको याद किया गया।साथ ही में एंव पूर्व विधायक बछरावां स्वव रामदुलारे कुरील जी के स्मृति दिवस के अवसर



पर में गुरुनानक देव प्याऊ (गुरु का लंगर) सुपर मार्केट में 'गरीब असहाय' को 'भोजनदान' किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम संजीवन धीमान अध्यक्ष वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एंव विकास परिषद् एंव संचालन समाजसेवी सतेश गौतम ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद रायबरेली के शत्रोहन सोनकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू बैजनाथ कुरील जी बहुजन समाज के अनुसूचित जाति परिवार में जन्मे एक नेकदिल इंसान थे बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर जी के सम्पर्क में आकर जिन्होंने नायब तहसीलदार पद की सरकारी नौकरी को छोड़ कर गरीब वंचित दलित शोषित समाज के उत्थान और उनकी सेवा को अपना कर्म मान कर कांग्रेस पार्टी से रायबरेली के प्रथम सांसद हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष राम संजीवन धीमान ने बाबू बैजनाथ कुरील एंव पूर्व विधायक बछरावां स्वव राम दुलारे के सामाजिक जीवन और उनके संघर्ष एंव देश और समाज में दी गई उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में इंजीवएस के आर्या, गुसार वर्मा,सी बी गौतम, चंद्र शेखर बौद्ध, रोहित चौधरी, अनिल कांत, मास्टर राम भरोसे, राम शरण, इंद्रपाल गौतम , राजेन्द्र बौद्ध, सर्वेश अम्बेडकर, विक्की गौतम, विजय भीम, श्रीराम मास्टर, श्रीकान्त दिवाकर, अन्नपूर्णा, रामनिवास गौतम, प्रमोद बौद्ध, पीके तिवारी आदि दर्जनो लोगों ने पुष्प अर्पित कर सामाजिक बहुजन एकता हेतु संकल्पित हुए।

# महाकुंभ-2025 के आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कैम्प कार्यालय सभागार में कुंभ 2025 को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि कुंभ मेला से पूर्व सड़कों की मरम्मत करा ली जाए, इसके साथ ही सड़कों पर साइनेज बोर्ड लगाने, ट्रैफिक व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, शौचालय, रैनबसेरा व पार्किंग व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पार्किंग व अस्थाई




रैनबसेरा बनाए जाने हेतु आईटीआई मैदान व मिनी स्टेडियम बछरावा का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चंद्रा ,अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ कुमार,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मामूली कहासुनी के बाद विपक्षियों ने युवक पर लोहे की रॉड से की पिटाई,मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** मामूली कहासुनी के बाद विपक्षियों ने युवक को लोहे की रॉड और डंडे से जमकर पिटाई कर दी।घटना के दौरान गम्भीर रूप से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया।पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर अभियोग दर्जकर कार्यवाही शुरु कर दी है।सलोन कोतवाली क्षेत्र के दुबहन निवासी शैलेन्द्र मिश्रा पुत्र स्व. छेदीलाल ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व वह अपने घर जा रहा था। रास्ते में विपक्षी शिवकेश अमरेश पुत्रगण शिवमंगल की धान कूटने की मशीन खडी थी।पीड़ित के मुताबिक उक्त मशीन को हटाने के लिये कहा किन्तु विपक्षीगणो ने मशीन नही हटाई।जिसके बाद किसी तरह उक्त रास्ते से निकल कर अपने घर पहुँच गया।आरोप है कि थोडी देर बाद वह गांव के बाहर सार्वजनिक चौराहे पर घर का जरूरी सामान लेने गया हुआ था।इसी दौरान पहले से मौजूद दोनों विपक्षियों ने युवक को गालिया देनी शुरू कर दी।आरोप है कि युवक के विरोध करने पर विपक्षी गणो ने जानलेवा हमले की नीयत से युवक को लोहे की पाइप से पिटाई शुरू कर दी।वही आस पड़ोस के लोग युवक को बचाने दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग निकले।पीड़ित युवक के मुताबिक अभियुक्त अमरेश के खिलाफ कोतवाली सलोन में गंभीर धाराओ में आपराधिक मुकदमें पहले से पंजीकृत है।कोतवाली प्रभारी जितेंद प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर लेकर अभियुक्तो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# तिलक भवन में मनाई गई सरदार पटेल की पुण्यतिथि व बैजनाथ कुरील की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारतरत्न, देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, ग्रह मंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि एवं भूतपूर्व मंत्री भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार, पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जनपद के गौरव बैजनाथ कुरील की जयंती के अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने तिलक भवन में दोनों महापुरूषों के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्य.प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बस स्टेशन चौराहा स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा एवं सुपर मार्केट स्थित बैजनाथ कुरील की जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्य.जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि 565 रियासतों को एक नये स्वतंत्र भारत में जोड़ने वाले सरदार पटेल का राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सरदार बल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता आन्दोलन में मुख्य भूमिका निभाकर गांधी विचार धारा को मजबूत किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, महताब आलम, राजकुमार दीक्षित, अनिल कुमार मिश्रा, सूर्य कुमार बाजपेई, मनोज मिश्रा, सर्वोत्तम कुमार मिश्रा, अंकुर चौधरी, बबलू अंसारी, मोहम्मद गौस, यज्ञदेव शर्मा, नितिन कुमार, हाजी उस्मान, अखिलेश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।

# मजदूरों पर फावड़े से हुआ हमला,मुकदर्मा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** मजदूरी का पैसा मांगने गए चाचा भतीजे के ऊपर कुल्हाड़ी और फावड़े से हमला कर घायल कर दिया।घायलो को सीएचसी में भर्ती कराने के बाद युवक की माँ ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।सलोन कोतवाली क्षेत्र के



बरगदहा मजरे मटका निवासी मीना पत्नी पितई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसका लड़का जीतलाल देवर जितेन्द्र कुमार पुत्र सन्तलाल की आठ दिन की मजदूरी का पैसा मागने विपक्षी अमित कुमार सिह,सोनू सिंह पुत्रगण करन सिह,निखिल सिह पुत्र सोनू,करन सिंह निवासीगण ग्राम चकनेकनामपुर के पास गए थे।वही विपक्षीगण ने पैसा देने से माना कर दिया।इसके बाद सभी विपक्षीगण एक राय होकर आये और चाचा भतीजे को जातिसूचक गालिया देने लगे।आरोप है कि विपक्षियों ने धारदार हथियार कुल्हाडी फावडा चाकू से महिला के पुत्र जीतलाल के सिर पर वार कर घायल कर दिया।जिससे युवक मरणासन्न हो गया।आरोप है कि युवक के चाचा को भी बुरी तरह से मारा पीटा गया।पीड़ितों के मुताबिक चीखपुकारमचाने पर गाव के लोग दौडे तो आरोपी पक्ष भाग खड़े हुए।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घायल युवक की माँ मीना कि तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया हैं।

# दबंगो ने अधिवक्ता के चचेरे भाई को लाठी डंडो से पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** सलोन नगर के एक स्कूल गेट के बाहर दबंगो ने अधिवक्ता के चचेरे भाई इंटर के छात्र को लाठी डंडो से जमकर पीटा है।आरोप है कि विपक्षियों ने स्कूल गेट के बाहर छात्र को घसीटते हुए ले जाकर कनपटी पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया।सरेआम घटना को अंजाम देने के बाद आधा दर्जन आरोपी युवक मौके से भाग निकले।कोतवाली अंतर्गत बिजवलिया निवासी इंद्रेश द्विवेदी अधिवक्ता है।उनका भतीजा प्रज्ञानश द्विवेदी पुत्र शिव मोहन द्विवेदी अल्फा



कान्वेंट स्कूल में क्लास(11)का छात्र है। शनिवार दोपहर बाद अधिवक्ता का भतीजा प्रज्ञान्स द्विवेदी स्कूल गेट के बाहर खड़ा था।तहरीर के मुताबिक विपक्षी अजैद, शानू,सिजान, शान,परवेज,आसलान एक राय होकर आये और छात्र को गंदी गंदी गालिया देने।छात्र के विरोध करने पर विपक्षी गणो ने लाठी डंडे से हमला कर।आरोप है विपक्षियों द्वारा मारते घसीटते हुये अल्फा स्कूल के सार्वजनिक चौराहे पर ले आये और छात्र के सिर की कनपटी पर ईट से मार उसे घायल कर दिया।आरोप है कि घटना को अंजाम देने के बाद विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले।वही गम्भीर रुप से घायल छात्र को सीएचसी में भर्ती कराया गया।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# डीएम ने जरूरतमंद व असहाय लोगो को वितरण किया कम्बल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** शीतलहर और बढ़ते ठंड के दृष्टिगत शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा थाना तहसील सदर के राजस्व ग्राम खरगसीपुर में मलिन बस्ती और प्रेमापुर में जाकर स्थानीय लोगों में कंबल का वितरण किया गया।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से संवाद करते हुए कहा कि ठंड के दृष्टिगत आप सभी के लिए शासन की ओर से यह कंबल वितरण हेतु भेजा गया है। आपकी जो भी समस्याएं हैं उनको संज्ञान में लेते हुए इसके निस्तारण हेतु संबंधित को




निर्देशित किया जाएगा।

उन्होंने बच्चों से भी संवाद करते हुए उनमें टॉफी वितरित किया। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर और तहसीलदार को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार ठंड से बचाव हेतु जो भी आवश्यक तैयारियां की जानी है कर ली जाए, रैन बसेरा सहित अलाव आदि की व्यवस्था भी कर ली जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा प्रेमापुर में फार्मर रजिस्ट्री का औचक निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक किसान का फॉर्मर रजिस्ट्री हर हाल में कराया जाए, कोई भी किसान इससे वंचित नहीं होना चाहिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री एक ऐसी योजना है जिसके अंतर्गत लोगों को प्रेरित करके उनका पंजीकरण कराया जाना है उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि अब पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ फार्मर रजिस्ट्री करने के उपरांत ही मिलेगा ऐसे में फार्मर रजिस्ट्री कार्य को पूर्ण कराया जा रहा है इसमें आप सभी अपना सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने ठंड से बचाव हेतु गरीब और असहाय लोगों में कंबल का वितरण भी किया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, लेखपाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नालियाँ चोक घरों का बह रहा गंदा पानी, जिम्मेदार मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव क्षेत्र के देईबांध डिनर बस्ती मार्ग आरसीसी सड़क के किनारे नाली तो बनाई गई लेकिन पूरी तरह से न बनने से निकले वाला घरों का गंदा पानी राजमार्ग पर बहने से आने - जाने वाले छात्र - छात्राओं , मोहल्ले और राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ रही है । शिकायत के बावजूद जिम्मेदार मौन होने से लोगों को परेशानी हो रही है ।



दो वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा देईबांध के डिनर मार्ग में एक तरफ नाली का निर्माण कार्य कराया गया था । लेकिन उसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने से जगह-जगह ध्वस्त हो गया । जिससे घरों का निकलने वाला कूड़ा करकट से पट जाने पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है । वहीं जिम्मेदार ढक्कन लगाना भूल गए । नहीं तो यह समस्या नहीं उठानी पड़ती । भरे हुए गंदा पानी से लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। इस दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से पीड़ित हैं।

स्टेट राजमार्ग से देईबांध डिनर बस्ती दो वर्ष बीत जाने के बाद भी यह समस्या बनी हुई है । राजमार्ग पर समूचे बस्ती के पास एक तरफ नाली बनाई गई थी । जिससे अक्सर गिरकर चोटहिल हो जाते है । वहीं घर से निकले वाला गंदा पानी पूरे बस्तियों मे बदबू आती है । राहगीर आने जाने वाले मुंह ढ्क से किसी तरह निकल जाते है । लेकिन वहीं रहने वाले का जीना दूभर हो गया है । जबकि नाली में ढक्कन नहीं होने से बाइक सवार इसमें गिरने से गंभीर अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है । वहीं कई जगहों पर लोग कूड़ा कचरा डालकर पाट दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है ।आरसीसी तो ग्राम पंचायत के तहत बनाई गई है । और नाली ग्राम पंचायत देईबांध के प्रधान नाली का निर्माण कार्य कराया गया था। जगह-जगह अधूरा छोड़ कर कराया गया था । जिससे बरसात और अन्य समय में भी घरों का गंदा पानी भरा हुआ है। नाली में ढक्कन न होने के कारण जहां एक तरफ आने जाने वाले लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। वहीं मुहल्ले में रहने वाले लोगों को आवागमन में असुविधा उत्पन्न हो रही है। जबकि इस मजरे में आने जाने वाले को समस्या हो रही है । वहीं दुर्घटना का शिकार लोग हो रहे हैं । नाली खुली होने के कारण उसमें बह रहे गंदा पानी की दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं । स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही हैं ।

देईबांध के अभिषेक कुमार पांडेय, दुर्गा प्रसाद केशरी, विकास पांडेय रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी ने बताया कि डिनर बस्ती में सड़क के किनारे बनाई गई नाली खुली होने से लोगों को परेशानी हो रही है । लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं । देईबांध में बने स्टेट राजमार्ग के पास गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है । जबकि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। लेकिन इस गंदे पानी से गुजरना लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है ।

सड़क की चौड़ाई अन्य स्थानों की अपेक्षा पहले से ही कम कर दी गई । वहीं दूसरी तरफ जहां नाली का निर्माण पूरा हो गया वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा नाली में कूड़ा कचरा डालकर पाटकर कब्जा करके अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे वह गंदा पानी सड़क पर बहने से आरसीसी का नामोनिशान मिटता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# पचांस दिन बीत जाने पर सिद्धार्थ के हत्यारे के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज )।** खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल गांव के मजरा कटनहवा में गुरुवार 24 अक्टूबर को 18 वर्षीय सिद्धार्थ केशरी पुत्र राजेश केशरी शिव जियावन इंटर कॉलेज लेड़ियारी में अर्धवार्षिक परीक्षा देने के पूर्व एक व्यक्ति से मोबाइल से कुछ देर तक बात करके साइकिल से सुबह दस बजे घर से निकला था। शाम तक घर नहीं पहुंचने पर स्वजनों ने काफी खोजबीन की गई । लेकिन कहीं सुराग नहीं लग सका था। जबकि इसकी लिखित तहरीर खीरी पुलिस को दी गई थी। लेकिन पचास दिन मौत बीत जाने के बाद अभी तक हत्यारे को पुलिस सुराग नहीं लगा सकी । जबकि हत्या के बाद पुलिस विभाग के एसीपी कौंधियारा विवेक यादव, कोरांव इंस्पेक्टर नितेन्द्र कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार बड़ोखर रणविजय सिंह ने आश्वासन दिए गए थे कि मृतक परिवार को न्याय दिलाने का बात कही गई थी। और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा। लेकिन आज तक इस ओर किसी ने ध्यान तक नहीं दिए।

किहुंनी खुर्द गांव के मजरा गडरी लपरी नदी में शुक्रवार मृतक सिद्धार्थ केसरी का 25 अक्टूबर को शव उतरता मिला । ग्रामीणों को शव की सूचना मिलने पर धीरे धीरे आग की तरह फैल गया । वहीं तीस घंटे बाद एफआईआर दर्ज की गई थी।

कैथवल गांव के मजरा कटनहवा निवासी राजेश केशरी ने घटनास्थल पर जाने के बाद मृतक के दोस्त के यहां पहुंचे तो उनके घर पहुंचने पर हत्यारे की मां ने कहा कि मेरा भी लड़का गायब है। जिससे मृतक के पिता ने आरोपित के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मौके पर हत्यारे को थाने पर लाया गया था। लेकिन दो दिन बाद उसे छोड़ दिया गया था। जिससे आरोपित ने मृतक के परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। मृतक के पिता राजेश कुमार केशरवानी कातिल के भय से अपने परिवार को लेकर पैतृक गांव खूंटा चला गया। कर्मक्रिया के बाद अपने घर कैथवल गांव पहुंचने पर इसकी जानकारी खीरी पुलिस के पास थाने पर गए तो उन्होंने कहा गया जांच पड़ताल करने में समय लगेगा।मृतक के पिता ने कहा कि पुलिस की गतिविधि पर सवाल खड़ा करते और आला अफसरों की मांग हत्याआरोपित गिरफ्तारी की मांग उठाई । जबकि मृतक सिद्धार्थ की साइकिल और मोबाइल आज तक नहीं मिली। जबकि की मृतक के परिजन न्याय पाने के लिए दर - दर भटक रहे हैं।

खीरी थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिद्धार्थ केसरी पानी में डूबने से मौत हुई है । जब सिद्धार्थ केसरी के शरीर में धारदार हथियार के लगने से गंभीर हालत चोट के निशान देखे गए थे। परिजनों के साक्ष्य देने पर गिरफ्तारी होगी।

# अतीक अहमद के अधिवक्ता विजय मिश्र को जिला जेल नैनी से इटावा भेजा गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के अधिवक्ता विजय मिश्र को जिला जेल से इटावा केंद्रीय कारागार ट्रांसफर कर दिया गया। शुक्रवार देर शाम जिला जेल नैनी को यह शासनादेश मिला। शनिवार को भारी सुरक्षा के बीच विजय मिश्र को इटावा केंद्रीय कारागार ले जाया गया। माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद अतरसुइया थाने में एक फर्नीचर व्यवसायी ने विजय मिश्र के खिलाफ तीन करोड़ रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में 31 जुलाई 2023 को उसे लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय कारागार नैनी भेज दिया था।जिला जेल के संचालन के बाद विजय मिश्र को इसमें ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने विजय मिश्र की हिस्ट्रीशीट भी खोली गई थी। पुलिस का दावा था कि वह लखनऊ में माफिया अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति की डील करने गया था, इस दौरान उसे गिरफ्तार किया गया था। बीते अक्तूबर में अधिवक्ता विजय मिश्र से जिला जेल में मिलने उसका भांजा उत्कर्ष द्विवेदी निवासी कसारी, थाना नवाबगंज कुछ लोगों के साथ पहुंचा था।

जेल में उसने प्रवेश के लिए बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। जेल के सिपाही सुमित कुमार व अन्य कर्मचारियों से उसका विवाद हुआ था।नैनी पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान कर दिया था। शुक्रवार को शासन से विजय मिश्र के ट्रांसफर का आदेश जिला जेल नैनी को मिला। शनिवार को जेल प्रशासन ने कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे केंद्रीय करागार इटावा ट्रांसफर कर दिया। सुरक्षा के बीच शनिवार दोपहर उसे लेकर इटावा केंद्रीय कारागार रवाना किया गया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक जिला जेल नैनी अमिता दुबे ने बताया कि शुक्रवार देर शाम शासनादेश आया था। शनिवार को कागजी कार्रवाई पूर्ण कर सिविल पुलिस विजय मिश्र को केंद्रीय करागार इटावा ले गई।

# हैंडपंप खराब पानी पीने के लिए लोग परेशान, जिम्मेदार मौन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव अंतर्गत ग्राम देईबांध में आधा दर्जन से ज्यादा हैंडपंप खबर होने से लोगों को पानी पीने के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार मौन बने हुए हैं।बताया जाता है कि गांव के डिनर बस्ती में आधा दर्जन से अधिक एगमार्क हैंडपंप लगाने गए सभी पानी उगलना बंद हो जाने से लोगों को दूर - दराज जाने से मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई दफा तहसील दिवस पर शिकायत दर्ज कराई है। फिर भी आज तक इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं। जिससे पानी पीने के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विकास पांडेय ने बताया कि शासन द्वारा मरम्मत कार्य के लिए धन मुहैया कराई गई थी। जबकि ग्राम प्रधान ने उक्त धन को बैंक से निकालकर बंदर बांट कर लिए जाने से आज तक काम नहीं कराया गया। सबसे ज्यादा स्थित मवेशियों के लिए है। उन्हें पानी पीने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

लोगों ने बताया कि इस गांव में पर्याप्त धन आने के बाद भी मूल सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई। जिससे आजादी के बाद भी आज भी लोगों को नारकीय जीवन यापन करने में मजबूर होना पड़ रहा है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्ताओं ने फार्म भरकर आवेदन किया



**कौंधियारा (प्रयागराज)।** यमुनापार भाजपा के कौंधियारा मंडल के संगठन महापर्व के संदर्भ में जेपी पैलेस निरौधा में रविवार को मंडल अध्यक्ष पद हेतु कर्मठ कार्यकर्ताओं के द्वारा आवेदन फॉर्म भर गया जिसको मंडल चुनाव अधिकारी श्री धर्म राज पाल जी ने स्वीकार किया कार्यक्रम की अध्यक्षता यशस्वी मंडल अध्यक्ष कौंधियारा श्री शिव प्रसाद केसरवानी ने किया उपस्थित लोगों में इंद्रनाथ मिश्रा ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अवधेश प्रसाद मिश्र ,पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे ,मंडल प्रभारी वेदेश दत्त पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश पांडे, घनश्याम पांडे, सहकारी समिति के अध्यक्ष गिरिजा पांडे एवं मंडल के मंडल पदाधिकारी, मंडल महामंत्री ,शक्ति केंद्र संयोजक ,शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि के नामांकन में कार्यकर्ताओं ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा

**प्रयागराज।** भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा प्रयागराज महानगर का जिले के चुनाव सह अधिकारी कुंज बिहारी मिश्रा एवं राजेश सिंह पटेल एवं मंडल चुनाव अधिकारियों के अगुवाई में मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि का नामांकन फार्म भरे गए। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज महानगर के कुल 15 मंडलों में आज 7 मंडलों का नामांकन कार्य सुचारू रूप से किया गया। सुबह 10 बजे वेणीमाधव मंडल, 11ः30 बजे मीरापुर, दोपहर 1ः00 बजे प्रीतम नगर, दोपहर 2ः30 बजे राजरूपपुर, शाम 4ः00 बजे विश्वविद्यालय, शाम 5ः30 बजे सदर यमुना पट्टी, और शाम 7ः30 बजे भारद्वाज मंडल का मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधियों का नामांकन पत्र भरा गया। 16 दिसंबर को बाकी आठ मंडलों का नामांकन कार्य पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में सुबह 10ः00 बजे से किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला चुनाव सह अधिकारी कुंज बिहारी मिश्रा, राजेश सिंह पटेल एवं मंडल के चुनाव अधिकारियों में मनोज कुशवाहा, संजय सिंह ,अर्चना शुक्ला, हरीश पासवान, नरेश कुंद्रा, मृत्युंजय तिवारी, अरुण पटेल आदि रहे।

# ठंड बढ़ते ही लेड़ियारी में शुरू हो गई बिजली कटौती, परेशान हैं उपभोक्ता

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** ठंड बढ़ने के साथ ही लेड़ियारी में बिजली कटौती ने उपभोक्ताओं को परेशान कर दिया है । शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस पर अंकुश नहीं लग पा रहे हैं । नतीजा लोगों को बिजली और पानी के लिए भी मुसीबत झेलनी पड़ रही है ।

विद्युत उपकेंद्र लेड़ियारी , कैथवल धोबहट , डीही खुर्द, नीबी , पथरपुर , देईबांध , रतेवरा , करपिया , खिवली , देवरी, कोलसरा सहित अन्य उपकेंद्रों से संबंधित गांवों में इन दोनों ठंड बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती की समस्या से लोग जूझ रहे हैं । आरोप है कि बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी उनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं ।

लेड़ियारी एवं आसपास गांव के सुशील सिंह , सुनील कुमार कुशवाहा , आशीष कुमार मिश्रा, शिव मोहन द्विवेदी , राकेश कुमार कुशवाहा, श्याम नारायण बिंद , सुरेश सिंह , देवराज सिंह सहित आदि ग्रामीणों का आरोप है कि रात में बिजली कटौती के साथ ही सुबह पांच कटने के बाद सुबह सात बजे बिजली तो सप्लाई आती है । लेकिन हर पंद्रह मिनट पर कटौती होती है। दस बजे बिजली चली जाने के बाद शाम छः बजे के बाद ही सप्लाई आती है। अगर किसी कारण वश रात नौ बजे चली जाने पर सुबह सात बजे तक आने की संभावना है। इसके पहले बिजली के दर्शन नहीं होते हैं । यह प्रक्रिया पिछले कई दिनों से चल रही है । यही रवैया कस्बा की है और ग्रामीणों क्षेत्र का भी है ।

बिजली के रोस्टर में बदलाव की मांग

बिजली विभाग ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दस बजे तक और शाम छः बजे से प्रत्येक दस मिनट की कटौती हो रहा है । सुबह कटौती से यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों की तैयारी प्रभावित हो रही है । शाम की कटौती से महिलाओं की दिक्कतें उठानी पड़ रही है । यूपी बोर्ड के परिक्षार्थियों में , मुस्कान केशरी , सूरज केसरी , प्रियांशी केसरी , पलक केसरी , खुशी केशरी, आदि ने विद्युत विभाग से रोस्टर बदलाव की मांग की है ।

# सरदार ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोया-कंचन मिश्रा

## पटेल की पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष एवं छतवा की प्रधान श्रीमती कंचन मिश्रा ने सरदार पटेल की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर माला पहनाकर उन्हें नमन किया।उन्होने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल देश के जन जन के नेता रहे।उनका राष्ट्र के प्रति समर्पण सदा याद किया जाएगा।

श्रीमती कंचन मिश्रा ने पुण्य तिथि पर सरदार को याद करते हुए कहा कि उनकी सोच और क्रियाशीलता सदा प्रासंगिक रहेगी।उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने और अखंडता के लिए सदा मुखर रहे और कामयाब भी रहे।वह सामाजिक समरसता के पक्षधर रहे।देश मे जातीय विकृति की उन्होने हर मंच से मुखालफत की ।देश की राजनीति को दिशा देने में उन्हें कई बार विरोध झेलना पड़ा।वह कभी डरे और झुके नहीं।इसीलिए उन्हें सरदार की उपाधि दी गयी।

मौके पर प्रधान राजेश द्विवेदी, गोरेलाल गुप्ता,राम जी सिंह,माया देवी,सीतादेवी,संदीप पटेल,रिंकू सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जेबीएम कप पर मेजा इलेवन का कब्जा

## विजेता टीम को 75 हजार व उप विजेता टीम को दिए गए 55 हजार नगद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के परानीपुर गांव के उत्तरी परेठ में आयोजित जेबीएम कप सीजन 29वें वर्ष में रविवार को फाइनल मैच खेला गया।समाजसेवी आशीष शुक्ल एवं महीप सिंह ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को नगद धनराशि के साथ ट्राफी प्रदान की है। महीप सिंह ने कहा कि क्रिकेट के इस आयोजन का मकसद ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना है।

जेबीएम कप सीजन 29वें वर्ष में रविवार को खेले गया फाइनल मैच राम इलेवन सुलमई करछना बनाम हिमांशु सोनू इलेविन मेजा के बीच खेला गया। हुआ राम इलेवन टीम ने पहले खेलते हुए कुल 97 रन बनाए। जवाब में उतरी सोनू इलेवन मेजा की टीम ने बलराम पांडे के शानदार बल्लेबाजी के दम पर मुकाबले को जीत लिया मैन ऑफ द मैच बलराम पांडे मैन ऑफ द सीरीज गोलू रैना, विनीत मिश्र संयुक्त रूप से हुए।

समाजसेवी आशीष शुक्ल ने कहा कि बबा महाराज के पावन पवित्र परेठ में क्रिकेट का यह आयोजन बीते 29 वर्ष से चल रहा है। आयोजन को निष्पक्ष रूप से पूरा करने में बबा का

### आशीष शुक्ल व महीप सिंह ने संयुक्त रूप से दिया पुरस्कार

आशीर्वाद और कमेटी की ईमानदारी रही है।किसी भी खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए। आयोजन में अंपायरों ने पारदर्शिता और खेल शुचिता बनाए रखी।महीप सिंह ने आयोजक मण्डल और टीम के खिलाड़ियों को भविष्य में वेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

महीप सिंह व आशीष शुक्ल ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को 75000 रुपए, उप विजेता टीम को 55000 रुपए दिये हैं। मैन ऑफ द सीरीज को 7000 रुपए दिए गए तथा अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। मैच का आंखों देखा हाल संतोष यादव डबलू ने सुनाया। फाइनल मैच देखने के लिए खेल प्रेमियों का जमावड़ा रहा।

# पशुओं की देखभाल में बरतें सावधानी- डॉ. वी के सिंह

## बरवा गांव में लगे पशु मेले में डॉक्टरों ने परीक्षण कर दी दवाएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** विकास खंड उरुवा के ग्राम बरवा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन पशुपालन विभाग द्वारा किया गया। पशु मेले का उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह ने कहा कि स्वच्छता व सावधानी से ही पशुपालक अपने मवेशियों को निरोग व महफूज रख सकते हैं। समय पर टीकाकरण के साथ लोगों को आधुनिक तरीके अपनाने होंगे। पशु मेले में भारी संख्या में पशुओं, गाय, भैस, भेड़ एवं बकरियों का उपचार किया गया। उपचार के लिए प्रयागराज के विषय विशेषज्ञ की टीम लगाई गयी थी जिनके द्वारा बीमार पशुओं का इलाज किया गया.।

कार्यक्रम में विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे वर्गीकृत सीमेन, पशुधन बीमा, 1962 एम्बुलेंस सेवा, टीकाकरण के लाभ की जानकारी पशुपालकों को दी गई। पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों की देखभाल कैसे करें,यह जानकारी दी गयी।पशुपालकों को संतुलित आहार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वी के सिंह द्वारा गंगापार एवं जमुनापार में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पाली क्लिनिक खोले जाने का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने का आश्वासन दिया गया। मुख्य अतिथि के साथ यमुनापार के सभी जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

पशुपालन विभाग के अधिकारी, अपर निदेशक डॉ राजीव वशिष्ठ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एस एन यादव तथा सभी पशुचिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ पलक त्रिपाठी, आयोजन डॉ शुक्ला सुनील द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ संजीव सिंह द्वारा बताया गया कि शिविर में लगभग एक हजार से अधिक पशु पंजीकृत कर उनको चिकित्सा सुविधा दी गयी एवं सामूहिक दवापान कराया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों मे खूनी संघर्ष

## घायलों का शहर के जिला अस्पताल मे चल रहा इलाज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के चौकठा तिवरियान गाव मे पुरानी रंजिस को लेकर दो पक्षों मे खूनी संघर्ष हो गया।इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका शहर के अस्पताल मे इलाज चल रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मेजा थाना क्षेत्र के चौकठा तिवरियान गांव की रहने वाली पदमा त्रिपाठी पत्नी राजेंद्र कुमार तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया कि पुरानी रंजीस को लेकर पड़ोसियों ने कटवासा, फावड़ा से उनके पति पर जानलेवा हमला कर दिया। पड़ोसी पति कि हत्या करना चाहते थे। तभी उनका बेटा राजनीश त्रिपाठी मौके पर पहुंच गया। इस दौरान वह अपने पिता को बचाने लगा तो आरोपियों ने उस पर कटवासे से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि पति व बेटा बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। दोनों को मृत समझ व ग्रामीणों को

### पुलिस को दी तहरीर देकर पीड़ित की पत्नी ने लगाई न्याय की गुहार

आता देख सभी आरोपी भाग निकले।

ग्रामीणों कि सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनो घायलों को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। लेकिन हालात नाजुक देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया। पीड़िता ने बताया कि उनके पति व बेटे का सिर फट गया है। पति के हाथ कि एक अंगुली कट गई है। दोनों कि हालात बेहद गंभीर बनी हुई है। उधर पीड़िता कि तहरीर पर पुलिस ममले कि जाँच मे जुट गई है।

बतादें कि खूनी संघर्ष होने को लेकर ग्रामीणों मे भय का माहौल बन हुआ है। लेकिन पुलिस कि शिथिलता के चलते अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की जा सकी है।

# राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पोषक रहे पटेल-योगेश शुक्ल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन द्वारा आयोजित लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 74वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सदस्य राष्ट्रीय युवा आयोग भारत सरकार योगेश शुक्ल ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्ल ने कहा कि सरदार पटेल देश के सर्वमान्य नेता रहे।



भाजपा नेता ने कहा कि सरदार पटेल के हर शब्द हम सबको अनुश्रवण करना चाहिए। सरदार ने कहा था कि हमें किसी को ऊंच नीच नहीं मानना चाहिए, गांव में रहने वाले अठारह वर्ण एक ही ईश्वर की संतान हैं। श्री शुक्ल ने कहा हमे एकता से एकात्म की गाथा पूरी करनी है। एक व्यक्ति का व्यक्तित्व उसे अपने कुल में ज्ञान देता हैं , जाति, पांति, भाषा, धर्म, देश से ऊपर उठता हुआ संपूर्ण मानवता का सम्मान पाता है। पटेल जी ऐसे ही नेता थे। उन्होने सबको अपना बनाया। पंचायतों में एकता से एकात्म तक की यात्रा के लक्ष्य को पूरा करने का दायित्व प्रधान संघ को निभाना होगा, यही कार्य करना सरदार पटेल का पुण्य स्मरण कहलाएगा।

मौके पर सत्येंद्र त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पप्पू काजी, जय शंकर पाण्डेय वरिष्ठ भाजपा नेता, नीलम पथिक , कंचन मिश्रा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, राजेश द्विवेदी मंडल अध्यक्ष, सुरेश तिवारी, अजित पटेल, राहुल तिवारी, अनिल शुक्ल, शिव कुमार शुक्ल, शरण जीत भुरटिया, दिनेश निषाद, विजय पटेल, दया शंकर पटेल, विकाश निषाद, राम प्रताप पांडेय, लल्ला सिंह, राम जी यादव, अर्चना पटेल,राज कली, बिटोल देवी , सरस्वती देवी , धर्मा देवी, लाल बहादुर पटेल, सुरेश केशरी , इकबाल सिंह ,राकेश शुक्ल, हरी मोहन पांडेय , हरी कांत पाण्डेय,सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।सफल आयोजन के लिए शुक्ल जी के सचिव विनय शुक्ल ने ग्राम प्रधान भसुंदर खुर्द सोनू पटेल की का विशेष आभार जताया।

# लोगों के दिलों में सदा जिंदा रहेंगे सरदार पटेल,पंचायत सचिवालय में मनाई गई पुण्य तिथि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर ग्राम पंचायत सचिवालय रामनगर के प्रांगण में आयोजित कर श्रद्धांजलि सभा की गई। पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई।

सरदार द्वारा खंड-खंड भारत को अखंड भारत बनाने की भूमिका की चर्चा करते हुए उनको याद किया गया।

सरदार पटेल सदैव अपने किए गए देश हित के कार्यों की वजह से लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। इस अवसर




पर ग्राम पंचायत प्रधान रामनगर नीरज सिंह यादव ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भविष्य में उनकी मूर्ति का अनावरण करने का संकल्प लिया एवं गांव के विकास को उत्तरोत्तर जारी रखने का भी संकल्प दोहराया है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन मेंजा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवानंद सिंह, शिव सूरत भारती, विजय राज सिंह यादव, योगेंद्र नारायण शर्मा ,विशंभर नाथ, श्री राम सिंह, जाकिर अली, फतेह मोहम्मद ,चंदन सिंह, रिकू सिंह ,रतन सिंह, राहुल सिंह, रामचंद्र कुशवाहा, राजेश पाल, अरविंद दुबे, अखिलेश शुक्ला, शीतला प्रसाद पाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बेंगलुरु में आत्महत्या करने वाले इंजीनियर की आरोपित पत्नी गुरुग्राम से गिरफ्तार

## ▶▶ कर्नाटक पुलिस अतुल सुभाष की आरोपित पत्नी को एक पीजी से किया गिरफ्तार




**गुरुग्राम, (हि.स.)।** बेंगलुरु में ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सपर्ट (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष (34) की आरोपित पत्नी निकिता सिंघानिया को हरियाणा के गुरुग्राम से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कर्नाटक पुलिस उसे बेंगलुरु लेकर चली गई। निकिता की मां व भाई को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है।इंजीनियर अतुल सुभाष के बेंगलरू में आत्महत्या करने के बाद आरोपित पत्नी निकिता सिंघानिया और पूरा परिवार फरार हो गया था। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए निकिता बेंगलुरू से 2141 किलोमीटर दूर हरियाणा राज्य के गुरुग्राम के सेक्टर-57 में रेल विहार फेज-2 के जेजे होम फर्निशिंग स्थित ब्लॉसम स्टेज पीजी में छीपी थी। आरोपित निकिता को तीन दिन में पेश होने के लिए बेंगलुरु पुलिस ने 13 दिसंबर को समन जारी किया था। पुलिस उसकी तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही थी।

बेंगलुरु पुलिस को निकिता की लोकेशन हरियाणा के गुरुग्राम की मिली। बेंगलुरु पुलिस ने गुरुग्राम पुलिस से संपर्क किया। लोकेशन के आधार पर बेंगलुरु पुलिस ने सेक्टर-57 स्थित पीजी में छापेमारी की और आरोपित निकिता को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।बता दें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक्सपर्ट इंजीनियर अतुल सुभाष ने नौ दिसंबर 2024 को बेंगलुरु में आत्महत्या कर ली थी। इससे पूर्व अतुल 24 पन्नों का सुसाइड नोट भी लिया। साथ ही 90 मिनट का पत्नी और ससुरालियों की प्रताड़ना बयां करते एक वीडियो भी बनाया था।

उसने एक चेक लिस्ट तैयार की। जिसमें उसने ससुरालीजनों व अलग रह रही पत्नी के उत्पीड़न का खुलासा किया था। अतुल सुभाष ने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी द्वारा कानूनी लड़ाइयों को लिखा। उस पर हत्या, दहेज उत्पीड़न व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने जैसे आरोप पत्नी की तरफ से लगाए गए हैं।निकिता सिंघानिया ने पति अतुल सुभाष पर दहेज में 10 लाख की मांग करना और उसके सदमें में अपने पिता की मौत का भी आरोप लगाया था। बाद में निकिता ने खुद ही यह स्वीकार किया कि यह आरोप झूठा था। पिता की मौत दिल की बीमारी के कारण हुई थी। सुभाष ने सुसाइड नोट में यह भी लिखा कि निकिता ने नाबालिग बेटे के मासिक गुजारा भत्ता के तौर पर दो लाख रुपये की मांग की है। निकिता ने शुरू में तो एक करोड़ रुपये गुजारा भत्ता मांगा था, जिसे बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया।

## प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति के लिए नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, ÷देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनके स्मारक पर शत-शत नमन।÷ उनका व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बनी रहेगी।

# मप्र के ग्वालियर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार की मौत, 15 घायल

**▶▶ मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख व्यक्त किया , मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता के देने के निर्देश**



**ग्वालियर, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में विकास खण्ड घाटीगाँव के अंतर्गत शनिवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को जेएएच के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।कलेक्टर रुचिका चौहान ने देर रात ट्रामा सेंटर पहुँचकर घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज का इंतजाम करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में घायलों का इलाज शुरू कराया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए।सहारिया आदिवासी समुदाय के 31 लोग शनिवार की शाम करीब चार बजे पई खो गांव से जंगल में शतावरी वन औषधि की जड़ खोदने के लिए ट्रैक्टर से गए थे। जड़ खोदने के बाद उसको ट्राली में भरकर सभी लोग अपने गांव कैत थाना घाटीगांव आ रहे थे।

देर रात करीब 11 बजे रास्ते में आंतरी तिलावली तिराहे के पास सामने एक भैंस आ गई, जिसको बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक ने स्टीयरिंग मोड़ दी और ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुखद घटना चार लोगों की मृत्यु हो गई और 15 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर घाटीगाँव में पदस्थ जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तत्काल घायलों की मदद के लिए पहुँचे और राहत एवं बचाव कार्य चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।इस हादसे मृत चारों लोग घाटीगाँव विकासखण्ड के ग्राम कैथ के निवासी थे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने मृतकों के आश्रितों को शासन के प्रावधानों के तहत हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# छत्तीसगढ़ में एक नक्सल दंपति सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सली दंपति सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आज रविवार को आत्मसमर्पण किया।आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये के इनाम घोषित है।आत्म समर्पित नक्सली 8 लाख की इनामी धन्नी उर्फ कलमू जोगी निवासी बडेसट्टी कोंगोंडीपारा सुकमा, 8 लाख के इनामी सोनू उर्फ अभय का सुरक्षा गार्ड पार्टी सदस्य अनवेश उर्फ आकाश उर्फ वेट्टी भीमा निवासी कोमलपाड थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 5 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन कम्युनिकेशन टीम कमाण्डर, अतिरिक्त प्रभार डिवीजन कमाण्ड सदस्य, एसीएम मौसम महेश पिता स्व. कन्ना 35 वर्ष गगनपल्ली, कलगुड़ापारा थाना एर्राबोर जिला सुकमा, 2 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन आईटीम पार्टी सदस्या 33 वर्षीय हेमला मुन्नी पत्नी मौसम महेश निवासी दुबमरका थाना किस्टाराम जिला सुकमा और 02 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन सीएनएम पार्टी सदस्या 23 वर्षीय माड़वी पोज्जे पत्नी देवा मुचाकी निवासी साकलेर थाना किस्टाराम जिला सुकमा ने नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से आज 15 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी ऑफिस सुकमा द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह, एएसपी अभिषेक वर्मा, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, एएसपी अधीक्षक नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया।सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हज़ार रुपये के मान से प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# छत्तीसगढ़ पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने को तैयार - अमित शाह

**▶▶ नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील**

**▶▶ गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा राष्ट्रपति निशान**



**रायपुर, (हि. स.)।** छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी में है। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में कही। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की।केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रदेश की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है।

शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है।उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि उसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। उन्होंने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है।राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में परेड द्वारा मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सलामी दी गई। उन्होंने सलामी के बाद परेड का निरीक्षण किया। महिला और पुरुष प्लाटून द्वारा मार्चपास्ट भी किया गया।

शाह ने धर्मगुरुओं द्वारा मंत्रोच्चार के बाद आकाश में तिरंगे गुब्बारों और शानदार आतिशबाजी के बीच छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपा। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस की 24 वर्षों के सफर पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जवान और बलिदान जवानों के परिजन बड़ी संख्या में समारोह में उपस्थित थे।

## नोएडा प्राधिकरण के पूर्व ओएसडी रविंद्र यादव के ठिकानों पर छापेमारी के बाद बड़ा खुलासा, करोड़ों की संपत्ति मिली



**गौतमबुद्धनगर, (हि.स.)।** नोएडा विकास प्राधिकरण के पूर्व विशेषाधिकारी (ओएसडी) रविंद्र सिंह यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शनिवार को विजिलेंस की टीम ने उनके नोएडा स्थित आवास और इटावा के एक स्कूल पर छापेमारी के बाद रविवार को बड़ा खुलासा किया है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और करोड़ों की संपत्ति के प्रमाण जब्त किए हैं। पूर्व में चल रही विजिलेंस जांच में शनिवार को बड़ा खुलासा हुआ था।एसपी विजिलेंस के मुताबिक, जांच में यह सामने आया है कि रवींद्र सिंह यादव ने एक जनवरी 2005 से 31 दिसंबर 2018 तक 94.49 लाख रुपये की वैध आय अर्जित की, जबकि इस दौरान उन्होंने 2.44 करोड़ रुपये खर्च किए। इसका मतलब है कि उनके खर्च उनकी आय से करीब 1.5 करोड़ रुपये अधिक रहे। रविंद्र यादव अतिरिक्त संपत्ति के स्रोत का कोई वैध विवरण नहीं दे सके।इससे पहले विजिलेंस की 18 सदस्यीय टीम ने शनिवार को नोएडा सेक्टर-47 में यादव के तीन मंजिला आवास और इटावा के तलोरा नगर स्थित स्कूल पर कार्रवाई की। नोएडा स्थित आवास की अनुमानित बाजार कीमत 16 करोड़ रुपये आंकी गई है। इटावा के स्कूल परिसर की वर्तमान कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है, जिसमें स्कूल के सभी तकनीकी उपकरण और अन्य संसाधनों की कीमत 2 करोड़ रुपये आंकी गई है।जांच में पता चला कि इटावा स्थित स्कूल का संचालन यादव के बेटे द्वारा किया जा रहा है। स्कूल पूरी तरह से अवैध रूप से निर्मित है और इसे बिना किसी वैध स्वीकृति के संचालित किया जा रहा है। स्कूल के संचालन में 10 बसों का उपयोग हो रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.04 करोड़ रुपये है। साथ ही, यादव ने मेरठ और नोएडा में एक दर्जन से अधिक प्लॉट खरीद रखे हैं, जिनकी जांच जारी है।

# टीबी मुक्त भारत जागरुकता के लिए सांसदों ने खेला क्रिकेट मैच

## ▶▶ लोकसभा अध्यक्ष एकादश ने राज्यसभा सभापति एकादश को 73 रन से हराया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** टीबी मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत सांसदों ने मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेला। बीस ओवर के इस मैच में लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम ने राज्यसभा सभापति एकादश टीम को 73 रन से हरा दिया। क्रिकेट मैच देखने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए।इस मैत्री क्रिकेट मैच में लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम की कप्तानी अनुराग ठाकुर और राज्यसभा सभापति एकादश टीम की कमान किरेन रिजि़जू के हाथ में रही। लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम ने राज्यसभा सभापति एकादश टीम को 73 रन से हरा दिया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष एकादश के कप्तान और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भविष्य में विभिन्न राज्यों में ऐसे मैच आयोजित कराए जाएंगे। वहां सांसदों की टीम विधायकों के साथ भी खेलेगी ताकि हर जनप्रतिनिधि जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य दिया है, जबकि वैश्विक लक्ष्य 2030 है।

वर्ष 2015 से अब तक भारत में टीबी से होने वाली मौतों में 38 प्रतिशत की गिरावट आई है। नए मामलों में 18 फीसदी की गिरावट आई है। विश्व स्तर पर यह संख्या लगभग 8 प्रतिशत है। इसका मतलब यह है कि भारत बाकी दुनिया से बेहतर स्थिति में है। टीबी का इलाज है। सरकार मुफ़्त दवाएं उपलब्ध कराती है और इसके लिए एक हजार रुपये प्रदान करती है।संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि फिटनेस के मंत्र के साथ लोगों में खेल के प्रति जोश भरने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के पीछे हमारा मंत्र है %टीबी मुक्त भारत% और %फिट इंडिया मूवमेंट%। बिना फिटनेस के आप देश की सेवा नहीं कर सकते। आपको मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहना होगा।

### दोनों टीमों में शामिल सांसद

### लोकसभा अध्यक्ष एकादश

अनुराग सिंह ठाकुर (कप्तान), गुरमीत सिंह हायर, मनोज तिवारी, दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, के राम मोहन नायडू, तेजस्वी सूर्या, राजीव प्रताप रुडी, चन्द्रशेखर रावण, लावु कृष्णा, दुष्यंत सिंह, अरुण गोविल, मुरलीधर मोहल, राजेश वर्मा, ओम प्रकाश राजे निंबालकर, देवेश शाक्य, पुष्पेंद्र सरोज, सागर ईश्वर खंडारे, निशिकांत दूबे और अप्पाला नायडू कालीसेट्टी शामिल रहे।

### राज्यसभा सभापति एकादश

किरेन रिज़िजू ( कप्तान), कमलेश पासवान, मोहम्मद अज़हरुद्दीन, इमरान प्रतापगढ़ी, राघव चड्ढा, डेरेक ओ ब्रायन, नीरज डांगी, सीएम रमेश, सौमित्र ख़ान, के सुधाकर, अनिल कुमार यादव, विजय कुमार दुबे, सुरेंद्र सिंह नागर, नीरज शेखर,
अशोक मित्तल, अमरपाल मौर्य, दुराई वाइको, तोखन साहू और रवि किशन शामिल रहे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ग्वालियर में किया देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन



**ग्वालियर,(हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का उद्घाटन किया। ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पट्टिका का अनावरण कर एवं म्यूजियम के प्रवेश द्वार पर फीता काटकर देश के पहले अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन किया। साथ ही ग्वालियरवासियों को इस अनूठी सौगात की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अतिथियों के साथ म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों में दर्शाए गए भू-विज्ञान से संबंधित चित्रों, कलाकृतियों एवं जानकारियों को देखा एवं म्यूजियम की सराहना की।म्यूजियम के उद्घाटन के बाद उप राष्ट्रपति धनखड़ ने महाराज बाड़ा पर स्थित वास्तु शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में खड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को भी देखा।

## नेपाल-भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तरीय वार्ता 9-10 जनवरी को काठमांडू में



**काठमांडू, (हि.स.)।** नेपाल और भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की वार्षिक बैठक काठमांडू में होने जा रही है। नेपाल-भारत व्यापार और परिवहन अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) के नाम से होने वाली यह वार्षिक बैठक 9 और 10 जनवरी को होना तय हुआ है।नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की आईजीसी बैठक पिछली बार दिल्ली में होने के कारण इस बार काठमांडू में होना तय हुआ है।इस समय वाणिज्य मंत्रालय भारत के साथ वार्ता के लिए एजेंडा का मसौदा तैयार कर रहा है। मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, संबंधित सभी पक्षों से चर्चा के बाद मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में दोनों देशों के बीच वार्ता के एजेंडे के शुरुआती मसौदे का आदान-प्रदान किया जाएगा।मंत्रालय के प्रवक्ता अधिकारी ने बताया कि आईजीसी की बैठक में मुख्य रूप से व्यापार, परिवहन और निवेश पर केंद्रित एजेंडे पर चर्चा होगी। नेपाल के तरफ से वाणिज्यिक संधि में संशोधन पर जोर दिया जा रहा है। इसी तरह, पारगमन संधि के प्रोटोकॉल में अधिक स्पष्टता और संशोधन का एजेंडा भी समावेश किए जाने की जानकारी प्रवक्ता ने दी है।नेपाल अपने यहां से भारत में होने वाले वस्तुओं के निर्यात को सुविधाजनक बनाने, व्यापार घाटे को कम करने, गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा और नेपाल में भारतीय निवेश बढ़ाने के एजेंडे को भी शामिल कर रहा है। प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने कहा कि आईजीसी बैठक के लिए हमारे ज्यादातर एजेंडे पुराने हैं। उन्होंने कहा, %%व्यापार और पारगमन समझौतों और प्रोटोकॉल की समीक्षा करना हमारा नियमित एजेंडा है तथा निर्यात और निवेश भी प्रमुख एजेंडा है। भारतीय पक्ष का एजेंडा आदान प्रदान होने के बाद दोनों पक्षों में सहमति है पर अंतिम एजेंडा तय किया जाएगा।निजी क्षेत्र की ओर से, नेपाल-भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (निक्की) ने भी अपने तरफ से आगामी आईजीसी बैठक में उठाए जाने वाले एजेंडे को लेकर अपना सुझाव दिया है। इस संस्था के अध्यक्ष सुनील के सी ने बताया कि सभी निजी क्षेत्रों के साथ परामर्श करने के बाद आए सुझावों को समेटते हुए मंत्रालय को अपनी मांगों को लेकर अवगत करा दिया है।

# सेवा भारती ने 25 विभूतियों को सेवा सम्मान से सम्मानित किया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि सेवाभारती समाज में उपेक्षित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के जिस कार्य में लगी है उससे निन्संदेह भारत को पुनन् विश्वगुरू बनने और समावेशी भारत बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सेवा सम्मान कार्यक्रम में शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। जय भारत मारुति लि. (जेबीएम) के सीएमडी सुरेन्द्र आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकारों के साथ राष्ट्र के जागृत लोगों को भी समाज के समावेशी विकास में कार्य करना पड़ेगा। एकात्म मानवतावाद एवं अंत्योत्य के जिन विचारों के साथ सेवा भारती के कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं वो निसंदेह सराहनीय है। राजनाथ सिंह ने सभी सम्मान प्राप्त विभूतियों को बधाई दी।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि सेवा ही वो कार्य है जिससे समाज में असमानता की खाई को कम किया जा सकता है। आलोक कुमार जी शनिवार को नई दिल्ली में सेवा भारती द्वारा आयोजित सेवा सम्मान 2024 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।आलोक कुमार ने कहा कि सेवा ही वो कार्य है जिससे समाज में असमानता की खाई को कम किया जा सकता है। ये एक ईश्वरीय कार्य है जिसमें समाज के हर वर्ग को जुड़ना चाहिए। सेवा भारती को अगले वर्ष 4 गुना ज्यादा लोगों को सेवा सम्मान देना चाहिए, ताकि सेवाभावियों का उत्साह कई गुणा बढ़ जाए।उन्होंने कहा कि पुराणों में कहा गया है कि परोपकार करना पुण्य है और दूसरों को परेशान करना पाप है। जो लोग किसी चीज से वंचित हैं, उसे प्राप्त करवाना पुण्य का काम है। सेवा भारती का मानना है कि व्यक्तिगत स्तर पर सेवा की जानी चो हिए और इसमें समरसता का भाव होना चाहिए।सेवा भारती द्वारा सेवा सम्मान के माध्यम से ऐसे महानुभावों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाता है जो समाज सेवा को अपने जीवन का ध्येय बना चुके है। इस वर्ष 10 श्रेणियों में 25 लोगों को सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।जिन विभूतियों को सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया उनमें बद्री भगत झण्डेवाला टेम्पल सोसाइटी एवं स्व. सुभाष गुप्ता (मरणोपरांत) को सेवा रत्न से सम्मानित किया गया। यशपाल गुप्ता, वेद कुमार वढ़ेरा, तुषार गुप्ता, सरदार हरमनजीत सिंह, अजय गुप्ता, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड, सत्यभूषण जैन, डॉ. संजय सचदेवा, भाऊराव देवरस सेवा न्यास, साहिल मेंदीरत्ता, सान्या मेंदीरत्ता, संजय दत्ता, सीमा गुप्ता, सौरभ गर्ग, जादूगर सम्राट शंकर, बजरंग लाल अग्रवाल, गोपाल वर्मा, राकेश गुप्ता, संजीव मोंघा, सुभाष चंदर अग्रवाल, अंजू जैन, अलका बैगानी तथा सरदार नरेन्द्र सिंह चहल को सेवा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि सेवा भारती समाज में विभिन्न सेवा प्रकल्पों का संचालन करने वाली संस्था है। सेवा भारती 1979 से समाज सेवा में कार्यरत है। सेवा भारती द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, स्वरोजगार, महिला स्वावलंबन, कुष्ट निवारण, अनाथ बच्चों की देखभाल और बालवाड़ी सहित अनेक सेवा कार्य किए जा रहे है। सेवा भारती देशभर में 1 लाख 80 हजार सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में विभिन्न स्तर पर सेवा प्रदान करती है।

# नोटिस दे दी, तनिक भी शर्म नहीं: योगी

हाईकोर्ट इलाहाबाद के जस्टिस शेखर यादव के समर्थन में बोले सीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज द्वारा दिए गए कथित विवादित बयान का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका समर्थन किया है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा है कि सही बात कहने पर हाईकोर्ट के जज को महाभियोग का नोटिस दिया गया है। विपक्ष संविधान का गला घोंटकर देश चलाना चाहता है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज ने एक बात कही। समान नागरिक संहिता तो होनी ही चाहिए और दुनिया के अंदर तो बहुसंख्यक समाज की भावना का सम्मान तो हर हाल में होता है। दुनिया में अगर होता है तो उस सच्चाई को कोई बोलता है तो ये कौन सा अपराध हो गया। इन लोगों ने जज के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया है। उन्होंने कहा, ये लोग खुद को लोकतंत्रवादी कहते हैं। ये लोग संविधान की किताब साथ लेकर चलते हैं। इन्हें जरा भी शर्म नहीं है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव ने पिछले दिनों प्रयागराज में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के विधिक प्रकोष्ठ के एक कार्यक्रम में यह कथित विवादित बयान दिया था। विपक्षी दलों के सदस्यों ने जस्टिस शेखर कुमार यादव के हाल में दिए गए कथित विवादास्पद बयान के लिए उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के वास्ते शुक्रवार को राज्यसभा में नोटिस दिया। 55 विपक्षी सांसदों ने महाभियोग के लिए सांसदों ने राज्यसभा में दिए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस पर हस्ताक्षर करने में कांग्रेस के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जॉन ब्रिटास, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा, कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा और दिग्विजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले शामिल है।

# सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच व परिश्रम: सीएम योगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत और सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है। भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम



पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया। उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता। उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है, वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है। उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। एक तरफभारत मां के इस महान सपूत ने देश के एकीकरण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया तो दूसरी तरफगुलामी के कालखंड में जिन मानबिंदुओं का अपमान हुआ था, उनकी पुनर्स्थापना का भी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराया। सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को हाथों में लेकर सांस्कृतिक भारत की स्थापना का जो अभियान चलाया था, उसी का परिणाम है कि सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत तय: ब्रजेश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** एक होटल के उद्घाटन के मौके पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में जब भी उपचुनाव घोषित होंगे। भाजपा की विजय तय है। उन्हें सर्किट हाउस में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक करनी थी लेकिन स्थगित हो गई। अयोध्या एयरपोर्ट पर उन्होंने अधिकारियों को महाकुंभ से लौटने वाले दर्शनार्थियों के साथ मकर संक्रांति और बसंत पंचमी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. संजय जैन के मुताबिक अयोध्या में आने वाले समय में होने वाले मेलों के लिए उपमुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए हैं, इनका पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। एयरपोर्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और डिप्टी सीएम के करीबी करुणाकर पांडेय ने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया।

इस दौरान डिप्टी सीएम ने भाजपा नेता करुणाकर को मिल्कीपुर उपचुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने की जिम्मेदारी सौंपी।

# भाजपा शासन के खिलाफ 16 को विधानसभा घेरेगी कांग्रेस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाजपा के कुशासन के खिलाफ 18 दिसंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा विधानसभा घेराव किया जायेगा। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते प्रदेश की जनता के साथ राजनीतिक दलों में आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होकर भाजपा सरकार को ललकारने की मंशा बना चुके हैं।

भीम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शास्त्री ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह को अजय राय को सम्बोधित पत्र सौंपकर 18 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव को अपना समर्थन दिया और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाकर प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया।कांग्रेस द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव में



विनोद कुमार शास्त्री के साथ उनकी पार्टी के मंडल प्रभारी संजीत कुमार नेता कांग्रेस पार्टी गोरखपुर एवं उनकी टीम के सदस्य गंधर्व कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, रणधीर सिंह अध्यक्ष पूर्वांचल छठ पूजा सेवा समिति, लखनऊ, अजय कुमार गौतम, जिलाध्यक्ष-जौनपुर, धर्मेन्द्र कुमार चौधरी मण्डल अध्यक्ष जिला सीतापुर, कमलेश भारती जिलाध्यक्ष संतकबीर नगर, रामू गौतम जिलाध्यक्ष बस्ती, दया शंकर जिलाध्यक्ष-अयोध्या, शिखर खेतान जिलाध्यक्ष-अम्बेडकर नगर, अनुज कुमार जिलाध्यक्ष आजमगढ़, रोहित कुमार जिलाध्यक्ष मऊ, अजय कुमार जिलाध्यक्ष बलिया, करन कुमार गौतम जिलाध्यक्ष कुशीनगर, अंशु मिश्रा अध्यक्ष देवरिया, अनुप्रास गौतम महराजगंज, नरेन्द्र कुमार जिलाध्यक्ष-वाराणसी, अनिल गौतम जिला-प्रयागराज, जनारदन मिश्र जिलाध्यक्ष-कन्नौज, अशोक कुमार जिलाध्यक्ष-संभल, केदार यादव प्रधान जिलाध्यक्ष हाथरस मौजूद रहेंगे।

# सरदार पटेल ने रखी रियासतों का विलय कर मजबूत भारत की नींव: अजय राय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई।

स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों का एकीकरण कर देश के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, अनिल देव त्यागी, लल्लन कुमार, रामबरन गौतम, केडी शुक्ला, जमाल खान दयानंद शुक्ला, आलेख पांडे, शिफा खान, बबीता एडवोकेट, अनिल शुक्ला, अमर सिंह राणा, कनिष्का राफेल, उमर खान बाबा, शिरि खान ने सरदार पटेल को श्रद्धाजंलि अर्पितकी।

# वन नेशन-वन इलेक्शन का समर्थन करेगी बीएसपी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने वन नेशन-वन इलेक्शन समेत कई मुद्दों को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी जनहित के मुद्दे को लेकर राजनीति से ऊपर होकर वन नेशन-वन इलेक्शन का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि देश हित में सभी राजनीतिक पार्टियों को इस मुद्दे पर एक होकर इस बिल का समर्थन करना चाहिए। हालांकि उन्होंने ने कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस बीजेपी एवं समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरफ ही बीजेपी काम कर रही है। उन्होंने आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने की योजना बना रही है।

सरकारी नौकरियों में प्रमोशन में आरक्षण जैसे मुद्दे पर मौन साधे हुए है। इसे लेकर समाजवादी पार्टी पर भी उन्होंने हमला बोला। मायावती ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है जबकि जनहित के मुद्दे को छोड़कर कांग्रेस भाजपा एक दूसरे पर



आरोप प्रत्यारोप का आरोप लगा कर जनता के मुद्दे से भटका रही है। आप को बता दें कि देश में 1952 में पहली बार चुनाव हुए, तब भी लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए एक साथ वोट डाले गए। अगले 4 चुनावों तक ऐसा ही चलता रहा। लेकिन इसके बाद कुछ विषमताएं पैदा होने लगीं। आखिरी बार 1967 में देश में श्वन नेशन-वन इलेक्शनश् के तत्कालीन फॉर्मेट के तहत चुनाव हुए। तब उत्तर प्रदेश (जिसे पहले यूनाइटेड प्रोविंस कहते थे) को छोड़कर पूरे देश में एक चरण में चुनाव हुए। यूपी में उस वक्त भी 4 चरण में चुनाव कराने पड़े थे। 1967 का इलेक्शन आजादी के बाद चौथा चुनाव था। तब 520 लोकसभा सीटों और 3563 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले गए थे। इस वक्त तक सत्ता में केवल कांग्रेस की सरकार थी। लेकिन जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु के बाद न सिर्फ इंदिरा गांधी को सहयोगियों के विरोध से जूझना पड़ रहा था, बल्कि कांग्रेस के खिलाफदेश में भी विरोधी लहर चलने लगी थी। अब एक बार फिर करीब 6 दशक के बाद अब देश फिर से वन नेशन-वन इलेक्शन की तरफबढ़ रहा है। लेकिन ये सफर भी आसान नहीं था। रिपोर्ट तैयार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी।

इस कमेटी ने न सिर्फ आजादी के बाद हुए चुनावों की कार्यप्रणाली को समझा, बल्कि दुनिया के उन देशों का भी अध्ययन किया, जहां एक साथ चुनाव होते हैं। इन देशों में स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, बेल्जियम, जर्मनी, इंडोनेशिया, फिलिपिंस और जापान शामिल है।

# जुल्म तो जुल्म है चाहे वो किसी भी देश में हो: आफाक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय समाज कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक ने एक बयान में कहा कि जुल्म तो जुल्म है चाहे वह बांग्लादेश में हिंदू भाई-बहनों पर हो या भारत में मुसलमानों पर। लेकिन भारत में कुछ लोग अपनी वोट बैंक की राजनीति को बनाए रखने के लिए इसका राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, जिसकी न केवल निंदा की जनि चाहिए, बल्कि सरकार को बांग्लादेश से जवाब मांगना चाहिए, क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विदेश मंत्री का सम्मान करने की जिम्मेदारी देश के सभी धर्मों के अनुयायियों काहै, क्योंकि यह देश हमें सभी धर्मों के अनुयायियों के बलिदान से मिला है। और संविधान की भी शपथ है कि हम सभी धर्मों के साथ समान रूप से पेश आएंगे। अंत में मोहम्मद आफाक ने बांग्लादेश पर



हमला करतेहुवे कहा किउन्हें यह बात हर गिज नहीं भूल न चाहिए की उन को बांग्लादेश1971 में भारत ही की बदौलत मिला है।

# निजीकरण से 77 हजार से ज्यादा बिजली कर्मचारियों की जायेगी नौकरी डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं की महंगी मिलेगी बिजली: भाकपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से लागू हुआ तो 77 हजार से ज्यादा कर्मचारी नौकरी से हाथ धो बैठेंगे और डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं की बिजली महंगी मिलेगी। यह बात मीडिया से मुखातिब बिजली कर्मचारी संघ के संरक्षक रणधीर सिंह सुमन ने आज बाराबंकी में कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजी करण से लाखों कर्मचारी बेरोजगार हो जाएगे। पूर्वांचल डिस्कॉम में कर्मचारियों के कुल 44,330 पद हैं। इनमें 27000 संविदा कर्मी हैं और 17330 नियमित कर्मचारी हैं। निजीकरण हुआ तो 27000 संविदा कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे। बड़े पैमाने पर लोगों को रिवर्ट होंगे और छंटनी भी होगी।दक्षिणांचल डिस्कॉम में कर्मचारियों के 33,161 पद हैं,इनमें 23,000 संविदा कर्मी और 10,161




नियमित कर्मचारी हैं। दक्षिणांचल का निजीकरण होने के बाद यह पद खत्म हो जाएंगे।23000 संविदा कर्मी यहां बेरोजगार होंगे। दक्षिणांचल में 8582 कर्मचारी हैं।यह कर्मचारी दक्षिणांचल डिस्कॉम के कर्मचारी हैं, इसलिए पावर कॉरपोरेशन में किसी नियम के तहत इनका प्रत्यार्पण नहीं हो सकता है। इनकी सेवाएं निजी कंपनियों के रहमो करम पर रहेंगी। यह किस तरह की मजहबी सरकार है जो लोगों के रोजगार छीन कर बेरोजगार कर रही है लौगो को भूख से तडप तडप मरने लिए मजबूर कर रही है। दक्षिणांचल में कॉमन कैडर के अभियंताओं और अवर अभियंताओं की 1579 है, चूंकि यह कॉमन कैडर के हैं, इसलिए इन्हें रिवर्ट किया जाएगा। इनकी नौकरी खत्म हो जायेगी और बिजली महंगी हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में अभी 0 से 100 यूनिट तक 3.35 रुपए प्रति यूनिट की दर से वसूल किया जाता है, जबकि मुंबई में टाटा की दरें एक अप्रैल 2024 से 5.33 रुपए प्रति यूनिट हैं। उत्तर प्रदेश में 101 से 150 यूनिट तक 3.85 रुपए तो मुंबई में 8.51 प्रति यूनिट है। उत्तर प्रदेश में 151 से 300 यूनिट तक 5 रुपये प्रति यूनिट तो मुंबई में 8.51 रुपये पैसे प्रति यूनिट है।उत्तर प्रदेश में 301 से 500 यूनिट तक के लिए 5.50 रुपये प्रति यूनिट है, तो मुंबई में टाटा की दरें 14.77 रुपये प्रति यूनिट हैं।उत्तर प्रदेश में 501 यूनिट से ऊपर 7.50 रुपये हैं जबकि मुंबई में 15.71 रुपये प्रति यूनिट हैं। कर्मचारियों को वर्तमान में रियायती दर की बिजली की सुविधा मिल रही है,42 जनपदों में खत्म हो जाएगी। निजीकरण होने के बाद जिन कर्मचारियों की छंटनी हो जाएगी या जिन कर्मचारियों को निजी कंपनी रख भी लेगी, तो ऐसे कर्मचारियों को मेडिकल रीइंबर्समेंट की सुविधा नहीं । मृतक आश्रित को सेवा में लेना भी खत्म हो जाएगा। निजी क्षेत्र में पूरे देश में ऐसा प्रावधान कहीं नहीं है. सबसे अधिक जोखिम भरे बिजली विभाग में मृत्यु होने पर कर्मचारियों के परिवार को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाएगा। सीपीएफमें जमा धनराशि निजी क्षेत्र में जाने के बाद उन्हें मिलेगी या नहीं यह भी कोई नहीं जानता। बिजली कर्मचारी संघ अन्य संगठनों के साथ मिलकर एक बडा आंदोलन करने जा रही है जिससे निजीकरण का कार्य रुकेगा और सत्तारूढ़ दल के दलाल बेनकाब होगें। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार जिला सचिव बृजमोहन वर्मा कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह व बिजली कर्मचारी नेता मौजूद थे।

# भाजपा मंडल चुनाव में 25 मंडलों में 278 नामांकन हुए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लखनऊ महानगर में रविवार को 25 मंडलों में मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। कुल 278 नामांकन पत्र दाखिल हुए। इनकी जांच मंडल चुनाव अधिकारियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। इसके बाद अंतिम सूची शीर्ष नेतृत्व को भेजी जाएगी। नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और चुनाव अधिकारी राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने विभिन्न मंडलों पर जाकर किया। दोनों ने बताया कि सभी 25 मंडलों पर नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई है। सबसे अधिक नामांकन पश्चिम मंडल-चार से 20, पूर्व-पांच मंडल में 18, पश्चिम-दो मंडल में 17, अन्य मंडल जैसे- उत्तर तीन, चार, पांच, सरोजनी नगर दक्षिण एक, मध्य तीन में भी कई नामांकन हुए। नामांकन के बाद भाजपा कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी,



विधायक डॉ. नीरज बोरा, एमएलसी संतोष सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में नामांकन प्रक्रिया की बारीकियों पर चर्चा की गई। जांच के बाद अंतिम सूची भाजपा नेतृत्व को सौंपी जाएगी। यहां से निर्णय होगा कि मंडल अध्यक्ष पद पर किसे चुना जाएगा।

# महराजगंज और बहराइच ने विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में मारी बाजी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने एवं राजस्व के मामलों के निपटारे को लेकर हमेशा गंभीर रहती है। यही वजह है कि प्रदेश में विकास कार्यों के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ ससमय पूरे हो रहे हैं। इसके अलावा राजस्व के मामलों को भी तेजी से निस्तारित किया जा रहा है। इसकी मॉनीटरिंग सीएम डैशबोर्ड द्वारा की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट में महराजगंज ने विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निपटारे में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बहराइच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है।

महराजगंज ने 89.20 प्रतिशत अंक




के साथ पहला स्थान प्राप्त किया

महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्यों को तेज रफ्तार से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके साथ सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर राजस्व के मामलों का खास कर 5 साल पुराने मामलों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि महराजगंज ने योगी सरकार के विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में नवंबर माह में पूरे प्रदेश में 89.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने बताया कि पिछले पांच माह से महराजगंज सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपना स्थान बनाए हुए है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच ने 89.10 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि बहराइच लगातार प्रशासनिक सुधारों और योगी सरकार की योजनाओं को ज़मीन पर उतारने के लिए तेजी से काम कर रहा है। राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण, किसानों और छोटे व्यापारियों को सहूलियत देने के प्रयासों ने बहराइच को यह स्थान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

### हमीरपुर ने तीसरा तो अम्बेडकर नगर ने प्राप्त किया चौथा स्थान

इसी तरह हमीरपुर ने 88.80 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा, अम्बेडकर नगर ने 88.30 प्रतिशत अंक और बुलंदशहर ने 88.30 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। वहीं कुशीनगर ने 88.20 प्रतिशत अंक हासिल कर छठा, संभल ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर सातवां, शामली ने 87.80 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां, बस्ती ने 87.70 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवा और बांदा ने 87.10 प्रतिशत अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के विकास कार्यों, सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने एवं राजस्व के मामलों के निस्तारण की मॉनीटरिंग करने के लिए सीएम डैशबोर्ड की स्थापना की थी। इसी के तहत सीएम डैशबोर्ड की ओर से हर माह प्रदेश के सभी 75 जिलों की रिपोर्ट जारी की जाती है। इस रिपोर्ट को आंकलन योगी सरकार द्वारा तय किये गये 10 पूर्णांक और प्रतिशत के अनुसार जारी किया जाता है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में राजस्व विभाग की कई योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू की जा रही हैं। इसमें खासकर किसानों की भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण और गरीबों को सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाना आदि शामिल है।

# वैश्य समाज ने किया अधिकार सम्मेलन, जातीय जनगणना कराने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के गांधी भवन में सर्व वैश्य अधिकार सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग शामिल हुए। वैश्य समाज भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम कि अध्यक्षता किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वैश्य समाज की आबादी करीब 40 प्रतिशत है, लेकिन वर्तमान में समाज टुकड़ों में बंटा हुआ है। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज 366 उपजातियों में बंटा हुआ है। हमारा प्रयास है पूरे वैश्य समाज को एकमंच पर लाया जाए। लखनऊ में महासम्मेलन हो रहा है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। संविधान से वैश्य समाज को अधिकार मिले। समाज के लोग जब तक एकजुट होकर आवाज नहीं उठाएंगे तब तक विकास की मुख्य धारा से नहीं जुड़ सकते। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि वैश्य जाति से आने वाले लोग समाज में अपना पूरा सहयोग देते हैं। धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता हैं। मगर हमें हमेशा नजरअंदाज किया जाता रहा है। सभी सियासी दल राजनीतिक लाभ के लिए ही वैश्य समाज




का नाम लेते हैं। जब हिस्सेदारी देने की बात आती है तो सियासी पार्टियां वैश्य समाज को भूल जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि वैश्य समाज उपजातियों में बंटा होने के कारण आबादी के हिसाब से अपनी ताकत नहीं दिखा पाता। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना की मांग कर रही है। हम उसका समर्थन करते हैं। देश में जब तक जातीय जनगणना नहीं होगी तब तक वैश्य समाज के लोगों को संपूर्ण अधिकार नहीं मिल सकता है। समाज 366 उपजातियां में बंटा जिसका फायदा सियासी लोग जमकर उठा रहे हैं। हम लोग एक रणनीति के तहत ही सियासी दलों के साथ जाएंगे। जो पार्टी हमें हिस्सेदारी देगी उसी को ही अब वैश्य समाज का समर्थन हासिल होगा।

# केमिकल और मार्बल कारोबारियों के घर से 8 करोड़ रुपये मिले

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केमिकल और मार्बल कारोबारियों के ठिकानों से कुल 8 करोड़ रुपये नगदी बरामद हुई है। खास बात यह है कि एक कारोबारी के घर से छापेमारी के दूसरे दिन आयकर अधिकारियों को 4 करोड़ मिले थे। इसके बाद दोबारा सर्च हुई तो दो करोड़ और मिले। इसके बाद आयकर टीमों ने आवास का चप्पा चप्पा खंगाला। रविवार दोपहर तक कई जगह से आयकर टीमें लौट आईं। वहीं, ऐशबाग स्थित स्वरूप केमिकल्स के मालिकों और इन्दिरा नगर में मार्बल कारोबारी के घर से शाम को टीमें लौटी हैं। इसके पहले कारोबारियों के बयान दर्ज किए गए। अब आयकर की टीमें हजरतगंज स्थित मुख्यालय में साथ लाए गए दस्तावेजों की स्क्रुटनी करेंगी। साथ ही तय होगा कि कुल कितनी टैक्स चोरी की गई है।

आयकर सूत्रों के अनुसार स्वरूप केमिकल्स में टैक्स चोरी साढ़े चार सौ करोड़ के करीब है। कारोबारी ने बेहद सस्ते केमिकल की कीमत दस्तावेजों में कई गुना ज्यादा बताई। इस तरह से खर्च अधिक दिखा कर टैक्स कम दिया। जब कोई कंपनी आयात या निर्यात करती है तो उसे उत्पाद का पूरा विवरण, संबंधित देश और अपने देश में उसके मूल्य की स्पष्ट जानकारी देनी होती है। स्वरूप केमिकल्स ने इसी में खेल किया। केमिकल महंगे बताने के साथ खर्च भी ज्यादा दिखाया गया जबकि बीच का मार्जिन सीधे कंपनी के मालिकान की जेब में जाता रहा। इसी तरह इन्दिरा नगर के मार्बल कारोबारी एके जैन, डीके जैन ने मार्बल में घालमेल कर टैक्स बचाया। दस्तावेजों में ज्यादा महंगे टाइल्स की खरीद और खर्च दिखाया। वास्तविक रूप में ऐसा नहीं था। इसके अलावा बड़े पैमाने पर कैश में लेन-देन किया गया जिसको लेजर में नहीं दर्शाया गया।

लखनऊ में ऐशबाग स्थित वाटर वर्क्स रोड पर स्वरूप केमिकल्स की इंडियन पेस्टिसाइड की पुरानी फैक्टरी और कार्यालय पर गुरुवार को छापेमारी शुरू की गई थी। साथ ही चिनहट स्थित परिसर में भी टीम पहुंची थी। लखनऊ के अलावा मुरादाबाद, बरेली, संडीला, नोएडा, मुम्बई स्थित ठिकानों पर भी सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ। मार्बल कारोबारी एके जैन और डीके जैन के आवास और दफ्तरों पर भी इसी दौरान छापेमारी हुई।

## गैस रीफिलिंग धमाके में हुई चौथी मौत

**लखनऊ।** शाहपुर भमरौली में छह दिसंबर को गैस रीफिलंग गोदाम में हुए धमाके के वक्त घायल हुए डिलिवरी मैन की भी शनिवार को मौत हो गई। हादसे में घायल मजदूर और संचालक के दो भाइयों की भी मौत हो चुकी है। गोदाम संचालक का दुबग्गा पुलिस पता नहीं लगा पाई है। आदर्श नगर मल्लपुर निवासी योगेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि बेटा सोमनाथ (24) सिलेंडर डिलीवरी करता था। छह दिसंबर को सोमनाथ भमरौली स्थित रोहित गुप्ता के गोदाम पर गया था, जहां गैस रीफिलिंग हो रही थी। धमाके के वक्त सोमनाथ भी मौजूद था। वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव वर्मा ने बताया कि शनिवार को सोमनाथ की केजीएमयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। इससे पहले हादसे में घायल हुए रंजीत उर्फ संजीत, रोहित गुप्ता के भाई शोभित और मोहित की मौत हुई थी। आठ दिन पहले हुए धमाके में गैस गोदाम के पास रहने वाले सिराज का बेटा जीशान और बेटी आयशा भी घायल हुई थी। उनका बलरामपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, हादसे के बाद से फरार गैस रीफिलिंग गोदाम संचालक रोहित गुप्ता का पुलिस पता नहीं लगा पाई है।

# एलडीए के प्रॉपर्टी रजिस्टर में हेराफेरी की विजिलेंस जांच के आदेश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रॉपर्टी फ्रॉड के एक मामले में निदेशक, विजिलेंस (स्थापना) को हेराफेरी में कथित तौर पर शामिल एलडीए अधिकारियों की भूमिका की जांच का आदेश दिया है। न्यायालय ने अपने इस आदेश की प्रति अपर मुख्य सचिव, नगर विकास व निदेशक, विजिलेंस (स्थापना) को भी भेजने के आदेश दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने मामले के एक अभियुक्त रंजीत यादव की जमानत याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया। अभियुक्त के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि मामले में गोमती नगर विस्तार थाने में 14 दिसम्बर 2021 को एफआईआर लिखाई गई थी। वादी प्रकाश चंद्र उत्प्रेती का आरोप है कि एलडीए का एक प्लॉट दिखाकर नामजद अभियुक्तों ने उसका बैनामा कराने की बात कही। वादी ने जब दस्तावेजों के पड़ताल की इच्छा जाहिर की तो अभियुक्तों ने एलडीए के बाबू मुसाफिर सिंह से उसकी मुलाकात कराई। मुसाफिर सिंह ने सम्बंधित भूखंड का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र तथा एलडीए द्वारा निष्पादित बैनामे की प्रति दिखाई, जिसके पश्चात अभियुक्त संतोष कुमार यादव ने वादी के पक्ष में 70 लाख रुपये के बदले में बैनामा निष्पादित कर दिया। आरोप है कि बाद में जब वादी उक्त प्लॉट पर गया तो पता चला कि प्लॉट विवादित है और एलडीए ने किसी को भी उक्त प्लॉट आवंटित नहीं किया है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एलडीए का प्रॉपर्टी रजिस्टर तलब किया तो पता चला कि उक्त रजिस्टर में पुष्पा श्रीवास्तव के पक्ष में एलडीए द्वारा बैनामा किए जाने का उल्लेख है, जिस पर एलडीए के तमाम अधिकारियों के हस्ताक्षर भी हैं लेकिन निबंधक कार्यालय में जांच करने पर पाया गया कि ऐसा कोई बैनामा कभी हुआ ही नहीं। अभियुक्त रंजीत यादव के अधिवक्ता ने दलील दी कि एलडीए के अधिकारियों जिनकी 70 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी में मुख्य भूमिका है, उन्हें बचाकर, जांच अधिकारी ने रंजीत को फंसा दिया जबकि उस पर सिर्फ धमकी देने का आरोप है। सभी तथ्यों पर गौर करने के उपरांत न्यायालय ने रंजीत यादव को जमानत दे दी लेकिन विजिलेंस को विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 5 में रविवार सुबह कक्षा 11 में पढ़ने वाले छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।राकेश चंद्र यादव परिवार के साथ वृंदावन योजना सेक्टर 5सी/105 तेलीबाग में रहते हैं। रविवार सुबह उनके बेटे ओजस्वी यादव (18) ने अपने कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, परिजन मौके पर ही मौजूद हैं।

### शराब नहीं पिलाया तो दबंगों ने किया हमला

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत पुराने नट खेड़ा में रहने वाले एक युवक की दबंगों ने जमकर पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। युवक की गलती यह थी कि उसने दबंगों को शराब पीने के पैसे नहीं दिए। पीड़ित युवक की पत्नी ने स्थानीय पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पवन थारू पत्नी मोनी के साथ पुराना नटखेड़ा,तेलीबाग में रहता है। मोनी ने तहरीर देते हुए बताया कि मोहल्ले के रहने वाले रवि और चन्द्र शेखर दबंग हैं। लोगों से अक्सर मारपीट करते रहते हैं। शनिवार रात 10 बजे आए और पवन थारू से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पवन के मना किया तो गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने पवन पर हमला कर घायल कर दिया। उसके सिर पर गंभीर चोट आई है।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर कार पलटी

**लखनऊ।** उन्नाव के बांगरमऊ से आ रही तेज रफ्तार कार एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार ड्राइवर गंभीर घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा है। यहां पर प्राथमिक इलाज के बाद देर शाम उसे छुट्टी दे दी गई। परिजन घर लेकर चले गए हैं। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक बांगरमऊ निवासी मारूफ अपनी कार से रविवार सुबह साढ़े आठ बजे लखनऊ अपने दोस्त आदिल से मिलने के लिए जा रहे थे। तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रेवरी टोल प्लाजा क्षेत्र के 296 पॉइंट 200 कट के निकट झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। उप निरीक्षक धीरज भारद्वाज ने बताया घायल का सिर फट गया था।

### लाइफलाइन हॉस्पिटल का शुभारंभ



**लखनऊ।** कठौता चौराहा के निकट विजयंत खंड गोमती नगर में लाइफ लाइन हॉस्पिटल का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने फीता काटकर किया।अस्पताल के मालिक उमाकांत सिंह एवं विनय मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में सारी मल्टी स्पेशलिटी सुविधा उपलब्ध है। फार्मेसी , पैथोलॉजी , ओपीडी, आईसीयू और ओटी की सुविधा उपलब्ध है।इस मौके पर उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व डीजीपी सूर्यकुमार शुक्ला, डॉ.आसिफ़ इक़बाल , डॉ. शिवपाल यादव,मेदांता अस्पताल के डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग से कई लोग मौजूद रहे ।

### महिला सिपाही का डेबिट कार्ड बदल एक लाख उड़ाए

**सरोजनीनगर।** टप्पेबाजों ने बंथरा थाने में तैनात महिला सिपाही का डेबिट कार्ड बदलकर एक लाख रुपये पार कर दिए। महिला सिपाही की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। बंथरा थाने में तैनात सिपाही बिट्टन सिंह के मुताबिक बैंक आफ बड़ौदा में उनका बचत खाता है। बुधवार को वह सरोजनीनगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गई थी। इस बीच मदद का झांसा देकर जालसाज ने उनका डेबिट कार्ड बदल लिया। इसके बाद उनके खाते से एक लाख रुपये निकल गए। इंस्पेक्टर सरोजिनीनगर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गोमतीनगर में नेपाली युवक की मौत

**लखनऊ।** गोमतीनगर में नेपाल निवासी विपिन थापा (24) की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नशे की लत के चलते मौत होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक नेपाल के लुम्बिनी डांग निवासी विपिन थापा कुछ समय पहले काम की तलाश में लखनऊ आया था। वह गोमतीनगर में अपने साथी शोभाराम के साथ रह रहा था। विपिन नशे का आदी था। शनिवार को विपिन की तबियत बिगड़ गई। शोभाराम उसे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि विपिन की दो शादी हुई है। एक पत्नी नेपाल में है। दूसरी पत्नी लखनऊ में है। अत्यधिक शराब पीने के चलते मौत होने का अंदेशा जताया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नेपाली दूतावास को सूचना दे दी गई है।परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

### पगचिह्न मिले पर,कैमरे में नहीं कैद हुआ बाघ

**काकोरी।** रहमान खेड़ा के जंगल में रविवार को वन विभाग की टीम बाघ खोजती रही, लेकिन बाघ के नए पगचिह्न जंगल से तीन किमी दूर हाफिज खेड़ा के खेतों में बेहता नाला के किनारे मिले। खेत गए किसान ने बाघ को देखने का दावा किया है। हाफिज खेड़ा निवासी किसान मूलचंद ने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे बेहता नाला के किनारे खेत पर गया था। वहां बाग में टहल रहे बाघ को देखकर भाग निकला। ग्रामीणों को खेत में बाघ के पगचिह्न मिले हैं जो बेहता नाला के किनारे जा रहे थे। बाघ बेहता नाला को पार कर कटौली गांव की तरफ निकल गया। डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि ड्रोन ऑपरेटर ने थर्मल ड्रोन कैमरे से क्षेत्र की निगरानी की। साथ ही चार कैमरे टीम ने लगाए हैं। जंगल मे रविवार को बाघ की हलचल नही रही। रात में इंफ्रारेड कैमरे से पगचिह्न मिलने वाले क्षेत्रों में निगरानी की जाएगी। अभी तक कैमरे में बाघ कैद नही हुआ है। रविवार को बाघ पकड़ने के एक्सपर्ट की डब्लूटीआई टीम रहमान खेड़ा के जंगलों में पहुंची। दो सदस्यीय टीम ने संस्थान में पहुंच कर अभी तक वन विभाग द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन को देखा और वन कर्मियों से अब तक चलाये जा रहे ऑपरेशन के बारे में पूछताछ की। साथ संस्थान में बने पगचिह्न व अन्य गतिविधियों को भी देखा। रेंजर सोनम दीक्षित और डिप्टी रेंजर राजीव गौतम सहित वन विभाग ने आसपास के प्रभावित इलाकों मीठे नगर, मंडौली, हबीबपुर, हाफिज खेडा, रहमान खेड़ा, दुगौली, साहिलामऊ गांव में लाउडस्पीकर और पोस्टर से ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। पोस्टर में वन विभाग की टीम के मोबाइल नंबर और सतर्कता से जुड़े तीन बिंदु भी लिखें गए हैं।

### स्कूटी सवार को बचाने में ई- रिक्शा पलटा, एक की मौत

**लखनऊ** कृष्णानगर में रविवार को स्कूटी सवार को बचाने में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई- रिक्शा सवार सब्जी विक्रेता बचौले (60) की मौत हो गई। वहीं ड्राइवर समेत चार सवारी घायल हो गई। बंथरा के हरौनी निवासी बचौले सब्जी की दुकान लगाते थे। बेटे सुजीत के मुताबिक रविवार सुबह पिता ई- रिक्शे से आलमबाग सब्जी मंडी जा रहे थे। सुबह साढ़े सात बजे वह कृष्णानगर स्थित पूरननगर ढाल के पास पहुंचे ही थे तभी अचानक एक स्कूटी सवार सामने आ गया। उसे बचाने में ई- रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। बचौले की ई-रिक्शा के नीचे दबकर मौत हो गई। वहीं, ई- रिक्शा ड्राइवर समेत चार लोग घायल हो गए। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ की 24 सड़कें 160 करोड़ से चौड़ी की जाएंगी

**लखनऊ।** लखनऊ के सात विधानसभा क्षेत्रों में 24 विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण के प्रस्ताव मंजूर कर लिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से सभी सड़कों का सर्वे करा लिया गया है। इसके बाद करीब 82 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण तय माना जा रहा है। इसके लिए 160 करोड़ रुपये की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिलाधिकारी के यहां से सड़क संबंधी जो भी प्रस्ताव आए है, उनका क्रमवार सर्वे कराया जा रहा है। इस दिशा में लखनऊ के सात विधानसभा क्षेत्रों की सड़कों को चिह्नित किया गया है। इनमें कई सड़कें ऐसी भी हैं, जो क्षतिग्रस्त हैं। पहले उन्हें सुधारा जाएगा। इसके बाद उनका चौड़ीकरण होगा। यहीं नहीं, लखनऊ में हाईवे से जुड़ी मुख्य सड़कें, शहर के अंदर के मार्गों के चौड़ीकरण और सुधार का खाका तैयार किया गया है।

# मुख्तार के सहयोगी की पत्नी-बेटे ने हड़पे 16 लाख

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** फ्लैट देने का झांसा देकर मुख्तार अंसारी के सहयोगी रहे शकील अहमद की पत्नी और बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोपियों ने करीब 16 लाख रुपये लिए थे। जिसके बाद फ्लैट नहीं दिया। मॉडल हाउस निवासी शेख मोहम्मद रेहान ने शकील हैदर से फ्लैट खरीदने के लिए सम्पर्क किया था। शकील धनपुष्टि ग्लोबल निधि के नाम से फर्म चलाता था।

जिसमें आरोपी की पत्नी सबा परवीन और बेटा रजा हैदर भी पार्टनर थे। फ्लैट देने के बाद आरोपियों ने करीब 16 लाख रुपये लिए थे। इसके बाद रजिस्ट्री करने में टाल मटोल करने लगे। शेख मोहम्मद ने दबाव बनाया। इस पर शकील हैदर ने मुख्तार अंसारी का नाम लेकर धमकाना शुरू कर दिया। करीब दो साल पहले शकील हैदर की मौत हो गई। इस पर शेख मोहम्मद ने सबा और रजा हैदर से फ्लैट नहीं देने पर रुपये लौटाने के लिए कहा। जिस पर उन्हें पीटा गया। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने अमीनबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

मुख्तार अंसारी और उसके गिरोह की अपराध के जरिए कमाई को खपाने का काम शकील हैदर करता था। आरोपी ने ठाकुरगंज में एक कॉलोनी भी विकसित की थी। जिसमें बेचे गए प्लॉटों को गिरवी रख कर बैंक से करोड़ों रुपये का लोन लिया था। बैंक से रिकवरी नोटिस जारी होने पर प्लॉट खरीदारों ने शकील हैदर और उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोपी शकील को गिरफ्तार किया गया था। करीब दो साल पहले बीमारी के चलते जेल में ही शकील की मौत हुई थी।

# पार्किंग विवाद में महिला की मौत

घर के सामने खड़ी स्कूटी हटाने को लेकर झगड़ा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में पार्किंग विवाद के झगड़े में महिला की मौत हो गई। घर के सामने खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। जिसमें धक्कामुक्की में महिला गिरकर बेहोश हो गई। आनन फानन में सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाजपेई लेन नरही हजरतगंज निवासी सौरभ चौहान पुत्र रमेश चौहान के घर के सामने महेश गुप्ता का मकान है। शनिवार रात करीब 9रू30 बजे महेश गुप्ता की स्कूटी सौरभ के घर के सामने खड़ी थी।

सौरभ ने घर से सामने से स्कूटी हटाने के लिए कहा। इस पर महेश, गुंजा और सिंपल गाली गलौज करने लगे। सौरभ से हाथापाई शुरू हो गई। बीच बचाव करने सौरभ की मां रामगुनी चौहान आ गई। रामगुनी को गाली देने के साथ ही धक्का दे दिया गया, जिससे वो गिरकर बेहोश हो गई। परिजन आनन फानन में उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। सौरभ का कहना है कि महेश का भाई मनोज गुप्ता यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। इस वक्त उनकी पोस्टिंग कानपुर में है। पुलिस विभाग में होने का फायदा उठाकर इलाके में दबंगई करते हैं। मोहल्ले के लोगों को परेशान व प्रताड़ित करते हैं। एसीपी विकास जयसवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बलरामपुर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट फिर खराब

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में फिर से ऑक्सीजन प्लांट खराब हो गया है। दो दिन पहले ही सायरेक्स कंपनी के कर्मचारियों ने बड़े प्लांट को सही करने का दावा किया था। अब फिर वार्डों में ऑक्सीजन की आपूर्ति प्लांट से नहीं की जा रही है। दोनों प्लांट को खराब हुए करीब एक माह बीत रहा है।

बलरामपुर के अफसर बार-बार कंपनी के इंजीनियरों, कर्मचारियों को हिदायत दे रहे हैं, लेकिन वे खराबी दूर नहीं कर पा रहे हैं। बलरामपुर अस्पताल में 780 बेड है। दो ऑक्सीजन प्लांट एक छोटा व बड़ा लगा है। दोनों करीब एक माह से खराब हैं। सायरेक्स कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही से प्लांट ठीक नहीं हो सके हैं। बड़े प्लांट का कंप्रेशर दो दिन पहले बदला गया। इसके बाद भी शुरू नहीं हो सका था। इससे आईसीयू, इमरजेंसी, टीबी वार्ड, बाल रोग विभाग, न्यूरो सर्जरी समेत अन्य विभागों में जंबो सिलेंडर से ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। कंपनी छोटे प्लांट को ठीक किए जाने का दावा कर रही है, लेकिन अभी तक अस्पताल को प्लांट हैंडओवर नहीं किया गया है।

कंपनी ने अब बड़े प्लांट का जियो लाइट में ऑयल जाने की वजह से खराब होने की बात कही है। करीब आठ माह पहले तत्कालीन निदेशक डॉ. एके सिंह के कार्यकाल में बड़े प्लांट का जियो लाइट 10 लाख रुपये से बदला गया था। बलरामपुर के एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि छोटे प्लांट को कंपनी ने ठीक करने का दावा किया है। वहीं, बड़े प्लांट का जियो लाइट अभी वारंटी में होने से पूरा खर्च कंपनी वहन करेगी।

# गौ सेवा आयोग अध्यक्ष द्वारा कान्हा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, डॉ कमल टावरी सेवानिवृत्त आईएएस, निरंजन वर्मा आचार्य पंचगव्य पीठ कांचीपुरम,डॉ प्रतीक सचान सचिव गो सेवा आयोग,तथा भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी द्वारा नगर निगम लखनऊ द्वारा सचालित नादरगंज अमौसी स्थिति कान्हा उपवन गौशाला का औचक निरीक्षण और गौशाला में गौपूजन,बाड़ों में जाकर गायों को गुड़ भी खिलाया गया।

अध्यक्ष द्वारा सभी बाड़ों का निरीक्षण किया गया जहां पर भूसे तथा चोकर सभी नांदों में मिला तथा सभी बाड़ों में स्वच्छ शीतल जल की उपलब्धता मिली तथा सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्था उच्च कोटि की मिली। ठण्ड में अलावा की व्यवस्था देखकर उनके द्वारा नगर निगम के निराश्रित गोवंश के लिए किये जा रहे प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी, सभी गोवंशो का स्वास्थ्य अच्छा पाया गया और देखा गया की कुछ बाड़ों में पर्दो की भी व्यवस्था की जा रही है।उनके द्वारा गौशाला में कुछ स्थानो पर शेड के विस्तार हेतु निर्देश दिए गए तथा गौशाला को आत्मनिर्भर बनाये जाने पर बल दिया गया तथा गौशाला से दूध तथा गोबर की बिक्री की जानकारी ली गयी।

निरंजन वर्मा आचार्य पंचगव्य पीठ कांचीपुरम द्वारा गायों में पॉलीथिन निकालने की शल्य क्रिया रूमनोटॉमी की भी जानकारी ली गयी और गायों का जीवन बचाने के प्रयासों की सराहना की गयी। श्याम बिहारी गुप्ता द्वारा गायों कों आत्मसात करने हेतु प्रेरित भी किया गया तथा किसानों कों जोड़ते हुए गोबर की खाद के बदले हरा चारा लेने की बात कही गयी। आचार्य जी द्वारा द्वारा गौमूत्र कों एकत्रित कर उसकी मार्केटिंग तथा गो आधारित तकनीक का प्रयोग करने के साथ पंचगव्यओं के निर्माण के निर्देश देने के साथ साथ किसानों कों कान्हा उपवन से जोड़ने, तथा कान्हा उपवन कों एक उच्च कोटि का गौ पर्यटन स्थल बनाने,मोटे अनाज आधारित जैविक खेती कों बढ़ाने के भी आवश्यक निर्देश दिए गए। निरिक्षण के दौरान कान्हा उपवन के पशु चिकित्सक आशीष उपाध्याय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अलाव जलाने की मांग

**लखनऊ।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की एक आपात बैठक पीके जैन की अध्यक्षता में सेक्टर 9 इंदिरा नगर में आयोजित की गई। जिसमें शहर के मुख्य चौराहो पर अलाव जलाने को लेकर चर्चा हुई। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि शहर में जाड़े को लेकर ठिठुरन बढ़ने लगी है जिसको लेकर महासमिति ने बैठक कर आवाज उठाई है कि इंदिरा नगर के मुख्य चौराहा पर एवं मलिन बस्तियों में अलाव जलाएं। इसमें मुख्य रूप से लवकुश नगर, पंडित पुरवा, गाजीपुर, जरहरा, सुगामऊ, तकरोही, जैसी मलिन बस्तियों के अलावा मुंशी पुलिया, ईश्वर धाम मंदिर का तिराहा, अरविंदो पार्क, शालीमार चौराहा, सी ब्लॉक चौराहा ,सेक्टर 14, अमराई गांव, आदि जगहों पर अलाव जलाएं। जिससे भीषण पड़ रहे जाड़े गरीब जनता को राहत मिले साथ ही फुटपाथ पर बसे गरीबों के लिए प्राथमिकता के आधार पर रेन बसेरा बनवाया जाए। इस आशायं से पत्र नगर आयुक्त को लिखा गया। बैठक में पीके जैन ,सत्यनारायण त्रिपाठी, उमाशंकर त्रिपाठी, दिवाकर श्रीवास्तव, विनोद कुमार चौधरी ,विंध्याचल मौर्य, देवेश उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय तिवारी, राजेश सिंह, शिवमंगल चौहान आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसों में छात्र समेत दो की मौत, एक घायल

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** गौरी बाजार में शनिवार को अचानक सामने आए वाहन को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार इंटर के छात्र अमित यादव (18) की मौत हो गई। वहीं, साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, पक्का पुल पर बस की टक्कर से बाइक सवार मजदूर देशराज (45) की जान चली गई।

सरोजनी नगर के आजाद नगर निवासी अमित यादव (18) इंटर का छात्र था। शनिवार शाम वह साथी निर्मल के साथ बाइक से किताब खरीदने गौरी बाजार जा रहा था। बाइक निर्मल चला रहा था। शाम 7:30 बजे वह गौरी बाजार पहुंचे ही थे तभी अचानक एक तेज रफ्तार गाड़ी आ गई। उसे बचाने के लिए निर्मल ने अचानक ब्रेक मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। दोनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। अमित के सिर में गिट्टी धंसने से वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पुलिसकर्मियों ने दोनों को लोकबंधु अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। अमित के परिवार में पिता राजेश यादव, मां संगीता व भाई अतुल है।

राजेश ऑटो चलाते हैं। उधर, सैरपुर के द्वारिका पुरी निवासी मजदूर देशराज (45) शनिवार को अंकित के साथ काम कर बाइक से घर लौट रहे थे। शाम छह बजे वह पक्का पुल पर पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक निजी इंस्टीट्यूट की बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में देशराज की मौत हो गई। वहीं, अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। देशराज के परिवार में पत्नी सुमन व छह बच्चे हैं।

**गोसाईंगंज।** गोसाईंगंज में चौराहे पर रविवार को तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति घायल हो गए। दोनों का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

निशांतगंज के न्यू हैदराबाद निवासी पंकज गुप्ता रविवार दोपहर पत्नी रेखा गुप्ता के साथ स्कूटी से गोसाईंगंज जा रहे थे। वह गोसाईंगंज पर बस स्टॉप चौराहे के पास पहुंचे ही थे तभी तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## राजाजीपुरम, इंदिरानगर, गोमतीनगर में आज बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** शहर में सोमवार को राजाजीपुरम, फैजुल्लागंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर सहित कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। लेसा आरडीएसएस योजना के तहत बिजली के जर्जर तार व पोल बदलने का काम करेगा। इस दौरान करीब एक लाख आबादी प्रभावित रहेगी। राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र के सी-ब्लॉक एफ-ब्लॉक, ई-ब्लॉक, सपना कॉलोनी में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। इसके अलावा आरडीएसओ उपकेंद्र के तेजीखेड़ा में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। फैजुल्लागंज उपकेंद्र के गाजीपुर, इंदिरानगर सेक्टर-14 न्यू उपकेंद्र के इंसाफ नगर और गोमतीनगर के विकासखंड-पांच व ग्वारी गांव में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आंशिक बिजली बंद रहेगी। इसके अलावा इंदिरानगर सेक्टर-25 उपकेंद्र के प्रकाश लोक कॉलोनी में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी।

# विजय दिवस की दौड़ में दिखा जोश, जुटे बच्चे और बुजुर्ग, 700 लोगों ने लगाई दौड़



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** 1971 के भारत-पाक जंग की विजय दिवस वर्षगांठ पर लखनऊ में भव्य विजय दिवस दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान 700 से ज्यादा लोग दौड़ में शामिल हुए। ऐतिहासिक युद्ध के नायकों के सम्मान में आर्मी के मध्य यूपी सब एरिया के तत्वावधान में इसका आयोजन हुआ। सूर्या कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों सहित बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। बच्चों और एनसीसी कैडेटों ने 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। पीआरओ शांतनु सिंह ने बताया कि 1971 की जंग में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त करने के बाद बांग्लादेश बना था।

इस जंग में भारतीय सेना के अदम्य साहस और शूर वीरता के सामने दुश्मन देश के 90 हजार सशस्त्र सैनिकों ने सरेंडर किया। हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रेरित करना, उन्हें समर्पण, अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रतिभागियों की बड़ी उपस्थिति ने सबके भीतर सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान दर्शाता है।

## कॉल सेंटर फ्रॉड में अमेरिकी कनेक्शन

**दूतावास से पुलिस ने साधा संपर्क, दी गई जानकारी, हवाला और चाइना तक जुड़ रहे तार**

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** अमेजन पार्सल, तकनीकी सहायता और लोन प्रक्रिया के नाम पर फर्जी मैसेज और लिंक भेजकर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी करने वाले सरगना समेत सभी 76 आरोपियों को जमानत नहीं मिली है। इस बार पुलिस ने पहले गिरोह के सरगना को दबोचा फिर कॉल सेंटर पर छापा मारा।

इस मामले की जांच अब अमेरिका तक पहुंच चुकी है। पुलिस ने अमेरिकी दूतावास से संपर्क किया है। इस मामले में चाइना और हवाला कारोबार की जानकारी जुटाई जा रही है। नोएडा पुलिस की तरफसे उन अपराधियों की जानकारी दी गई है, जो अमेरिका में रहकर इस कॉल सेंटर के लिए ई-मेल ब्लास्टिंग करवा रहे थे। इसमें एक अमेरिकी नागरिक का नाम भी सामने आ गया है, जिसे यहां की पुलिस ने वांछित किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका में जांच बढ़ने पर उनसे जो भी जानकारी मांगी जाएगी उसमें पूरा सहयोग किया जाएगा। विभिन्न विदेशी और भारतीय एजेंसियों के इनपुट पर पुलिस पहले भी ठगी करने वाले कई कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर चुकी है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बीते कुछ महीने में जितने भी कॉल सेंटर का पर्दाफाश हुआ, ज्यादातर मामलों में सरगना बच निकले थे। जांच और पूछताछ के दौरान पता चला कि अधिकतर मामले में पुलिस की कार्रवाई के समय सरगना कॉल सेंटर के आसपास ही अपने वाहनों में बैठे हुए थे। कार्रवाई होते देख वे फरार हो गए। इसबार जैसे ही पुलिस को फर्जी कॉल सेंटर का इनपुट मिला, टीम ने सबसे पहले कॉल सेंटर के आसपास तीन सौ मीटर की परिधि में खड़ी गाड़ियों की तलाशी लेनी शुरु कर दी। संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई। पूछताछ के दौरान ही कॉल सेंटर के सरगना पुलिस के हत्थे चढ़ गए। सभी सेंटर के बाहर अपनी कारों में बैठकर हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे। सरगना को दबोचने के बाद पुलिस कॉल सेंटर के अंदर पहुंची और वहां काम कर रहे सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रे, सौरभ राजपूत, सादिक ठाकुर ओर साजिद संचालित कर रहे थे।

## आज़ाद समाज पार्टी प्रत्याशी प्रियंका हांडा के अन्तिम दिन चुनाव प्रचार में उमड़ा जनसैलाब

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी से वार्ड नंबर 19 की पार्षद पद की प्रत्याशी श्रीमती प्रियंका हांडा पत्नी मोहित सूद वाल्मीकि ने अपना चुनाव प्रचार के अंतिम दिन वार्ड नंबर 19 के पटेल मार्ग वाल्मीकि कुंज पुलिस कॉलोनी पटेल नगर जगदीश नगर मुकुंद नगर गोपाल नगर गौतम नगर बोझा रविदास नगर में अपने हजारों समर्थकों के साथ रोड शो व गली-गली में जाकर अपना प्रचार किया और वार्ड नंबर 19 की महान जनता से अपील की कि आने वाले 17 दिसंबर को चुनाव चिन्ह केतली के निशान पर बटन दबाकर दूसरी बार चुनाव लड़ रही श्रीमती प्रियंका हांडा को अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान करने का अनुरोध किया।

अपील की जिसमे प्रियंका हांडा के हजारों समर्थकों ने अपनी एकता का परिचय देते हुए वार्ड नंबर 19 की जनता ने हर मोहल्ले से इकट्ठे होकर अपनी एकता का परिचय दिया और वार्ड नंबर 19 से इस बार श्रीमती प्रियंका हांडा को अपना समर्थन दिया आशीर्वाद दिया और हर गली गली में उनका सम्मान किया जिसमें मोहित सूद वाल्मीकि ने वार्ड नंबर 19 की जनता से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि आने वाले 17 दिसंबर को केतली के चुनाव चिन्ह पर अपना आशीर्वाद देकर केतली के निशान पर बटन दबाकर श्रीमती प्रियंका हांडा को भारी मतों से विजयी बनाएं प्रियंका हांडा जी ने वार्ड नं 19 में तीनों प्रत्याशी यो को भी पीछे छोड़ा और वार्ड नं 19 की जनता ने एक तरफा अपना समर्थन दियाद्य सबसे ज्यादा भीड़ दिखा कर व अपना शक्ति प्रदर्शन किया

जिसमें आज़ाद समाज पार्टी काशीराम व भीम आर्मी दिल्ली प्रदेश के प्रभारी हिमांशु वाल्मीकि राजस्थान प्रदेश के प्रभारी श्री सतपाल चौधरी उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव कपिल आजाद गुलजार सिद्दीकी कोर कमेटी सदस्य रोशनीदार कामांडो सुभाष गौतम, राहुल छलाना महानगर अध्यक्ष, शिवकुमार चावला राहुल बाबा, अंकित राठी व पार्टी के जिला अध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष आज़ाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता और वार्ड नंबर 19 की जनता, माता बहने व नौजवान साथी और बुजुर्ग साथ रहे।

## हत्या के आरोपी मां-बेटे को अदालत ने सुनायी तीन वर्ष के कारावास की सजा

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** मकान खाली कराने के विवाद में ईंट मारने से ननद के घर आई भाभी की मौत के मामले में अदालत ने किरायेदार हरीश और उसकी मां कमला को तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अदालत के न्यायाधीश अनिल कुमार ने दोषी मां-बेटे पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश चंद्र शर्मा ने बताया कि मोदीनगर थाना क्षेत्र ब्रह्मपुरी मोहल्ले के चंद्र मोहन शर्मा पत्नी के साथ नौ जुलाई 2017 को मोदीनगर में बहन राधा के घर गए थे। राधा का किराएदार हरीश और उसकी मां कमला से मकान खाली करने को लेकर विवाद चल रहा था।अचानक हरीश और उसकी मां ने मकान से लोगों पर ईंट फेंकना शुरू कर दिया, जो चंद्र मोहन, उनकी पत्नी और बहन को लगी। इस हमले में सोनिया गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए मेरठ में भर्ती कराया। जहां 11 जुलाई 2017 को उसकी मौत हो गई।मामले की रिपोर्ट चंद्र मोहन ने हरीश और उसकी मां कमला के खिलाफ मोदीनगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की अंतिम सुनवाई जिला जज अनिल कुमार की कोर्ट में चली। अदालत ने पेश सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर हरीश और उसकी मां कमला को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## रोजाना 200 चालान, फिर भी गलत दिशा में चल रहे वाहन चालक बेवरवाह

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में दंपती सहित तीन लोगों की मौत होने के बाद भी बसों के गलत स्टॉपेज बदस्तूर जारी है। सवारियों को हाईवे के बीच छोड़ा जा रहा है।

हाइवे और सर्विस रोड पर यातायात दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है। लालकुआं से विजयनगर तक चार कटों पर एक एसआई और दो पुलिसकर्मियों को तैनात किए गए हैं। वेवसिटी एससीपी लिपी नागायच ने बताया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक और थाना पुलिस ओवरस्पीड और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं। थाना पुलिस रोजाना 40 से 50 तो यातायात पुलिस के चार दरोगा 200 से 250 वाहनों के चालान काटने की कार्रवाई कर रहे हैं। हालांकि वाहनों की गतिमापक और ओवरस्पीड से भी ई-चालान की व्यवस्था है।

वाहनों की गति पर ब्रेक लगे इसके लिए डीएमई पर पीआरवी की गश्त बढ़ाई गई है। डीएमई पर सफेद पट्टी के बाहर खड़े होने वाले वाहनों के भी चालान काटे जा रहे हैं।

हाईवे पर कम स्पीड वाले वाहन प्रतिबंधित हैं।शराब पीकर वाहन चलाने, मोबाइल पर बात करने और स्टाप लाइन के उल्लंघन पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

डीएमई पर ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध है। इनमें विजयनगर टी-प्वाइंट, कनावनी पुस्ता रोड, बहरामपुर पुलिस चौकी, तिगरी कट, भारत पेट्रोल पंप के पास क्रॉसिंग रिपब्लिक, काला पत्थर, बिजली दफ्तर के पास, आईएसएफ गेट नंबर एक के सामने, शिप्रा कट के नजदीक पुलिस तैनात की गई है।

## नोएडा प्राधिकरण के सस्पेंड ओएसडी पर विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई

**एसपी विजिलेंस मेरठ की अगुवाई में 18 सदस्यीय टीम ने नोएडा सेक्टर-47 स्थित उनके तीन मंजिला घर और इटावा के मलाजनी स्थित स्कूल पर छापेमारी की**

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण के निलंबित ओएसडी रवींद्र सिंह यादव पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों के तहत विजिलेंस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इंदु सिद्धार्थ, एसपी विजिलेंस मेरठ की अगुवाई में 18 सदस्यीय टीम ने नोएडा सेक्टर-47 स्थित उनके तीन मंजिला घर और इटावा के मलाजनी स्थित स्कूल पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक, नोएडा सेक्टर-47 में रवींद्र यादव के 16 करोड़ रुपये के तीन मंजिला आवास से भारी मात्रा में संपत्ति बरामद की गई। जिसमें लगभग 37 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, 62.44 लाख रुपये के आभूषण और 2.47 लाख रुपये कैश बरामद की बात सामने आई है। इसके अलावा बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों, निवेश और लगभग एक दर्जन संपत्तियों के अभिलेख भी मिले। विजलेंस की टीम ने इटावा के मलाजनी में स्थित स्कूल पर भी छापेमारी की है जिसकी अनुमानित कीमत 15 करोड़ रुपये है, उसमें भी अनियमितताओं का खुलासा हुआ। 2 करोड़ रूपये के स्कूल उपकरण,1.04 करोड़ रुपये की बसे मिली है। रवींद्र यादव पर 2007 में नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी के पद पर रहते हुए सरकारी भूमि का नियमविरुद्ध आवंटन करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि विजिलेंस टीम ने 12 घंटे की छानबीन के दौरान सभी साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। इन साक्ष्यों को जांच प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

## जनपद के 60 अस्पतालों में नहीं मिले आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद।** जिले में चल रहे 60 अस्पतालों में आग बुझाने पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले हैं। झांसी अग्निकांड के बाद कराई गई जांच में यह लापरवाही सामने आई है। इस पर कार्रवाई करने के बजाय अधिकारी सिर्फ नोटिस जारी कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि लापरवाही बरतने वालों में सरकारी अस्पताल भी शामिल हैं। यह हाल तब है जबकि जिला अस्पताल तक में कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं हैं। झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नीकू वार्ड में आग लगने से 15 नवजात की मौत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने नवंबर के अंतिम सप्ताह में दोबारा जांच की थी।

इसमें 325 अस्पतालों में से 60 में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले। इस कारण से सभी अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी करने के साथ ही सीएमओ कार्यालय को भी सूचित किया गया।संयुक्त अस्पताल में डेढ़ वर्ष बाद भी नहीं पूरा हुआ काम संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में डेढ़ वर्ष पहले से अग्निशमन यंत्र लगाने का काम चल रहा है। छह महीने पहले अस्पताल परिसर में पाइप लगाने के बाद संबंधित कंपनी ने काम बंद कर दिया है। इस कारण इस अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

वहीं एमएमजी अस्पताल का भवन जर्जर होने के बाद उसे तोड़ने का आदेश हो चुका है, इसलिए वहां पर सिस्टम लगाया ही नहीं जाना है। पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अलावा दो ब्लॉक स्तरीय पीएचसी पर मरीजों को भर्ती करने की सुविधा है। सीएचसी पर सेंट्रलाइज फायर फाइटिंग सिस्टम लगाने के लिए 2018 में शासन ने निर्देश जारी किया था।

## किशोरी को अगवा करने वाला शातिर अब पुलिस के शिकंजे में

**16 साल बाद क्राइम ब्रांच टीम के हत्थे चढ़ा है। आरोपी यूसुफ ने दूसरे संप्रदाय की किशोरी से निकाह रचाया और उसके साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रहा**

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र से पडोसी किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी वारदात के 16 साल बाद क्राइम ब्रांच टीम के हत्थे चढ़ा है। आरोपी यूसुफ ने दूसरे संप्रदाय की किशोरी से निकाह रचाया और उसके साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रहा। दोनों अब तीन बच्चों के माता-पिता हैं। पुलिस जल्द ही पीड़िता को कोर्ट में पेश करेगी।एडीसीपी सच्चिदानंद राय ने पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस वार्ता में बताया कि मसूरी थाना में क्षेत्र के बीएससी पास आरोपी युसूफ पड़ोसी के घर उनके बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने जाता था।

इसी दौरान छात्रों की 16 वर्षीय बहन को अगवा कर ले गया। युसूफ किशोरी को लेकर नूंह हरियाणा में किराये के मकान में रहने लगा और एक निजी स्कूल और घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने लगा और परिजनों से नाता तोड़ लिया।

पुलिस ने जांच के दौरान प्रकाश में आए आरोपी के पिता सलीमुद्दीन और उसके भाइयों करीमुद्दीन, अय्यूब, अज्जू उर्फ एयाज और आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने कुर्की की भी कार्यवाही की और मई 2024 में आरोपी यूसुफ की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया था। शुक्रवार को यूसुफ किसी काम से मसूरी आया था और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। युसूफ ने किशोरी से निकाह करने व तीन बच्चों के माता-पिता होने की बात कही। एडीसीपी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने नूंह में भी जांच पड़ताल की है और जल्द ही पीड़िता के बयान कोर्ट में दर्ज कराए जाएंगे।

नमाज पढ़ती है पत्नी - गिरफ्तार युसूफ ने बताया कि उसकी पत्नी दूसरे संप्रदाय की है लेकिन अब वह नमाज पढ़ती है। 16 वर्षों में परिजनों या पत्नी के परिजनों से संपर्क नहीं किया। बड़ा बेटा आयान 11 वर्ष का है और कक्षा छह का छात्र है।

## आधी आबादी के सशक्ति करण के लिए संकल्पित है मिशन शक्ति अभियान

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा/कासगंज।** उ0प्र0 शासन द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार नई योजनाएं चलाई जा रही हैं, महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित किए जा रहें हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर अपनी बात या शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई एवं नशीली वस्तुओं का सेवन न करने एवं नशावृत्ति के कारण परिवार को होने वाली शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया।

नशे की लत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति जागृत करने एवं नशामुक्ति विशेषज्ञों एवं परिवार के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कराये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए गए, इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 1.62 लाख केस

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार ने सुबह दस बजे राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत कराई। लोक अदालत में 162,775 वादों का निस्तारण किया गया।

आरोपियों पर 1.71 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाया गया। जबकि अलग-अलग मामलों में 3.58 करोड़ रुपये पक्षकारों को दिलाए गए।विशेष न्यायाधीश सीबीआई व लोक अदालत के नोडल अधिकारी परवेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवार न्यायालय में आपसी सुलह समझौते के आधार पर वैवाहिक एवं भरण पोषण संबंधी 80 मामलों का निस्तारण कराया गया। लघु प्रकृति के मामले में लेबर एक्ट, वाणिज्य अधिनियम, बाट माप अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम, आबकारी अधिनियम, जिला परिषद अधिनियम आदि के मामलों को निस्तारित किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुमार मिताक्षर ने बताया कि वाहन दुर्घटना प्रतिकर से संबंधित कुल 76 मामलों का निस्तारण हुआ।

पीड़ितों व उनके परिजनों को तीन करोड़ 58 लाख 91 हजार नौ रुपये देने के आदेश दिए गए। अलग-अलग बैंकों के ऋण संबंधी कुल 320 केसों का निस्तारण किया गया। राजस्व संबंधी एक लाख 21 हजार 851 मामले निस्तारित हुए। इनमें कई करोड़ रुपये अर्थदंड भी लगाया गया।

अदालत के जानकारों का कहना था कि लंबे समय तक चली वकीलों की हड़ताल के दौरान बहिष्कार की घोषणा से असमंजस की स्थिति से इस बार निस्तारण कम हुआ। हालांकि सचिव का कहना है कि वकीलों का पूरा सहयोग रहा।

लोक अदालत में अपर जिला जज हीरालाल, नजारत के प्रभारी अधिकारी नीरज गौतम, कोर्ट मैनेजर सहित अन्य न्यायाधीश मौजूद थे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने धीरेन्द्र अवाना

**संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने नोएडा में वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र अवाना के आवास पर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार हाकिम सिंह ने की तथा संचालन प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर नरेश सिंह ने किया**

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने आज अपने संगठन का विस्तार करते हुए गौतमबुद्ध नगर में नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है। इसकी घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने नोएडा में वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र अवाना के आवास पर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार हाकिम सिंह ने की तथा संचालन प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर नरेश सिंह ने किया।बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सचिव नरेश सक्सेना ने कहा कि आज संगठन का विस्तार राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में हुआ।बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संगठन का

पत्रकारों की सुरक्षा, स्वाभिमान एवं सदाशयता के लिए सदैव काम करता है और विषम परिस्थिति के उनके साथ सदैव खड़ा रहता है।इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रान्तों में भी पत्रकार एसोसिएशन का काम तेजी से बढ़ा है।1982 से शुरु हुयी इस यात्रा में हमेशा पत्रकारों का हित का चिन्तन होता है। जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र अवाना ने इस अवसर पर संगठन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुयी कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक और तहसील में संगठन विस्तार हेतु पूरा प्रयास करुँगा तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।बताते चले कि पत्रकारिता क्षेत्र में उनके योगदान और समर्पण के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बता दे कि धीरेन्द्र अवाना नोएडा के नयाबांस गांव के निवासी हैं। वे लंबे समय से पत्रकारों के हित के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।उनकी कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए संगठन ने गौतम बुद्ध नगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हाकिम सिंह,उदय अवाना, जुनैद, संगीता चौधरी, प्रियंका शर्मा, पवन कुमार, संदीप कुमार, पंकजराज, गौरव, मंतोष, बलवीर, अशोक पंडित, सुरेश चौहान, नेमचंद चौधरी, पवन डेढ़ा, वीरेश शर्मा, परमजीत नागर आदि मौजूद रहे।

### फसल नष्ट होने से किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांदा।** जनपद में जंगली सूअर और अन्ना जानवर द्वारा फसल बर्बाद हो जाने की वजह से किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चरवाहों ने जब किसान को फांसी पर लटका हुआ, देखा तो तुरंत परिजन और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई में जुट गई है। आपको बता दें की पूरा मामला बांदा के पैलानी थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव के रहने वाले सुल्तान सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह (50) ने कल देर शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया की जंगली सूअर और अन्ना जानवर की वजह से वहां के किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है। जंगली सूअर की वजह से उसकी खेती भी बर्बाद कर दी थी। जिसमें किसान ने खेत में गेहूं और चना बोए था। उसके पास 5 बीघे जमीन थी। शनिवार शाम में किसान अपने खेत गया था। वहां पर नीम के पेड़ में किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

संक्षिप्त खबरें

## ससुराली जनों के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज

**सुबेहा, बाराबंकी।** विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन ससुराली जनों पर दहेज प्रथा सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के सरांयचदेल गांव निवासी ओमनारायण की पुत्री ममता का विवाह पड़ोसी गांव निवासी राममिलन के पुत्र अखिलेश के साथ हुआ था। ममता ने सुबेहा पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया कि दहेज में चार पहिया वाहन न मिलने पर ससुराली जनों द्वारा हमें आए दिन मारा पीटा जाता रहा है। हमें ससुराल से भी भगा दिया गया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने पति अखिलेश ससुर राममिलन सास सरजू देई ननद ज्योति जेठ सुरेश देवर महेश के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## अमीरखेड़ा में आबंटन की जमीन पर गांव के लोगों ने किया कब्जा, राजस्व व पुलिस से शिकायत

**बीघापुर,उन्नाव।** सदर तहसील क्षेत्र के अमीरखेड़ा गांव में आबंटन की जमीन पर गांव के ही रहने वाले लोगों पर कब्जे का आरोप लगा है। हरिशंकर पुत्र चिह्निलाल ने बीघापुर कोतवाली पुलिस और राजस्व विभाग को लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि मेरे पिता के नाम 2009 ने 10 बिसुआ जमीन आबंटित की गयी थी। जिसमे जमीन के कुछ हिस्से को गांव के ही लोगों ने कब्जा कर रखा है। और कहने पर धमकी देते है जिससे परेशान होकर पुलिस को शिकायत पत्र दिया है। रविवार दिन के 01 बजे पीड़ित हरिशंकर ने जानकारी दी है।

## रोडवेज बस ने कार को मारी टक्कर, 4 घायल



**मसौली बाराबंकी।** बाराबंकी रामनगर हाईवे पर लखनऊ की ओर कार से बरात जा रहे थे कि मसौली चौराहा के करीब पहुंचे थे कि पीछे से रोडवेज ने जोर टक्कर मार दी। सामने से आ रहा टैक्टर में जा घुसी। जिसमें टैक्टर की आगामी पहिया निकल गई । जिसमें कार में सवार चार लोग मामूली चोट आई। घटना की सूचना पर मसौली पुलिस ने पहुंचकर घायलों को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गए। अयोध्या रोड कोतवाली फैजाबाद निवासी डॉ इरफान बारी, डॉ नसीम खान, डॉ ऐजाज, डॉ अजीज कार में सवार होकर रविवार की शाम को शादी समारोह में लखनऊ के लिए जा रहे थे कि बाराबंकी रामनगर हाईवे पर मसौली पशु बाजार के निकट पहुंचे थे कि ओवरटेक को लेकर पीछे से आ रही रोडवेज की बस ने जोरदार टक्कर मार दी।कार सामने से आ रहे टैक्टर में जा घूसी जिसमें टैक्टर का एक अगली पहिया टूट गई।कार में सवार मामूली रूप से घायल हो गए। मसौली पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घर चले गए। रोडवेज बस भाग निकली।

## भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की मनाई गई पुण्यतिथि

**अयोध्या।** भाजपा महानगर कार्यालय सहादतगंज में भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि मनाई गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा महानगर उपाध्यक्ष राम प्रीत वर्मा द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि देश की एकता व अखण्डता के लिए शिल्पकार की भूमिका में उन्हें याद करते है। स्वतंत्रता के बाद रियासतों के बटे भारत को एक करके उसे आंतरिक रुप से उन्होनें मजबूत किया। अखंड भारत निर्माण में उनके योगदान कभी विस्मृत नही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र का अध्ययन हमें अखण्डता व एकता का पाठ पढ़ाता है। हम उन्हे लौह पुरुष के रुप में याद करते है।महानगर उपाध्यक्ष राम प्रीत वर्मा ने कहा कि आज के इस अवसर पर हम भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने का संकल्प लेते है।इस दौरान महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्या, काशीराम रावन, राकेश मणि त्रिपाठी, शशि प्रताप सिंह, वरूण चौधरी, लक्ष्मण वर्मा, राजकुमार वर्मा, राम भजन वर्मा, स्वप्निल श्रीवास्तव, पार्षद अनूप श्रीवास्तव, देवता पटेल, कपिल देव वर्मा, चंदन कसेरा, कार्यालय मंत्री सुशील मिश्र बब्लू सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयोजित ओटीएस विद्युत कैंप का आयोजन 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक शुरू

**अयोध्या ।** बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र के सराय खरगी में आयोजित ओटीएस विद्युत कैंप का आयोजन 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक शुरू की गई एक मुश्त समाधान योजना के तहत किया गया। यह योजना विद्युत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में राहत प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई है। रविवार को बीकापुर तहसील क्षेत्र में ओटीएस योजना 2024-25 के अंतर्गत विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों जैसे बीकापुर, तारुन, गयासपुर, हैदरगंज, मगारी, रामपुर भगन, दराबगंज और सराय खरगी में कैंप लगाए गए। पहले दिन 180 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर अपने बकाया बिल का भुगतान किया और सरचार्ज में छूट का लाभ उठाया। इस दौरान लगभग 6.82 लाख रुपए बकाया विद्युत बिल जमा किए गए। विद्युत उपखंड अधिकारी संदीप यादव ने बताया कि अभियान में अगले दो-तीन दिनों में तेजी आने की उम्मीद है। 31 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन करने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा छूट मिलने की संभावना है।

## बुजुर्ग व्यापारी को पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप भतीजे पर लगा, घटना की जांच में जुटी पुलिस

**रामपुरभगन- अयोध्या।** कपड़े एवं मिठाई के बुजुर्ग व्यापारी को पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप उसके भतीजे पर लगा है। पुलिस भतीजे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना तारुन थाना अंतर्गत रामपुरभगन चौकी क्षेत्र कस्बा की है। बताया जा रहा है कि रोशन लाल सोहनलाल रामचरन मोदनवाल तीनों सगे भाई हैं। इनकी करोड़ों की संपत्ति रामपुरभगन बाजार में है। इसमें काफी बेशकीमती जमीनों को बेचकर रोशन लाल के तीनों बेटे व सोहनलाल का पूरा परिवार फैजाबाद अयोध्या शहर में मकान बनाकर रहता है। आग लगने से झुलसकर घायल रोशनलाल के पुत्र पवन कुमार ने बताया कि पिछले तीन साल से संपत्ति बंटवारे का विवाद चल रहा है। जिसको लेकर रविवार की सुबह चाचा के लड़के सत्यम ने पिता रोशनलाल पर पेट्रोल डालकर जला दिया। जब वह लघु शंका करने घर से बाहर निकले थे। चाचा रामचरन एंबुलेंस से लेकर पिताजी को सीएचसी तारुन पहुंचे। जहां से उन्हें नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीओ बीकापुर पीयूष ने बताया कि बुजुर्ग व्यापारी के भतीजे सत्यम को कस्टडी में ले लेकर पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल का एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने भी मौका मुआयना किया है। फॉरेंसिक टीम भी पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## भाजपा सीखड़ मण्डल अध्यक्ष के लिए हुआ नामांकन

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर रविवार को पचरांव स्थित आईटीआई कॉलेज के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा कार्यकर्ता सहित सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। सीखड़ मंडल अध्यक्ष हेतु 7 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किया वहीं जिला प्रतिनिधि हेतु दो लोगों ने नामांकन पत्र जमा किया। चुनाव अधिकारी के रूप में हेमंत त्रिपाठी जिला मंत्री जिला सहसंयोजक भाजपा रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय, विजय नारायण शीतलेश्वर पाठक, ज्ञानधर शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# अमेठी से पांच हजार कांग्रेसी विधानसभा घेराव में होंगे शामिल

» फरहान वारसी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बताया कि कानून और संविधान पर विश्वास है लेकिन केंद्र और प्रदेश की सरकार सिर्फ हिटलर शाही कर रही है

लोकमित्र संवाद

**अमेठी।** अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी पूर्व मंत्री राजेश तिवारी ने रविवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में बैठक की और 18 दिसंबर को विधानसभा घेराव की रूपरेखा तैयार की उपस्थित कांग्रेस जनों को बताया कि लखनऊ में अमेठी की भागीदारी सबसे अधिक होनी चाहिए,कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निवर्तमान स्थिति में भी सबसे बड़ी ताकत के साथ लखनऊ में उपस्थित रहेगी कार्यक्रम की तैयारी को बताते हुए उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी, पीसीसी, फ्रंटल संगठन, व पदाधिकारी अपने साथ 10 लोगों को लेकर जाएंगे।

अमेठी का लक्ष्य है कि हम 5000 लोगों को लेकर पहुंचेंगे सभी साथी अपनी अपनी गाड़ियों में अमेठी का स्टीकर अवश्य लगाएं।

श्री तिवारी ने कहा यह आंदोलन सत्ता में बैठे लोग जो संविधान को तोड़ने का काम कर रहे हैं

हर व्यक्ति को अपनी आजादी का अधिकार है,

**प्रदेश सचिव संगठन प्रभारी फरहान वारसी**

फरहान वारसी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बताया कि कानून और संविधान पर विश्वास है लेकिन केंद्र और प्रदेश की सरकार सिर्फ हिटलर शाही कर रही है

जनहित में समाज के विशिष्ट लोगों की अपील सोशल मीडिया पर जरूर डालें

**जनहित के सभी मुद्दों की लडाई जनता तक पहुंचाए**

परंपरागत कार्य और नीति को खत्म किया जा रहा हैं, 18 दिसंबर के आंदोलन से कांग्रेस स्थानीय चुनाव लड़ने की तैयारी अभी से शुरू करें ,विधानसभा चुनाव लड़ने वाले नेता लक्ष्य लेकर पंचायत, निकाय चुनाव और विधानसभा की तैयारी करें 2027 का लक्ष्य लेकर जनता के सभी मुद्दों पर लड़ना होगा।

कार्यक्रम में सभी ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, सेवादल, विधानसभा प्रभारी तथा पदाधिकारीयों सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमानन्द मिश्रा, किरन देवी,अनिल सिंह, रजवाड़ी पासी, मो मतीन, सुनील सिंह,फतेह बहादुर, अर्जुनपासी, वीरेंद्र मिश्र, रामबरन कश्यप, गीता सिंह, रामदत्त यादव, शकील इदरीसी, आई पी माली, शुभम सिंह, सुमित तिवारी, इंद्र पाल प्रभाकर, त्रिभुवन पासी, आशिफ उपस्थित रहे।

## बूथों पर मजबूती से जुटें सपा के कार्यकर्ता- पारसनाथ यादव

**अयोध्या ।** रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा के विकासखंड अमानीगंज स्थित बाबा खाकी दास कुटी नंदौली में समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान बचाओ, खेती बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि मिल्कीपुर के उपचुनाव से कोई मुख्यमंत्री बनेगा या कोई मुख्यमंत्री हटेगा यह कोई सवाल नहीं है। सवाल यह है कि संविधान बचेगा कि नहीं, डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सपने जो अधूरे हैं पूरा करने के लिए समाजवादी साथियों मै कहना चाहता हूं हम सभी की जिम्मेदारी बनती है की बाबा साहब के सपने को पूरा करें। हमें अग्निवीर जैसी नौकरी नहीं चाहिए सरकार बनने पर हम अग्निवीर जैसी नौकरी को ख़त्म कर देंगे। लोकसभा चुनाव के तरीके से मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी को जीत दिला कर सपा कार्यकर्ता इतिहास बनाने का काम करें। कार्यक्रम को डॉ माखनलाल यादववेद प्रकाश यादव, अवधेश सिंह, सुभाष रावत, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

# हाईवे जोड़ने वाली सड़क हुई जर्जर, जिम्मेदार अंजान



» राहगीर हो रहे परेशान

लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** बाराबंकी रामनगर हाईवे के शहावपुर नहर के सम्पर्क मार्ग से अयोध्या लखनऊ हाइवे को जोड़ने वाले सड़क पर जगह जगह जर्जर होने के कारण राहगीरों को दिक्कत होती है। परन्तु लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है। बाराबंकी रामनगर हाईवे पर शहावपुर नहर के निकट बासुढिया,पहलीपार, रसौली होते हुए अयोध्या लखनऊ को जोड़ने वाली सड़क इन दिनों काफी जर्जर हालत से गुजर रही है।आलम यह है कि आवागमन करने वाले राहगीरों को छुट-पुट दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ता है। लेकिन लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे पा रहे है।

बाराबंकी रामनगर हाईवे और अयोध्या लखनऊ हाइवे को जोड़ने जोड़ता है।जिस कारण उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन अच्छा खासा होता है। सड़क पर कई स्थानों पर खराब होने के कारण दिक्कत होती है।

## पानी भरने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**पाटन उन्नाव।** सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट । शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा पंजीकृत कर एक पक्ष को शांति भंग की धारा में कानूनी कार्रवाई की है ।

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम मूरतपुर मजरे चैनपुर में सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप में पानी भरने को लेकर कुशुमा देवी पत्नी स्वर्गीय संतोष कुमार व मंजू पत्नी छोटू के बीच मारपीट हो गई थी। घटना की शिकायत पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनो पक्षों का मुकदमा पंजीकृत कर लिया था।पुलिस एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अनुराग पासी पुत्र स्वर्गीय संतोष कुमार को शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।वही दूसरे पक्ष पर बी एन एस की धारा 126 व 135 में पाबंद किया हैं।

## मदरसा जा रहे मास्टर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

संवाददाता

**अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मास्टर की हुई मौके पर दर्दनाक मौत। जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर से डेली मास्टर अखिलेश शुक्ला पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरांय के मदरसा ताजुल उलूममें बच्चों को पढ़ा रहे थे। मास्टर अखिलेश शुक्ला रोज की तरह रविवार को भी अपने घर से किसी वाहन जाकर मटौली तिराहे पर उतर कर मटौली मार्ग से पैदल पुरांय के मदरसा में बच्चों को पढ़ाने जा रहे थे। पैदल जा मास्टर साहब को मटौली गांव पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया।घटना के बाद ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ लग गई लोगों ने घटना की सूचना पुरांय के ग्राम प्रधान सरफराज को दी सूचना मिलते ग्राम प्रधान सहित मदरसा का स्टाफ व जिम्मेदार सहित तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे।ग्राम प्रधान सरफराज ने घटना की सूचना पटरंगा पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पटरंगा थाना की हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तत्काल अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।इस सम्बंध में हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग10 बजे मटौली गांव के निकट मटौली पुरांय मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरपुर निवासी मास्टर अखिलेश शुक्ला पुत्र शिवराम शुक्ला की मौत हो गई जो ग्राम पुरांय के मदरसा ताजुल उलूम में पढ़ाने जा रहे थे।उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।टक्कर के चालक वाहन लेकर फरार हो गया है अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सत्तर जोडो का विवाह सम्पन्न कराया गया



लोकमित्र संवाद

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के तीनों ब्लाकों के कुल 70 जोड़ों का सामूहिक विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। समारोह में क्षेत्रीय विधायक ने नवविवाहित युगलों को आशीर्वचन प्रदान किया।

गंजमुरादाबाद क्षेत्र के कलवारी गांव स्थित एक अतिथिगृह में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में गंजमुरादाबाद ब्लाक के 22 व नगर पंचायत क्षेत्र के तीन कुल 25 और बांगरमऊ ब्लाक के 19 व नगर पालिका क्षेत्र से 2 कुल 21 तथा फतेहपुर चौरासी ब्लाक के 23 व नगर पंचायत से 1 कुल 24 अर्थात तीनों ब्लाकों के कुल मिलाकर 70 जोड़ों का सामूहिक विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। समारोह में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार सहित खंड विकास अधिकारी निशा सागर,ए डी ओ पंचायत राकेश सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह आदि सहित तीनों ब्लाकों के कर्मचारी व वर तथा कन्या पक्ष के लोग उपस्थित रहे। आज़ के आयोजन में खास तौर पर गंजमुरादाबाद ब्लाक के गांव देवरखेड़ा निवासी एक अनाथ कन्या शिवरानी पुत्री गोगे की शादी जन-जन में चर्चा का विषय बनी रही।

# अपहरण कर हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** गैंगस्टर कोर्ट ने अपहरण कर हत्या करने के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास कारावास एवं 15,000/- रु0 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई

प्राप्त विवरण के अनुसार न्यायालय स्छ्व 05 गैंगस्टर कोर्ट के द्वारा अपहरण एवं हत्या के अभियोग में अभियुक्त उमेश दुबे पुत्र राम स्वरूप दुबे नि0 शेखपुर टेनरी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव द्वारा मुकदमा वादी की पुत्री का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई थी। जिसके संदर्भ में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 2509/02 धारा 364/302/34 पंजीकृत किया गया था । जिसमें अभियुक्त उमेश दुबे को दिनांक 19.12.2002 को गिरफ्तार किया गया था तथा दिनांक 08.02.2003 को आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। अभियुक्त उमेश दुबे उपरोक्त को आजीवन कारावास एवं 15,000/- रु0 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

अभियोजन विभाग से हरीश अवस्थी(एस.पी.पी.), अलंकार द्विवेदी (एस.पी.पी.), विश्वास त्रिपाठी(एस.पी.पी.) व विवेचक तत्कालीन प्र0नि0 निरंकार सिंह एवं पैरोकार हे0का0 प्रवेश कुमार व कोर्ट मोहर्रिर का0 प्रभात कुमार का विशेष योगदान रहा।

# नयन के जल बिंदु से तेरी करूं मैं वंदन

» काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी पंक्तियों से बाँधा समां

» समिति के अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने की अध्यक्षता मे आयोजित काव्य गोष्ठी मे कवि वीरेंद्र सिंह करुण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए कविता पढ़ी

लोकमित्र ब्यूरो



**मसौली बाराबंकी।** मसौली चौराहा स्थित शिवगँगा मैरिज लान मे रविवार को शिवगंगा साहित्य सेवा समिति की ओर से आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी मे नामचीन कवियों ने कविता पाठ कर अपने अपने विचार रखे।

समिति के अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने की अध्यक्षता मे आयोजित काव्य गोष्ठी मे कवि वीरेंद्र सिंह करुण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए कविता पढ़ी- नयन के जल बिंदु से तेरी करूं मैं वंदना, चल पड़ा सन्मार्ग हो जाऊं फिर मैं मंद ना। खो दिया उन्माद में, अभिमान में, अनजान में, पंच क्लेशों में प्रथम आए अविद्या बंध ना।

गोष्ठी में दर्जनों कवियों ने काव्य पाठ किया। कभी नगेंद्र ने पढ़ा जिसके आंचल की छाया में समा जाएं भुवव तीनों वह मां है उसकी ममता का भला परिमाप क्या होगा। शायर विनोद कुमार चौधरी ने पढ़ा -जिनसे अब तक नहीं बनी है उनसे भी, वक्त गरज को हाथ मिलाना पड़ता है। सलबैले कवि ने कविता पढ़ी कि देखूं सब में भगवान सभी में अवध बिहारी। फतेहपुर से आए कवि कुंदन सिंह ने देश प्रेम की कविता पढ़ी- जिस देश के हृदय में अग्रणी शौर्य गाथाएं !

इंद्र प्रकाश सिंह ने कहा -पढ़े लिखे अनपढ़ लगते हैं, अनगढ़ श्रमिक गवारों से। कुमार पुष्पेंद् ने सरदार वल्लभभाई पटेल पर रचना पढ़ी - जमाना भूल सकता है किसी भी नाम को लेकिन, तुम्हारे नाम को हरगिज भुलाया जा नहीं सकता !

इस अवसर पर अनेक क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।

# सम्मान निधि का लाभ पाने हेतु जनपद के किसानों को करना होगा फॉर्मर रजिस्ट्री

» रजिस्ट्री में कृषक व उसके पिता का नाम दर्ज होगा उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर आदि दर्ज होगा

लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए अब किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य होगा। इस रजिस्ट्री में कृषक व उसके पिता का नाम दर्ज होगा उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर आदि दर्ज होगा।

सह खातेदार होने की स्थिति में गाटा में किसान का अंश और मोबाइल नंबर भी दर्ज कराना होगा।और सभी जमीनों का रिकॉर्ड आधार से लिंक कर दिया जाएगा इसके बाद किसानों का गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा प्रगति शील किसान भाई राजकीय कृषि बीज भण्डार पर भी इसका प्रशिक्षण लेकर अपनी ग्राम सभा में किसनो की फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं इससे लाभार्थी को केवल सम्मान निधि नही अपितु किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, एमएसपी बिक्री, कृषि अवसंरचना फंड (ढ्ढस्न) जैसी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। इसके लिए जनपद में 30 दिसम्बर 2024 तक कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग के कर्मचारियों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।

उप कृषि निदेशक शशांक ने बताया की यह अभियान 30 दिसम्बर तक चलेगा। वेब पोर्टल https://upfr.agristack.gov.in या मोबाइल पर upfarmerregistry.up ke माध्यम से किसान खुद अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री कर सकते है। किसान स्वयं फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए सर्वप्रथम किसान अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर के माध्यम से यह तीन ऐप डाउनलोड करेगा Farmer Registery UP, fcrd service, ehastakshar यह तीनों ऐप डाउनलोड करने के बाद किसान Farmer Registery UP ऐप को खोलेगा और सर्वप्रथम साइन अप करके अपनी आईडी क्रिएट करेगा आईडी बनने के लिए यूजर आईडी में अपना मोबाइल नंबर और पासवर्ड 8 अंकों का डालेगा साइन अप होने के बाद फार्मा रजिस्ट्री एप पर जाकर साइन इन करेगा यूजर आईडी पासवर्ड डालकर और दिए गए विवरण को ध्यान पूर्वक भरेगा अंत में उसे सक्सेसफुली होने के पश्चात एनरोलमेंट नंबर प्राप्त होगा।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में सरकार के कदम की सराहना

**मिर्जापुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले विभिन्न सेवा संगठनों की बैठक फ्तहाँ स्थित परिषद कार्यालय में आहूत की गई। बैठक में प्रतिभाग करते हुए सेवा संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा अपने विभाग में कार्यरत साथियो की समस्यायों से अवगत कराया गया। यह कहा गया कि इन समस्यायों का निराकरण यथाशीघ्र कराया जाय। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शाशन के पत्र के क्रम में जनपद स्तरीय व मंडल स्तरीय अधिकारियों की अगुवाई में कर्मचारी संगठनों की बैठक कर सुनवाई कर समस्यायों का समाधान किया जाय। सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव के आदेश का शत प्रतिशत पालन करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष विनोद तिवारी, राकेश तिवारी, प्रशांत मिश्रा, गुड्डू ठाकुर तकनीकी सहायक संघ, पीयूष दुबे, अध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ व अन्य विभागों के सेवा संगठनों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत, पांच घायल

» एक गंभीर रूप से घायल रेफर

लोकमित्र संवाद

**औरास उन्नाव।** एक्सेप्रेस ट्ठवे की सर्विस लेन पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में, दो युवती सहित पांच लोग घायल हो गये , परिजन उन्हे निजी वाहन से सीएचसी ले गये। चिकित्सको ने एक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया, परिजन उसे वहाँ न ले जाकर लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल ले गये।

जानकारी के मुताबिक औरास थाना क्षेत्र के रामपुर गढ़ोवा गांव निवासी (24) वर्षीय विवेक पुत्र आत्मप्रकाश गाँव के ही (21) वर्षीय रितेश पुत्र नन्हकू,के साथ रविवार को बहन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन के रास्ते से औरास थाना क्षेत्र के डकौली गांव जा रहा था वहीं दूसरी तरफ मलिहाबाद थाना क्षेत्र के कनर गांव निवासी (18) मनीष पुत्र रामचंद्र रावत औरास थाना क्षेत्र के गहाखेड़ा गाँव रिश्तेदार के वहां आकर गहाखेड़ा की ही (17) वर्षीय कामिनी पुत्री जाट व (18) वर्षीय संध्या पुत्री पुत्तीलाल को बाइक पर बैठा कर जा रहा था वहीं रानी खेड़ा अंड़र पास के पास पहुचे ही थे कि सामने से आ रही बाइक में आमने-सामने वेदांत हो गई जिसमें दो युवती सहित पांच लोग घायल हो गए जिनको परिजनों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में लेकर गये जहाँ चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार कर विवेक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया परिजन उन्हें वहां ना ले जाकर अपने निजी वाहन से लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए।

संक्षिप्त खबरें

## आबकारी विभाग का मंडली अधिवेशन व चुनाव कार्यक्रम संपन्न

### विकास सिंह बने अध्यक्ष अंकुर गौतम बने महामंत्री



**अयोध्या।**आबकारी विभाग का मंडलीय अधिवेशन और चुनाव कार्यक्रम अयोध्या के नाका स्थित आबकारी भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एक्साइज कांस्टेबल एसोसिएशन के दो महत्वपूर्ण पदों के लिए चुनाव हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उप आबकारी आयुक्त व अयोध्या प्रभार सुधीर सिंह उपस्थित रहे।अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार थे–विकास सिंह, अभय प्रताप सिंह, और पवन कुमार तिवारी। विकास सिंह ने 51 मतों के साथ अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। महामंत्री पद के लिए अंकुर गौतम और सिद्धार्थ सोमवंशी दावेदार थे, जिसमें अंकुर गौतम ने 82 मतों के साथ विजय प्राप्त की।अध्यक्ष पद पर पवन कुमार तिवारी को 42 मत मिले, जबकि अभय प्रताप सिंह को 24 वोट मिले। महामंत्री पद पर सिद्धार्थ सोमवंशी को 34 वोट मिले।विजेता उम्मीदवारों का सम्मान माला पहनाकर और बधाई दी गई। नव-निर्वाचित अध्यक्ष विकास सिंह ने विभाग की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया और अपने साथियों के लिए कई सुविधाएं सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं, महामंत्री बने अंकुर गौतम ने सबका आभार व्यक्त किया और अपने साथियों के अधिकारों की रक्षा करने का वादा किया।

चुनाव कार्यक्रम का आयोजन नवीन गुप्ता, राजेंद्र सिंह, घनश्याम, और प्रताप की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बूथों पर मजबूती से जुटे सपा के कार्यकर्ता- पारसनाथ यादव

**अयोध्या ।** रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा के विकासखंड अमानीगंज स्थित बाबा खाकी दास कुटी नंदौली में समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान बचाओ, खेती बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि मिल्कीपुर के उपचुनाव से कोई मुख्यमंत्री बनेगा या कोई मुख्यमंत्री हटेगा यह कोई सवाल नहीं है। सवाल यह है कि संविधान बचेगा कि नहीं, डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सपने जो अधूरे हैं पूरा करने के लिए समाजवादी साथियों मै कहना चाहता हूं हम सभी की जिम्मेदारी बनती है की बाबा साहब के सपने को पूरा करें। हमें अग्निवीर जैसी नौकरी नहीं चाहिए सरकार बनने पर हम अग्निवीर जैसी नौकरी को ख़त्म कर देंगे। लोकसभा चुनाव के तरीके से मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी को जीत दिला कर सपा कार्यकर्ता इतिहास बनाने का काम करें। कार्यक्रम को डॉ माखनलाल यादव,रामजी पाल,अनूप सिंह, सिराज अहमद,राम लहू यादव, रामतेज यादव, वेद प्रकाश यादव, अवधेश सिंह, सुभाष रावत, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव व संचालन यदुनाथ यादव ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## आयोजित ओटीएस विद्युत कैंप का आयोजन 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक शुरू

**अयोध्या ।** बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र के सराय खरगी में आयोजित ओटीएस विद्युत कैंप का आयोजन 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक शुरू की गई एक मुश्त समाधान योजना के तहत किया गया। यह योजना विद्युत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में राहत प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई है। रविवार को बीकापुर तहसील क्षेत्र में ओटीएस योजना 2024-25 के अंतर्गत विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों जैसे बीकापुर, तारुन, गयासपुर, हैदरगंज, मगारी, रामपुर भगन, दराबगंज और सराय खरगी में कैंप लगाए गए।

पहले दिन 180 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर अपने बकाया बिल का भुगतान किया और सरचार्ज में छूट का लाभ उठाया। इस दौरान लगभग 6.82 लाख रुपए बकाया विद्युत बिल जमा किए गए। विद्युत उपखंड अधिकारी संदीप यादव ने बताया कि अभियान में अगले दो-तीन दिनों में तेजी आने की उम्मीद है। 31 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन करने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा छूट मिलने की संभावना है।

## निरीक्षण में मिली खामियां, गोशालाओं में टिनशेड और बाउंड्रीवाल की जरूरत



**बांदा।** शासन के निर्देश पर पशुधन विभाग लखनऊ के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश कुशवाहा ने जनपद की विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें तमाम खामियां मिली। उन्होंने कहा गोशालाओं में टिनशेड के साथ ही बाउंड्रीवाल, ट्यूबवेल समेत रोशनी व्यवस्था की जरूरत है।

नोडल अधिकारी ने खपटिहा कला, सिंधन कला, माटा, छापर, पिथौराबाद, महुवा, नौगवा, पडमई आदि की गौशालाओ का किया निरीक्षण किया। खपटिहा कला में गौवंशो के सापेक्ष टीन शेड, बाउंड्रीवाल, ट्यूबवेल, पानी चरही, भूसा गोदाम, स्ट्रीट लाइट की जरूरत बताई। खप्टिहा और सिंधन की व्यवस्था देख संचालक की पीठ थपथपाई। रविवार को विभिन्न गौशालाओ के निरीक्षण में ठंड से बचाव एवं भरण पोषण के सम्बन्ध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये, नोडल द्वारा गौशालाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान खपटिहा और सिंधन कला में लगे सीसीटीवी फुटेज मे भी व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। मौके पर साइलेज ,भूसा ,चूनी, हिमालयन नमक की पर्याप्त व्यवस्था देखकर अन्य गौशालाओं को सीखने की नसीहत दी। एनजीओ द्वारा किये जा रहे नवाचार वर्मी कम्पोस्ट एवं जीवा मृत के उत्पादन पर खपटिहा कला एवं सिधन कला के संचालक की पीठ थपथपाकर आगे बढ़ने के आवश्यक निर्देश दिये। वहीं अन्य गौशालाओं को नसीहत दी कि सिर्फ पुआल के भरोसे गौशालाये न चलाये समय समय पर चूनी भूसा देने के साथ ठंड से बचाव के लिए बेहतर इंतजाम रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। वहीं पशु आश्रय स्थल खपटिहा कला में गौवंशो के सापेक्ष टीन शेड कम है। चारागाह की भूमि का समतलीकरण नहीं है। गौशाला में प्रकाश की व्यवस्था नहीं है, इसके अतिरिक्त ट्यूबवेल बाउंड्रीवल की आवश्यकता है। इस संबंध में जानकारी मांगने पर गौशाला संचालक ने बताया कि इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान मैना देवी से अनुरोध किया गया, लेकिन वह काम कराने के बजाय उच्च अधिकारियों से फर्जी शिकायत कर गौशाला लेना चाहती हैं। नोडल अधिकारी ने आश्वासन देकर समाधान कराने को कहा हैं।इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामनरेश उमराव, श्रीराम कुशवाहा, डॉ. रोहित सोनी,डा रावेन्द्र राजपूत रहे, तथा मौके पर अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की तैयारी बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या-** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने 14 जनवरी 2025 को स्थापना दिवस की तैयारी के लिए एक भव्य बैठक का आयोजन किया , जो संगठन के केंद्रीय कार्यालय देवकाली पर हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य काशीनाथ तिवारी ने की। इस बैठक में आगामी 14 जनवरी 2025 को होने वाले स्थापना दिवस के भव्य एवं दिव्य आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को आयोजन के सफल संचालन के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।इसके अलावा, परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि यदि किसी अन्य व्यक्ति या संगठन ने %अखिल भारतीय चाणक्य परिषद% नाम का दुरुपयोग किया, तो बीएनएस की धारा 156/3 के तहत उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके साथ ही साथ अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के छत्तीसगढ़ प्रभारी आचार्य वीरेंद्र कुमार द्विवेदी के छोटे भाई दिवंगत हो जाने की सूचना मिलने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी, वरिष्ठ सदस्य जयप्रकाश तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश पांडेय प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी, संपादक चाणक्य धारा पंडित श्याम नारायण द्विवेदी, प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश मिश्र, जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र, जिला महामंत्री अंबरीश चंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष आशीष पांडेय जिला उपाध्यक्ष डॉ ऋषि पांडेय जिला उपाध्यक्ष रुपेश तिवारी अयोध्या मंडल से सचिन तिवारी, मंडल संरक्षक राकेश पाठक मंडल उपाध्यक्ष पंडित विजयकांत उपाध्याय सुमित तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर रामजी पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष तारुन पंडित दिलीप मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा पंडित संतोष पांडेय ओम प्रकाश दुबे राजमणि तिवारी महानगर महामंत्री शशिकांत तिवारी महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडेय महानगर उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद पाठक सूर्यकांत पांडेय राहुल पांडेय सुभाष चंद्र शुक्ल पंडित प्रमोद मिश्र वरिष्ठ समाजसेवी समेत कई प्रमुख संभ्रांत ब्राह्मण और पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## अपनी रचनाओं के माध्यम से अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि देगें अटल जी को श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर 25 दिसम्बर की शाम अंर्तराष्ट्रीय व राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियों की रचनाओं नाम होगी। पूर्व सांसद लल्लू सिंह के द्वारा जीआईसी के मैदान में भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में हजारों लोगो के बैठने की व्यवस्था की गयी है।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अटल जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता व साहित्य की प्रज्जवलित रश्मि के माध्यम से दी जायेगी। वह एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ प्रखर वक्ता, कवि, पत्रकार व साहित्यकार भी थे। उनकी रचनाएं युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत्र है। जिसका अध्ययन व्यक्ति के भीतर शौर्य व पराक्रम का संचार कर देता है।उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में डा सरिता शर्मा दिल्ली, कविता तिवारी लखनऊ

प्रियांशू गजेन्द्र बाराबंकी, रमेश विश्वहार छत्तीसगढ़, प्रवीण पाण्डेय फिरोजाबाद, विकास बौखल बाराबंकी, जमुना उपाध्याय अयोध्या, डा. भुवन मोहिनी इंदौर, शशिकांत यादव देवास म.प्र., जानी बैरागी, गणेश विद्यार्थी आगरा तथा अशोक टाटम्बरी अयोध्या जैसे कवियों की मौजूदगी रहेगी। 25 दिसम्बर की शाम 6 बजे इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिए जर्मन हैंगर से बने विशेष पण्डाल तैयार किया जाएगा। जिसमें जगह-जगह पर ठंड से बचाव के लिए हीटर तथा अलाव की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था की जायेगी। थ्रीडी साउन्ड सिस्टम कवियों की रचनाओं को और मधुर बना देगा। जिले के प्रबुद्ध जनो को कवि सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जायेगा। जिसके लिए सूची तैयार की जा रही है। अयोध्या के संत व जिले के जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम का हिस्सा होगे।

## बुजुर्ग व्यापारी को पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप भतीजे पर लगा, घटना की जांच में जुटी पुलिस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रामपुरभगन- अयोध्या।** कपड़े एवं मिठाई के बुजुर्ग व्यापारी को पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप उसके भतीजे पर लगा है। पुलिस भतीजे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना तारुन थाना अंतर्गत रामपुरभगन चौकी क्षेत्र कस्बा की है। बताया जा रहा है कि रोशन लाल सोहनलाल रामचरन मोदनवाल तीनों सगे भाई हैं। इनकी करोड़ों की संपत्ति रामपुरभगन बाजार में है। इसमें काफी बेशकीमती जमीनों को बेचकर रोशन लाल के तीनों बेटे व सोहनलाल का पूरा परिवार फैजाबाद अयोध्या शहर में मकान बनाकर रहता है। आग लगने से झुलसकर घायल रोशनलाल के पुत्र पवन कुमार ने बताया कि पिछले तीन साल से संपत्ति बंटवारे का विवाद चल रहा है। जिसको लेकर रविवार की सुबह चाचा के लड़के सत्यम ने पिता रोशनलाल पर पेट्रोल डालकर जला दिया। जब वह लघु शंका करने घर से बाहर निकले थे। चाचा रामचरन एंबुलेंस से लेकर पिताजी को सीएचसी तारुन पहुंचे। जहां से उन्हें नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीओ बीकापुर पीयूष ने बताया कि बुजुर्ग व्यापारी के भतीजे सत्यम को कस्टडी में ले लेकर पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल का एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने भी मौका मुआयना किया है। फॉरेंसिक टीम भी पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना पुनीत कार्य- ऋषिकेश उपाध्याय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।**अयोध्या नगर निगम के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का दायित्व पुनीत कार्य है। भविष्य में स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों की स्थापना से देश में बेहतर समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। श्री उपाध्याय ने अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा दिए जाने वाले माटी रतन सम्मान का अनावरण करते समय यह बातें कही।सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि काकोरी एक्शन आजादी की लड़ाई में मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय तथा संचालन संस्थान के



अध्यक्ष ज़फ़र इक़बाल ने किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए 19 दिसंबर को आयोजित शहादत दिवस समारोह में शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम में दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, संस्थान के कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान भोलू, सेक्रेटरी विश्व प्रताप सिंह अंशू, चन्दन सिंह यादव, विश्वकर्मा प्रधान, स्वामी जी, रमाशंकर गुप्ता, जसवीर सिंह सेठी, राजू खान, नीशू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय, अयोध्या में सम्पन्न हुई वर्ष 2024 की एल्युमिनी मीट




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जवाहर नवोदय विद्यालय, अयोध्या में वार्षिक एल्युमिनी मीट का आयोजन धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। इसके बाद विद्यालय के दिवंगत गुरुजनों और उन पूर्व छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जो अब हमारे बीच नहीं हैं।इस वर्ष की एल्युमिनी मीट का आयोजन 1993 बैच द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय में पहुंचे सीनियर, जूनियर और बैचमेट्स ने अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के.के. मिश्र और नवोदय विद्यालय समिति, लखनऊ संभाग के असिस्टेंट कमिश्नर सुमन कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में वर्तमान और सेवानिवृत्त गुरुजनों का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।1993 बैच ने अगली एल्युमिनी मीट का बैटन 1994 बैच को सौंपा, जो वर्ष 2025 में इस आयोजन की जिम्मेदारी संभालेगा। सभी पूर्व छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग से इसे यादगार बनाया।एल्युमिनी एसोसिएशन, अयोध्या ने इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों, विद्यालय प्रबंधन और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन ÷जय नवोदय, हमीं नवोदय हों÷ के उद्घोष के साथ हुआ।

## सम्पत्ति बटवारे के विवाद मे भतीजे ने चाचा पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाया हालत नाजुक इलाज को लखनऊ रिफर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**तारुन- अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन बाजार मे सम्पत्ति बटवारे के विवाद को लेकर रविवार की प्रातः भतीजे ने चाचा से हुई लड़ाई झगड़ा के बाद गुस्से मे उन पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। जिससे आग की लपटो से घिरे चाचा गंभीर रूप से झुलस गये। घटना के बाद परिजन उन्हे एम्बुलेंस बुलाकर घायल अवस्था मे इलाज को तारुन सीएचसी ले गये। जहां मौके पर मौजूद डॉक्टर संतोष कुमार यादव ने तत्कालिक इलाज के बाद घायल की हालत नाजुक देखते हुये उन्हे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वहाँ पहुंचने पर घायल को लखनऊ ट्रामा सेंटर इलाज को भेज दिया गया। सीएचसी तारुन के डॉक्टर संतोष कुमार यादव व जिला अस्पताल के डॉक्टर आशीष पाठक की माने तो व्यापारी 95% झुलस चुका हैं जिसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बाजार निवासी मृतक राम नेवाज हेलवाई के तीन बेटे हैं। जिनमे रोशनलाल मोदनवाल, सोहनलाल मोदनवाल तथा राम चरन मोदनवाल हैं। तीनो भाइयो ने पिता की काफी बाजार की जमीन बेचकर फैजाबाद अयोध्या शहर मे जमीन खरीदकर वहाँ मकान बनाकर रहते हैं। सूत्रों की माने तो रामपुर भगन चरॉवा मार्ग पर कमरे बने हैं। जिनकी किराये की वसूली घायल की जगह अन्य भाई करते थे। इन्ही सभी बातो को लेकर तीनो भाइयो मे विवाद झगड़ा लड़ाई हुआ करती थी। रविवार की प्रातः करीब 10 बजे भाई राम चरन के बेटे सत्यम से चाचा रोशनलाल का विवाद हो गया। विवाद के बाद भतीजे ने आरोप हैं की चाचा की पिटाई करने के बाद उन पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। जिससे वे गंभीर रूप चुका गये। बताया गया की दो तीन दिन पहले घायल के बेटे व आरोपी के परिवार के मध्य विवाद हुआ था। रविवार को रामपुर भगन चौकी पर दोनो पक्षों का मामला सुलझाने को बुलावा था।इसके पहले यह घटना हो गयी। घटना कि सूचना पर थानाध्यक्ष सुमित कुमार श्रीवास्तव ने सीएचसी पहुंच घटना स्थल का स्टॉफ के साथ जायजा लिया।

सीओ बीकापुर पीयूष कुमार ने बताया कि आरोपी को कस्टडी में लेकर पूछताछ की जा रही है, तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## मेले में उमड़े युवक, रोजगार पा खिले चेहरे

### मिल्कीपुर में आयोजित मेले में कृषि व श्रम मंत्री ने शिरकत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर में रोजगार मेले के दौरान युवाओं का बड़ा समूह उमड़ा पड़ा। आठ हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए 50 से भी निजी कंपनियां पहुंची थीं। शाम तक चले मेले के बाद शॉर्टलिस्ट हुए युवाओं को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संयुक्त रूप से जोइंनिग लेटर वितरित किया। रोजगार पाकर युवाओं के चेहरे की मुस्कान योगी सरकार का धन्यवाद कर रही थी।

### 1164 को मिला रोजगार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों के तहत मिल्कीपुर में दूसरा बड़ा रोजगार मेला रविवार को लगाया गया। विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर व विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुंचे थे। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने के प्रति संकल्पित है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश में कोई भी नौजवान बेरोजगार न रहे। इसलिए समय-समय पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 2682 ने प्रतिभाग किया था। इसमें से 1164 को रोजगार मिला है।

### इन निजी कंपनियों ने दिया रोजगार

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय व मॉडल कैरियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन हुआ था। इसमें निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कम्पनियां जीफोरएस सिक्योरिटी इण्डिया प्रालि, यशस्वी स्किल लि, एसएन स्टफिंग सोल्यूशन, डिजिटल एजूकेशन एण्ड टेक्नालॉजी, एसपीएनएन बिजनेस, ब्राइट फ्यूचर, शिव शक्ति एग्रीटेक लि, अनुदीप फाउंडेशन, पुखराज हेल्थ केयर, कारस कृपा, एसके इले, टीम प्लस एचआर सर्विसेज इत्यादि ने प्रतिभाग किया।18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उत्तीर्ण अभ्यर्थी व हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा करने वालों ने ही प्रतिभाग किया था।

## मदरसा जा रहे मास्टर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मास्टर की हुई मौके पर दर्दनाक मौत। जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर से डेली मास्टर अखिलेश शुक्ला पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरांय के मदरसा ताजुल उलूममें बच्चों को पढ़ा रहे थे। मास्टर अखिलेश शुक्ला रोज की तरह रविवार को भी अपने घर से किसी वाहन जाकर मटौली तिराहे पर उतर कर मटौली मार्ग से पैदल पुरांय के मदरसा में बच्चों को पढ़ाने जा रहे थे। पैदल जा मास्टर साहब को मटौली गांव पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया।घटना के बाद ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ लग गई लोगों ने घटना की सूचना पुरांय के ग्राम प्रधान सरफराज को दी सूचना मिलते ग्राम प्रधान सहित मदरसा का स्टाफ व जिम्मेदार सहित तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे।ग्राम प्रधान सरफराज ने घटना की सूचना पटरंगा पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पटरंगा थाना की हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तत्काल अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।इस सम्बंध में हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग10 बजे मटौली गांव के निकट मटौली पुरांय मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरपुर निवासी मास्टर अखिलेश शुक्ला पुत्र शिवराम शुक्ला की मौत हो गई जो ग्राम पुरांय के मदरसा ताजुल उलूम में पढ़ाने जा रहे थे।उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।टक्कर के चालक वाहन लेकर फरार हो गया है अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## करंट से महिला मजदूर छत से नीचे गिरी घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** करंट लगने से महिला मजदूर छत से नीचे गिर कर जख्मी हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कालिजर थाना क्षेत्र के शाहपाटन गांव निवासी 50 वर्षीय कुंती पत्नी जागेश्वर मजदूरी करती है। रविवार की सुबह वह कालिजर कस्बे में निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने गई थी। छत डालने की तैयारी चल रही थी। वह छत के ऊपर खड़ी थी। तभी ऊपर से गुजरे बिजली के तार से करंट लग गया। जिससे वह छत से नीचे आ गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की मनाई गई पुण्यतिथि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भाजपा महानगर कार्यालय सहादतगंज में भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि मनाई गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा महानगर उपाध्यक्ष राम प्रीत वर्मा द्वारा उनके चित्र पर मार्ल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि देश की एकता व अखण्डता के लिए शिल्पकार की भूमिका में उन्हें याद करते है। स्वतंत्रता के बाद रियासतों के बटे भारत को एक करके उसे आंतरिक रुप से उन्होनें मजबूत किया।

अखंड भारत निर्माण में उनके योगदान कभी विस्मृत नही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र का अध्ययन हमें अखण्डता व एकता का पाठ पढ़ाता है।

हम उन्हे लौह पुरुष के रुप में याद करते है।महानगर उपाध्यक्ष राम प्रीत वर्मा ने कहा कि आज के इस अवसर पर हम भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने का संकल्प लेते है।इस दौरान महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्या, काशीराम रावन, राकेश मणि त्रिपाठी, शशि प्रताप सिंह, वरूण चौधरी, लक्ष्मण वर्मा, राजकुमार वर्मा, राम भजन वर्मा, स्वप्निल श्रीवास्तव, पार्षद अनूप श्रीवास्तव, देवता पटेल, कपिल देव वर्मा, चंदन कसेरा, कार्यालय मंत्री सुशील मिश्र बब्लू सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा के साथ बच्चों में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधि जरूरी- लुईस डी सा

## जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों ने एनुअल स्पोर्ट्स डे में दिखाया दम

### रिबन वॉक रेस में प्ले ग्रुप के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा





**बलरामपुर।** रविवार को जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज में जूनियर एवं सीनियर स्कूल का एनुअल स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन किया गया। खेल समारोह में 55 गेम सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

एनुअल स्पोर्ट्स डे के मुख्य अतिथि सेंट जोसेफ वाज स्कूल भिनगा प्रिंसिपल फादर लुईस डीसा, सैंट टैरेसा कॉलेज लखनऊ डायरेक्टर जेनवीब लोबो, एवं विशिष्ट अतिथि अपर जिला अधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासनिक प्रदीप कुमार , एसीजेएम रहे हैं। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया है छात्र छात्राओं के समूह ने कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना एट स्वागतम शुभ स्वागतम गीत की मनमोहक प्रस्तुति से किया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को स्वस्थ एवं फिट रखने के लिए एवं खेल जगत में आगे बढ़ाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी है ऐसे आयोजन सी केवल बच्चे स्वस्थ एवं फिट रहते हैं बल्कि खेल की छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर क्लाइव बटरफील्ड एवं मैनेजर के बटरफील्ड ने अतिथियों को बुके भेंट कर सम्मानित किया है कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रिंसिपल क्रेग बटरफील्ड नहीं करते हुए 55विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं का प्रदर्शन कराया है। प्रिंसिपल ने विद्यालय के शैक्षिक उपलब्धियां एवं अभिभावकों के सहयोग से उपस्थित जल समूह को अवगत कराते हुए खेल कार्यक्रम की शुरुआत की नर्सरी से यूकेजी के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मार्च पास्ट की प्रस्तुति उपस्थित अभिभावकों का मनमोह लिया। बच्चों ने सुंदर स्पोर्ट्स प्रिज्म प्रस्तुत किया। प्ले स्कूल के बच्चों ने सुंदर हॉकी पोकीपी टी डिस्प्ले, स्टार पीटी डिस्प्ले बैलून पाप पीटी डिस्प्ले, एवं रैकेट पीटी ड्रिल, की प्रस्तुति कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है जूनियर स्कूल के बच्चों ने डंबल पीटी डिस्प्ले,अंब्रेला पीटी डिस्प्ले,इमोजी पीटी ड्रिल,रफल देयर फेदर पीटी ड्रिल, पोम पोम ड्रिल , डांडिया पीटी डिस्प्ले, हुला हाफ ,पिरामिड ,जिमनास्टिक शाहिद विभिन्न योगासन की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित समूह को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हैंडल विद केयर नर्सरी जूनियर स्कूल में प्रथम स्थान सैयद बाटुल , जेहरा, सैयद मसूद, द्वितीय रूद्र यादव अजय कुमार यादव तृतीय कार्तिकेय तिवारी राजकमल तिवारी रहे हैं वहीं लॉलीपॉप रेस नर्सरी जूनियर स्कूल के मोहम्मद असद को प्रथम स्थान , एन शहजैन को द्वितीय स्थान शान्वी सोनी को तीसरा स्थान मिला है। रिबन वॉक रेस फ्री नर्सरी प्ले स्कूल के खेल में शिवांशिका यादव को ,असित कुमार को प्रथम स्थान, आनघ चौरसिया मुकेश कुमार को द्वितीय स्थान, वंतिका गुप्ता विवेक कुमार को तीसरा स्थान मिला है। इसी क्रम में प्री नर्सरी प्ले स्कूल कडल टॉय रेस मैं प्रथम स्थान अमायरा बंसल, द्वितीय स्थान मेंधानस प्रताप सिंह, तृतीय स्थान मिशिका यादव को मिला है। इसी क्रम में ब्लॉक रेस यूकेजी से जूनियर स्कूल के बच्चों में प्रथम स्थान कार्तिक सिंह आशीष कुमार सिंह द्वितीय स्थान निष्ठा चौधरी रमेश कुमार एवं तीसरा स्थान अध्या सिंह एवं देवेश सिंह को मिला है। फिल टू विन गेम में यूकेजी से जूनियर स्कूल के बच्चों की टीम में प्रथम स्थान सुरभि द्वितीय स्थान फैजा अली तीसरा स्थान कसक मिर्जा को मिला है। इसी क्रम में 200 मीटर रेस सीनियर वर्ग, 200 मीटर रेस जूनियर वर्ग 200 मीटर, रिले रेस जूनियर बालिका वर्ग 200 मीटर ,रिले रेस ,बालक वर्ग 100 मीटर रेस बालक बालिका वर्ग, ग्लास पिरामिड रेस, कंपलीट द फजल, रेस्टोरेंट रेस, पासिंग द वॉल, बैलेंस द वैलून रेस आदि 55 खेल का आयोजन हुआ है जिसमें विद्यालय के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य क्रेग बटरफील्ड ने सभी विजेता टीम को अतिथियों के हाथों मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानितकराया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है।

# पिता के साथ परीक्षा देने जा रही छात्रा को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत

## पिता गंभीर रूप से घायल रिफर



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र धनपतगंज के हलियापुर कूरेभार रोड पर ट्रेलर के चपेट में आने से बाइक सवार पिता पुत्री गम्भीर घायल हो गए। घायलो को प्रा0स्वा0केंद्र0 धनपतगंज ले जाया गया जहां डाक्टरो ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया, तो अधेड़ पिता को सुल्तानपुर जिला हॉस्पिटल रेफर कर दिया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामा करवाने के पश्चात शव विच्छेदन हेतु मर्चरी हाऊस भेज दिया ।

बता दे कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुखबड़ेरी के पूरे रघुबीर निवासी रामअंजोर यादव अपनी पुत्री अमिता यादव को मोटर सायकिल से परीक्षा दिलवाने के लिए टिनी टॉट्स पब्लिक हाई स्कूल रतनपुर टेढुई सुल्तानपुर के लिए निकले थे कि ग्राम पीरौ सरैया में हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर कूरेभार की तरफ आ रही ट्रेलर ने मोटर सायकिल को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार पिता पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस घायलों को प्रा0स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने अमिता यादव पुत्री रामअंजोर यादव(22) को मृत घोषत कर दिया और पिता रामअंजोर को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया। जहां धायल का इलाज चल रहा है। छात्रा अमिता के शव को थाना धनपतगंज पुलिस ने शव विच्छेदनगृह भेज दिया। घटना से परिवारवालों में कोहराम मचा है। थानाध्यक्ष धनपतगंज ने कहा तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी पुलिस जांच में जुटी है ।

# दूसरे की जगह सीटेड की परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** कोतवाली नगर के गोपाल पब्लिक स्कूल ओमनगर में सीटेड परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई पकड़ा गया है। जिस पर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने का आरोप है, कोतवाली नगर पुलिस उसे लेकर थाने पर आई है और पूछताछ कर रही है। स्कूल के प्राचार्य ने तहरीर पुलिस में दी है।

जानकारी के अनुसार, रविवार को गोपाल पब्लिक स्कूल में सीटेड परीक्षा चल रही थी। प्रथम पाली में सुबह 9:30 से दिन में 12 बजे तक परीक्षा आयोजित थी। इस क्रम में प्रयागराज के तेलीयरगंज अंतर्गत मेंहदौरी निवासी प्रकाश वीर मिश्रा के स्थान पर फर्जी परीक्षा देते हुए गौरव कुमार सिंह पुत्र झारखंडे सिंह निवासी इंद्रपुर छीड़ी थाना शादीयाबाद गाजीपुर को पकड़ा गया। उसे फर्जी पैन कार्ड के जरिए पकड़ा गया है। वो फर्जी कार्ड से स्कूल के अंदर पहुंचा था और परीक्षा दे रहा था। इस बीच तकनीकी टीम पहुंची जिसने उसे पकड़ लिया। उसने टीम को बताया कि आदित्य से 60 हजार में ठेका लेकर वो परीक्षा देने आया था। उसने ये भी बताया कि मुझे पैसे की बहुत जरूरत थी इसलिए ऐसा किया अब मुझे माफ़ कर दे।

हालांकि मुन्ना भाई को पुलिस बुलाकर उसके हवाले किया गया। पुलिस उसे लेकर कोतवाली नगर ले आई है। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि केंद्र व्यस्थापक रजनीश श्रीवास्तव ने तहरीर दी है। जिसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बैंको के ऋण सम्बन्धी वादों में मु0 71349688/- का हुआ समझौता

**सुल्तानपुर।** सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आज दिनांक 14.12.2024 दिन शनिवार को जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला जज द्वारा प्रातः 10-30 बजे मीटिंग हाल में दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया ।जिसमें समस्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालय में नियत किये गये वादों को निस्तारित किया गया।

आज आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, मोहम्मद अशरफ अंसारी एवं अपर प्रधान न्यायाधीश, अंकिता शुक्ला एवं शालिनी सागर द्वारा कुल 153 वैवाहिक वादों को तथा वैवाहिक सम्बन्धी प्रीलिटिगेशन के 16 वाद को जरिये सुलह समझौता निस्तारित किया गया। रमेश सिंह, अध्यक्ष मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा 36 वाद मोटर एक्सीडेंट क्लेम पिटीशन निस्तारित किया गया तथा राधेश्याम यादव, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत सुलतानपुर द्वारा विद्युत एवं बैंक रिकवरी सहित तीन वादों को निस्तारित किया गया।

# बुनियादी शिक्षा में कॉन्वेंट को मात देने वाले प्रधानाध्यापक को मिला बेसिक शिक्षा मंत्री से सम्मान

## 75 जिले में निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले आत्माराम टॉप टेन स्कूलों में शामिल



**बलरामपुर।** कॉन्वेंट स्कूल को मात देने वाले प्राथमिक विद्यालय मद्दोंभीख के प्रधानाध्यापक को बुनियादी शिक्षा में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने पर बेसिक शिक्षा मंत्री ने राजधानी में सम्मानित किया है। विद्यालय प्रधानाध्यापक आत्माराम पाठक को यह सम्मान नवाचार शिक्षा सहित विद्यालय प्रबंध समिति के साथ बेहतर समन्वय करते हुए बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने पर दिया गया है।

प्रधानाध्यापक के उपलब्धि पर बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षा अधिकारियों सहित शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। जिले में हाल ही में शासन के निर्देश पर निपुण एसेसमेंट टेस्ट 2023 में अंकों के आधार पर राज्य के 75 जिलों में एक-एक विद्यालय का चयन किया गया था इनमें जिले से शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार का प्राथमिक विद्यालय मद्दों भीख भी शामिल है।

राज्य में टॉप टेन विद्यालयों का चयन करके राजधानी के इंदिरा नगर प्रतिष्ठान में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के हाथों प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया है इनमें सम्मान पाने वाले जिले के प्रधानाध्यापक आत्माराम पाठक भी शामिल है। बताते चलें कि इस विद्यालय के शैक्षिक उपलब्धियां को देखते हुए दो बार शासन से डॉक्यूमेंट्री विद्यालय की बनाई जा चुकी है यहां से अब तक नवोदय विद्यालय में दो छात्रों का प्रवेश मिल चुका है वहीं विद्याज्ञान परीक्षा में एक बच्चा सर्वोदय जयप्रकाश नारायण विद्यालय में दो बच्चों सहित सैनिक स्कूल एवं अटल आवासीय विद्यालय में एक-एक बच्चे का चयन हुआ है विद्यालय के शैक्षिक प्रगति पर दो बार डॉक्युमेंट्री बनाई जा चुकी है जब से विद्यालय का कार्यभार प्रधानाध्यापक आत्माराम पाठक ने संभाला है निरंतर स्कूल कान्वेंट को मात दे रहा है।

### प्रधानाध्यापक को इसके पूर्व भी मिले कई सम्मान

प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक आत्माराम पाठक को राजधानी में बेसिक शिक्षा मंत्री के हाथों सम्मान मिलने के पूर्व बेसिक शिक्षा विभाग से आयोजित आदर्श शिक्षक सम्मान से दो बार सम्मानित हो चुके हैं इसके अतिरिक्त निदेशालय स्तर पर कई सम्मान इन्हें उत्कृष्ट शिक्षण कार्य पर मिल चुके हैं। 5 सितंबर 2019 को प्राथमिक विद्यालय मद्दों भीख मैं मैं शिक्षण कार्य शुरू किया था तनाती के दौरान मात्र 111 विद्यार्थी पंजीकृत थे वर्तमान समय में 578 छात्र तालीम हासिल कर रहे हैं जिले का पहला विद्यालय है जो सीसीटीवी कैमरा से लेस है बच्चों को लाने ले जाने के लिए वहां की सुविधा भी इस विद्यालय में उपलब्ध है

सभी बच्चों को बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है सभी कक्षा स्मार्ट टीवी के साथ स्मार्ट पैनल भी लगे हुए हैं बच्चों के लिए कक्षा ना होने पर विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अभिभावकों के सहयोग से अतिरिक्त कक्षा कक्षा का निर्माण प्रधानाध्यापक की पहल पर कराया गया है कितना ही नहीं अध्यापकों की कमी होने पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के स्तर से प्रेरणा साथी के रूप में चार अध्यापकों को तैनात किया गया है जिले का यह पहले विद्यालय है जहां पर कॉन्वेंट जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध है।

# फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू

**जौनपुर।** शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के निर्देश के क्रम में उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय ने अवगत कराया है कि फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह योजना किसानों के लाभ के लिए है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, और अनुदानों का लाभ आसानी से मिल सके। रजिस्ट्री के लाभ इस प्रकार है - सटीक पहचान - इससे भूमि और फसल का सही रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। सरकारी योजनाओं का लाभ- कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता दी जाएगी। *डिजिटल सुविधा-* यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल है, जिससे किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। *सीधी सहायता* - सब्सिडी, बीमा, और अन्य लाभ सीधे आपके बैंक खाते में पहुंचेंगे। रजिस्ट्री के लिए आवश्यक दस्तावेज हैं -आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन व नम्बर, भूमि रिकॉर्ड (खसरा-खतौनी की प्रति), स्वयं कृषक।

# सात हजार कि0 मी0 की पदयात्रा कर जिले पहुंचे राम भक्त राजाबाबू



**सुलतानपुर।** बिहार प्रांत के सीतामढ़ी जिले के माता सीता की जन्मभूमि स्थित पुनौरा धाम से सात सितंबर को पदयात्रा शुरू किए मां भक्त राजाबाबू ने लगभग सात हजार किलो मीटर की दूरी की पदयात्रा का संकल्प लिए शनिवार को वह लवकुश की नगरी कुशभवनपुर (सुलतानपुर) पहुंचे यहां पहुंचने पर मीडिया कर्मियो ने पदयात्री का स्वागत किया।

मूलतः मुजफ्फरपुर जिले के थाना साहिबगंज ग्राम जगदीशपुर के मूल निवासी पदयात्री ने बताया कि वह सात सितंबर को मां भगवती सीता की जन्म भूमि पुनौरा धाम से अपनी पदयात्रा की शुरूआत की है। सुलतानपुर के रास्ते वह अयोध्या धाम की यात्रा पर जा रहे है उन्होंने कहा कि वह वीरगंज स्थित गढी माई नैपाल के पशुपति नाथ धाम काठमान्डू तथा जनकपुर दर्शन करते हुए पटना के पाटन देवी सासाराम जिले के तारा चन्डी मैया आरा जिले के अयरन माता कैमूर के मुंडे स्वरी माता विध्यांचल के विध्यंवासिनी मैहर के शारदा माई चित्रकूट प्रयागराज सीतापुर के नौमीषराय उत्तराखन्ड कें मनसा देवी चन्डीदेवी धारी माता त्रियुगी नारायण शिव विवाह स्थल का दर्शन करते उनकी यात्रा मां वैष्णो देवी के दरबार का दर्शन करने के पश्चात पूरी होगी।

## पेट्रोल पम्प के कार्यकर्ताओ ने मां भक्त को बैठने तक नही दिया

हजारो किलो मीटर पैदल चलकर सुलतानपुर पहुंचे रामभक्त राजाबाबू अपनी थकान दूर करने के लिए बस अडडे स्थित एक पेट्रोल पम्प पर बैठना चाहा और पम्प पर सुलभ शोचालय में जाना चाहा लेकिन वहां कार्य कर रहे है कार्यकर्ताओ ने मां के इस परम भक्त को झिड़क कर हटा दिया मां भगवती के भक्त ने कहा कि मेरे साथ पेट्रोल पम्प के कार्यकर्ता ने भेदभाव बरता इस पेट्रोल पम्प पर यहां के प्रशासन को कार्य वाही करनी चाहिए क्योंकि प्रत्येक पेट्रोल पम्पो पर शौचालय की सुविधा सार्वजनिक होती है फिलहाल यह देबी भक्त रविवार को सुबह अयोध्या धाम की यात्रा पर प्रस्थान कर दिया।

### देवी मां भक्त को सुलतानपुर में रैनबसेरा में मिला ठिकाना

समाज में भाईचारा के उदेश्य से पदयात्रा शुरू किए राजा बाबू ने बताया कि वे प्रथम पदयात्रा वर्ष 22 में शुरू की थी तीन हजार किलो मीटर की इस पदयात्रा में बहुत सम्मान मिला पुनः 2023 में पदयात्रा शुरू किया तीन प्रांतो में लोगो ने बहुत कुछ सहयोग किया 2024 में सात सिंतवर से शुरू मेरी यह तीसरी पदयात्रा है अभी तक लगभग सात हजार किलो मीटर की यात्रा हो चुकी है इस बीच में कई स्थानो पर उनका भव्य स्वागत किया। सुलतानपुर में तो मीडिया कर्मियो ने उनसे मिलकर हालचाल जाना उनके सहयोग का यह पदयात्री सराहना कर सुलतानपुर के पत्रकारो का बखान किया सात हजार किलो मीटर की पदयात्रा कर थकान दूर करने लिए सुलतानपुर के रैन बसेरा में रहकर रविवार को सुबह अपने गतव्य की ओर प्रस्थान किया।

# कड़ती ठड़ में भी गोमती मित्र सफाई में नही करते कोताही



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के चलते धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना चुके गोमती मित्र मंडल ने अपनी मुहिम को और धार देने का मन बना लिया है। रविवार साप्ताहिक श्रमदान के दिन पूर्णिमा के स्नान को आये श्रद्धालुओं से गोमती मित्रों ने धाम पे स्वच्छता बनाये रखने के लिये निवेदन किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने ÷न ये जात न वो जात, अब होगी बस स्वच्छता की बात÷ के नारे के साथ गोमती मित्रों को हर घर, प्रतिष्ठान, सरकारी दफ्तर, निजी दफ्तर में जाकर लोगों को केवल सरकारी व्यवस्था के भरोसे ना रहते हुए स्वयं भी अपने अगल-बगल स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए समझाने का प्रयास करेंगे व सभी प्रतिष्ठानों के स्वामियों से अपने प्रतिष्ठान के सामने एक कूड़ा दान रखने के लिए समझाया जाएगा।

लोगों को सीताकुंड धाम आने, वहां की स्वच्छता देखने व मां गोमती की आरती में पहुंचने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

साप्ताहिक श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, आलोक तिवारी, राकेश मिश्रा, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, रामकुमार मौर्य, अमित पांडा, सेनजीत कसौधन दाऊजी, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक, अजय प्रताप सिंह, सुजीत कसौधन, सोनू सिंह, आयुष, प्रांजल, अर्पित, श्याम, अवनीश, लड्डू, रोहित आदि उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे आईपीएस बृजेश मिश्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** पुलिस प्रशिक्षण संस्था (अमहट) सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र 16 दिसंबर 2024 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे। भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा 16 दिसंबर 24 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के दर्शनशास्त्र विभाग (आर एन. कौल लाइब्रेरी सभागार ) में ÷समालोचनात्मक चिंतन और दार्शनिकता ÷ विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस व्याख्यान समारोह में पुलिस अधीक्षक, पी. टी. एस. सुल्तानपुर ब्रजेश मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। आईपीएस मिश्र ने बताया कि वैसे तो विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों और नामचीन विश्वविद्यालयों में उनका व्याख्यान और सम्मान होता रहता है किन्तु अपनी मातृ संस्था इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने का अवसर प्राप्त कर वे सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



# किसानों की उन्नति से ही होगी देश की प्रगति - राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव

**जौनपुर।** कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन किया गया। शनिवार को चौथे दिन समापन समारोह में उ0प्र0 मीलेट्स पुनरोद्धार योजना के तहत मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण उ0 प्र0 श्री गिरीश चन्द्र यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि हमारे देश की संस्कृति एवं किसान राष्ट्र की आत्मा है, आज भी देश की एक बहुत बड़ी आबादी कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों पर निर्भर है इसलिए देश के सम्पूर्ण विकास के लिए किसानों की आमदनी बढ़ाना जरूरी है किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है, किसानों को वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करने के लिए किसान मेला/गोष्ठी/प्रदर्शनी लगाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है ताकि किसान कम लागत में अधिक लाभ ले सके, उन्होंने कहा कि किसानों की उन्नति से ही देश की प्रगति सम्भव है। श्री अन्न (मिलेट्स) रेसिपी प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम पर कहा कि कभी गरीबों का अन्न कहा जाने वाला मीलेट्स आज उसकी उपयोगिता एवं गुणों से आहार विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक इतने प्रभावित है कि अब इन्हें सुपर फुड्स की संज्ञा दे रहे है ।

संक्षिप्त खबरें

## गुम हुई वृद्धा को पुलिस ने किया बरामद, परिजनों को सौंपा

### आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

**बांदा।** शनिवार की रात को पुलिस को सूचना मिली कि जसपुरा में एक सृद्ध महिला जो मानसिक तौर पर बीमार है, कहीं गुम हो गई है। पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए वृद्धा को बरामद कर लिया और रविवार को परिजनों को थाने बुलाकर सौंप दिया गया।

एसपी की ओर से चलवाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत रविवार को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा मानसिक रुप से बीमार गुम हुई वृद्ध महिला के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि शनिवार की रात डायल यूपी-112 को सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा जसपुरा में एक वृद्ध महिला जो मानसिक रुप से बीमार है, व अपना नाम पता ठीक से नही बता पा रही है । सूचना पर डायल यूपी-112 की पीआरवी 5473 के द्वारा थाना जसपुरा पर लाया गया था। महिला से कई बार पूछताछ करने उसने अपना पता सिर्फ अलीगंज बताया, जिस पर थाना जसपुरा द्वारा तत्काल थाना कोतवाली नगर से सम्पर्क कर महिला के बारे जानकारी की गई तो पता चला कि महिला का नाम बिंदी देवी पत्नी रामऔतार कुशवाहा उम्र करीब 60 वर्ष निवासी पोड़ा बाग अलीगंज थाना कोतवाली नगर है। पुलिस द्वारा महिला के परिजनों को बुलाकर सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। महिला के पुत्र द्वारा बताया गया कि उनकी मां मानसिक रुप से बीमार है। तथा घर से बिना बताये चली गई थी। पुलिस टीम में थाना प्रभारी जसपुरा मोनी निषाद, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज पांडेय, कांस्टेबल रामेंद्र सिंह, अनिल कुमार, महिला कांस्टेबल अर्चना देवी शामिल रहीं।

## सदर विधायक ने किया टैलेंट सर्च क्रिकेट लीग का शुभारंभ

### विधायक ने फीता काटने के बाद बल्ले से लगाया शॉट



**बांदा।** पुलिस लाइन ग्राउंड में रविवार से टैलेंट सर्च लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने रविवार को फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने पिच पर बल्ले से शॉट लगाया। आयोजन समिति अध्यक्ष ललित प्रताप और विवेक नामदेव ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। पहला मैच आरआर राइडर्स व स्पार्टन एलेवेन के बीच खेला गया। इसमें पहले आरआर राइडर्स 20 ओवर में 7 विवेक खोकर 160 रन बनाए जिसमें रविकुमार 43 राघवेन्द्र 27,अभिषेक तोमर 3 सुशील 2 विकेट लिए। जवाब में स्पार्टन इलेवन ने एक विकेट हराकर उद्घाटन मैच जीत लिया। शांतनु ने 60 रनों की आतिशबाजी पारी और आखरी ओवरों में अशोक राणा की उम्दा प्रदर्शन के चलते यह मुकाबला जीत लिया। आर आर राइडर्स की ओर से रघु 3 और लकी 2 विकेट लिए। कमेंटेटर में अभिषेक तिवारी,दीपक श्रीवास्तव,एसबी सिंह, महेश साहिल आकांक्षा गुप्ता, शिवाशी गुप्ता रहीं। अंपायर अमन सिंह परिहार (बंटी) दिपेंद्र रहे। इस मौके पर मयंक गुप्ता सराफ, विवेक नामदेव, नागेश खरे, स्वर्ण सिंह सोनू ब्लॉक प्रमुख, सुनील सक्सेना, नवीन प्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र अवस्थी, कमल यादव कबड्डी कोच, प्रवीण चौहान, शिवकुमार बड़कू,रविप्रकाश धुरिया आदि मौजूद रहे।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच, ईनाम में जीती चांदी की गदा



**बांदा।** पैलानी क्षेत्र के देव स्थान भूरा बाबा में रविवार को ईनामी दंगल का आयोजन किया गया। इसमें जनपद के साथ ही अन्य जिलों के पहलवान भी आए हुए थे। सभी पहलवानों ने कुश्ती कला का बेहतर प्रदर्शन किया। एक-दूसरे को पटकनी देखकर ईनाम जीता। चांदी की गदा ईनाम में मिलने वाली कुश्ती में कौशांबी के पहलवान आकाश और कुसमरा के पहलवान हुकुम के बीच कांटे की टक्कर रही। आखिर में आकाश पहलवान ने कुश्ती के साथ चांदी की गदा जीत ली। दोनो ही पहलवानों को 13-13 हजार रुपये का ईनाम भी दिया गया। दंगल देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। दंगल में पहली कुश्ती रवीकरण और शिवपूजन मवई के बीच हुई। इसमें रविकरण पपरेंदा ने जीत हासिल की। फिरोजाबाद के ओमवीर पहलवान ने अपने प्रतिद्वंदी को पटकनी दी। चांदी की गदा ईनाम दिए जाने पर पहले राउंड की कुश्ती हुकुम सिंह कुसमरा और आकाश पहलवान कौशांबी के बीच हुई। इसके बाद शोभित पहलवान कानपुर और धर्मवीर पहलवान मथुरा के बीच भी गदा को लेकर कुश्ती हुई। फाइनल कुश्ती हुकुम सिंह कुसमरा और आकाश पहलवान कौशांबी के बीच हुई। इस रोमांचक कुश्ती में आकाश पहलवान ने जीत हासिल की। चांदी की चमचमाती गदा भाजपा नेता रामकरन सिंह बच्चन व जयराम सिंह बछेउरा ने गदा देकर हौसला बढ़ाया। उप विजेता पहलवान कुसमरा के हुकुम सिंह को भी 13 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। अन्य कुश्तियां में रवि करण पहलवान पपरेंदा ने शिव पूजन मवई, ओमवीर पहलवान कानपुर ने मोनू पहलवान फिरोजाबाद, हुकुम सिंह कुसुमरा ने अरुण पहलवान एटा को चारों खाने चित कर दिया।इसी तरह शोभित कानपुर ने हैप्पी पहलवान फिरोजाबाद पटकनी दी। चारों खाने चित कर दिया । दंगल में जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह, धनंजय सिंह जसपुरा, सुमित प्रधान अलोना, ग्राम प्रधान खप्टिहा कला प्रधान मैना देवी निषाद, धर्मेंद्र सिंह जौहरपुर, ब्लॉक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह सोनू के अलावा हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## युवती ने फांसी लगाई भर्ती

**बांदा।** शहर के डीएम कालोनी निवासी 35 वर्षीय कौशिल्या पत्नी प्रकाश ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकली तो कमरे के अंदर पहुंचे परिजनो ने देखा तो वह फंदे पर लटक रही थी। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सिमौनीधाम भंडारे में उमड़े भक्त, गूंजा बाबा अवधूत का जयकारा

## पहले दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद







**लोकमित्र ब्यूरो**

**बबेरू।** बाबा अवधूत की तपोस्थली सिमौनीधाम में रविवार से तीन दिवसीय भंडारे की शुरुआत हो गई। पहले दिन लाखों की संख्या में भक्त भंडारा स्थल पर पहुंचे। सबसे पहले सुबह तकरीबन 10 बजे पूजा के बाद साधु-संतों को पंगत में बैठाया गया। बाबा अवधूत को नमन करते हुए साधु सन्यासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद भंडारा स्थल के द्वार भक्तों के लिए खोल दिए गए। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले दिन प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही मेला प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों से जानकारी हासिल करते हुए ऊनी वस्त्रों और अन्य सामान की खरीददारी की। भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराने के लिए चार सामान्य और एक वीवीआईपी पंडाल बनाए गए हैं।

सिमौनी घाम के मौनी आश्रम मे आज प्रथम दिन श्रद्धालुवो की अपार भीड रही जिसमे एक काउंटर में लाला कुचेंदू 2.3.4 काउंटर में बच्चा सिंह काजीटोला 5, 6,7,में शिवनायक भिडौरा 10 मनोज भदवारी2 काउन्टर अनुज 5 प्रेमचंद्र पतवन 6 काउंटर में व वीआईपी मनोज तिवारी अन्य पंडालो मे श्रमदानी कार्यकर्ता लगाकर, पूडी सब्जी, मालपुवा, का प्रसाद सभी काउंटर मे ग्रहण कराया गया। श्रमदानी कार्यकर्त्ता लगे रहे आने जाने वाले गेटो मे भारी संख्या मे पुसिल बल लगाया गया है। सब्जी की व्यवस्था स्वामी जी के भक्त दिल्ली वालो ने संभाले है। प्रर्दशनी व सभी विभागों के स्टाल लग गये। मेला प्रभारी उपजिलाधिकारी नमन मेहता व सी.ओ. सौरभ सिंह व्यवस्था संभाले हुये है। बिजली पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। जगह मे स्टैंड पोस नल लगाकर पानी की व्यवस्था की गयी है। स्वामी जी के भक्त दिल्ली, हरियाणा, उज्जैन व अन्य प्रान्तो से आये श्रृमदानी कार्यकर्त्ताओ ने व्यवस्था संभाल लिया है। संचालन लाखन सिह ने किया । मेला प्रभारी नमन मेहता द्वारा भंडारे व प्रदर्शनी का निरीक्षण कर जानकारियां लेते रहे। इधर, रविवार को सिमौनी धाम स्थित





मौनी बाबा हस्तशिल्प महोत्सव पंडाल में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित और नेहरु युवा मंडल बेवर द्वारा आयोजित मौनी बाबा हस्तशिल्प महोत्सव में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के 30 के हस्तशिल्पी हाथ से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री कर रहे हैं। मौनी बाबा हस्तशिल्प महोत्सव पंडाल में जरी वर्क, पेचवर्क, लेदर, स्टोन कार्विंग, ज्वेलरी, दरी एवं अन्य बिछावन आदि हस्तशिल्प कलाओं से सुसज्जित वस्तुएं मिल रही हैं।राष्ट्रीय पटसन बोर्ड द्वारा 16 स्टाल लगाए गए। जिसमें जुट बैग, हैंडी क्राप्ट, जुट ज्वैलरी, जूट स्लीपर,वाल हैंगिंग,होम रैंस टाइल्स,गिफ्ट एंड नौ वलतीस व अन्य लाइफ स्टाइल्स जूट प्रोडक्टस के स्टाल लगे हुए है।जिसमे लोगो ने खूब खरीदारी किया।यह जानकारी बोर्ड के सहायक निदेशक मनोज कुमार थदानी ने दिया। और इन स्टालों में दिव्यांग लोगो को सहायता देने के लिए उनसे जुट के बहुत उत्पाद तैयार करवाकर विक्रय होता है।

## ठंड में भी सूख रहा कांशीराम कालोनी के बाशिंदों का हलक, पानी का जबरदस्त संकट

### जलशक्ति राज्यमंत्री के गृह जनपद में एक-एक बाल्टी पानी को मोहताज कालोनी निवासी





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी की महत्वकांक्षी योजना हर घर नल योजना को अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। दूसरी तरफ जलशक्ति राज्यमंत्री के गृह जनपद में कांशीराम कालोनी हरदौली के बाशिंदों को एक-एक बाल्टी पानी नहीं मिल पा रहा है। ठंड के इस मौसम में भी उनका हलक बिना पानी के सूख रहा है। 13 वर्ष पूर्व बनाई गई पानी की टंकी शोपीस साबित हो रही है। जल संस्थान के अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। रविवार को कांशीराम कालोनी के बाशिंदों के साथ जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल ने प्रदर्शन किया और पेयजल संकट की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।

जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के गृह जनपद में जल संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हरदौली घाट क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में पानी की समस्या पिछले 13 वर्षों से जस की तस बनी हुई है। यहां के निवासी पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। इलाके में एक पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन वह 13 साल से केवल शोपीस बनी हुई है। टंकी से पानी की सप्लाई आज तक शुरू नहीं हो सकी। काशीराम कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि पानी की टंकी केवल दिखावे के लिए खड़ी है। हजारों लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता है। कॉलोनी निवासी अनीता ने कहा कि कई बार अधिकारियों और नेताओं से गुहार लगाई, लेकिन हमारी समस्या का समाधान कभी नहीं हुआ। हर दिन पानी की किल्लत से परेशान होकर जीना मुश्किल हो गया है। रविवार को कॉलोनी परिसर में निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। गुस्साए लोगों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, पानी दो, हमारी आवाज सुनो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में बबलू, श्रीराम प्रजापति, कमलेश सेन, गुड़िया और कमला गौरा समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी समस्या पर कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देता। कॉलोनीवासियों का कहना है कि जल शक्ति विभाग और प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे। यह स्थिति केंद्र की ÷हर घर जल÷ योजना और उत्तर प्रदेश सरकार की ÷जल मिशन÷ योजना की विफलता को उजागर करती है। जब जल शक्ति विभाग के राज्यमंत्री का अपना गृह जनपद पानी के लिए संघर्ष कर रहा है, तो अन्य क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

### कालोनी बांशिंदों ने विधायक पर लगाए आरोप

बांदा। कांशीराम कालोनी हरदौली के बाशिंदों ने विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सिर्फ समारोहों में फीता काटने तक सीमित हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि विधायक और अन्य प्रतिनिधि केवल दिखावे के लिए आते हैं। पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए अभी तक किसी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इधर, जल विभाग के अधिकारियों ने कहा कि कांशीराम कालोनी की समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

### जनता दल यूनाइटेड नेताओं ने सुनी पीड़ा

बांदा। काशीराम कॉलोनी में जल संकट को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रतिनिधि निवासियों का दर्द साझा करने पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष निहारिका मंगल, दिव्यांग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीराम प्रजापति और व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रशांत मंगल ने कॉलोनी वासियों से मुलाकात की। उन्होंने समस्या को लेकर प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करने का आश्वासन दिया।

शालिनी सिंह पटेल ने कहा, ÷यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्यमंत्री के गृह जनपद में ही लोग पानी जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। हम इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे।

## योजनाओं का भरभूर लाभ उठाएं किसान, हासिल करें जानकारियां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** सिमौनीधाम मेले में जोन स्तरीय तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। 15 दिसंबर को किसान मेले का शुभारंभ किया गया। इसमें कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण और किसानों को जागरूक किया जाएगा। संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों से आवाहन किया कि वह जानकारी हासिल करने के साथ ही योजनाओं का लाभ हासिल करें। संयुक्त कृषि निदेशक चित्रकूट धाम मंडल डॉ. राजीव कुमार द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए विभाग में संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ लेने का आवाहन किया। उप कृषि निदेशक विजय कुमार द्वारा कृषकों को बदलते जलवायु की परिस्थितियों के अनुकूल अपनी कार्य प्रणाली एवं खेती करने की विधा को परिवर्तित करने का अनुरोध किया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा रवि 2024-25 में उपलब्ध कृषि निवेशों की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ श्याम सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती विषय पर चर्चा की गई। बांदा कृषि विश्वविद्यालय बांदा से आए डॉक्टर देव कुमार यादव द्वारा मृदा में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉक्टर विजेंद्र कुमार सिंह द्वारा सघन बागवानी की जानकारी दी गई। किसानों से आवाहन किया गया की खेती के साथ-साथ बागवानी भी करें। डॉ. रमाकांत बर्मा कृषि वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय बांदा द्वारा पशुओं में लगने वाली बीमारियों एवं उनके निराकरण की जानकारी दी। हमीरपुर से विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉक्टर जीके द्विवेदी द्वारा भी कृषकों से कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश से पंजीकृत लोकवाणी महोबा के कलाकारों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से खेती किसानी एवं राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन योजना से कृषको को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग सहित पशुपालन, उद्यान, रेशम, इंडियन बैंक, इफको, दुग्ध विकास विभाग, बायफ, नेडा, फसल बीमा सहित दो दर्जन से अधिक स्टॉल भी लगाए गए जिसके माध्यम से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के पंडाल में आने वाले किसानों की संख्या लगभग 1500 से अधिक रही।

## मानसिक रूप से परेशान वृद्धा ने जहर खाकर की खुदकुशी

**बांदा।** मानसिक रूप से परेशान वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अतर्रा थाना क्षेत्र के बल्दूबेहना का पुरवा निवासी 70 वर्षीय नज्जो पत्नी करीम बक्स ने गुरूवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत को गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पुत्र सलीम ने बताया कि उसकी मां अलग रहती थी। वह लोग उसे खाना खर्चा आदि देते रहते थे। वह दिमागी रूप से परेशान रहती थी। इसके पहले भी वह दो बार जहर खा कर जान देने का प्रयास कर चुकी है। मृतका अपने पीछे दो पुत्र तीन पुत्रिया छोड़ गई है।

## स्वास्थ्य शिविर में एक सैकड़ा मरीजों का हुआ उपचार

**लोकमित्र ब्यूरो**

नरैनी। विकास खंड परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उदघाटन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर ने फीता काटकर किया। रविवार को विकास खंड परिसर के सभागार में गायत्री परिवार शाखा बांदा द्वारा प्रायोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर ने फीता काटकर किया । शिविर के संयोजक डॉ श्याम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य



शिविर में तम्बाकू, गुटखा, शराब, किसी भी प्रकार के नशा व मानसिक रोगियों की जांच , पाइल्स, थायराइड , नेत्र परीक्षण सहित आदि रोगियों को देखा गया । शिविर में डॉ एस पी गुप्ता, डॉ आलोक गुप्ता व डॉ प्रतीक्षा गुप्ता द्वारा लगभग एक सैकड़ा मरीजों का उपचार किया गया ।उदघाटन के दौरान पिछड़ा मोर्चा कालिंजर मंडल अध्यक्ष देवीदयाल साहू, रवि मिश्रा, किशन कुमार, पुनीत सहित आदि मौजूद रहे।

# न्याय के दीप जलाओ सत्याग्रह के समर्थन कार्यक्रम का प्रयागराज में समापन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** सर्व सेवा संघ का ध्वस्तीकरण लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है, जहां गांधी विचारों की साधना और लोकतंत्र के संघर्ष की किताबों को नष्ट किया गया। यह बात न्याय के दीप जलाओ कार्यक्रम के समर्थन में महाराष्ट्र से आए साथी सोमनाथ रोड़े ने कही।

बनारस सर्व सेवा संघ की अवैध ध्वस्तीकरण के खिलाफ 100 दिनी सत्याग्रह -न्याय के दीप जलाओ- के समर्थन में इलाहाबाद बालसन चौराहे पर गांधी प्रतिमा के पास 17 सितंबर से चल रहे

सत्याग्रह समर्थन का 15 दिसम्बर को समापन हुआ। यह सत्याग्रह बनारस में 11 सितंबर से शुरू हुआ है जो 19 दिसंबर को 100 दिन पूरा करते हुए समाप्त होगा। इलाहाबाद में समापन कार्यक्रम के अवसर पर गांधी विचार यात्रा निकाली गई, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति-सद्भाव, सर्वोदय, सत्याग्रह के संदेश के साथ उनके संघर्ष में शामिल नायकों जयप्रकाश नारायण, विनोबा भावे, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महापुरुषों की चित्र यात्रा भी निकाली गई।

यात्रा के बाद हुई सभा में लोहिया विचार से जुड़े वरिष्ठ समाजकर्मी विनय कुमार सिन्हा ने कहा कि सर्व सेवा संघ का ध्वस्तीकरण और असंवैधानिक तरीके से हुआ है, यह उस विचारधारा पर आक्रमण है जो भारत में लोकतंत्र को स्थापित और मजबूत करती है।

इसके साथ ही बनारस से आए साथी प्रोफेसर रवि, कांग्रेस लीगल सेल से एडवोकेट जितेंद्र नायक और का. अविनाश मिश्रा नेवी अपने विचार व्यक्त किये।

सभा के समापन संबोधन में डॉक्टर संतोष गोविंदी ने कहा कि इस केंद्र को ध्वस्त करने के साथ संघर्ष और देश को जोड़ने वाले साहित्य और किताबों को क्यों नष्ट किया गया। जो किताबें आने वाली पीढ़ी को रास्ता दिखाएंगी उन किताबों का नष्ट करना बेहद दुखद है। सभा का समापन सर्व धर्म प्रार्थना से हुआ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले साथी अता रहमान, सुभाष चंद्र पाण्डेय, इरशाद उल्लाह, प्रोफेसर विमल कुमार, डॉक्टर वंदना सिंह, डॉ गोपाल कृष्ण, कृष्ण स्वरूप आनंदी, एडवोकेट ए एन अंसारी, एडवोकेट रविंद्र सिंह, विनोद विक्रम, आयुष द्विवेदी, भास्कर शर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा, नेहाल गांधी, रिजवाना बेगम, विमल यादव, देवमुनि, राहुल कपूर, राजकुमार, विनोद कुशवाहा, एडवोकेट सत्येंद्र तिवारी, शशिकांत पांडे, जयप्रकाश सिंह, सुशील कुमार, अरुण कुमार उपस्थित रहे। सभा के संचालन सत्येंद्र ने किया।

# मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि के नामांकन में कार्यकर्ताओं ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा प्रयागराज महानगर का जिले के चुनाव सह अधिकारी कुंज बिहारी मिश्रा एवं राजेश सिंह पटेल एवं मंडल चुनाव अधिकारियों के अगुवाई में मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि का नामांकन फार्म भरे गए। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज महानगर के कुल 15 मंडलों में आज 7 मंडलों का नामांकन कार्य सुचारू रूप से किया गया। सुबह 10 बजे वेणीमाधव मंडल, 11:30 बजे मीरापुर, दोपहर 1:00 बजे प्रीतम नगर, दोपहर 2:30 बजे राजरूपपुर, शाम 4:00 बजे विश्वविद्यालय, शाम 5:30 बजे सदर यमुना पट्टी, और शाम 7:30 बजे भारद्वाज मंडल का मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधियों का नामांकन पत्र भरा गया। 16 दिसंबर को बाकी आठ मंडलों का नामांकन कार्य पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में सुबह 10:00 बजे से किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला चुनाव सह अधिकारी कुंज बिहारी मिश्रा, राजेश सिंह पटेल एवं मंडल के चुनाव अधिकारियों में मनोज कुशवाहा, संजय सिंह, अर्चना शुक्ला, हरीश पासवान, नरेश कुंद्रा, मृत्युंजय तिवारी, अरुण पटेल आदि रहे।

# अहिल्याबाई होलकर का लोक कल्याणकारी राज्य का दर्शन आज भी प्रासंगिक- सुरेश सोनी

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी समारोह संपन्न



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का लोककल्याणकारी राज्य का दर्शन आज भी अत्यंत प्रासंगिक है और हम उनसे प्रेरणा ले सकते हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सनातन संस्कृति की रक्षा और समाज कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। अपने शासनकाल में अहिल्याबाई होलकर ने उन जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना की, जो विदेशी आक्रमणों के दौरान कमजोर हो गए थे। उनकी जीवन यात्रा 'राजश्री से राजर्षि' तक की थी।

श्री सोनी ने यह विचार रविवार को मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तेलियरगंज के एमपी सभागार में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लोकमाता के आदर्श आज भी संघ के कार्यों के प्रेरणास्त्रोत हैं।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई, गार्गी और मैत्रेयी जैसी महान महिलाओं की तरह संपूर्ण नेता थीं। उन्होंने धर्म और राज्य दोनों का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि और होलकर वंश के प्रतिनिधि उदय राजे होलकर ने कहा कि आरएसएस द्वारा लोकमाता के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प स्वागत योग्य है। समारोह की संयोजिका डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने कहा कि लोकमाता ने अपने साधना और समाज सेवा से हमारे जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना की, जो हमें आज भी गौरव का अनुभव कराता है। समारोह का शुभारंभ शंखनाद और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन शालू केसरवानी ने किया।

# हर्षोल्लास से मनाई गई अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की 25वीं वर्षगांठ



**प्रयागराज।** जीवन ज्योति अस्पताल की इकाई अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित एक होटल में उल्लास सहित संपन्न हुआ। अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बेबी सेंटर का लोकार्पण 18 सितंबर, 1999 में उस समय उत्तर प्रदेश के राज्यपाल सूरजभान एवं भारत मानव संसाधन विकास, विज्ञान- तकनीकी एवं समुद्र विज्ञान मंत्री भारत सरकार ने किया था।

अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की डायरेक्टर वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ वंदना बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आईवीएफ संतान दंपतियों के आंगन का सूनापन दूर करने के टेस्ट ट्यूब ब्यूटी सेंटरे के रूप में मेरा प्रयास है । आज यहां एकत्र हुए आईवीएफ के सहयोग से पैदा हुए बच्चों और उनके प्रसन्नचित्त माता-पिता को देखकर अपार प्रसन्नता हो रही है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने डॉ वंदना बंसल को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और ये बच्चे तो बहुत अमूल्य हैं सामान्य बच्चों से कहीं अधिक सफल होंगे ऐसा मेरा विश्वास है। डॉ शांति चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ वन्दना बंसल अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी के माध्यम से निस्संतान दम्पत्तियों के जीवन में खुशी भरने का सराहनीय कार्य कर रही हैं।

इस कार्यक्रम में सतना, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, भदोही वह अन्य जनपदों से आईवीएफ बच्चे अपने अभिभावकों के साथ आए और उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसकी लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर डॉ साक्षी बंसल, आन्या, डॉ आर के शर्मा, डॉ आलोक खरे, डॉ अंजुला सहाय, डॉ वर्मा, ममता, सौगात बोस समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दो दुकानदारों में हुई जमकर मारपीट

## गुस्साए लोगों ने फूंक दी बुलेट मोटर साइकिल



लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नेवादा तिराहा पर खुले दो दुकानदारों में किसी बात को लेकर रविवार को कहासुनी और धमकी भरी बात चीत हो गयी। दुकानदार बाहरपुर डुबान निवासी शेखर द्विवेदी और दूसरे दुकानदार मैरी निवासी सौमू और सोनू विश्वकर्मा के मध्य आपसी विवाद हुआ। जिससे खीझकर शेखर द्विवेदी, संजीव यादव उर्फ मुलायम आदि बुलेट से सोमु और सोनू विश्वकर्मा के घर पहुँच जमकर मारपीट की। मारपीट में सोमू विश्वकर्मा के सिर में गंभीर चोट लग गयी। जबकि सोनू को भी चोट आई है। चोट देख घर वालों ने बुलेट में आग लगा दी। पुलिस मौके पर पहुँच घायल को सीएचसी अस्पताल भेजा। फिलहाल मारपीट का सही कारण प्राथमिकी दर्ज होने और विवेचना के बाद ही पता चलेगा।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के आफिस में घुसे बदमाश चुरा ले गए कागजात, बदमाशों की करतूत सीसी कैमरे में कैद

लोकमित्र ब्यूरो

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के आफिस में बदमाशों ने घुसकर सारे ताले तोड डाले तथा जरुरी कागजात चुरा ले गए। प्रमुख प्रतिनिधि ने थाने में तहरीर दी है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी इम्तियाज अहमद पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद समी मौजूद ब्लाक प्रमुख अफसरून निशां के पति हैं। उनका दो मकान है, एक दुबाही में एक सुल्तानपुर खास फोरलेन के निकट। इम्तियाज अहमद शादी के सिलसिले में दिल्ली गए थे। 12 दिसम्बर को उनका छोटा भाई जब सुल्तानपुर खास वाले मकान एवं अटैच आफिस में आया तो देखा सारे कमरों और घरों के ताले टूटे हुए थे। अलमारी का लाक भी टूटा था। सूचना पर इम्तियाज अहमद जब दिल्ली से आए तो देखा सारे जरूरी अभिलेख और भाई का डीएल, आधार कार्ड सहित अनेक सामान बदमाश चोरी कर ले गए थे। इम्तियाज अहमद का आरोप है कि वह एक राजनीतिक पार्टी से हैं। पूर्व में उनके पिता मोहम्मद समी की बदमाशों ने हत्या कर दी थी। इम्तियाज अहमद ने बताया कि उनके घर औरआफिस के अन्दर तथा बाहर सीसी कैमरे लगे हुए हैं। बदमाशों की हरकतें सीसी कैमरे में कैद हैं। इम्तियाज अहमद ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

## चोरी का खुलासा करने में कौधियारा पुलिस नाकाम

**कौंधियारा (प्रयागराज)।** क्षेत्र में अब तक छोटी -बड़ी एक दर्जन से अधिक चोरिया हो चुकी लेकिन कौधियारा पुलिस एक का भी खुलासा नहीं कर सकी।कई में तो मुकदमा भी नहीं दर्ज हुआ है। क्षेत्र के कई प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो भी चोरी की घटना हो चुकी है। ग्राम पंचायत उमरी तालुका कांटी में 5 दिसम्बर चोरों ने एक घर की छत पर चढ़कर छत के आँगन में लगी जाली उखाड़ कर आंगन में उतरकर कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा बाक्स एवं अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए का आभूषण एवं सत्तावन हजार रुपया नगदी उठा ले गये थे । पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया, डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया लेकिन आज तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका। 24 मई को ग्राम पंचायत जोकनई के मुंशीलाल के घर में घुसकर चोरों ने एक लाख सत्तानबे हजार नगदी सहित लाखों का आभूषण उठा ले गए।

## शौच के लिए निकली किशोरी गायब पुलिस को दी तहरीर

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के एक गांव में सप्ताहभर से शौच के लिए निकली किशोरी गायब हो गई जगह-जगह स्थानों पर जानकारी ली। लेकिन कहीं सुराग नहीं मिला। जिससे खीरी पुलिस को शनिवार 14 दिसंबर को तहरीर दी है।पीड़िता के पिता ने बताया कि बीस वर्षीय पुत्री आठ दिसंबर को शाम को घर से शौच के लिए निकली हुई थी। देर रात तक घर वापस नहीं आने पर रिश्तेदार और जगह-जगह स्थानों पर पता लगाया लेकिन कहीं सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल किया जा रहा। जैसे ही सुराग मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पैसे के लेनदेन में मारपीट

**थरवंई ।** थाना क्षेत्र के हेता पट्टी गांव में रविवार दोपहर पैसे के लेनदेन में दो पक्षों में मारपीट हुई बताया जा रहा है कि उक्तगांव निवासी मुलायम यादव का गांव के अजय यादव दोनों मिलकर जेसीबी से मिट्टी खुदाई का कार्य करते हैं ₹20000 के लेनदेन में कहांसुनी होने लगी उसके बाद दोनों लोगो के बीच मारपीट हुई जिसमें दोनों घायल हुए है दोनों घायल घटना की सूचना थरवंई पुलिस को दी है।

## एक मुस्त समाधान योजना खंसार उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

**फूलपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया बिलों के एक मुस्त समाधान योजना अंतर्गत खंसार विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता साहिद अंसारी के नेतृत्व में 15 को औसान का पूरा 16 को पहसी 17 को रहमू का पूरा 18 को खानपुर कुंदनपुर 19 को कुसेहटा और चकरा अलीपुर 21 को कपसा 22 को चक अफराद 23 को मुबारकपुर 24 को हंसराजपुर 25 को चकरा अलीपुर 26 को नई कोट 27 को नंदौत 28 को रैनी 29 को अतरौरा 30 को कोनार तथा 31 को मैलहन बाजार में लगाया जाएगा।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के लिए सात दावेदार



लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** भारतीय जनता पार्टी के होलागढ़ मंडल अध्यक्ष पद के लिए रविवार को ब्लाक सभागार में सात लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बैठक की अध्यक्षता टी एन सिंह ने की। जबकि बतौर चुनाव अधिकारी आशीष भारतीय रहे। चुनाव अधिकारी ने सबसे पहले नामांकन करने का नियम बताया उसके बाद नामांकन पत्र वितरित किया। मंडल अध्यक्ष रहे टी एन सिंह ने बताया कि होलागढ़ मे कुल सात लोगों का नामांकन पत्र जमा हुआ है। इसमें राधा कांत शुक्ल, गुरु ओम मिश्र, शिव शंकर मिश्र, धीरज कुमार मिश्र, डा. बृजेश सिंह, अजय कुमार कुशवाहा और सुभाष पटेल प्रमुख हैं। बताया गया कि नामांकन पत्रों की जाँच के बाद विशिष्ट पैनल की रिपोर्ट के तीन दिन बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मंडल अध्यक्ष पद की घोषणा किया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ नेता रामानुज शुक्ल, विनोद तिवारी, संजय द्विवेदी, रमा शंकर मौर्य, ब्रह्म प्रकाश त्रिपाठी, अनिल मिश्र आदि प्रमुख रहे।

## सामूहिक विवाह में होलागढ़ के 29 जोड़ों ने लिए फेरे

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** शनिवार को हुए जनपद स्तरीय मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह योजना में होलागढ़ के 29 जोड़ों का विवाह हुआ। जबकि मऊआइमा मे,39 जोड़े शामिल रहे। एडीओ समाज कल्याण अजय कुमार निर्मल ने बताया कि जिला भर मे कुल 391 जोड़ों का मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह योजना के तहत, 14 दिसम्बर को तेलीयरगंज मे विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर एडीओ पंचायत, एड़ीओ समाज कल्याण सहित दर्जनों सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# वैदिक विधि विधान से जगदगुरू नरेंद्रानंद सरस्वती के शिविर का हुआ भूमि पूजन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** आज महाकुम्भ मेला में श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज के शिविर हेतु आवन्टित भूमि का पूजन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा महाकुम्भ 2025 की निर्विघ्न सम्पन्नता की कामना से नवग्रह, चौसठ योगिनी, गंगा, यमुना, त्रिवेणी के साथ पृथ्वी का सम्पूर्ण वैदिक विधि-विधान से पूजन किया गया। पूजनोपरान्त शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि यहाँ सृष्टिकर्ता ब्रह्माजी ने सृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद प्रथम यज्ञ किया था। इसी प्रथम यज्ञ के %प्र% और %याग% अर्थात यज्ञ से मिलकर प्रयाग बना और इस स्थान का नाम प्रयाग पड़ा। इस पावन नगरी के अधिष्ठाता भगवान श्री विष्णु स्वयं हैं, और वे यहाँ वेणीमाधव रूप में विराजमान हैं। भगवान के यहाँ बारह स्वरूप विद्यमान हैं, जिन्हें %द्वादश माधव% कहा जाता है।

इस अवसर पर स्वामी प्रकृष्टानन्द सरस्वती, स्वामी बृजभूषणानन्द सरस्वती सहित श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अनेक श्री महन्त, थानापति एवम् सन्यासी के साथ साथ सुनील शुक्ल, विनोद त्रिपाठी, पं0 त्रयम्बक द्विवेदी, श्री शंकराचार्य वेद महासंस्थानम् के बटुक मौजूद रहे।

# शिक्षक को मारपीट किया घायल, मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**फूलपुर।** अलामचंद उर्फ चंदौकी थाना फूलपुर निवासी रिंकू मिश्रा पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ थाना फूलपुर ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर रिंकू मिश्रा पुत्र केदारनाथ निवासी ग्राम सराय आलम चंद उर्फ चंदौकी ने बताया कि माना मिश्रा को गुरुवार 12 दिसंबर समय 2 बजे दिन प्रेमा देवी इंटर कॉलेज पतुलकी से बच्चों को पढाकर लौट रहे थे। तभी चंदौकी पंचायत भवन से पहले पुलिया के पास छः लोग जबरन बाइक को रोक लिया तथा बाइक की चाबी निकाल



लिया । फिर कांच की बोतल व डंडे से भाई के सर पर प्रहार कर दिया। भाई के साथ 4 वर्ष की बच्चा भी था, उसे दूर हटा दिया था। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी प्रकार भाई को घर भिजवा दिया। जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिंकू मिश्रा ने अपने तहरीर में अनिकेत पटेल व अन्य पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## वारंटी गिरफ्तार

**थरवंई ।** न्यायालय से जारी वारंटी जियालाल पाल निवासी चंद्रर पुर बस महुआ के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था थरवंई पुलिस ने रविवार की सुबह आरोपी जय लाल पाल को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरुण अवस्थी हुए सम्मानित

**कौंधियारा (प्रयागराज)।** शनिवार को विकासखंड कौंधियारा अन्तर्गत खंड शिक्षाधिकारी कौंधियारा अरुण कुमार अवस्थी को डिजिटल रजिस्टर के अनुपयोग व जनपद प्रयागराज में उत्कृष्ट कार्य के लिये इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ के मरकरी हाल में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। अरुण अवस्थी को इस सम्मान से कौंधियारा के शिक्षको में खुशी की लहर है। उन्हें बधाई देने वालों में शत्रुध्न शुक्ल,महेश शुक्ल,दुर्गेश



मिश्र, उमेश पाण्डेय,संचित श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक,सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षामित्र शामिल रहे।

# हिंदुजन एक रहेंगे तो विकास के राह पर चलेंगे- तोगड़िया

लोकमित्र ब्यूरो

**झूंसी।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने एम आर एस स्कूल और कॉलेज में कहा कि बाटोगे तो काटोगे के बारे पूछे गए सवाल में कहा कि यह संत की वाणी है। संत की वाणी कभी गलत नहीं होती। हिंदुत्व का मतलब सामर्थ्य वान हिन्दू गरीब हिंदू की मदद करे, उसकी रोजगार की व्यवस्था करें। योगी जी ने सही कहा है। हिंदुजन एक रहेंगे तो विकास के राह पर चलेंगे। उन्होंने ने कहा कि हिंदू समाज टुकड़ों में कभी नहीं विभाजित रहा। समाज में जिसका विकास नहीं हुआ उसको विकास का अवसर देना विभाजन नहीं है। कुंभ में डेढ़ माह तक संगठन लोगो की हर तरह की सेवा करेगा।




इसके पूर्व स्कूल की ओर से आनंद सिंह पिंटू एवं अंकित सिंह ने संयुक रूप से माला पहना कर तोगड़िया का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ज्ञानेंद्र यादव एडवोकेट,शिवम् मिश्रा, अमित यादव,रवि गौतम, सीपू दुबे, राजेश राजभर, डॉ के के शुक्लाकाशी प्रांत मंत्री, नरेन्द्र शास्त्री, अखिलेश तिवारी, नीरज श्रीवास्तव,अरुण श्रीवास्तव, सुरेंद्र पटेल,ओपी सहित सैकड़ो की संख्या में हिंदुजन मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये सरदार पटेल

लोकमित्र ब्यूरो

**उतराव ।** सरदार पटेल महासभा के तत्वाधन मे पिछले साल की भाति इस साल भी लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई की पुण्यतिथि 15 दिसम्बर रविवार को विधानसभा फूलपुर के बाबूगंज खेल मैदान मे मनाया गया।सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुंबई मे हुआ था। उनके निधन से पुरे देश को शोक मे डाल दिया था। रविवार को बाबूगंज खेल मैदान मे पहुंचकर राजनितिक और समाजिक कार्यकर्त्ता ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उपस्थित सभी लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पुण्यतिथि कार्यक्रम मे सरदार पटेल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी. एस. पटेल एडवोकेट रहे।अपने



सम्बोधन मे कहा अखण्ड भारत बनाने एवं देश को एक सूत्र मे पिरोने के लिए महान कार्य किया। आजादी की लड़ाई मे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा श्रेष्ठ भारत के निर्माण मे उनका योगदान स्मरणीय रहेगा।सरदार पटेल को आज पूरा देश यादकर नमन कर रहा है। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य जीतेन्द्र पटेल,पूर्व सदस्य जिला पंचायत संकठा प्रसाद,महिलामोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा सिंह पटेल, दिनेश कुमार, समाजसेवी पृथ्वीराज पटेल, रामचंद, बाबूराज, राहुल, अजित, जितेंद्र पटेल, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सरदार पटेल महासभा के जिलाध्यक्ष गोविंदा बल्लभ भाई पटेल एडवोकेट ने किया।